www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार, 22 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –158 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





भारत एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है: बिरला पृष्ठ 2
■ इस बार के इवेंट में आधी आबादी केंद्र में
■ खालिस्तान मुद्दे का विदेश नीति पर प्रभाव पृष्ठ 6
■ पाकिस्तान में आगामी जनवरी में होंगे आम चुनाव
■ चिली के स्वतंत्रता समारोह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत पृष्ठ 7
ध्वजवाहक चुनना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण : हरमनप्रीत पृष्ठ 8

# महिला आरक्षण बिल संसद से पास

## राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास, विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा

### राज्यसभा में बिल के पक्ष में 215 वोट पड़े



**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के स्पेशल सेशन के चौथे दिन राज्यसभा में भी महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) सर्वसम्मति से पास हो गया है। बिल के खिलाफ किसी ने वोट नहीं दिया। हाउस में मौजूद सभी 215 सांसदों ने बिल का समर्थन किया। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी मिलते ही यह कानून बन जाएगा। यह बिल लोकसभा में बुधवार को पास हुआ था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा।

**राजनीतिक फायदा लेने का मकसद नहीं: नड्डा**

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33त्न महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की। जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है। इस पर विपक्षी सांसद 'नो-नो' करने लगे तो नड्डा ने कहा कि कि 'नो-नो' करने वालों को शासन करना नहीं आया। अगर शासन करना आता तो पता होता कि नियम-कानून भी कोई चीज है।

**प्रधानमंत्री ने सर्वसम्मति से बिल पारित करने की अपील की थी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने बिल पर सार्थक चर्चा की है, भविष्य में इस चर्चा का एक-एक शब्द काम आने वाला है। हर शब्द का अपना मूल्य है, महत्व है। सभी सांसदों ने अपने बयान के शुरुआत में कहा कि मैं बिल का समर्थन करता हूं। इसके लिए सबका आभार। यह इससे देश के जन-जन में आत्मविश्वास पैदा करेगा। सभी सांसदों और दलों ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। सभी सांसदों से अनुरोध है कि सर्व सम्मति से इसे पास करें।

### महिला आरक्षण बिल जुमला न बने, इसे लागू किया जाए : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं और मेरी पार्टी इस बिल का समर्थन करती है। यह बिल आने वाले है हमें इसकी जानकारी पहले से नहीं थी। लेकिन उपराष्ट्रपति जी को पहले से पता था कि बिल आने वाला है। आपने 4 सितंबर को जयपुर में कहा था कि वो दिन दूर नहीं जब देश की संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने पहले कहा था, 2 करोड़ नौकरियां देंगे, 15-15 लाख सबके खाते में देंगे। बाद में उनसे पूछा गया कब देंगे तो कहा- ये तो चुनावी जुमला था। मैं चाहता हूं कि महिला आरक्षण बिल जुमला न बने, इसे लागू किया जाए। जैसे आपने नोटबंदी का निर्णय तुरंत लिया था, वैसे ही आरक्षण लागू करने का फैसला भी तुरंत लीजिए।

**नोटबंदी की तरह आरक्षण लागू का फैसला भी तुरंत लीजिए**

# राजनीति में जनता के जज्बातों का इस्तेमाल गलत : प्रियंका



■ **मुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन केंद्रों को संवारने छत्तीसगढ़ महतारी सांस्कृतिक संवर्धन योजना लागू करने की घोषणा की**

**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव की तैयारी के साथ-साथ दोबारा कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसके लिये आज प्रियंका गांधी को कांग्रेस ने मैदान में उतार दिया गया है। महिला वोट को साधने के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाल लिया है। भिलाई के जयंती स्टेडियम के सामने महिला समृद्धि सम्मेलन में महिलाओं की लाखों भीड़ देखकर प्रियंका गदगद हो गईं। पीएम मोदी समेत भाजपा पर जमकर हमला बोला। प्रियंका गांधी को सुनने के लिए करीब डेढ लाख लोगों की भीड़ का दावा किया जा रहा है। उन्होंने बम्लेश्वरी मईया और छत्तीसगढ़ महतारी की जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। प्रियंका गांधी ने कहा मैंने बचपन में पिट्ठुलए गिल्ली डंडाए और कंचे सभी खेल खेले हैं। आधुनिक भारत की नींव यहीं डली। ये आपकी मेहनत, आपका जज्बा और आपकी पहचान की मिसाल है। देश की उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता के सपने का प्रतीक है। 1955 में पंडित जवाहरर लाल नेहरू ने स्टील प्लांट की नींव डाली। आज जो भिलाई है, वह पूरे देश के लिए मिशाल है। देशभर से लोग आते है काम करने के लिए। आधुनिक भारत की नींव यहीं पर डली। देश की उद्यमशीला और आत्मनिर्भरता के सपने का प्रतीक है। इसको लेकर सबको गर्व होना चाहिए। मैंने एक-एक स्टाल देखा जहां महिलाओं में आत्मविश्वास, साहस देखा। खुशी से मुस्कुरा रही हैं कि सरकार ने उनके लिए काम किया है। इसके बल पर वह अपने पैरों पर खड़ी हैं। हमारी जो राजनीति है, उसकी नींव स्वतंत्रता संग्राम के समय पड़ी। आजादी के लिए लड़ने वालों के वसूलों से देश बना। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व दीपक बैज ने प्रियंका गांधी का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर स्वागत किया।

# अब कुलियों से मिले राहुल



■ **कुलियों से मिलने आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे, कुलियों से बात कर उनकी समस्याएं जानी**
■ **सिर पर सामान उठाया, पोशाक भी पहनी**

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां एक रेलवे स्टेशन का दौरा कर और कुलियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं पर बात कर एक बार फिर लोगों को चौंका दिया। यहां उन्होंने कुली की लाल यूनिफॉर्म पहनी और बैज भी लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर पर सामान उठाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद कुली राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए।

गांधी ने उनसे विस्तार से बात की और उनके सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा की। कांग्रेस नेता का दौरा कुछ महीनों बाद हो रहा है, जब कुछ कुलियों ने उनसे उनके मुद्दों को समझने और उनके उत्थान के लिए काम ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### रेलवे ने दुघर्टना मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ाई

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा को 10 गुना बढ़ा दिया है। अब अगर ट्रेन हादसे में किसी की मौत हो जाती है तो उसके परिजन को 50 हजार रुपए की जगह 5 लाख रुपए सहायता राशि मिलेगी। गंभीर घायल व्यक्ति को 25 हजार रुपए की जगह 2.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही मामूली चोट लगने पर 5 हजार की जगह 50 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा। रेलवे ने कहा कि अगर किसी ट्रेन में आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी भी तरह का हिंसक हमला होता है तो उनके पीड़ितों को भी मुआवजा दिया जाएगा। रेलवे ने कहा कि अगर कोई घायल अस्पताल में तीस दिन से ज्यादा भर्ती रहता है तो उसका बिल सरकार देगी। मरीज कितना गंभीर रूप से घायल हुआ है, उस आधार पर प्रतिदिन 3,000, 1,500 और 750 रुपए का खर्च मिलेगा।

### मोदी राजस्थान में तीसरी वंदे भारत को दिखाएंगे हरी झंडी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर-जयपुर मार्ग पर चलेगी, अधिकारियों ने कहा कि यह राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी जो 25 सितंबर से राज्य में नियमित रूप से चलेगी। हालांकि यह ट्रेन 26 सितंबर को नहीं चलेगी। ट्रेन उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर और जयपुर सहित राज्य के पांच जिलों से होकर गुजरेगी।

### सुप्रीम कोर्ट में ज्योति जगताप की जमानत पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक्टीविस्ट ज्योति जगताप की जमानत याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी। वो भीमा कोरेगांव मामले में लगाए गए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जेल में हैं। पीठ ने आदेश दिया कि याचिका पर आगे की सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

### डीजीसीए ने 57 एयरपोर्ट्स पर नए नियम लागू किए

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप, 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक सर्विस में लगे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन और बाकी जरूरतों के संबंध में नये नियम लागू कर दिए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने कहा कि हितधारकों के साथ निकट समन्वय में नियामक के ठोस प्रयासों के कारण नियमों को लागू करना विमानन सुरक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करने की डीजीसीए की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# लक्ष्मी कृपा स्टील के संचालक व चार पार्टनर के ठिकानों पर आईटी का छापा

**रायपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु) इनकम टैक्स ने लक्ष्मी कृपा स्टील के संचालक बांके बिहारी अग्रवाल के घर समेत कई ठिकानों पर दबिश दी है। इसके अलावा अग्रवाल चैनल के मालिक राकेश अग्रवाल के स्वर्णभूमि स्थित घर समेत उनके 4 पार्टनरों के ठिकानों पर भी छापामार कारवाई की गई है।

आयकर विभाग की टीम कारोबारी के घर के साथ ही उसकी फैक्ट्री पर भी दबिश देकर दस्तावेज खंगाल रही है। इसके अलावा एक टीम ने ओडिशा में भी छापा मारा है। बताया जा रहा है कि वहां कारोबारी के पार्टनरों पर जांच चल रही है।

**छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की संयुक्त टीम की कार्रवाई**

आयकर विभाग की इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अधिकारी शामिल हैं।

इससे पहले भी जुलाई ने आईटी की बड़ी कार्रवाई हुई थी। जिसमें छत्तीसगढ़ के कोयला और स्टील उद्योग से जुड़े कारोबारियों के ठिकानों पर छाप मारा था। जिसमें आयकर से संबंधित बड़ी गड़बड़ियां सामने आई थीं।

**दूसरे राज्यों में भी हैं पार्टनर्स**

राकेश अग्रवाल लक्ष्मी कृपा स्टील के संचालक हैं। जिनके स्वर्णभूमि स्थित घर समेत फैक्ट्री और कई ठिकानों पर आयकर की टीमों ने दबिश दी है। बताया जा रहा है कि, इनके 4 से 5 पार्टनर्स के छत्तीसगढ़ समेत ओडिशा स्थित ठिकानों पर भी दबिश देकर वहां भी दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

# रायपुर से दो करोड़ 77 लाख की चांदी जब्त

■ **3 आरोपी युवक हिरासत में**



**रायपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजधानी में पुलिस संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही है आज सदर बाजार में एंटी क्राइम साइबर यूनिट और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी इस दौरान कार से 355 किलो चांदी जब्त कर 3 युवकों को गिरफ्तार किया है सभी आरोपी यूपी के रहने वाले हैं जब्त चांदी की कीमत दो करोड़ 77 लाख 89 हजार 7 सौ रुपए बताया जा रहा है पूछताछ में आरोपी युवक जेवर के संबंध में कुछ नहीं बता पाए जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 354 किलो चांदी जब्त किया है थाना कोतवाली क्षेत्र के सदर बाजार में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद किया

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित कर दीं।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे राजनयिक ईकाई को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज निलंबित की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।

**राजनयिकों की संख्या कम करने की घोषणा की**-कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी बयानों के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच कनाडा ने भारत में अपने राजनयिक मिशनों में राजनयिकों की संख्या कम करने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा कि भारत में उसका दूतावास और वाणिज्य महादूतावास काम करते रहेंगे। यहां कनाडा के उच्चायोग ने गुरुवार को कहा कि उसके विदेश विभाग ने 'वर्तमान वातावरण' में अपने राजनयिकों के लिए भारत में बढ़ते खतरे को देखते हुए इस देश में काम करने वाले अपने अधिकारियों की संख्या को 'समायोजित' (कम) करने का निर्णय किया है।

**भारत के राजनयिकों को को मिल रही धमकी**

# चंद्रयान-3 को फिर जगाने की कोशिश करेगा इसरो

■ **दक्षिण ध्रुव पर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी**
■ **इसरो आज संपर्क करने की कोशिश करेगा**

**बेंगलुरु,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के एक बार फिर जागने की उम्मीद है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से 22 सितंबर को संपर्क करने की कोशिश करेगा।

इसरो के मुताबिक, लैंडर और रोवर के सोलर पैनल पर सूरज की रोशनी पड़ते ही ये काम करना शुरू कर सकते हैं। इसरो ने 4 सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया था। इससे पहले 2 सितंबर को प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। लैंडर ने स्लीप मोड में जाने से पहले पेलोड्स के जरिए चांद पर नई जगहों की जांच-पड़ताल की थी। उसके बाद ही विक्रम लैंडर को सोने का कमांड दिया गया। फिलहाल सारे पेलोड्स बंद हैं। सिर्फ रिसीवर ऑन है, ताकि वह बेंगलुरु से कमांड लेकर फिर से काम कर सके।

**14 दिन तक उजाला रहता है**

चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि चांद पर धरती के 14 दिन के बराबर एक दिन होता है। इतनी ही बड़ी रात होती है। यानी चंद्रमा पर 14 दिन तक रात और 14 दिन तक उजाला रहता है। रात के दौरान चांद के साउथ पोल पर तापमान माइनस 238 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। रोवर-लैंडर सूर्य की रोशनी में तो पावर जनरेट कर सकते हैं, लेकिन रात होने पर पावर जनरेशन प्रोसेस रुक जाएगी।

पावर जनरेशन नहीं होगा तो इलेक्ट्रॉनिक्स भयंकर ठंड को झेल नहीं पाएंगे और खराब हो जाएंगे।

### चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

# आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मतदाता पंजीकरण (संशोधन) नियम 2022 के तहत आधार संख्या को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा सूचित किया गया था कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में 66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि वह फॉर्म में स्पष्टीकरण परिवर्तन जारी करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि 2022 के नियम 26-बी के तहत आधार संख्या जमा करना अनिवार्य नहीं है।

कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग को फॉर्म-6 (नए मतदाताओं के लिए आवेदन पत्र) और फॉर्म-6बी (चुनावी उद्देश्यों के लिए आधार संख्या की जानकारी का पत्र) में संशोधन करने का निर्देश देने की मांग की थी।

इसमें कहा गया है कि मौजूदा फॉर्म मतदाता को आधार प्रदान करने के लिए मजबूर करते हैं, हालांकि चुनाव आयोग का दावा है कि आधार विवरण जमा करना स्वैच्छिक है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग अपने अधिकारियों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**66 करोड़ से अधिक आधार नंबर पहले ही किए जा चुके अपलोड**

**अंदेशा** अनियमित बारिश से कृषि उत्पादन हो सकता है प्रभावित, विकास पूर्वानुमान 6.3 फीसदी किया

# एशियाई विकास बैंक ने भारत का विकास पूर्वानुमान घटाया

**नई दिल्ली, 21 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को निर्यात में कमी और अनियमित बारिश के प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए 2023-24 के लिए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास अनुमान को पहले के अनुमानित 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया, क्योंकि कम बारिश के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होने का अंदेशा है।**

हालांकि, एडीबी ने उच्च निजी निवेश और औद्योगिक उत्पादन के दम पर 2024-25 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। उसे उम्मीद है कि इस वर्ष के शेष और अगले वर्ष के दौरान सरकारी पूंजीगत व्यय में उपभोक्ता विश्वास में सुधार के साथ मजबूत घरेलू खपत और बड़े पैमाने पर निवेश सहित निवेश से विकास को गति मिलेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, विकासशील अल नीनो के प्रभाव में मानसूनी वर्षा के कारण मौसम का पैटर्न अनियमित हो गया है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में बाढ़ और विशेष रूप से अगस्त में कम बारिश शामिल है। अनियमित वर्षा पैटर्न के कारण विशेष रूप से चावल की फसल को नुकसान हुआ है और खरीफ सीजन में दालों की बुआई कम हुई है। इसने कृषि क्षेत्र की वृद्धि के अपने अनुमान में लगभग एक प्रतिशत की कटौती की है।

**एशिया में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है**-एडीबी ने 2023-24 के लिए भारत के लिए अपना मुद्रास्फीति अनुमान भी पिछले 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ी, जिससे दक्षिण एशिया की समग्र मुद्रास्फीति दर में वृद्धि हुई। यदि भारत का कृषि उत्पादन कमजोर होता है और चावल निर्यात प्रतिबंध जारी रहता है, तो इससे विकासशील एशिया में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।

# देश

**उवाच** "जल विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) के आदेशों पर नहीं बल्कि जमीनी हकीकत पर आधारित होना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कर्नाटक को अगले 15 दिनों के लिए प्राधिकरण के आदेशों का पालन करने का निर्देश दिया गया है:- **बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.2 | 27.3 |
| मुंबई | 31.7 | 25.7 |
| कोलकाता | 29.1 | 26.1 |
| चेन्नई | 33.6 | 24.7 |

# भारत एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है: बिरला

## लोक सभा में आज चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा की गई

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। लोक सभा में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर सत्र की अध्यक्षता करते हुए लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की इस शानदार उपलब्धि पर देशवासियों को बधाई दी। श्री बिरला ने कहा कि इन उपलब्धियों से प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित हुआ है और वैश्विक स्तर पर हमारे देश का कद बढ़ा है। 23 अगस्त, 2023 के ऐतिहासिक दिन का उल्लेख करते हुए, बिरला ने इस तथ्य की सराहना की कि उस दिन भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अथक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो ब्रह्मांड के सुदूरतम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करते आए हैं । इस बात का उल्लेख करते हुए कि भारत ने चंद्रयान-3 की सफलता को विश्व के वैज्ञानिक समुदाय और पूरी मानवता को समर्पित किया है, श्री बिरला ने यह भी कहा कि प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा से जो अमूल्य जानकारी भेजी है, उससे अंतरिक्ष के बारे में मानव ज्ञान में वृद्धि होगी और भावी खोजों का मार्ग प्रशस्त होगा।



**चंद्रयान-3 मिशन, अंतरिक्ष क्षेत्र की इन उपलब्धियों से प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित हुआ है और वैश्विक स्तर पर हमारे देश का कद बढ़ा है:-ओम बिरला, अध्यक्ष लोक सभा**

23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह एक ऐसा दिन होगा जो आने वाली पीढ़ियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। चंद्रमा पर चंद्रयान-2 के पदचिह्न का नाम 'तिरंगा प्वाइंट' और चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि ये नाम भारत की सदियों पुरानी विरासत के प्रति सम्मान के साथ ही हमारी वैज्ञानिक महत्वाकांक्षाओं और प्रयासों के प्रतीक भी हैं। बिरला ने कहा कि चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम होने के साथ ही, भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी शक्ति और लोगों की प्रतिभा और क्षमता के उदय के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों मिशनों में बड़ी संख्या में महिला वैज्ञानिकों ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जो नए भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान को दर्शाता है। सभा को यह सूचित करते हुए कि दोनों मिशन पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित किए गए हैं, श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि जो बात भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को दूसरों से अलग करती है, वह सभी परियोजनाओं की कम लागत है जिससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा का परिचय भी मिलता है।

### प्रधान मंत्री बनने से बहुत पहले से ही प्रधान मंत्री जी की अंतरिक्ष में गहरी रुचि रही: ओम बिरला

ओम बिरला ने कहा कि प्रधान मंत्री बनने से बहुत पहले से ही प्रधान मंत्री जी की अंतरिक्ष में गहरी रुचि रही है और चंद्रयान मिशन से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। श्री बिरला ने कहा कि कोविड-19 के समय, जब पूरी दुनिया संकट से जूझ रही थी, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष सहित देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार लाने के लिए इस संकट का उपयोग एक अवसर के रूप में किया। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि पिछले कुछ वर्षों में अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये उपलब्धियाँ भावी पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी भारतीय 2047 तक एक विकसित भारत के लिए मिलकर काम करने के लिए स्वयं को पुन: समर्पित करेंगे ।

### शांति, सहिष्णुता, करुणा और सहयोग पर आधारित विश्व व्यवस्था के लिए कार्य करें: ओम बिरला

सभा की अध्यक्षता करते हुए श्री बिरला ने कहा कि 21 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस का विषय 'शांति के लिए कार्रवाई, वैश्विक लक्ष्यों के लिए हमारी आकांक्षा, है जिसका उद्देश्य सभी देशों में और सभी लोगों के बीच शांति के आदर्शों का स्मरण करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना है। बिरला ने सभा से संवाद, संवेदनशीलता, सहिष्णुता और सहयोग की भावना से कार्य करने का आह्वान किया ताकि हम एक शांतिपूर्ण विश्व के सपने को साकार कर सकें।

## संसद से

### बीजेपी ने नरेंद्र मोदी के रूप में दिया पहला ओबीसी प्रधानमंत्री -जेपी नड्डा

**नई दिल्ली**, 21 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की मांग की है। कांग्रेस को जवाब देते हुए जेपी नड्डा ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने नरेंद्र मोदी के रूप में देश को पहला ओबीसी प्रधानमंत्री दिया है। इस पर विपक्ष के कई सांसद और एचडी देवेगौड़ा के समर्थक सदन में नाराज होकर शोर मचाने लगे। इन सांसदों का कहना था कि पहले ओबीसी प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा हैं। नड्डा ने इन सांसदों को शांत कराते हुए कहा कि देवेगौड़ा हमारे अपने हैं और वह कांग्रेस के लिए बोल रहे हैं। महिला आरक्षण विधेयक पर राज्यसभा में बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमने नारी को शक्ति के रूप में देखा, देवी के रूप में देखा और समाज को दृष्टि देने वाली के रूप में देखा। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जी20 में दुनिया को बताया कि यह केवल नारी सशक्तीकरण नहीं, बल्कि नारियों के नेतृत्व में हो रहा विकास है।

### पीएम मोदी ने लोक सभा से महिला आरक्षण बिल पास करने के लिए सभी दलों के सांसदों का जताया आभार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोक सभा में सभी सांसदों, सभी राजनीतिक दलों और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि कल (बुधवार) भारत की संसदीय यात्रा का स्वर्णिम पल था। इस सदन के सभी सदस्य उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को ऐतिहासिक समर्थन के साथ महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को पारित करने के लिए सभी सांसदों और सभी दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए और धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कल सबने जो योगदान दिया, समर्थन दिया और सार्थक चर्चा की, उसके लिए सदन के नेता के तौर पर सच्चे और पूरे दिल से आदरपूर्वक से वे धन्यवाद करते हैं, आभार जताते हैं और अभिनंदन करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज राज्य सभा से भी इस बिल के पारित होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि आज राज्य सभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे, देश की मातृशक्ति का जो मिजाज बदलेगा, जो विश्वास पैदा होगा वो देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली एक अकल्पनीय, अप्रतीम शक्ति के रूप उभरेगा, ऐसा वह अनुभव करते हैं।

### राज्यसभा में पेश हुआ महिला आरक्षण बिल, आयोग तय करेगा महिला सीटें

नई दिल्ली। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश कर दिया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (128 संविधान संशोधन विधेयक) पेश किया। यह बिल लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। सरकार का कहना है कि बिल पास होने के बाद जनगणना होगी, सीटों का डीलिमिटेशन होगा। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी यह तय करने का कार्य डीलिमिटेशन आयोग करेगा। मेघवाल ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है, साथ ही दुनिया को दिशा दिखाने वाला एक महत्व महत्वपूर्ण कदम है। राज्यसभा में बिल पेश करते समय मेघवाल ने कहा कि इस बिल के माध्यम से लोकसभा और देश की सभी विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें नारी शक्ति के लिए आरक्षित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से एससी एसटी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण दिया जाएगा, इसलिए जनगणना और डीलिमिटेशन आवश्यक है।

### चीन पर लोक सभा में राजनाथ सिंह और अधीर रंजन के बीच तीखी बहस

नई दिल्ली। चीन पर चर्चा को लेकर लोक सभा में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बीच तीखी बहस हुई। चौधरी के चीन पर बहस करने की चुनौती का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चीन पर चर्चा के लिए पूरी हिम्मत है और वे सीना चौड़ा कर चर्चा के लिए (चीन पर) तैयार हैं। दरअसल, राजनाथ सिंह गुरुवार को लोक सभा में चंद्रयान-3 की सफलता और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की अन्य उपलब्धियों पर सरकार की तरफ से बोल रहे थे।

## सार संक्षेप

### झारखंड के गिरिडीह में 5 करोड़ की लूट का मास्टरमाइंड कन्याकुमारी से गिरफ्तार, 77 लाख बरामद

**रांची।** झारखंड के गिरिडीह जिले के जमुआ में गुजरात के कारोबारी से 21 जून को हुई 5 करोड़ रुपए की लूट के मास्टरमाइंड खिरोधर साव उर्फ गुलाब साह को पुलिस ने कन्याकुमारी से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 77 लाख रुपए भी बरामद किए गए हैं। इस मामले के छह आरोपियों को दो महीने पहले ही गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से 3 करोड़ 24 लाख रुपए बरामद किए गए थे। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार ने एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। लूट की घटना जमुआ-गिरिडीह मुख्य मार्ग के बाटी मोड़ के पास 21 जून की रात हुई थी। गुजरात निवासी जगत सिंह जडेजा और उनके सहयोगी मयूर सिंह क्रेटा एसयूवी कार में 5 करोड़ रुपए लेकर पटना से कोलकाता जा रहे थे। गिरिडीह के जमुआ थाना अंतर्गत बाटी मोड़ के पास अपराधियों ने ओवरटेक कर गाड़ी रुकवाई और रकम लूट ली थी।

### आज पीएम मोदी का भाजपा कार्यालय में महिला सांसद और कार्यकर्ता करेंगी स्वागत

**नई दिल्ली।** लोकसभा और देश की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम- 2023' (128 वां संविधान संशोधन) को लेकर भाजपा ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत करने की योजना बनाई है। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में पार्टी की दोनों सदनों- लोकसभा एवं राज्यसभा की सभी महिला सांसदों के साथ-साथ महिला पदाधिकारी एवं दिल्ली-एनसीआर से जुड़े आसपास की हजारों महिला कार्यकर्ता शुक्रवार को सुबह 9 बजे महिलाओं के हित से जुड़े ऐतिहासिक कानून को सदन से पारित करवाने के लिए दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचकर स्वयं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर शुक्रवार को किए जाने वाले प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

### कलकत्ता हाई कोर्ट ने सहकारी समिति घोटाले में सीबीआई जांच पर पिछला आदेश बरकरार रखा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को एकल-न्यायाधीश पीठ के पहले के आदेश को बरकरार रखा जिसमें पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में एक सहकारी समिति द्वारा कथित मनी लॉन्ड्रिंग की सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था। 25 अगस्त को, कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच ने 25 अगस्त को अलीपुरद्वार में नकद ऋण देने वाली सहकारी समिति के खिलाफ आरोपों पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया।

# महिला आरक्षण बिल: महिला उपाध्यक्षों के पैनल ने कराई चर्चा

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्यसभा ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान एक नया रिकॉर्ड बनाया है। राज्यसभा में महिला उपाध्यक्षों के एक बड़े पैनल के नेतृत्व में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा की गई। पीटी उषा से लेकर जया बच्चन और कनिमोझी से लेकर डोला सेन तक एक दिन के लिए कुल 13 महिला उपाध्यक्ष बनाई गईं। उपाध्यक्षों के पैनल में नामांकित महिला राज्यसभा सदस्यों में पीटी. उषा, एस. फांगनोन कोन्याक, जया बच्चन, सरोज पांडे, रजनी अशोकराव पाटिल, डॉ. फौजिया खान, डोला सेन, इंदु बाला गोस्वामी, कनिमोझी एनवीएन सोमू, कविता पाटीदार, महुआ माजी, डॉ. कल्पना सैनी, सुलता देव शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्यसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक, 2023 पर चर्चा के लिए 13 महिला राज्यसभा सदस्यों के उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया था।



- **पीटी उषा से लेकर जया बच्चन और कनिमोझी से लेकर डोला सेन तक एक दिन के लिए कुल 13 महिला उपाध्यक्ष बनाई गईं**
- **राज्यसभा ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान एक नया रिकॉर्ड बनाया**

उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि इस पद पर उनकी उपस्थिति से विश्वभर में एक शक्तिशाली संदेश जाएगा और यह इस बात का प्रतीक होगा कि परिवर्तन के इस युगांतकारी क्षण के दौरान वे (महिलाएं) एक 'प्रभावशाली पद' पर थीं। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (128 संविधान संशोधन विधेयक) पेश किया। यह बिल लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। सरकार का कहना है कि बिल पास होने के उपरांत जनगणना होगी, सीटों का डीलिमिटेशन होगा। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है। कौन सी सीट महिलाओं को दी जाएगी यह तय करने का कार्य डीलिमिटेशन आयोग करेगा। केंद्रीय कानून व न्याय मंत्री मेघवाल ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है, साथ ही दुनिया को दिशा दिखाने वाला एक महत्व महत्वपूर्ण कदम है। राज्यसभा में बिल पेश करते समय मेघवाल ने कहा कि बिल के माध्यम से लोकसभा और देश की सभी विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें नारी शक्ति के लिए आरक्षित की जाएगी।



## विधानसभा में बहस के दौरान गायब रहने वाले विधायकों पर तृणमूल कांग्रेस करेगी कार्रवाई

**कोलकाता,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस ने उन विधायकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फैसला किया है, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा के पिछले दो महत्वपूर्ण सत्रों के दौरान बिना उचित आधार के और पार्टी के मुख्य सचेतक को सूचित किए बिना गायब थे। पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भविष्य में ऐसे दोषी विधायकों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करेंगी। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में पार्टी की अंतर-अनुशासन समिति ने बुधवार देर शाम एक बैठक में निर्णय लिया, इसकी अध्यक्षता राज्य के संसदीय कार्य और कृषि मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने की। बैठक में राज्य के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, राज्य के बिजली मंत्री अरूप विश्वास और कोलकाता के मेयर और राज्य नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम सहित अन्य उपस्थित थे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि बंगाली नव वर्ष दिवस को पश्चिम बंगाल के लिए राज्य दिवस घोषित करने के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर बहस के दौरान कई पार्टी विधायकों की अनुपस्थिति से मुख्यमंत्री विशेष रूप से नाराज हो गईं।



## महिला आरक्षण को जल्द लागू करना चाहिए, जनगणना नहीं होने से होगी देरी : नीतीश कुमार

**पटना,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित हो गया। इसे जल्द लागू करना चाहिए। जनगणना नहीं होने के कारण इसमें देरी होगी। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग तो शुरू से चाहते हैं कि महिला आरक्षण बिल पास हो, अब यह लोकसभा से पास हो गया है। महिला आरक्षण को जल्दी से लागू करना चाहिए। ये लोग जनगणना नहीं करवाये हैं, इसलिए इसमें देरी होगी। उन्होंने कहा कि इस काम को और तेजी से करना चाहिए जिस तरह से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, उसी तरह से इसमें पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। जाति आधारित जनगणना की मांग से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग 'यंगर एज' से इसकी मांग करते रहे हैं। जनगणना का काम वर्ष 2021 में होना चाहिए था, जो नहीं हुआ, ये सब काम करा दिए जायेंगे तो लोगों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों का यही उद्देश्य है कि महिला आरक्षण बिल जल्द लागू हो जाए, इससे महिलाओं का काफी उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1931 से जनगणना का काम किया जा रहा है। प्रत्येक दस वर्ष पर जनगणना का काम किया जाता है, यह पिछली बार नहीं किया गया, ये अच्छी बात नहीं है, जल्दी से इस काम को शुरू करना चाहिए। महिला आरक्षण को लागू करने में इन्हें देरी होगी, जब महिला आरक्षण लागू हो जाएगा तो मुझे बहुत खुशी होगी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात के प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेताओं से हमारी मुलाकात होती रहती है, आपस में बातचीत होती रहती है।

# ओंकोरश्वर में आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण

- **मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया आचार्य शंकर की प्रतिमा का अनावरण**
- **मूर्ति अनावरण से पहले हुआ 21 कुंडीय महायज्ञ**

**ओंकारेश्वर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। मंधाता पर्वत पर अष्टधातु से निर्मित 108 फीट ऊंची आचार्य शंकर की प्रतिमा का अनावरण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इससे पहले सैकड़ों संतों ने 21 कुंडीय महायज्ञ में भाग लिया और पूरे विधि विधान से यह कार्य संपन्न हुआ। एकात्मता की मूर्ति का अनावरण और अद्वैत लोक का भूमि एवं शिला पूजन दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदापीठ के मार्गदर्शन में हुआ। सनातन के ध्वजवाहक आचार्य शंकर के व्यक्तित्व और उनके सिद्धांतों को लेकर नया विमर्श ओंकारेश्वर की भूमि से एक बार फिर शुरु हो रहा है।

### 21 कुंडीय यज्ञ में सैकड़ों संतों की रही भागीदारी

नर्मदा नदी के तट पर मंधाता पर्वत पर आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची मूर्ति के अनावरण से पहले उत्तरकाशी के स्वामी ब्रहोन्द्रानन्द तथा 32 संन्यासियों द्वारा प्रस्थानत्रय भाष्य पारायण और दक्षिणाम्नाय श्रृंगेरी शारदापीठ के मार्गदर्शन में देश के लगभग 300 विख्यात वैदिक आर्चकों द्वारा वैदिक रीति पूजन तथा 21 कुंडीय हवन किया गया।

### अद्वैतमय हुआ ओम्कारेश्वर

मुख्यमंत्री ने आदि शंकराचार्य जी की ज्ञान भूमि ओम्कारेश्वर में 108 फीट ऊंची भव्य और दिव्य प्रतिमा 'एकात्मता की मूर्ति' का अनावरण एवं 'अद्वैत लोक' का शिलान्यास किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आध्यात्मिक ऊर्जा से अनुप्राणित आचार्य शंकर के श्रीचरणों में ही शुभता और शुभत्व है। संपूर्ण जगत के कल्याण का सूर्य अद्वैत के मंगलकारी विचारों में ही निहित है।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता- 700020 सीआईएन नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वाति सरकार/पल्लव सरकार/एम 604, राम निकेतन अपार्टमेंट्स, बड़ौदा रोड भवन्स स्कूल के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर-492001/ LBRPR00004172972/ LBRPR00004172978 | अपार्टमेंट नंबर एम 604, छठी मंजिल, ब्लॉक नंबर एम, राम निकेतन कॉन्डोमिनियम, सर्वे नंबर 268, 269/1, 269/2, 269/3, 269/4, 271/2, 271/4, 276/3,271/7, 271/10, 271/6 एवं 271/8 का हिस्सा, पी.एच. क्रमांक 23/96, आर.आई.सी. धारसिवा-1, ग्राम बड़ौदा, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल सुपर निर्मित क्षेत्र का 1430 वर्ग फुट, या 132.90 वर्ग. मीटर/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 19.09.2023 | फ़रवरी 21, 2023 रु. 23,78,291/- | रायपुर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 22, 2023** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : रायपुर** — **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला - बस्तर (छ.ग.)

शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर
B-Mail jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website-nagarnigamjagdalpur.in, Phone No. 07782-221055

### ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

**Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in**

क्रमांक/2568/नपानि/लोनिवि/2023 — जगदलपुर दिनांक 15/09/2023

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन छावस्था रजिस्ट्रेशन में सक्षम या उससे ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा प्रपत्र "A" कम/अधिक प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है।

| No. | S.T.No. | कार्य का विवरण | निविदा राशि (लाख) | धरोहर राशि | बिट..... |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 147396 | Const. RCC Nalla Khapra Bhatti to Goriya Bahar Nalla at Ward No. 41 Jagdalpur | Rs. 199.11 | 1,50,000.00 | 10,000.00 |
| 2. | 147626 | Const. RCC Nalla Kadambary to Dalpat Sagar Talab at Ward No. 18 Jagdalpur | RS. 65.50 | 50,000.00 | 5,000.00 |
| 3. | 147627 | Const. RCC Nalla and Cukart from Neat Sahid Park at Ward No. 39 Jagdalpur | Rs. 120.90 | 91,000.00 | 10,000.00 |
| 4. | 147628 | Const. RCC Nalla from Sadanand Mali House do Dalpat Sagar at Ward No. 17 Jagdalpur | Rs. 106.77 | 81,000.00 | 10,000.00 |

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in) पर दिनांक 06 102023 को साथ 5.30 बजे तक देखे / कय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं । अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं निगम के वेबसाईट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://und.cp.gov.in मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्ते बी ओ क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेबसाइट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जायेगा ।

टीप-निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कम करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है।

"स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें" — **कार्यपालन अभियंता, नगरपालिक निगम, जगदलपुर**

## कार्यालय, नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)

फोन नं./फैक्स नं. 07748-286524 ई-मेल: medallirajhara@rediffmail.com

क्रमांक/1927/लो.नि.वि./नि.आ.सू./2023-24, — दल्लीराजहरा, दिनॉक 20.5.2023

### मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

निकाय द्वारा अध्यक्ष/पार्षद/एल्डरमेन निधि से निम्नांकित कार्यों के लिये सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "B" में त्रि-लिफाफा पद्यति के माध्यम से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 11.10.2023 को समय अपरान्ह 3.00 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि :-27.09.2023 समय 4.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-04.10.2023 समय 4.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :-11.10.2023 समय 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि :- 11.10.2023 समय 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 01 | अध्यक्ष/पार्षद निधि से सरल कं. 01 से 04 तक श्री सीटर आर.सी.सी. चेयर प्रदाय (आयटम रेट) कुल 04 कार्य (सामग्री प्रदाय) | 14.96 | कार्यादेशा नुसार |
| 02 | पार्षद निधि से वार्ड कं. 11. 20, 27 एवं एल्डरमेन निधि से विभिन्न वार्डो में प्लास्टिक चेयर प्रदाय (आयटम रेट) | 3.75 | |
| 03 | अध्यक्ष निधि से विभिन्न वार्डो में तथा पार्षद निधि से वार्ड क्र. 21 में 7 डोर-टू-डोर कलेक्शन हेतु डस्टबीन प्रदाय (आयटम रेट) | 2.76 | |
| 04 | अध्यक्ष निधि से मार्सल आर्ट क्लब एवं वार्ड कं. 08 में जिम सामग्री क्रय (आयटम रेट) | 2.00 | |

टीप :- उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, घरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला - बालोद (छ.ग.)**

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट),मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड,अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह उनको सुपुर्द नहीं की जा सकी और अतएव एतद्द्वारा उनको को इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सतीश गुप्ता (कर्जदार), सरस्वती गुप्ता (सह-कर्जदार), समता कालोनी डोंगरगांव रोड पानेका चौक राजनांदगांव-491441/ एनएचआरडीजी00001261797 | प्लॉट नंबर 21/86, ब्लॉक 36, वार्ड 8 स कालोनी पानेका बाकल रोड पानेका ग्राम पंचायत राजनांदगांव-491441. चौहद्दी - उत्तर : डोंगरगांव रोड, दक्षिण : निस्तारी/सरदार हाउस, पूरब : प्लॉट नंबर ए4+7, पश्चिम : प्लॉट नंबर बी1+10 | 25-03-2022 रू. 6,49,355/- | 02-01-2022 |
| 2. | सतीश गुप्ता (कर्जदार), सरस्वती गुप्ता (सह-कर्जदार), समता कालोनी डोंगरगांव रोड पानेका चौक राजनांदगांव-491441/ एनएचआरडीजी00001271956 | प्लॉट नंबर 21/86, ब्लॉक 36, वार्ड 8 स कालोनी पानेका बाकल रोड पानेका ग्राम पंचायत राजनांदगांव-491441. चौहद्दी - उत्तर : डोंगरगांव रोड, दक्षिण : निस्तारी/सरदार हाउस, पूरब : प्लॉट नंबर ए4+7, पश्चिम : प्लॉट नंबर बी1+10 | 25-03-2022 रू. 17,01,313/- | 02-01-2022 |
| 3. | सतीश गुप्ता (कर्जदार), सरस्वती गुप्ता (सह-कर्जदार), समता कालोनी डोंगरगांव रोड पानेका चौक राजनांदगांव-491441/ एनएचआरडीजी00001261798 | प्लॉट नंबर 21/86, ब्लॉक 36, वार्ड 8 स कालोनी पानेका बाकल रोड पानेका ग्राम पंचायत राजनांदगांव-491441. चौहद्दी - उत्तर : डोंगरगांव रोड, दक्षिण : निस्तारी/सरदार हाउस, पूरब : प्लॉट नंबर ए4+7, पश्चिम : प्लॉट नंबर बी1+10 | 25-03-2022 रू. 5,21,219/- | 02-01-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

तिथि : 22-09-2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : राजनांदगांव — आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## नहीं रहे '3 इडियट्स' के अभिनेता अखिल मिश्रा

**मुंबई।** आमिर खान अभिनीत '3 इडियट्स' और 'भोपाल-ए प्रेयर फॉर रेन' जैसी फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता अखिल मिश्रा का रसोई में एक दुर्घटना के बाद निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। सूत्र ने बताया कि यह एक दुर्घटना थी। वह रसोई में फर्श पर घायल अवस्था में पाए गए, और अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। हम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। सूत्र ने बताया कि घटना के वक्त उनकी पत्नी सुजैन हैदराबाद में शूटिंग कर रही थीं। अखिल मिश्रा का जन्म 1965 में हुआ था। उन्होंने 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'गांधी, माई फादर' जैसी फिल्मों और 'प्रधानमंत्री' जैसे टेलीविजन धारावाहिकों में काम किया था।

## 'पशमीना – धागे मोहब्बत के' में मां का किरदार निभाएंगी गौरी तेजवानी



**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। टेलीविजन शो 'पश्मीना-धागे मोहब्बत के' में अभिनेत्री गौरी तेजवानी, शो के मुख्य किरदार पश्मीना की मां की भूमिका में नजर आएंगी। यह शो कश्मीर की सुंदर घाटी की अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता के साथ प्रेम की एक खूबसूरत गाथा पेश करता है। 'पश्मीना-धागे मोहब्बत के' में पश्मीना और राघव की भूमिकाएं निभाते हुए, ईशा शर्मा और निशांत मलकानी उन पात्रों में जान डाल देते हैं। शो में गौरी पश्मीना की मां प्रीति सूरी की अहम भूमिका है। प्रीति एक मजबूत, स्वतंत्र महिला हैं और जीवन भर अपनी बेटी के समर्थन का स्तंभ रही हैं। आत्मनिर्भरता में उनके विश्वास ने पश्मीना को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने के लिए सशक्त बनाया है। शो के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि 'पश्मीना-धागे मोहब्बत के' का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अनुभव है, क्योंकि यह कश्मीर की मनमोहक पृष्ठभूमि पर रोमांस के कालातीत तत्वों को एक साथ बुनता है। शो की स्क्रिप्ट वास्तव में असाधारण है। कश्मीर की सुंदरता बचपन की कई यादें ताजा कर देती है।

उन्होंने कहा कि प्रेम में विश्वास करने वाली प्रीति जैसे चरित्र को पर्दे पर जीवंत करने का यह एक अनूठा अवसर है। मैं वास्तव में उम्मीद करती हूं कि दर्शक भी उतना ही आनंद लेंगे जितना मैंने लिया है।

प्रीति एक महत्वपूर्ण किरदार होगी, क्योंकि उसके निर्णय और कार्य इन दो प्रेमियों के भाग्य में एक निर्णायक भूमिका निभाते हैं, जो उनके रिश्ते को आकार देते हैं। 'पश्मीना-धागे मोहब्बत के' का प्रीमियर अक्टूबर में सोनी सब पर होगा।

# ऑफिस में काम के लिए लगातार बैठे रहना सेहत के लिए नुकसानदायक



- शोध में काम के बीच में ब्रेक लेने पर भी दिया जोर
- चार सप्ताह तक, प्रतिभागियों को बैठने, खड़े होने और चलने में बिताए

**टोरंटो,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑफिस में काम के लिए लगातार बैठे रहना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। यह बात एक शोध से सामने आई है। शोध में काम के बीच में ब्रेक लेने पर भी जोर दिया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार कार्यालय कर्मियों को लंबे समय तक बैठे रहने से संभावित नुकसान हो सकता है, जो उनके कार्यदिवस का 80 प्रतिशत तक हो सकता है।

यह गतिहीन जीवनशैली टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ कैंसर से लेकर उच्च रक्तचाप और बढ़ी हुई मृत्यु दर तक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि कोरोना महामारी के बाद से रिमोट वर्कर्स की संख्या बढ़ रही हैं, वह अपने कार्यालय समकक्षों की तुलना में और अधिक गतिहीन हो सकते हैं।

कनाडा के ओंटारियो में वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के शोध समन्वयक मैडिसन हीमस्ट्रा ने कहा कि यह सिर्फ बहुत अधिक बैठने के बारे में नहीं है, बल्कि यह आपके पूरे दिन बैठने के तरीके के बारे में भी है। हीमस्ट्रा ने कहा कि लंबे समय तक लगातार बैठे रहने से नकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों का खतरा बढ़ सकता है।

**कब और कैसे ब्रेक लेना अध्ययन में खुलासा**

जर्नल ट्रांसलेशनल बिहेवियरल मेडिसिन में प्रकाशित अध्ययन में यह पता लगाया गया है कि कब और कैसे ब्रेक लेना है। प्रतिभागियों को दो अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया था, जिन्हें बैठने के समय को कम करने के लिए अपनी पसंदीदा रणनीतियों को चुनने की आजादी दी गई थी ('पसंद' समूह) और जिन्हें बिना किसी विकल्प के रणनीतियां सौंपी गई ('कोई विकल्प नहीं' समूह)। 'पसंद' समूह में, प्रतिभागी विकल्पों की सूची में से स्वयं रणनीतियों का चयन कर सकते हैं या उन्हें सौंपे गए विशेषज्ञों द्वारा अनुशंसित रणनीतियां हो सकती हैं। इसके विपरीत, 'कोई विकल्प नहीं' वाले समूह के पास इस मामले में कहने का अधिकार नहीं था और उन्हें बेतरतीब ढंग से अपनी रणनीति चुनने या विशेषज्ञ की सिफारिशों का पालन करने का काम सौंपा गया था। चार सप्ताह तक, प्रतिभागियों को बैठने, खड़े होने और चलने में बिताए गए कुल समय के साथ-साथ बैठने से उनके ब्रेक की आवृत्ति और अवधि की निगरानी की गई। लक्षित उद्देश्य प्रतिभागियों को हर 30 से 45 मिनट में छोटे ब्रेक लेने के लिए प्रेरित करना था, प्रत्येक ब्रेक दो से तीन मिनट तक रहता था। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला कि दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अध्ययन के दौरान ब्रेक आवृत्ति में वृद्धि और कुल बैठने के समय में इसी तरह की कमी का प्रदर्शन किया। यह सकारात्मक प्रवृत्ति लंबे समय तक बैठने के हानिकारक प्रभावों का मुकाबला करने के लिए प्रभाव डालती है। विशेष रूप से उल्लेखनीय 'कोई विकल्प नहीं' समूह था, जिसने न केवल बैठने से उनके ब्रेक की आवृत्ति बढ़ा दी, बल्कि उनके ब्रेक की अवधि भी बढ़ा दी।

## सुबह, दोपहर का व्यायाम



### कम करता है टाइप-2 मधुमेह का जोखिम

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए एक नए अध्ययन के अनुसार, सुबह और दोपहर की शारीरिक गतिविधि टाइप-2 मधुमेह होने के जोखिम को कम करती है। डायबेटोलोजिया जर्नल में प्रकाशित नए शोध में शाम की शारीरिक गतिविधि और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच कोई सांख्यिकीय महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया। शारीरिक गतिविधि टाइप 2 मधुमेह के लिए एक निवारक कारक है, लेकिन इसका समय और निरंतरता (शारीरिक गतिविधि के समग्र योग के विपरीत) अपेक्षाकृत अस्पष्ट रही है। अमेरिका में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने सुबह, दोपहर या शाम की शारीरिक गतिविधि और निरंतरता (दिनचर्या) और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच संबंधों का विश्लेषण किया। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. चिराग पटेल ने कहा कि हमारे अध्ययन में सुबह और दोपहर बनाम शाम की शारीरिक गतिविधि के बीच मधुमेह के जोखिम के साथ संबंध दिखाया गया है। निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि मधुमेह और अन्य हृदय रोग के विकास के जोखिम को कम करने में मदद के लिए कुछ उच्च तीव्रता वाली गतिविधि को शामिल करना सहायक है। टीम में टाइप-2 मधुमेह के इतिहास के बिना 93,095 प्रतिभागियों (औसत आयु 62 वर्ष) को शामिल किया गया।

## जी सिनेमा लेकर आ रहा है सलमान खान की 'किसी का भाई किसी की जान' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर




**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। मस्ती, प्यार और जबर्दस्त मनोरंजन के रोमांचक सफर पर चलने के लिए हो जाइए तैयार, क्योंकि इस शनिवार 23 सितम्बर को रात 8 बजे, ज़ी सिनेमा पर 'किसी का भाई किसी की जान' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ स्क्रीन पर अपना जलवा बिखेरने आ रहे हैं सलमान खान! फरहाद सामजी के निर्देशन में बनी यह बहुप्रतीक्षित फिल्म अपने जोरदार एक्शन सीक्वेंस ड्रामा और दिलचस्प कहानी के साथ दर्शकों के दिलों में उतरने का वादा करती है, जो परिवार और उससे परे के बंधनों / रिश्तों का जश्न मनाता है।

'किसी का भाई किसी का जान' सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह हिंदी फिल्मों के हर फैन के लिए एक जज़्बात है, एक ऐसा एहसास जो उत्तर और दक्षिण की सरहदों के पार चला जाता है। इस फिल्म में पूजा हेगड़े ने लीड भूमिका निभाई है, जिन्होंने सलमान खान के साथ बेमिसाल केमिस्ट्री बनाई है। प्यार और परिवार के इस जश्न में उनके साथ शामिल हैं वेंकटेश, भूमिका चावला, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज़ गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर जैसे टैलेंटेड कलाकार। इतना ही नहीं, इस फिल्म में बड़े पर्दे के जाने-माने प्रेम और सुमन की मशहूर जोड़ी यानी सलमान खान और भाग्यश्री भी 34 साल बाद एक साथ नजर आएंगे, जहां भाग्यश्री ने कुछ इस अंदाज़ में स्पेशल अपीयरेंस दिया है, जो यकीनन आपके दिलों में कशिश जगा देंगी। इसके अलावा किसी का भाई किसी की जान में दिल छू लेने वाला म्यूज़िक है, जो इस फिल्म में जादू-सा असर करता है। इनमें हिमेश रेशमिया का चार्ट-टॉपिंग हिट 'नैयो लगदा' भी शामिल है। इसके अलावा 'येंतम्मा' और 'बिल्ली बिल्ली' जैसे मस्ती भरे गानों में सभी कलाकारों ने जमकर धूम मचाई है। देखना ना भूलें 'किसी का भाई किसी की जान' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, शनिवार 23 सितंबर को रात 8 बजे सिर्फ ज़ी सिनेमा पर!

## यूपी ट्रेड शो में प्रदेश के विभिन्न जिलों की दिखी कला व संस्कृति

**ग्रेटर नोएडा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो इंडिया एक्सपोमार्ट में उद्घाटन के साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के कलाकारों ने भारतीय संस्कृति व कला को प्रदर्शित किया, जिसे देखने के लिए लोगों में उत्सुकता देखने को मिली। इस दौरान मथुरा व बरसाने का रास, सोनभद्र की पारंपरिक नृत्य, अवध का गायन प्रस्तुत किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की कला व संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया है, जो 21 से 25 सितम्बर तक चलेगा। इस शो में पूरे प्रदेश की कला व संस्कृति के साथ एक जिला एक उत्पाद को प्रदर्शित किया गया है। गुरुवार को राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश के कई मंत्री पहुंचे थे, अतिथियों ने कलाकारों की प्रदर्शन को देखकर खुश हुए और उनकी कला की सराहना भी किया।



## अभिनेत्री दिशा परमार ने बेटी को दिया जन्म





**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री दिशा परमार ने एक बेटी को जन्म दिया है। गायक राहुल वैद्य और दिशा ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के जरिए प्रशंसकों के साथ खुशखबरी साझा की। जोड़े ने हाथी के बच्चे के कार्टून की एक सुंदर तस्वीर साझा की, जिसमें घोषणा की गई, 'यह एक लड़की है।' मां और बच्चा दोनों स्वस्थ और बिल्कुल ठीक हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि हमें एक बच्ची का आशीर्वाद मिला है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। हम स्त्रीरोग विशेषज्ञ ध्रुपीदेधिया को धन्यवाद देना चाहते हैं जो गर्भ धारण करने से लेकर जन्म तक बच्चे की देखभाल में लगे रही।

पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, नकुल मेहता ने टिप्पणी की।

यूट्यूबर शेफाली बग्गा ने टिप्पणी की, 'बहुत-बहुत बधाई। तुम्हारे गणेश जी के साथ लक्ष्मी भी आई हैं।' राहुल ने दिशा को उनके बर्थडे सरप्राइज के तौर पर बिग बॉस 14 में प्रपोज किया था। दिशा ने उन्हें जवाब भी भेजा और वैलेंटाइन डे पर शो में उनसे मुलाकात की। दोनों की मुलाकात कॉमन फ्रेंड्स के जरिए हुई थी और जल्द ही उनके बीच करीबी रिश्ता बन गया। दिशा ने 2019 में राहुल वैद्य के गाने 'याद तेरी' के संगीत वीडियो में भी अभिनय किया।

## गिटहब कोपायलट चैट बीटा अब सभी व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध

**नई दिल्ली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। एआई-पावर्ड डेवलपर प्लेटफॉर्म गिटहब ने गुरुवार को कहा कि उसके कोपायलट चैट का सार्वजनिक बीटा अब वैश्विक स्तर पर सभी व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त में उपलब्ध है।

एक साथ एकीकृत, गिटहब कोपायलट चैट और गिटहब कोपायलट जोड़ी प्रोग्रामर एक शक्तिशाली एआई सहायक बनाते हैं, जो डेवलपर्स को उनकी पसंद की प्राकृतिक भाषा में उनके दिमाग की गति से निर्माण करने में मदद करने में सक्षम है। जुलाई में, माइक्रोसाफ्ट के स्वामित्व वाली कंपनी ने जीथब कोपायलट चैट का सार्वजनिक बीटा पेश किया। गिटहब में उत्पाद प्रबंधन के उपाध्यक्ष शुयिन झाओ ने कहा कि हम विजुअल स्टूडियो और वीएस कोड में सभी गिटहब कोपायलट व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए गिटहब कोपायलट चैट का एक सार्वजनिक बीटा जारी करके अपनी गिटहब कोपायलट एक्स यात्रा में अगला कदम उठाने के लिए रोमांचित हैं। व्यक्तियों के लिए गिटहब कोपायलट के लिए साइन अप करने वाले लोग शक्तिशाली एआई सहायक तक पहुंच सकते हैं, जिसका लाभ प्रमुख उद्यम टर्बोचार्जर डेवलपर उत्पादकता और खुशी के लिए उठा रहे हैं।

**नई भाषाएं या फ्रेमवर्क सीखने, बग का निवारण करने में उपयोग**

डेवलपर्स और व्यक्तियों की टीमें नई भाषाएं या फ्रेमवर्क सीखने, बग का निवारण करने, या सरल, प्राकृतिक भाषा आउटपुट में कोडिंग प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए गिटहब कोपायलट चैट का उपयोग कर सकती हैं।

कंपनी ने कहा कि यह संदर्भ स्विचिंग की आवश्यकता को कम कर सकता है, विकास प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर सकता है और डेवलपर्स को अपना फोकस और गति बनाए रखने में मदद कर सकता है।

## राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर 99 रुपए में फिल्म देख सकते हैं दर्शक

### 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के लिए तैयार




**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। देश 13 अक्टूबर को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के लिए तैयार है। दर्शक राष्ट्रीय सिनेमा दिवस पर सिनेमाघरों में 99 रुपए प्रति प्रवेश शुल्क पर फिल्म देख सकेंगे। इसके लिए मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमएआई) और पूरे भारत के सिनेमाज फिल्म प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय मूवी मैराथन के लिए एकजुट हुए हैं।

पिछले साल के आयोजन की शानदार सफलता के आधार पर इस वर्ष राष्ट्रीय सिनेमा दिवस 4000 से अधिक स्क्रीनों पर मनाया जाएगा। पिछले साल एक दिन में सबसे अधिक 6.5 मिलियन प्रवेश हुए थे।

यह विशेष अवसर सभी उम्र के दर्शकों को सिनेमाई आनंद के एक दिन के लिए एक साथ लाता है, जो इस साल बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों की अविश्वसनीय सफलता का जश्न मनाता है। यह उन लोगों के लिए एक खुला निमंत्रण है, जो अभी तक अपने स्थानीय सिनेमा में नहीं लौटे हैं।

पीवीआर आईनॉक्स, सिनेपोलिस, मिराज, सिटीप्राइड, एशियन, मुक्ता ए2, मूवी टाइम, वेव, एम2के, डिलाइट और कई अन्य थिएटर राष्ट्रीय सिनेमा दिवस का हिस्सा हैं।

**पुण्यतिथि के अवसर पर**

## सिनेमा जगत के युगपुरुष थे ताराचंद बड़जात्या



**मुंबई,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। सिनेमा जगत के युगपुरुष तारा चंद बडज़ात्या का नाम एक ऐसे फिल्मकार के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने पारिवारिक और साफ सुथरी फिल्म बनाकर लगभग चार दशकों तक सिने दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई।

फिल्म जगत में सेठजी के नाम से मशहूर महान निर्माता ताराचंद बडज़ात्या का जन्म राजस्थान में एक मध्यम वर्गीय परिवार में 10 मई 1914 को हुआ था। ताराचंद ने अपनी स्नातक की शिक्षा कोलकाता के विधासागर कॉलेज से पूरी की। उनके पिता चाहते थे कि वह पढ़ लिखकर बैरिस्टर बने लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण ताराचंद को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी। वर्ष 1933 में ताराचंद नौकरी की तलाश में मुंबई पहुंचे मुंबई में वह मोती महल थियेटर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक फिल्म वितरण संस्था से जुड़ गए। यहां उन्हें पारश्रमिक के तौर पर 85 रुपए मिलते थे।

वर्ष 1939 में उनके काम से खुश होकर वितरण संस्था ने उन्हें महाप्रबंधक के पद पर नियुक्त करके मद्रास भेज दिया। मद्रास पहुंचने के बाद ताराचंद और अधिक परिश्रम के साथ काम करने लगे। उन्होंने वहां के कई निर्माताओं से मुलाकात की और अपनी संस्था के लिए वितरण के सारे अधिकार खरीद लिए। मोती महल थियेटर्स के मालिक उनके काम को देख काफी खुश हुए और उन्हें स्वयं की वितरण संस्था शुरू करने के लिए उन्होंने प्रेरित किया। इसके साथ ही उनकी आर्थिक सहायता करने का भी वायदा किया। ताराचंद को यह बात जच गई और उन्होंने अपनी खुद की वितरण संस्था खोलने का निश्चय किया।

15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ तो इसी दिन उन्होंने राजश्री नाम से वितरण संस्था की शुरूआत की। वितरण व्यवसाय के लिए उन्होंने जो पहली फिल्म खरीदी वह थी चंद्रलेखा। जैमिनी स्टूडियो के बैनर तले बनी यह फिल्म काफी सुपरहिट हुई जिससे उन्हें काफी फायदा हुआ। इसके बाद वह जैमिनी के स्थाई वितरक बन गए। इसके बाद ताराचंद ने दक्षिण भारत के कई अन्य निर्माताओं को हिन्दी फिल्म बनाने के लिए भी प्रेरित किया। अंजली, वीनस, पक्षी राज और प्रसाद प्रोडक्शन जैसी फिल्म निर्माण संस्थाएं उनके ही सहयोग से हिन्दी फिल्म निर्माण की ओर अग्रसर हुई और बाद में काफी सफल भी हुईं।

वर्ष 1962 में प्रदर्शित फिल्म आरती के जरिए उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया। फिल्म आरती की सफलता के बाद बतौर निर्माता वह फिल्म इंडस्ट्री में स्थापित हो गए। वर्ष 1964 में इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने फिल्म दोस्ती का निर्माण किया जिसमें उन्होंने अभिनेता संजय खान को फिल्म इंडस्ट्री के रूपहले पर्दे पर पेश किया। दोस्ती के रिश्ते पर आधारित इस फिल्म ने न सिर्फ सफलता के नए आयाम स्थापित किए बल्कि अभिनेता संजय खान के करियर को भी एक नई दिशा दी। इस फिल्म का यह गीत चाहूंगा तुझे मै सांझ सवेरे आज भी श्रोतओं के बीच काफी लोकप्रिय है। उन्हें अपनी निर्मित फिल्म के लिए दो बार फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ फिल्मकार से नवाजा गया है। अपनी निर्मित फिल्मों से लगभग चार दशक तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाले महान फिल्माकार ताराचंद बडज़ात्या 21 सितम्बर 1992 को इस दुनिया को अलविदा कह गए थे।

# यहां तथागत बुद्ध के साथ पूजे जाते है ब्रह्मा,विष्णु, महेश

- अनीश्वरवादी बुद्ध के साथ सनातन धर्म के त्रिदेव की पूजा कहीं और नहीं होती
- यहां दो संस्कृतियों के मेल का अनूठा संगम झलकता





**कुशीनगर,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। भगवान बुद्ध का महा परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर की पहचान यूं तो दुनिया भर में बौद्ध समुदाय के श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र के रूप में है मगर धार्मिक विविधताओं से परिपूर्ण इस नगर में स्थित थाई मंदिर बौद्ध संस्कृति के साथ साथ सनातन संस्कृति व सभ्यता को भी समेटे हुए है। मंदिर की दीवारें थाई वास्तुकला का परिचय कराती है। सबसे खास बात यह है कि यहां तथागत बुद्ध के साथ त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु व महेश पूजे जाते हैं। अनीश्वरवादी बुद्ध के साथ सनातन धर्म के त्रिदेव की पूजा कहीं और नहीं होती है। यहां दो संस्कृतियों के मेल का अनूठा संगम झलकता है।

बौद्ध और सनातन संस्कृति के मिलाप के इस अनूठे संगम में वाट थाई मंदिर परिसर में तथागत भगवान बुद्ध के साथ ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश की मूर्तियां स्थापित हैं। इसके अलावा मंदिर में शिव.पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय व त्रिशूल के अलावा हाथ में चक्र लिए भगवान विष्णु, लक्ष्मी, ब्रह्मा व मां सरस्वती के भित्ति चित्र आकर्षण के केंद्र हैं। वहीं गरुड़ पक्षी को भी मंदिर में प्रमुख स्थान दिया गया है। वर्ष 1994 में वाट थाई कुशीनारा छर्लमराज मंदिर का निर्माण बुद्धिस्टों के दिन से आरंभ हुआ था। यह मंदिर बौद्ध विहार वाट थाई बोधगया और रॉयल थाई दूतावास एनई दिल्ली के संरक्षण में है। 2000 में बुद्ध मंदिर यानी उपोस्थ बनकर तैयार हो गया। जिसमें बौद्ध अनुयायियों ने पूजा अर्चना शुरू कर दी। थाईलैंड की राजकुमारी महाचक्री सिरिंधोर्न ने भगवान बुद्ध की अस्थियों को सुरक्षित रखने के लिए वर्ष 2001 में कुशीनगर पहुंचकर आधारशिला रखी थी। फिर पांच वर्ष बाद जब चैत्य का निर्माण कार्य पूरा हो गया तो 2005 में राजपरिवार के प्रतिनिधि के तौर पर लोकार्पण किया था। उन्हें 2004 में इंदिर गांधी शांति पुरस्कार से पुरस्कृत किया जा चुका है। मंदिर में भगवान बुद्ध के साथ त्रिदेव की प्रतिदिन विशेष-पूजा की परंपरा 20 साल से चली आ रही है।

# देश विदेश

## इराकी सेना के हवाई हमले में चार आईएस आतंकवादी ढेर

**बगदाद।** इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में सेना के हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के चार आतंकवादी मारे गये हैं। इराकी सेना के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इराकी लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को बगदाद से करीब 250 किमी उत्तर में स्थित किर्कुक प्रांत की राजधानी किरकुक के दक्षिण-पश्चिम मंह वाडी ज़घाइटून के ऊबड़-खाबड़ इलाके में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए।

# पाकिस्तान में आगामी जनवरी में होंगे आम चुनाव



- परिसीमन की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी
- निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी

**इस्लामाबाद,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव अगले साल जनवरी के आखिरी सप्ताह में होंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव पैनल ने बताया कि नई जनगणना के अनुरूप की जा रही परिसीमन की प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी।

ईसीपी ने कहा, उसने गुरुवार को परिसीमन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की और फैसला लिया कि प्रक्रिया से संबंधित आपत्तियों एवं सुझावों को सुनने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम लिस्ट 30 नवंबर को प्रकाशित की जाएगी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईसीपी ने एक बयान में कहा कि इसके बाद 54 दिवसीय चुनाव कार्यक्रम पूरा होने के बाद अगले साल जनवरी (2024) के आखिरी सप्ताह में आम चुनाव होंगे। ईसीपी के बयान ने चुनावों को लेकर अनिश्चितता को समाप्त कर दिया है। दरअसल, पिछली पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेतृत्व वाली सरकार के नई जनगणना को मंजूरी देने के कदम ने चुनावी निकाय को चुनाव कराने से पहले नया परिसीमन करने के लिए बाध्य किया था, जिससे अनुचित देरी की आशंका पैदा हो गई थी। इस साल अगस्त में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के बाद, ईसीपी को 3 महीने की निर्धारित समय अवधि के भीतर चुनाव कराने की जरूरत थी, जिसका अर्थ है कि चुनाव 6 नवंबर से पहले नहीं होने चाहिए। हालांकि, ईसीपी ने कहा कि वह चुनावों से पहले नई सीमाएं खींचने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य है, इसलिए 3 महीने की समयावधि के भीतर चुनाव कराना संभव नहीं है।

## नेपाल के प्रधानमंत्री कल से चीन यात्रा पर

**काठमांडू,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल एक सप्ताह के लिए चीन की यात्रा पर रहेंगे। वह शनिवार (23 सितंबर) से यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस दौरान उनका अपने चीनी समकक्ष ली कियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक करने का कार्यक्रम है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल चीनी समकक्ष ली के निमंत्रण पर चीन का दौरा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष मिन बहादुर श्रेष्ठ ने कहा, प्रधानमंत्री के साथ उनकी बेटी गंगा दहल, विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद, जल आपूर्ति मंत्री महिद्र राय यादव, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्री प्रकाश ज्वाला, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शंकर दास बैरागी होंगे। 25 सितंबर को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल बीजिंग में ली से मुलाकात करेंगे जहां दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे, जिसके बाद कुछ समझौतों पर हस्ताक्षर होंगे।बीजिंग में कार्यक्रम पूरा करने के बाद प्रचंड अपने कार्यक्रम के अनुसार चोंगकिंग शहर का दौरा करेंगे जहां वह चोंगकिंग कृषि विज्ञान अकादमी और अन्य संस्थानों की यात्रा करेंगे।



## चिली के स्वतंत्रता समारोह के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत

**सैंटियागो,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। चिली में 15 से 19 सितंबर तक वार्षिक स्वतंत्रता समारोह 'फिएस्टास पैट्रियास' के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कुल 25 लोगों की मौत हुई।

चिली के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार ग्यारह लोगों की मौत कुचलने से हुई, टक्कर से छह लोगों की, भिडंत से चार लोगों की और वाहनों के पलटने से चार लोगों की मौत हुई।

लोक निर्माण मंत्री जेसिका लोपेज ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में कम मौत हुई हैं, वर्ष 2022 में 40 लोगों की मौत हुई थी। कारबिनेरोस (सैन्यीकृत पुलिस) के आदेश और सुरक्षा के राष्ट्रीय निदेशक एनरिक मोनरास ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि नशे में गाड़ी चलाने के लिए कुल 393 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 22 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष - आज आप सभी काम सावधानी से करें। सरकार विरोधी काम से दूर रहें। दुर्घटना हो सकती है, इसलिए वाहन आदि का उपयोग ध्यान से करें। बाहर के खान-पान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

वृषभ - आप को अपने प्रिय दोस्तों और स्वजनों के साथ घूमने- फिरने का आनंद प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्र-आभूषण और भोजन का अवसर आपको मिलेगा। दोपहर के बाद स्थिति आपके नियंत्रण से हट सकती है।

मिथुन - आज आपके परिवार का वातावरण उल्लासपूर्ण रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। आप के अधूरे काम पूरे होने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापारिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

कर्क - भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक काम करने से सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न करें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी दोपहर के बाद आप निवेश संबंधी योजना पर काम कर सकते हैं।

कन्या - आध्यात्मिकता के प्रति आपको आकर्षण अधिक रहेगा। आप को आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए काम का आरंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - आज सुबह की शुरुआत कुछ सुस्त होगी। किसी बात की ग्लानि आपके मन में रह सकती है। परिजनों के साथ आज कुछ मर्यादापूर्वक बात करें। धर्म कार्य पर खर्च होने की संभावना है।

वृश्चिक - आप का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज अच्छा बना रहेगा। परिवार का वातावरण हर्षोल्लासपूर्ण रहेगा। क्रोध की मात्रा बढ़ें, तो भी क्रोध न करें। दोस्तों से मिलने का आनंद लें।

धनु - आज वाणी पर संयम रखें और क्रोध ना करें। परिजनों के साथ संबंधों में कुछ कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। ऑपरेशन जैसे काम को आज टालें।

मकर - सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने के साथ ही व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से आज का दिन लाभदायी है। दोपहर के बाद सावधानी बरतकर काम करें। स्वास्थ्य को संभालें। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखें।

कुंभ - आप का मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत मिलेंगे। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। कार्यालय में अधिकारियों को आप के काम से संतोष रहेगा। पदोन्मति के योग हैं।

मीन - व्यापार में नए सौदों के लिए आज का समय अनुकूल नहीं है। अधिकारी तथा विरोधियों के साथ व्यर्थ चर्चा ना करें। यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद कार्यालय का वातावरण अनुकूल रहेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बांग्लादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले

**ढाका,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले सामने आए हैं और 21 लोगों की मौत हुयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया कि बुधवार को नए मामले सामने आने से इस वर्ष अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 1,76,810 हो गयी है और मृतकों की संख्या बढ़कर 850 तक पहुंच गयी है। इससे पहले, डीजीएचएस ने दो सितंबर को ने 21 मरीजों की मौत की सूचना दी थी। डीजीएचएस आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 53,002 मामले दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने बताया कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 1,65,680 है, जिसमें पिछले 24 घंटों में 2,833 नए मरीज ठीक हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जून-सितंबर की मानसून अवधि में देशभर में डेंगू बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है।



## ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोविड-19 के देश पर प्रभाव की जांच की घोषणा की

**कैनबरा,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के देश पर प्रभाव की जांच की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ और स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल मंत्री मार्क बटलर ने गुरुवार को इस जांच का शुभारंभ किया। सरकार ने कहा है कि इसके तहत जनवरी 2020 से कोविड 19 के स्वास्थ्य और शासन पर प्रभाव की जांच की जाएगी और यह परामर्श देगा कि भविष्य में देश में इस तरह की महामारियों के लिए कैसे तैयारी की जा सकती है। श्री अल्बानीज़ ने एक संयुक्त बयान में बटलर से कहा, यह जांच सरकार पर इसके प्रभाव को देखेगी और सलाह देगी कि क्या कारगर रहेगा कि भविष्य में किसी भी सबसे खराब परिस्थिति से आस्ट्रेलियाई लोगों को बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं। जांच आर्थिक और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा की जाएगी। यह पैनल 12 महीने तक काम करेगा, इसकी अंतिम रिपोर्ट 30 सितंबर 2024 तक सामने आयेगी।



### कोरिया में पिछले साल कोरोना से सर्वाधिक मौतें

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले साल कोविड-19 महामारी से रिकॉर्ड 3,72,939 मौतों हुई जो वर्ष 2021 से 17 .4प्रतिशत अधिक है। सांख्यिकी कोरिया के अनुसार, 2022 में मौतों की कुल संख्या 3,72,939 थी, जो एक साल पहले की तुलना में इस साल 17.4 प्रतिशत अधिक है। कोविड-19 महामारी के कारण 2022 में 31,280 मौतें हुईं, जो वर्ष 2021 की 5,030 मौतों से अधिक है। अस्सी या उससे अधिक उम्र वालों की मृत्यु की संख्या 2022 में 26.3 प्रतिशत बढ़कर 200,493 हो गई।

## श्रीलंका में पर्यटक होटलों की न्यूनतम दरों का निर्धारण

**कोलंबो,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। श्रीलंका ने कोलंबो नगर परिषद (सीएमसी) क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में स्थित पर्यटक होटलों के लिए न्यूनतम दरों के निर्धारण को लेकर असाधारण गजट जारी किया है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण (एसएलटीडीए) की अध्यक्ष प्रियंता फर्नांडो ने बताया कि नयी दरें आगामी एक अक्टूबर लागू होंगी। नयी दरें पांच सितारा पर्यटक होटल -100 अमेरिकी डॉलर, चार सितारा पर्यटक होटल -75 डॉलर, तीन सितारा पर्यटक होटल -50 डॉलर, दो सितारा पर्यटक होटल -35 डॉलर और एक सितारा पर्यटक होटल के लिए 20 डॉलर निर्धारित की गयी है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**राजनीति में जनता के जज्बातों का ...**

वर्तमान को मजबूत और भविष्य को भी देखते हैं। उन्होनें सभा में अपने बचपने का किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं अपने पिता जी (राजीव गांधी प्रधानमंत्री)के साथ अमेठी के दौरे पर गई थी। वे खुद जीप चलाते गये। एक गांव में हम उतरे, कुछ लोगों से बातचीत करने लगे। एक महिला उन्हें जोरजोर से डांटने लगी। मुझे लगा कि मेरे पिता को कैसे डांट रही हैं। उसने कहा कि सड़क खराब है तुमने क्या किया है। यह उस समय की राजनीति है कि प्रधानमंत्री को तक एहसास होता था कि जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी है। मैंने अपने पिता से कहा कि बुरा नहीं लगा। मेरे पिता ने कहा कि नहीं उसका कर्तव्य था और मेरा भी कर्तव्य है कि हम सब अपने अपने काम करें। यूपी के एक गांव में गई तो महिला ने कहा पानी नहीं, बिजली नहीं, रोजगार नहीं। फिर भी उसी विधायक को वोट देंगे। महिला ने धर्म और जाति की बात करने लगी। तब की राजनीति और आज की राजनीति में फर्क है। अब जनता के जज्बातों का इस्तेमाल हो रहा है। राजनीतिक इस्तेमाल हो रहा है। यह एक बड़ी साजिशा है। रोजगार, महंगाई किसानों की आय कम होने पर केन्द्र सरकार खामोश है। छत्तीसगढ़ की सरकार महिलाओं के लिए जितनी स्कीम है, वह महिलाओं की भावना का ध्यान रखा गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का नेतृत्व जनता की भलाई के लिए काम कर रही है। केंद्र की नीतियां सरकारी कंपनियों को बेच रही है। महंगाई में गरीब और मिडिल क्लास पीस रहा है। देश में किसान परेशान हैं। यहां राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत देश में सबसे ज्यादा धान की कीमत यहीं मिल रही है। मैं जानती हूँ कि जो रात को आखिर में सोती हैं वो महिला हैं। जो हमारी संस्कृति है, उसूल है, हमारी अगली पीढ़ी का भविष्य महिलाएं बनाती हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का मानदेय भी उन्होंने बढ़ाया। मितानिन बहनों का भी मानदेय बढ़ाया। दाई दीदी क्लिनिक में नि:शुल्क इलाज हो रहा है। महिला स्वसहायता समूहों के करोड़ों रुपये के ऋण माफकिये गये।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ये कहा .हम लोग उस धरती से प्रियंका गांधी का स्वागत कर रहे हैं, जिसको जवाहर लाल नेहरू जी ने बसाया है। छत्तीसगढ़ में महिलाओं को हमेशा से महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिला है। घर से लेकर बाजार तक महिलाओं की पकड़ है। सरकार पहले 5 किलो देती थी, अब 35 किलो देती है। रसोई गैस, नोटबंदी, जीएसटी से नुकसान कर रहा है। रसोई गैस की कीमत 1200 करके 200 रुपए कम करके लूट रही है। राहुल गांधी हमेशा कहते हैं कि हर व्यक्ति को लगना चाहिए कि हमारी सरकारी है। केंद्र सकरार के अड़ंगा के बाजवूद सीजी सरकार काम कर रही है। गोवर्धन न्याय योजना तक लेकर आए। सीएम ने कहा कि 265 करोड़ की गोबर खरीदी हुई और ये 1300 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे हैं। अब आप ही बताओ ये कैसे हो सकता है आंगनबाड़ी, सहायिका का मानदेय बढ़ाए। मितानिन की आय भी बढ़ी। .ओल्ड पेंशन स्कीम को छत्तीसगढ़ में लागू किया है। कन्या विवाह योजना 15 हजार से 50 हजार रुपए किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, सहित प्रदेश मंत्री मंडल, विधायक उपस्थित थे।

**अब कुलियों से मिले ...**

करने के लिए उनसे मिलने का आग्रह किया था। अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, 'आज दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर काम करने वाले कुली भाइयों से मुलाकात हुई। मेरे मन में भी ये इच्छा बहुत दिनों से थी और उन्होंने मुझे बहुत प्यार से बुलाया भी था और भारत के मेहनती भाइयों की इच्छा हर कीमत पर पूरी होनी चाहिए।'

**राहुल से मिलने की इच्छा जताई थी**

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से एक ट्वीट में कहा, 'जनता के नेता राहुल गांधी ने आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर अपने कुली साथियों से मुलाकात की। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा व्यक्त की थी। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और उनकी बातें सुनीं। भारत जोड़ो यात्रा जारी है।

**लगातार आम लोगों के बीच जा रहे**

कांग्रेस नेता ने पिछले कुछ महीनों में आम लोगों के बीच जाकर लोगों को चौंका दिया है। राहुल गांधी ने भोजन करने के लिए बंगाली मार्केट, जामा मस्जिद इलाके का दौरा किया था और फिर यूपीएससी उम्मीदवारों के साथ बातचीत करने के लिए मुखर्जी नगर इलाके का दौरा किया था। वह छात्रों के साथ दोपहर का भोजन करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजी पुरुष छात्रावास में भी गए थे और फिर ट्रक चालकों से उनके दर्द को समझने के लिए हरियाणा के मुरथल से अंबाला तक ट्रक में यात्रा की थी। गांधी ने धान की रोपाई के मौसम के दौरान कृषि भूमि का भी दौरा किया था और हरियाणा के सोनीपत में किसानों से बातचीत की थी, दिल्ली के करोल बाग इलाके में बाइक मैकेनिक की दुकानों का दौरा किया था, सब्जियों की आसमान छूती कीमतों के बीच आजादपुर मंडी का दौरा किया था। उन्होंने यहां अपने आवास पर दोपहर के भोजन पर सोनीपत के किसानों और सब्जी विक्रेता रामेश्वर को भी अलग से आमंत्रित किया था। हाल ही में उन्होंने लोगों से बातचीत करने के लिए लद्दाख, लेह और कारगिल क्षेत्र में मोटरसाइकिल यात्रा भी की।

**रायपुर से दो करोड़ 77 लाख की ...**

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी इसी दौरान चारपहिया वाहन क्रमांक यू पी 80 एफएफ0150 को चेक करने रोकवाया गया वाहन में तीन व्यक्ति सवार थे जिन्होने पूछताछ में अपना नाम संजय अग्रवाल नाहर सिंह एवं रामकुमार सिंह निवासी आगरा उत्तरप्रदेश का होना बताया टीम के सदस्यों ने वाहन को चेक करने पर वाहन में अलग.अलग बैग एवं बोरी में चांदी के जेवरात रखा होना पाया जेवरातों के संबंध में पूछताछ करने व वैध दस्तावेज की मांग करने पर युवकों ने पुष्टिकारक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कि इस पर तीनों के पास रखे कुल 355 किलोग्राम चांदी के जेवरात कीमती लगभग दो करोड़ सतहत्तर लाख रुपए को जब्त कर न्यायालय को सूचना दी जा रही है पकडे गए आरोपियों संजय अग्रवाल पिता स्व सूरज अग्रवाल उम्र 52 साल, निवासी सीताराम कॉलोनी बलकेश्वरा थाना न्यू आगरा उत्तर प्रदेश,नाहर सिंह पिता टूण्डा राम ठाकुर उम्र 47 साल निवासी कुण्डौलधाम डौकी जिला आगरा उत्तर प्रदेश,रामकुमार सिंह पिता शिवलाल सिंह उम्र 32 सालए निवासी कुण्डौलधाम डौकी जिला आगरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला हैं।

**आधार नंबर को मतदाता सूची...**

पर मतदाताओं की आधार संख्या एकत्र करने के लिए जोर दे रहा है और राज्य अधिकारी गांव और बूथ स्तर के अधिकारियों पर मतदाताओं से आधार संख्या एकत्र करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसमें दावा किया गया कि जमीनी स्तर के अधिकारी मतदाताओं को अपने आधार नंबर जमा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं और मतदाताओं को धमकी दे रहे हैं कि यदि आधार कार्ड नंबर प्रदान नहीं किया गया तो मतदाता वोट खो देंगे।

## आज का इतिहास

1539 - सिख संप्रदाय के पहले गुरु गुरु नानक देव का करतारपुर में निधन। उन्होंने ही 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। 1789 - अमेरिकी कांग्रेस ने पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया।

1792 - फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई।

1903 - अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को आइसक्रीम कोन के लिए पेटेंट दिया गया।

1914 - मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने बमबारी की।

1949 - सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

1955 - ब्रिटेन में टेलीविजन का व्यावसायीकरण शुरू हुआ। इसमें प्रत्येक घंटे सिर्फ छह मिनट ही विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति दी गयी और रविवार सुबह में इसे चलाने की इजाजत नहीं थी।

1961 - अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने शांति कोर की स्थापना के लिये कांग्रेस के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए। 1966 - अमेरिकी यान 'सर्वेयर 2' चंद्रमा की सतह से टकराया।

1977 - अमेरिकी फुटबॉल टीम पेले के नेतृत्व में दो प्रदर्शनी मैच खेलने कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंची।

1979 - जमीयत-ए-इस्लाम के संस्थापक मौलाना अब्दुल अली मौदूदी का निधन।

1980 - ईरान और इराक के बीच जारी सीमा संघर्ष युद्ध के रूप में परिवर्तित हुआ।

1988 - कनाडा की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।

1992 - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच युद्ध में भूमिका के लिए यूगोस्लाविया को निष्कासित किया।

2011 - भारतीय योजना आयोग ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल हलफनामे में शहरों में 965 रुपये और गांवों में 781 रुपये प्रति महीना खर्च करने वाले व्यक्ति को गरीब मानने से इंकार किया।

## सुडोकू 6324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | 9 | | 7 |
| | | 9 | | | 8 | | 6 | |
| | | 2 | | 5 | | | | |
| | | | 6 | 9 | | | 2 | 5 |
| | | 6 | 5 | | 4 | 7 | | |
| 5 | 8 | | | 3 | 2 | | | |
| | | | | 7 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | | 3 | | |
| 7 | | 5 | | | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6324

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक मणि जो चंद्रमा के किरणों से पसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकांत
३. अंधेरा
५. निंदित,नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धनपर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाज़ा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा (उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. वह देवता जिसकी पूजा कुल विशेष में पीढ़ियों से होती आ रही हो
८. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनयपूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहा जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

### वर्ग पहेली-6323

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ प्र | स्था | 3 न | ■ | ४ अ | सं | ५ भ | व |
| नु | ■ | रो | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | गि | ■ |
| ७ र | क्ता | क्ष | ■ | सं | ■ | ८ ना | ज | नी | ९ न |
| क्त | ■ | क | ■ | १० हा | र | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | ११ स | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ सं | त | रा |
| ■ | ह | ■ | र | ■ | १४ नि | र्दे | श | ■ | ग |
| १५ शी | र्ष | १६ को | ण | ■ | ह | ■ | १७ य | १८ ती | म |
| र्षा | ■ | ला | ■ | १९ उ | त्था | २० न | ■ | स | ■ |
| २१ स | ला | ह | ■ | जा | ■ | २२ जा | फ | रा | २३ न |
| न | ■ | २४ ल | क | ड़ | हा | रा | ■ | ■ | ग |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन में विश्व में सबसे अधिक अल्जाइमर के रोगी

**बीजिंग,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया गया है। यह प्रचार दिवस कार्यक्रम हर साल दुनिया भर के कई देशों और क्षेत्रों में आयोजित किया जाता है। ताकि पूरे समाज को यह समझाया जा सके कि अल्ज़ाइमर रोग की रोकथाम बहुत महत्वपूर्ण है और इस पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए। यहां बता दें कि अल्ज़ाइमर रोग वृद्धावस्था और बुढ़ापे से पहले होता है और इसका मुख्य लक्षण याददाश्त कमज़ोर होना है। इसके लिए ऐसी कोई विशिष्ट दवा नहीं है, जो बीमारी को ठीक कर सके या प्रभावी ढंग से पलट सके, रोगियों को समय में फंसे हुए लोग के रूप में वर्णित किया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार चीन में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 1 करोड़ लोग अल्ज़ाइमर रोगी हैं, जो दुनिया के कुल अल्जाइमर रोग रोगियों का एक चौथाई हिस्सा है। वृद्धों की आबादी बढ़ने के साथ-साथ यह संख्या भी बढ़ रही है। हर साल औसतन 3 लाख नए मामले सामने आते हैं। चीन में अल्जाइमर रोग की व्यापकता में उम्र के साथ उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

# खेल जगत

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

**मोहाली,** 21 सितम्बर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई धाकड़ बल्लेबाज स्टीव स्मिथ चोट से ठीक होने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्मिथ, कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क इस सप्ताह भारत में ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम में शामिल हो गए हैं। साथ ही ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी वनडे विश्व कप की तैयारियों को तेज करने के लिए भारत के खिलाफ शुक्रवार की श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले टीम के साथ जल्द जुड़ जाएंगे। कलाई की चोट से उबरकर वापसी करने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व नेट पर दो घंटे बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। क्रिकेट.कॉम.एयू ने स्मिथ के हवाले से कहा, इंजेक्शन लेने के कुछ दिन बाद मुझे अच्छा महसूस होने लगा। कैचिंग में दिक्कत थी, लेकिन अब अच्छा लग रहा है।



# अश्विन व सुंदर के लिए भारतीय टीम में दावेदारी का आखिरी मौका

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





नई दिल्ली, 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर के लिए मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज करीब एक पखवाड़े के भीतर शुरू हो रहे आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले टीम के लिए अपनी दावेदारी पेश करने का आखिरी मौका है। दरअसल बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी सुपर 4 मैच में हाथ में चोट के चलते फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वन डे से बाहर बाएं हाथ के स्पिनर ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बाहर होने से ही अश्विन और सुंदर को वन डे विश्व कप में खेलने की उम्मीद जगी है। भारत यदि अश्विन और सुंदर दोनों को ही शुक्रवार को मोहाली में सीरीज के पहले और और फिर 24 सितंबर को इंदौर में दूसरे वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सपाट पिचों पर मौका देता है यह इन दोनों के लिए अग्नि परीक्षा साबित होने वाला है। यह वन डे सीरीज भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए वन डे विश्व कप से पहले अपने सभी विकल्पों को आजमाने का आखिरी मौका है। भारत को इस वन डे सीरीज में फिलहाल चोट से उबरने में जुटे ऑलराउंडर अक्षर पटेल और ऑस्ट्रेलिया को हाथ में फ्रैक्चर के कारण वन डे विश्व कप से बाहर विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविज हेड की कमी अखरेगी। दरअसल ऑलराउंडर अक्षर पटेल भारत के बल्लेबाजी में आठवें नंबर पर बड़ा विकल्प देते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत की धरती पर वन डे विश्व कप से पहले यह तीन वन डे मैचों की सीरीज अपने सभी विकल्पों को आखिरी मौका है। भारत की टीम हाल ही में श्रीलंका को उसके घर एशिया कप फाइनल सहित अपने पिछले पांच मैच जीत कर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने उतरेगी और इससे उसके हौसले बेशक बुलंद होंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम दक्षिण अफ्रीका से उसके घर में शुरू के दो वन डे मैच जीतने के बाद आखिर के लगातार तीन मैच हार कर सीरीज 2-3 से हार कर भारत पहुंची है। शुरू के दोनों वन डे में नियमित कप्तान रोहित को आराम देने और चोट के बाद शतक के साथ एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर 4 मैच में वापसी करने वाले केएल राहुल को कप्तान और उपकप्तान बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ यह सीरीज खुद को वन डे विश्व कप से पहले जेहनी तौर पर बेहतर ढंग से तैयार करने में मददगार होगी। रोहित शर्मा की अगुआई में भारत अपने घर में इस साल मार्च में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज वानखेड़े स्टेडियम में पहला मैच पांच विकेट से जीतने के बावजूद 1-2 से हार गया और तब सूर्य कुमार यादव लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट हो गए थे और वह इसकी कसक मिटाने को बेताब होंगे। वहीं भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श तीन वन डे मैचों की सीरीज में दो अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा 194 रन बनाकर मैन ऑफ द' सीरीज रहे थे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट, ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को शुरू के दो वन डे में आराम दिए जाने के कारण ˙शुक्रवार को मोहाली में श्रेयस अय्यर और सूर्य कुमार यादव को भारत की एकादश में मौका मिलने की संभावना है। भारत की शुरू के दोनों वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने जा रहे कप्तान केएल राहुल और टीम प्रबंधन को यह बात जेहन में रखनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया की टीम जब अंतिम बार मोहाली में 2019 में उसके खिलाफ वन डे में खेली थी तो उसने 359 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा कर जीत दर्ज की थी। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी इस वन डे सीरीज में डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ व मरनस लबुशन पर निर्भर रहने वाली है। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया स्मिथ और लबुशेन को एक साथ एकादश में शामिल करने का रास्ता किस तरह तलाशता है।ऑस्ट्रेलिया को तेज गेंदबाज स्टार्क पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और ऐसे में तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन अथवा भारतीय मूल के ऑलराउंडर तनवीर सांगा में से किसी को एकादश में शामिल कर सकता है। कैमरून ग्रीन और मरकस स्टोइनस अनुभवी कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ बतौर तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त विकल्प देंगे। ये सभी तेज गेंदबाज लेग जम्पा के साथ मिलकर भारतीय बल्लेबाजों का इम्तिहान लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी चोट के बाद वापसी कर टीम में लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया के नजरिए से ट्रेविज हेड के चोट से बाहर होने लेकिन नियमित कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल का भारत के खिलाफ पहले वन डे से पहले फिट होना जरूर सुखद है। बस भारत के खिलाफ तीन वन डे मैचों की सीरीज में आस्ट्रेलिया यह जरूर देखना चाहेगा कि ये तीनों धुरंधर कितने मैच फिट है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल के शुरू में भी वन डे क्रिकेट सीरीज खेली थी। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह सीरीज वन डे विश्व कप से पहले आखिरी सीरीज होगी और इसमें वह भी अब जो भी बाकी थोड़े बहुत प्रयोग करना चाहता है जरूर करेगा। भारत के लिए यह वन डे सीरीज इसलिए अहम है क्योंकि वह अपने घर में वन डे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज चेन्नै में आठ अक्टूबर को मैच से करेगा। भारत बतौर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, वन डे में अब तक पैर जमाने में नाकाम सूर्य कुमार यादव तथा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को वन डे विश्व कप के लिए टीम में होने से पहले जरूर आजमाना चाहेगा। यह दिलचस्प होगा कि क्या भारत जसप्रीत बुमराह और अब फिर से आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन चुके मोहम्मद सिराज में से किसी एक को बाहर रख कर शमी को भी वन डे विश्व कप के लिए मैच फिट रखने का दांव खेलेगा। भारत वन डे विश्व कप के लिए रिजर्व तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद शमी को दोनों को आजमाने के मकसद से एशिया कप में अपनी फिटनेस साबित कर चुके बुमराह और सिराज, दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो वन डे मैचों के लिए बाहर रखने की बाबत सोच सकता है।

ऑस्ट्रेलिया वन डे विश्व कप के मद्देनजर अभी भी अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश की खोज में जुटा है। वहीं भारत की वन डे विश्व कप के लिए अंतिम एकादश लगभग तय है।

# श्रीधरन श्रीराम तकनीकी सलाहकार के रूप में बांग्लादेश टीम में लौटे



**ढाका,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर श्रीधरन श्रीराम आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम के तकनीकी सलाहकार के रूप में बांग्लादेश टीम में लौट आए हैं। श्रीराम 22 अगस्त से पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप तक बांग्लादेश टीम के साथ इस भूमिका में थे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लिए आठ वनडे खेलने वाले श्रीराम मुख्य टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दो अभ्यास मैचों से पहले 27 सितंबर को गुवाहाटी में बांग्लादेश टीम में शामिल होंगे। श्रीराम इससे पहले छह साल तक ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के स्पिन-गेंदबाजी कोच रहे थे।

रिपोर्ट में बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस के हवाले से कहा गया, श्रीराम तकनीकी सलाहकार के रूप में शामिल हुए हैं। हमें उनसे काफी तकनीकी सहायता मिलेगी। वह भारत के सभी विकेटों के बारे में जानते हैं। वह हमें मौसम की स्थिति के बारे में भी बता सकते हैं। हमारे बहुत कम खिलाड़ी भारत में खेले हैं, इसलिए उनका इनपुट काफी महत्वपूर्ण होगा। श्रीराम के संरक्षण में, बांग्लादेश ने 2022 पुरुष टी20 विश्व कप में दो गेम जीते और अपने आखिरी ग्रुप मैच तक सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में थे। टूर्नामेंट की समाप्ति के बाद, उन्होंने बांग्लादेश सेट-अप छोड़ दिया, जिसमें वह एकदिवसीय विश्व कप से पहले फिर से शामिल हो गए हैं और टीम निदेशक खालिद महमूद को रिपोर्ट करेंगे।

श्रीराम को हाल ही में स्टार स्पोर्ट्स तमिल पर एशिया कप प्रसारण के लिए एक कमेंटेटर के रूप में देखा गया था, पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ रहने के बाद, वह आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स में उनके सहायक कोच के रूप में शामिल हुए। उनके और महमूद के अलावा, बांग्लादेश के बैकरूम स्टाफ में मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, तेज गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड, स्पिन-गेंदबाजी कोच रंगना हेराथ, फील्डिंग कोच शेन मैकडरमॉट और सहायक फील्डिंग कोच फैसल हुसैन शामिल हैं।

बांग्लादेश अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत 7 अक्टूबर को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा, इसके बाद 10 अक्टूबर को उसी स्थान पर गत चैंपियन इंग्लैंड का सामना करेगा।

## शरत कमल और मनिका बत्रा करेंगे भारत की टीटी टीम का नेतृत्व

**हांगझोऊ** 21 सितंबर (एजेंसियां)। शरत कमल और मनिका बत्रा के नेतृत्व में 10 सदस्यीय भारतीय टेबल टेनिस टीम एशियाई खेल 2023 में हिस्सा लेगी। टेबल टेनिस टूर्नामेंट 22 सितंबर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में आयोजित किया जा रहा है।

टेबल टेनिस ने 1958 में महाद्वीपीय आयोजन के तीसरे संस्करण में एशियाई खेलों के इवेंट में अपनी जगह बनाई थी। उसके बाद से 1970 के संस्करण को छोड़कर हर संस्करण में इसे प्रदर्शित किया गया है।

हालांकि, एशियन गेम्स में टेबल टेनिस में पदक के लिए भारत का लंबा इंतजार साल 2018 में समाप्त हुआ, जहां शरत कमल और मनिका बत्रा ने जकार्ता में मिश्रित युगल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। वहीं, एंथोनी अमलराज, हरमीत देसाई, साथियान गणानाशेखरन, मानव ठक्कर और शरत कमल ने पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क जिम्नेजियम में एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में सभी टेबल टेनिस मैचों का आयोजन किया जाएगा।

मिश्रित युगल फाइनल 30 सितंबर को खेला जाएगा, बाकी अन्य फाइनल मुकाबले एक अक्टूबर और दो अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे।

# ध्वजवाहक चुना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण : हरमनप्रीत

नई दिल्ली, 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वे एशियाई खेलों में मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ भारत के संयुक्त ध्वजवाहक चुने जाने बेहद खुश हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार रात घोषणा की कि पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह जानी मानी मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ एशियाई खेलों में शिरकत करने वाले 655 सदस्यीय भारतीय दल के संयुक्त ध्वजवाहक होंगे। हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक चुने जाने पर खासे रोमांचित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के हरमनप्रीत सिंह ने कहा, % मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक चुना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। मेरे लिए यह अपने देश भारत के लिए बड़े स्तर पर नुमाइंदगी का मौका है और मैं इस सम्मान के लिए वाकई अभिभूत हूं। मैं इस पर अपनी साथी ध्वजवाहक मुक्केबाज लवलिना



■ मैं देश के तिरंगे झंडे को एशियाई खेलों में अत्यंत गर्व व विनम्रता से साथ लेकर चलूंगा

बोरगोहन को भी बधाई देता हूं। मैं पूरे जोश और दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय दल का नेतृत्व करने को बेताब हूं, जिसने अब तक निरंतर मेरे करियर में मुझे प्रेरित किया है। यह आयोजन हमारे भारत की एकता और विविधता का सुबूत है। मैं उम्मीद करता हूं मैं अपने देश के तिरंगे झंडे को एशियाई खेलों में अत्यंत गर्व और विनम्रता से साथ लेकर चलूंगा।' भारतीय पुरुष हॉकी के पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै (1998, 2002), महिला हॉकी टीम की कप्तान ज्योति सुनीता कुल्लू(2006), निशानेबाज गगन नारंग (2010), सरदार सिंह (2014) और जेवलिन थ्रोअर विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा(2018) में एशियाई खेलों में भारत के ध्वज वाहक रह चुके हैं।दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रैग फ्लिकर और मुस्तैद फुलबैक में से एक भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह दुनिया भर के हॉकी प्रेमियों को अपने कौशल का मुरीद बना चुके हें और उन्हें 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक घोषित किया जाना भारतीय हॉकीमें उनके उल्लेखनीय योगदान की मिसाल है। हरमनप्रीत सिंह टोक्यो ओलंपिक में सबसे ज्यादा छह गोल कर 41 बरस बाद हॉकी में कांसे के रूप में पहला पदक जीतने और इससे पहले आठ बार चैंपियन रही भारतीय हॉकी टीम के अहम सदस्य रहे थे। अभी हाल ही में बतौर कप्तान और ड्रैग हरमनप्रीत सिंह ने बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जिताने में अहम योगदान किया था।

# वर्ल्ड कप के बाद लोगों के बीच शुभमन गिल और ज्यादा चर्चा में रहेंगे : सुरेश रैना

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विश्व कप 2023 खत्म होने के बाद, क्रिकेट जगत में लोग युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के बारे में और अधिक बात करेंगे। 2018 अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाली भारतीय अंडर-19 टीम के स्टार शुभमन गिल, अब भारतीय क्रिकेट में बड़ा नाम हैं। जब से उन्हें टीम इंडिया में डेब्यू का मौका मिला है उनका बल्ला रनों का अंबार लगा रहा है। खासतौर पर वनडे में वो शानदार पारियां खेल रहे हैं। लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण ये बल्लेबाज पिछले डेढ़ साल से टीम का हिस्सा है। बेहतरीन फॉर्म के दम पर गिल को इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैचों के साथ-साथ घरेलू धरती पर विश्व कप के



लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह हाल ही में एशिया कप में अग्रणी रन-स्कोरर थे। उन्होंने पांच मैचों में 75.50 की औसत और 93.50 की स्ट्राइक-रेट से 302 रन बनाए। हालांकि, एशिया कप से पहले वो वेस्टइंडीज दौरे पर फ्लॉप रहे थे जिसके कारण वो काफी ट्रोल भी हुए लेकिन एशिया कप में उनकी शानदार बल्लेबाजी ने आलोचकों के मुंह पर ताला लगा दिया। रैना ने जियो सिनेमा पर कहा, वह विश्व कप में सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक होगा। मुझे पता है कि वह सुपरस्टार और अगला विराट कोहली बनना चाहता है। वह पहले से ही इस ट्रैक पर है और इस विश्व कप के बाद हम उसके बारे में अधिक बार बात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होने वाला वनडे मैच में यह पहली बार होगा जब गिल अपने घरेलू मैदान पर कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगे। भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रैना को लगता है कि गिल वही कर सकते हैं जो कप्तान रोहित शर्मा ने 2019 में बल्ले से किया था, जहां वह प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## ओलंपिक चैंपियन एश्टन ईटन बने दिल्ली हाफ मैराथन 2023 के इंटरनेशनल एम्बेसडर

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक चैंपियन और डेकाथलॉन इवेंट में दो बार 9,000 से अधिक अंक हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी एश्टन ईटन 15 अक्टूबर, 2023 को होने वाले दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर होंगे।

प्रोकैम इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक विवेक सिंह ने कहा, हम वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2023 में सर्वकालिक महान एथलीटों में से एक एश्टन ईटन को अपने बीच पाकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी खेल उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उनकी उपस्थिति निश्चित रूप से हमारे सभी धावकों को प्रेरित करेगी और हम इससे बेहतर इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर की उम्मीद नहीं कर सकते थे। एश्टन ईटन ने



लगातार ओलंपिक (2012 और 2016) में डेकाथलॉन इवेंट का गोल्ड जीता और एक विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया। बड़ी बात यह है कि उन्होंने इसे छह साल तक कायम रखा, जब तक कि इसे फ्रांस के केविन मेयर ने नहीं तोड़ दिया।

ईटन ने डेकाथलॉन स्पर्धा में दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण (2013 और 2015) और 2011 विश्व चैंपियनशिप में एक रजत पदक भी जीता। उन्हें 2015 में आईएएएफ एथलीट ऑफ द ईयर भी नामित किया गया था। इसके अलावा, उन्होंने हेप्टाथलॉन इवेंट में भी अपनी काबिलियत साबित की है। ईटन ने 2012 में आईएएएफ वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में 6,645 अंकों के स्कोर के साथ अपना हेप्टाथलॉन विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्हें हेप्टाथलॉन इवेंट में तीन विश्व इंडोर चैंपियनशिप गोल्ड (2012, 2014 और 2016) का भी श्रेय दिया जाता है। उच्चतम स्तर पर अपनी उपलब्धियों से पहले, ईटन ने एक कॉलेजिएट ट्रैक-एंड-फील्ड एथलीट के रूप में दुनिया में तहलका मचा दिया था। उन्होंने पांच राष्ट्रीय कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन (एनसीएए) चैंपियनशिप जीती, जिनमें तीन डेकाथलॉन में और दो हेप्टाथलॉन स्पर्धाओं में दर्ज हैं।

# शैफाली और जेमिमा की तेज पारी, भारत की महिला क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा के तूफानी अर्द्धशतक की बदौलत शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत ने मलयेशिया के खिलाफ हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट के बारिश के कारण अधूरे बेनतीजा रहे क्वॉर्टर फाइनल में पनी उच्च वरीयता के चलते सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सेमीफाइनल में बांग्लादेश से मुकाबले की पूरी उम्मीद है। दो मैचों के प्रतिबंध के कारण भारत की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मैच से बाहर रही और कप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना ने संभाली।

शैफाली वर्मा (67 रन, 39 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) की अपनी कप्तान अपनी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (27 रन, 16 गेंद, 5 चौके)के साथ पहले विकेट की 57 तथा जेमिमा रॉड्रिग्ज (नॉटआउट 47 रन,29 गेंद, छह चौके) के साथ दूसरे विकेट की 86 रन की भागीदारी की बदौलत पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर बारिश के कारण 15-15ओवर के इस मैच में 15 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में मलयेशिया की पारी में जब भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने दो ही गेंद फेंकी जा सकी थी तब फिर बारिश आ गई और अंपायरों ने क्वॉर्टर फाइनल मैच को यही अधूरा बेनतीजा समाप्त घोषित किया। तब



मलयेशिया ने बिना क्षति एक रन बनाया था। मलयेशिया की सलामी बल्लेबाज आइना हमीजा हाशिम एक रन बनाकर और कप्तान विनफ्राइड दुरईसिंघम बिना कोई रन बनाए अविजित रही।

भारत की कप्तान की जिम्मेदारी संभालने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के माहिरा इज्जती इस्माइल की गेंद को उड़ाने के प्रयास में ऑफ स्पिनर माहिरा इज्जती इस्माइल की गेंद को ऑफ स्टंप के उड़ाने के फेर में पांइट पर आइना को कैच थमाने से उनकी और शैफाली वर्मा की पहले विकेट की भागीदारी टूटी। शैफाली वर्मा लेग स्पिनर मास

■ बारिश के कारण मलयेशिया के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल अधूरा बेनतीजा खत्म

इलीसा की गुगली को पढ़ने से चूकी और एलबीडब्ल्यू आउट हो गई और भारत ने अपना दूसरा विकेट 143 रन पर खोया। विकेटकीपरन बल्लेबाज ऋचा घोष मात्र सात गेंद खेल एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 21 रन बनाकर अविजित रही। भारत की बल्लेबाजों के सामने मलयेशिया की सभी गेंदबाज बेबस ही नजर आई।

ऋचा घोष ने मलयेशिया की तेज गेंदबाज मा एलिसा को निशाने पर ले उनके एक ओवर में एक छक्के और तीन चौकों सहित 18 बनाए। जेमिमा रॉड्रिग्ज द्वारा भारत की पारी के 13 वें ओवर में एलिसा की गेंद पर आड़े से लगाए तेज शॉट पर गेंद शैफाली वर्मा के कंधे पर लगी और तब फिजियो को मैदान पर आना पड़ा। शैफाली ने इसके बाद आगे बल्लेबाजी जरूर की लेकिन एलिसा की गेंद की लाइन चूकी और एलबीडब्ल्यू आउट हो गई। शैफाली वर्मा ने आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में कई बार क्रीज छोड़ कर बाहर निकली और लांग ऑन और डीप मिडविकेट के बीच से कई खूबसरत शॉट खेले। शैफाली ने मलयेशिया की गेंदबाजों की फुलटॉस पर कई बेहतरीन खूबसरत चौके छक्के जड़े।

## सार संक्षेप

### काशी में अर्ध चंद्राकार स्टेडियम के अनोखे वास्तुशिल्प में डमरू, बेलपत्र और त्रिशूल की दिखेगी झलक

**वाराणसी।** काशी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितंबर को काशी आ रहे हैं। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेट का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। स्टेडियम के निर्माण के लिए 121 करोड़ कीमत की 30.86 एकड़ जमीन यूपीसीए को पट्टे पर दिया गया है। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में 7 पिच (प्रेक्टिस और मेन विकेट) के अलावा अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है। स्टेडियम का आकार अर्ध चंद्राकार होगा, जिसमें लगी फ्लड लाइट्स त्रिशूल के आकार की होगी। बिल्डिंग में बेलपत्र की डिजाइन दिखेगा, वहीं डिजाइन में डमरू का आकर भी होगी। गंगा घाट की सीढ़ियों जैसी दर्शक दीर्घा होगी।

### भारत के खिलाफ मैच से पहले पैट कमिंस ने स्टार्क-मैक्सवेल पर दिया अपडेट

**मोहाली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को टीम कॉम्बिनेशन का हवाला देते हुए मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल की वापसी में देरी की पुष्टि की। दोनों खिलाड़ी शुक्रवार को भारत के खिलाफ मोहाली में होने वाले पहले मैच में नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम के साथ भारत पहुंचा है।

### सुडोकू 6324 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.46 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.83 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.80 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.78 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.29 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.08 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.81 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.12 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.02 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.89 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**चीनी-गुड़**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## वित्त मंत्रालय ने बचत में गिरावट पर आरबीआई की आशंकाओं को किया खारिज



**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बढ़ते कर्ज के बीच देश में घरेलू बचत के कई दशक के निचले स्तर पर पहुंचने को अर्थव्यवस्था में संकट का संकेत बताने से इनकार कर दिया। मंत्रालय ने एक्स पर एक बयान जारी कर कहा कि परिवार अब पहले की तुलना में कम संपत्ति जोड़ रहे हैं।उन्होंने घरों और वाहनों जैसी संपत्ति खरीदने के लिए ऋण लेना शुरू कर दिया है जो संकट का संकेत नहीं है। ये तो भविष्य के रोजगार में विश्वास का संकेत है। उनको लगता है कि आय की संभावना बढ़ेगी। वित्त मंत्रालय का बयान इस सप्ताह आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के मद्देनजर आया है, जिसमें दिखाया गया है कि परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद का केवल 5.1 प्रतिशत रह गई है, जो पांच दशकों में सबसे कम है।

आरबीआई के आंकड़ों ने चिंता पैदा कर दी है कि कई परिवारों की आय में गिरावट आई है, जो बढ़ती महंगाई के समय उधार लेने के लिए मजबूर हैं। मंत्रालय ने कहा कि मई 2021 से आवास के लिए ऋण में लगातार दो अंकों की वृद्धि हुई है यह दर्शाता है कि वास्तविक संपत्ति खरीदने के लिए पैसे उठाए गए हैं।

मंत्रालय ने कहा, अप्रैल 2022 से वाहन ऋण दोहरे अंक में और सितंबर 2022 से 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ रहा है। घरेलू क्षेत्र किसी तरह के संकट में नहीं है। वे लोन पर वाहन और घर खरीद रहे हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कोई परेशानी नहीं है, जैसा कि कुछ हलकों में प्रसारित किया जा रहा है और डेटा इंगित करता है कि विभिन्न वित्तीय उत्पादों के लिए उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकता घरेलू बचत में कमी का असली कारण है।

मंत्रालय ने कहा, जून 2020 और मार्च 2023 के बीच, घरेलू सकल वित्तीय परिसंपत्तियों का स्टॉक 37.6 प्रतिशत बढ़ गया, और घरेलू सकल वित्तीय देनदारियों का स्टॉक 42.6 प्रतिशत बढ़ गया - दोनों के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं है।

इसमें कहा गया कि परिवारों ने वित्त वर्ष 2021 में 22.8 लाख करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2022 में लगभग 17 लाख करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023 में 13.8 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध वित्तीय संपत्ति जोड़ी। मंत्रालय ने बताया, कुल घरेलू बचत (मौजूदा कीमतें) - जिसमें वित्तीय, भौतिक और आभूषण शामिल हैं - 2013-14 और 2021-22 के बीच 9.2 प्रतिशत की सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) से बढ़ी है।

मंत्रालय ने कहा, इससे पता चला कि घरेलू बचत और जीडीपी का अनुपात 2021-22 तक लगभग 20 प्रतिशत से 19 प्रतिशत तक स्थिर रहा है। ऐसा लगता है कि सबसे बड़ी चीज जिसने संपत्ति जोड़ने में मदद की है वो गैर-बैंकिंग वित्तीय निगमों (एनबीएफसी) से घरेलू क्षेत्र में ऋण का शुद्ध प्रवाह है।

मंत्रालय ने कहा कि 2021-22 में, एनबीएफसी ने घरेलू क्षेत्र को केवल 21,400 करोड़ रुपये का ऋण दिया था, जो 11.2 गुना बढ़कर लगभग 2,40,000 करोड़ रुपये हो गया। मंत्रालय ने कहा, एनबीएफसी के खुदरा ऋणों का 36 प्रतिशत वाहनों की खरीद में गया है।

## एडब्लूएस पर स्विफ्टचैट कन्वर्सेशनल एआई प्लेटफॉर्म का विकास

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय एजुकेशन टेक्नोलॉजी (एडटेक) सोशल एंटरप्राइज, कॉन्वेजीनियस ने एडब्लूएस पर सरकारी स्कूलों और कम फ़ीस वाले प्राइवेट स्कूलों के लिए एक कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट प्लेटफॉर्म स्विफ्टचैट का विकास किया है।

अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज बताया कि विश्व की इस अग्रणी क्लाउड सेवा के साथ स्विफ्टचैट का उद्देश्य भारत में 10 करोड़ से ज़्यादा विद्यार्थियों को 13 क्षेत्रीय भाषाओं में पर्सनालाइज्ड लर्निंग सामग्री प्रदान करने वाले 53 से अधिक कन्वर्सेशनल एआई चैटबॉट्स का उपयोग कर के-12 स्कूल के विद्यार्थियों के अध्ययन में सुधार लाना है। 1.9 करोड़ डिवाइस में 12.4 करोड़ विद्यार्थियों के प्रोफाइल के साथ स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म का उपयोग करके सरकारी स्कूल एक ऑम्नीचैनल चैटबॉट बना सकते हैं, जो विद्यार्थियों को पर्सनालाइज्ड लर्निंग जैसे क्यूरेटेड वीडियो और सिंगल एआई-इनेबल्ड चैटबॉट संवाद द्वारा कंटेंट को पढ़ने में मदद करता है। पर्सनालाइज्ड लर्निंग के अलावा, स्विफ्टचैट स्कूल प्रशासकों को शिक्षक प्रशिक्षण एवं डेटा पर आधारित निर्णय लेने में समर्थ बनाता है, जिसमें एक स्वस्थ शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात सुनिश्चित करने के लिए स्कूल में संसाधन की ज़रूरतों का अवलोकन करने और उन्हें पूरा करने की क्षमता भी शामिल है।एडब्लूएस के साथ कॉन्वेजीनियस राज्य सरकारों को विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) उपलब्ध कराने में मदद कर रहा है। यह एक केंद्रीकृत सिस्टम है, जो विद्यार्थी के नामांकन, भागीदारी और लर्निंग की प्रगति पर नज़र रखने में मदद करता है। वीएसके अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है, और पूरे भारत में 15 लाख सरकारी स्कूलों के 95 लाख शिक्षकों का सहयोग करता है। कॉन्वेजीनियस द्वारा विकसित वीएसके टूलकिट, जिसमें स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म पर कई संवादपूर्ण एआई चैटबॉट हैं, के गुजरात में सफल पायलट के बाद इसे गोवा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड सहित 14 राज्यों में स्थापित किया गया है। स्विफ्टचैट स्कूलों से विभिन्न डेटा बिंदुओं को कैप्चर करता है, जो राज्य में पढ़ने, समझने और अंकगणित के कौशल जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों की लर्निंग में आने वाली कमी के बारे में जानकारी देते हैं।

## इस साल बढ़ी हवाई यात्रियों की संख्या, घरेलू यात्री ट्रैफिक बढ़कर 38.27 प्रतिशत हुआ : मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, घरेलू विमानन क्षेत्र में पहले आठ महीनों के दौरान यात्री यातायात में प्रभावशाली वृद्धि देखी गई है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 38.27 प्रतिशत अधिक रही है। मंत्रालय के हालिया डेटा विश्लेषण के अनुसार, जनवरी से अगस्त 2023 के दौरान घरेलू एयरलाइनों द्वारा ले जाए गए यात्रियों की संख्या बढ़कर 1190.62 लाख के स्तर पर पहुंच गई है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 38.27 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

केवल अगस्त 2023 महीने में ही 23.13 प्रतिशत की मासिक वृद्धि दर देखी गई है, जिसमें यात्रियों की संख्या बढकर 148.27 लाख तक पहुंच गई। यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने का यह रुझान उद्योग के लचीलेपन और वैश्विक महामारी द्वारा पेश की गई चुनौतियों से उबरने को दर्शाता है। आंकड़ों के अनुसार, यात्री यातायात में प्रभावशाली वृद्धि के बावजूद, यह ध्यान देने वाली बात है कि इस साल अगस्त में अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों के लिए कुल रद्दीकरण दर केवल 0.65 प्रतिशत रही। इस साल अगस्त के दौरान, अनुसूचित घरेलू एयरलाइनों को कुल 288 यात्रियों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इस प्रकार प्रति 10,000 यात्रियों पर शिकायत दर केवल 0.23 प्रतिशत ही रही।

## भारत-कनाडा विवाद के किसी भी प्रभाव पर नजर रखने के लिए हितधारकों के साथ बात करेंगे : नैसकॉम

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय आईटी उद्योग की शीर्ष संस्था नैसकॉम ने गुरुवार को भारत-कनाडा के बीच चल रहे राजनयिक विवाद पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार धीमा हो सकता है और वे कनाडा में अपने सदस्यों के साथ निकट संपर्क में हैं।



नैसकॉम ने कहा कि वह संभावित प्रभाव को ट्रैक करने के लिए हितधारकों के साथ जुड़ेगा और जरूरत पड़ने पर आईटी और तकनीकी कंपनियों का समर्थन करेगा, क्योंकि नई दिल्ली ने कनाडाई नागरिकों के लिए अगली सूचना तक वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया है। नैसकॉम ने एक बयान में कहा, हम कनाडा में अपने सदस्यों के साथ निकट संपर्क में हैं और उनकी प्रतिक्रिया के अनुसार चिंता का कोई तत्काल क्षेत्र नहीं है।

चूंकि यह एक उभरती हुई स्थिति है, हम प्रभाव के किसी भी संभावित क्षेत्र को ट्रैक करने के लिए हितधारकों के साथ जुड़ना जारी रखेंगे, जिन्हें समर्थन की आवश्यकता हो सकती है।

हालिया तनाव के मद्देनजर विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को वीजा सेवाओं पर सरकार का रुख स्पष्ट किया।

भारत की यात्रा के लिए कनाडा द्वारा जारी की गई ट्रैवल एडवाइजरी के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि यह मुद्दा भारत की यात्रा का नहीं है।

उन्होंने कहा, जिनके पास वैध वीजा, ओसीआई हैं, वे भारत की यात्रा करने के लिए स्वतंत्र हैं। मुद्दा हिंसा भड़काना, कनाडाई अधिकारियों द्वारा कार्रवाई न करना और एक ऐसे वातावरण का निर्माण है जो हमारे वाणिज्य दूतावासों के कामकाज को बाधित करता है, जो हमें अस्थायी रूप से वीजा जारी करने की सेवाएं रोकने के लिए मजबूर कर रहा है। हम नियमित आधार पर इस स्थिति की समीक्षा करेंगे।

**सार संक्षेप**

### मैनकाइंड फार्मा की ब्रांड जागरुकता के लिए स्पाइसजेट के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** फार्मास्युटिकल कंपनी मैनकाइंड फार्मा ब्रांड जागरुकता बढ़ाने के लिए भारत की प्रमुख विमानन कंपनी स्पाइसजेट के साथ विमान पर ब्रांडिंग के लिए साझेदारी की है। कंपनी के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव जुनेजा ने आज यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि इस साझेदारी के तहत स्पाइसजेट के विमान पर मैनकाइंड ब्रांड का प्रदर्शन किया गया है। इसके तहत दो विमान पर अभी यह ब्रांडिंग की गयी है और इसके माध्यम से कंपनी के अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता वाली दवाओं का प्रचार प्रसार करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाज़ार में 120 डीएमएफ गुणवत्ता की एपीआई दवाएं पेश कर चुकी है और इस वर्ष के अंत तक इसकी संख्या बढ़ाकर 200 करने की तैयारी है। उन्होंने कहा मैनकाइंड फार्मा में हम आधुनिक हेल्थकेयर समाधानों के माध्यम से लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए प्रयासरत रहे हैं। हमारा उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता की एपीआई को सभी के लिए उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कंपनी ने पैकिंग और दवा की पैकिंग में भी बदलाव किया है। इस मौके पर स्पाइसजेट के मुख्य बिजनेस अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा कि मैनकाइंड के साथ एक बार फिर से उनके साथ साझेदारी करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। दो बोइंग 737 विमानों को मैनकाइंड के प्रतीक से सजाया गया है।


### डीजीसीए ने 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए नए नियम लागू किए

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप, 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक सर्विस में लगे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स (एटीसीओ) के लिए वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन और बाकी जरूरतों के संबंध में नये नियम लागू कर दिए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि हितधारकों के साथ निकट समन्वय में नियामक के ठोस प्रयासों के कारण नियमों को लागू करना विमानन सुरक्षा के उच्चतम स्तर को सुनिश्चित करने की डीजीसीए की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारी ने कहा, यह नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण सुधार है और एयर ट्रैफिक सर्विस के प्रावधान में संलग्न रहते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स को पर्याप्त आराम प्रदान करेगा। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए ड्यूटी के अधिकतम घंटे और आराम के न्यूनतम घंटे तय किए गए हैं। डीजीसीए के अनुसार, मानदंड आईसीएओ नियमों और देश के राष्ट्रीय, सामाजिक तथा सांस्कृतिक संदर्भों पर आधारित हैं, जो एटीसीओ के लिए वैज्ञानिक रूप से मान्य तथा उचित कामकाजी समय से जुड़े हुए हैं।

## फेड रिजर्व के ऊंची ब्याज दर के संकेत से बाहार में हाहाकार

**मुंबई** 21 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लंबे समय तक ब्याज की दर ऊंची बने रहने के संकेत से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर चौतरफा बिकवाली करने से शेयर बाजार में आज भी हाहाकार रहा।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 570.60 अंक अर्थात 0.85 प्रतिशत का गोता लगाकर 66230.24 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 159.05 अंक यानी 0.8 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19742.35 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.99 प्रतिशत टूटकर 31,992.41 अंक और स्मॉलकैप 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 37,043.75 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3793 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2337 में गिरावट जबकि 1317 में तेजी रही वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशान पर रही। बीएसई में टेक समूह की 0.06 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष 19 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.75, सीडी 1.00, ऊर्जा 0.63, एफएमसीजी 0.58, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.77, इंडस्ट्रियल्स 0.67, आईटी 0.07, दूरसंचार 0.60, यूटिलिटीज 0.97, ऑटो 1.58, बैंकिंग 1.75, कैपिटल गुड्स 0.53, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.42, धातु 0.73, तेल एवं गैस 0.30, पावर 0.90, रियल्टी 1.16 और सर्विसेज समूह के शेय 0.11 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.65, जर्मनी का डैक्स 1.11, जापान का निक्केई 1.37, हांगकांग का हैंगसेंग 1.29 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.77 प्रतिशत की गिरावट रही।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 192 अंक गिरकर 66,608.67 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं लगातार हुई बिकवाली से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,128.71 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,800.84 अंक के मुकाबले 0.85 प्रतिशत का गोता लगाकर 66,230.24 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 61 अंक टूटकर 19,840.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,848.75 अंक के उच्चतम जबकि 19,709.95 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,901.40 अंक की तुलना में 0.80 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,742.35 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 24 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 3.08 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही आईसीआईसीआई बैंक 2.81, एसबीआई 2.12, इंडसइंड बैंक 2.02, कोटक बैंक 1.89, टाटा मोटर्स 1.79, अल्ट्रासिमको 1.78, बजाज फिनसर्व 1.56, पावरग्रिड 1.42, एक्सिस बैंक 1.32, आईटीसी 1.24, एचसीएल टेक 1.17, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.10, एनटीपीसी 1.10, बजाज फाइनेंस 0.82, रिलायंस 0.74, एचडीएफसी बैंक 0.66, टीसीएस 0.63, नेस्ले इंडिया 0.60, मारुति 0.51, टाटा स्टील 0.39, सन फार्मा 0.37, विप्रो 0.28 और टाइटन के शेयर 0.15 प्रतिशत टूटे।

वहीं, टेक महिंद्रा 1.46, एशियन पेंट 0.83, इंफोसिस 0.80, भारती एयरटेल 0.78, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.29 और एलटी के शेयरों में 0.27 प्रतिशत की तेजी रही।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 41 रिंगिट गिरकर 3621 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.46 सेंट की गिरावट के साथ 58.83 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल** : 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 13040 रुपये, मूंगफली तेल 20512 रुपये, सूरजमुखी तेल 12967 रुपये, सोया रिफाइंड 11721 रुपये, पाम ऑयल 8866 रुपये और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## नेस्ले ने 100 साल से ज्यादा समय तक अवैध रूप से बोतलबंद किया झरने का पानी

**वाशिंगटन,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के जल नियामक ने कहा है कि पेय पदार्थ कॉर्पोरेट दिग्गज नेस्ले ने 100 वर्षों से अधिक समय से अवैध रूप से पहाड़ी झरनों से पानी निकाला और बोतलबंद किया है। बोतलबंद पानी एरोहेड ब्रांड के तहत बेचा जाता है, जो एक घरेलू ब्रांड है जिसके लेबल पर लिखा है 1894 से। नेस्ले ने 2021 में बोतलबंद पानी का कारोबार बेच दिया और नेस्ले वाटर्स नॉर्थ अमेरिका ने बाद में नए ब्रांड ब्लू ट्राइटन के तहत काम करना शुरू कर दिया। कैलिफ़ोर्निया प्रांत जल संसाधन नियंत्रण बोर्ड ने कंपनी को 1 नवंबर तक सैन बर्नार्डिनो पर्वत में अपने अधिकांश जल-संग्रह स्थलों से बोतलबंद करने के लिए पानी लेना बंद करने का आदेश दिया और बोर्ड में अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। एजेंसी के दस्तावेजों के अनुसार, बोर्ड ने नेस्ले वाटर्स नॉर्थ अमेरिका के खिलाफ व्यक्तियों और संगठनों से कई शिकायतें मिलने के साथ-साथ सैकड़ों लोगों द्वारा हस्ताक्षरित एक याचिका मिलने के बाद 2015 में जांच शुरू की थी।

## डीजीसीए ने स्टाफ की कमी की खबरों का किया खंडन

**नई दिल्ली,** 21 सितंबर (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने उन हालिया मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि कर्मचारियों की कमी के कारण पायलट लाइसेंस जारी करने में देरी हो रही है।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षित पायलटों के लिए लाइसेंस को आवेदन प्रसंस्करण का समय प्रस्तुत आवेदन की जटिलता के आधार पर भिन्न हो सकता है।

एक अधिकारी ने कहा, डीजीसीए द्वारा वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) जारी करने और रूपांतरण के लिए प्रकाशित सांकेतिक समय-सीमा क्रमशः 20 और 30 कार्य दिवस है। आवेदनों की संख्या में वृद्धि के बावजूद डीजीसीए सांकेतिक समयसीमा को पूरा कर रहा है। सीपीएल इश्यू और रूपांतरण के लिए 2023 के दौरान आवेदनों के लिए औसत समय सीमा 22 और 31 कार्य दिवस है।

डीजीसीए अधिकारी ने यह भी दावा किया कि वर्ष 2022 में जारी सीपीएल की कुल संख्या पिछले दशक में सबसे अधिक थी और इस साल सितंबर में यह संख्या पहले ही पार हो चुकी है।

अधिकारी ने कहा, 2023 में सीपीएल की संख्या अब तक जारी की गई सबसे अधिक होने की संभावना है। डीजीसीए मौजूदा जनशक्ति के साथ पिछले दो वर्षों (2022 और 2023) से रिकॉर्ड संख्या में लाइसेंस और रेटिंग जारी कर रहा है। जारी किए गए लाइसेंस और रेटिंग की संख्या में 2022 के पूरे वर्ष की तुलना में 31 अगस्त तक 45 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।



कर्मचारियों की कमी के दावों का खंडन करते हुए, डीजीसीए ने विभिन्न निदेशालयों में 228 पदों की स्वीकृत शक्ति का खुलासा करते हुए, अपनी परिचालन ताकत के बारे में जानकारी प्रदान की। डीजीसीए मुख्यालय में फ्लाइट क्रू लाइसेंसिंग निदेशालय के भीतर, 15 तकनीकी कर्मियों की स्वीकृत संख्या है, इनमें से 12 वर्तमान में सक्रिय पदों पर हैं।

डीजीसीए ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स लाइसेंसिंग और एयरोड्रम लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं के संबंध में कहा कि प्रसंस्करण समय में डीजीसीए अधिकारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर आवेदक की प्रतिक्रिया का समय भी शामिल है।

एयरोड्रम लाइसेंसिंग विभाग के संबंध में, डीजीसीए ने संकेत दिया कि, नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के अनुसार, न्यूनतम प्रसंस्करण अवधि पूर्ण आवेदन और एयरोड्रम मैनुअल प्राप्त होने की तारीख से लगभग तीन महीने है।

लेकिन, यदि आवेदक टिप्पणियों या मुद्दों को संतोषजनक ढंग से संबोधित करने में विफल रहता है, तो यह समयसीमा बढ़ सकती है।

अधिकारी ने कहा, डीजीसीए ने पिछले छह महीनों में शिवमोग्गा हवाईअड्डे, राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और उत्केला हवाईअड्डे को एयरोड्रम लाइसेंस भी जारी किए हैं।

# ललित एवं सांस्कृतिक कलाओं के ज्ञाता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सृजनकर्ता हैं भगवान विश्वकर्मा : डीपेंद्र

**धमतरी,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। सृष्टि के निर्माता, आदि शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर आयोजित ग्राम दरगाहन में राजमिस्त्री संघ द्वारा तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता एवं आमापारा पोटियाडीह में तीज पर्व के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता में विधायक प्रतिनिधि डीपेंद्र साहू कार्यक्रम के समापन बेला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। निरंतर रामधुनी जस झांकी के माध्यम से प्रदेश के ख्याति प्राप्त रामधुनी मंडलियों के द्वारा श्रोतादीर्घाओं का मनमोह लिया। सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा भगवान हनुमान की पूजा अर्चना करते हुए सभी को विश्वकर्मा जयंती तीज पर्व गणेश चतुर्थी पर हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए विधायक प्रतिनिधि डीपेंद्र साहू ने बताया कि प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के साथ आज हम उन आधुनिक च्विश्वकर्माओंज्का भी



अभिनंदन करते हैं जो अपने परिश्रम व समर्पण से हमारी संस्कृतिङ्कविरासत को सहेजते हुए देश की आर्थिक प्रगति में भी अहम सहभागी हैं।विश्व इतिहास में भगवान विश्वकर्मा ही एकमात्र ऐसे महापुरूष हैं जो ललित एवं सांस्कृतिक कलाओं के ज्ञाता एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सृजनकर्ता दोनों हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि मशीन व औजार न हो तो दुनिया तरक्की नहीं कर पाएगी, हमें भगवान विश्वकर्मा के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए, तभी हम एक सभ्य समाज का निर्माण कर सकेंगे,साथ ही प्रथम पूजनीय श्री गणेश चतुर्थी की भी 11 दिनों तक चलने वाले पर्व की बधाई दिए। भाजपा नेता आमदी मंडल उपाध्यक्ष राकेश कुमार साहू ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा किसी जाति विशेष के भगवान नही है, बल्कि सभी तकनीकी कार्य करने वालों के भगवान है, जिनकी तकनीकियों का लाभ पूरा विश्व ले रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यक्रम में भाजपा नेता पन्ना थवाईत, दरगाहन सरपंच अमर सिंह पटेल, रींवागहन सरपंच कमलेश्वर ध्रुव, पोटियाडीह सरपंच सीताराम ध्रुव, उपसरपंच जितेंद्र यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बसंत कुमार, पूर्व सरपंच सुदर्शन साहू लोकेश पटेल, खिलेंद्र ध्रुव, गोवर्धन ध्रुव, उपसरपंच बहुरिक ध्रुव उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, गीत, स्लोगन के माध्यम से मतदान जागरूकता का संदेश दिया

**धमतरी,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिला स्वीप टीम द्वारा आज स्थानीय शासकीय नत्थू जी जगताप नगरनिगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के विद्यार्थियों द्वारा ''मंदिर, मस्जिद, गिरिजाघर और गुरुद्वारा धर्म से पहले संविधान हमारा'' की थीम पर आज टिकरापारा, रिसाई पारा पश्चिम और पूर्व वार्ड में मतदाता जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान चौक-चौराहों पर ''कर धमतरी जिला वोट सर्वोपरि'' के तहत शहरी मतदाताओं को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान के महत्व को बताया गया। साथ ही कोड़ूमल धर्मशाला के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।



इसके बाद नेशनल हाईवे 30 में पेट्रोल पंप के पास नुक्कड़ नाटक सभा का आयोजन कर आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में तथा किसी भी प्रकार के निर्वाचन में मतदान करने का संकल्प मतदाताओं को दिलाया गया। इसके पूर्व छात्र-छात्राओं के पालकों को मतदान के प्रति संकल्प पत्र भरवाया गया। प्राचार्य के.एल. पटेल के नेतृत्व में विद्यालय के सभी स्टाफ हरीश सिन्हा, अमरजीत बेदी, अशोक सिन्हा, डी.पी. सिन्हा, कुरैशी, उपस्थित थे।

**पालकों से भरवाया गया मतदान संकल्प प्रपत्र**

# भाजपा के पास बताने को कुछ नहीं : कृष्णा

**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह छत्तीसगढ़ में धार्मिक समन्वय बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। 15 साल तक सरकार होने के बाद भी भाजपा के पास बताने को कुछ नहीं है। छत्तीसगढ़ के शोषण के बाद अब सनातन के नाम पर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के पांच साल रमन सिंह के 15 साल पर भारी हैं। वो इसलिए हैं क्योंकि जहां एक ओर भाजपा चिटफंड कंपनियों का जाल बिछा कर छत्तीसगढ़ियों की मेहनत की कमाई का पैसा खा गई। रतनजोत से आज भी बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। आदिवासियों को



नक्सल बता कर मारा, किसान आत्महत्या करते रहे इन्होंने छत्तीसगढ़ को झिलमियारी कांड, नसबंदी कांड, गर्भाशय कांड, आंखफोड़वा कांड, पोराबाई प्रकरण जैसे बदनुमा दाग देकर छग की संस्कृति को रौंद कर रखा दिया है। वहीं किसानों को बोनस तक नहीं पाई। भूपेष सरकार ने जो बोला वो कर के दिया है। आज किसानों को उनके हक का पूरा पैसा मिल रहा है। भाजपा में कई छत्तीसगढ़िया मंत्री रहे, लेकिन किसानों के लिए इन्होंने कभी नहीं सोंचा। अब जब कांग्रेस में छत्तीसगढ़िया भूपेश बघेल का राज है। इनसे किसान, व्यापारी, कर्मचारी, अधिकारी, बेराजगारों सहित सभी को लाभ पहुंचा रही है।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों ने कुरूद में किया फ्लैश मॉब

**धमतरी,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के कुरूद विकासखण्ड में स्कूल के बच्चों द्वारा तीन स्थानों क्रमश: तहसील के सामने, कारगिल चौक तथा बाजार चौक में फ्लैश मॉब के जरिए बरसते पानी में लोगों को मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने राहगीरों तथा हाट-बाजारों में पहुंचे जनसमुदाय को चुनई-चिरई की अपील संबंधी पोस्ट कार्ड दिया। इस अवसर पर बच्चों ने मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए निष्पक्ष, भयमुक्त, बिना किसी प्रलोभन के, शत-प्रतिशत मतदान करने का अपील की। साथ ही उन्होंने अपनी ही सरकार है, मत देना अधिकार है, देश की मतदाता है, वोट देना आता है, सबका यह अरमान है, करना सब मतदान है संबंधी नारे लगाते हुए आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में तहसीलदार कुरूद मनोज भारद्वाज, लक्ष्मण राव मगर, शैलेंद्र गुप्ता शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# शारदा सोनी को मुख्यमंत्री से मिला समाज सेवा के लिए बेस्ट अवार्ड



**बलौदाबाजार,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में 20 सितम्बर को भारत 24 न्यूज चैनल के माध्यम से आयोजित उभरता छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसी कडी में बलौदाबाजार की समाज सेवी एवं कांग्रेस नेत्री शारदा सोनी को भी समाज मे अच्छे कार्य करने को लेकर समाज सेवा के लिए बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मान पर क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं एवं महिलाओं ने शारदा सोनी को बधाई दी है।

# सीधे बनना ही आरजव धर्म है :अमित जैन

**बलौदाबाजार,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। पर्यूषण पर्व के तीसरा दिन समाज के सचिव अमित जैन का कहना है कि सीधे बनना ही आरजव धर्म है। दस लक्षण महापर्व का तीसरा दिन उत्तम आरजव का दिन कहलाता हैं। छल कपट मायाचारी रहित सहजता ही आत्मा का धर्म है। आत्मा इतनी सहज निर्मल पावन हो की मन के भाव और शब्द पारदर्शी हो जाएं।



**पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन हुआ कार्यक्रम**

आज पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन भगवान श्री के शांति धारा कलश की बोली का सौभाग्य समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन को प्राप्त हुआ। दिनेश जैन ने बताया कि आज हमारी पोती प्रिशा पूरे एक माह की हो गई है इस उपलक्ष में यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। कल की तरह आज भी सांगानेर वाले सन्मय भैया जी पंडित धन प्रसाद जी और साथ में पदमचंद जी ने मंत्र उच्चारण हर्षोल्लास से किया। आज मंदिर में समाज के संरक्षक इंद्र कुमार जी, रमेश जी, कपूर चंद जी, लेखचंद जैन, कैलाश चंद जैन, दिलीप जैन, नीरज जैन, अजेश जैन, गोलू जैन, निश्चल जैन, श्रेयांश जैन आदि जैन, सुजल जैन, आयुष जैन, रचित जैन, धीरज जैन ऋषभ जैन और महिलाओं में अध्यक्षा सुमन जैन, पूर्व महिला अध्यक्षा ममता जैन, नेहा जैन, सीमा जैन, रिंकी जैन, आरती जैन, सुनिधि जैन, साधना जैन, संगीता जैन, श्वेता जैन, मनाली जैन आदि समाजजन उपस्थित थे।

# नगर पंचायत तुमगांव के कर्मचारी 27 से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। तीन माह से वेतन नही मिलने से नाराज नगर पंचायत तुमगांव के कर्मचारियों ने अनिश्तिकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत तुमगांव के सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि जून माह से अब तक समस्त नियमित अधिकारी-कर्मचारियों को वेतन नही मिला है जिसके कारण अधिकारी-कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि 27 सितंबर के पूर्व वेतन नही मिलता तो 27 सितंबर से नगर पंचायत तुमगांव के अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सौंपे गए ज्ञापन में उप अभियंता खुलेश कुमार साहू, संदीप चंद्राकर, राजेश सोनी, मुकेश निषाद, आफरिम अंजूम, ईश्वरी साहू, नारायण साहू, बोधराम, रज्जूलाल साहू, उमेश साहू, रेवती साहनी के हस्ताक्षर है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र.08/न.पा.नि./स्वा.वि./2023-24 — बिलासपुर दिनांक 21/09/2023

नगर पालिक निगम (स्वास्थ्य विभाग) बिलासपुर के लिए सफाई सामाग्री क्रय किए जाने हेतु प्रतिष्ठित निर्माता कंपनी या उनके द्वारा अधिकृत डीलर/सप्लायर से सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 11/09/2023 सायं 04:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एवं समय - दिनांक 11/09/2023 सायं 05:00 बजे तक

| क्र | विवरण | अनुमानित लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम (स्वास्थ्य विभाग) बिलासपुर के लिए सफाई सामाग्री क्रय किये जाने हेतु। | 555000.00 | 16650.00 | 750.00 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com या स्वास्थ्य विभाग कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अपर आयुक्त
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान


# केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर बनेगा भव्य पंडाल



**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। स्थानीय दादाबाड़ा में बस स्टेंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा पंडाल के लिए भूमिपूजन किया गया। पं. हेमंत द्विवेदी ने विधि-विधान से पूजन कार्य संपन्न कराया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर, भाऊराम साहू, राजेश नायक, शशि जैन, बाबूलाल साहू, गुमान जैन, बसंत पदमवार, मनीष साहू, उमाशंकर चंद्राकर, सुनील गुप्ता, संजीत गुप्ता, बबलू माकडे, सुभम सेन, संजय सेन, पप्पु वर्मा, बादल मक्कड़, नरेश निषाद आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि इस बार केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर भव्य पंडाल बनाया जाएगा। जिसमें मां दुर्गा कमल आसन पर विराजित रहेगी।

## द्वीप प्रज्जवलित कर तेली दिवस मनाया गया



**पलारी,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड के निकटतम ग्राम दतान में ग्रामीण साहू समाज द्वारा मनाया गया विश्व तेली दिवस ,जंहा समाज के प्रत्येक घर ईस्ट देवी देवताओं के पूजा कर अपने प्रतिष्ठान और घर के द्वार में 5-5 दिए जलाए, तो वही साहू भवन में विश्व तेली दिवस की संध्या पर माता कर्मा, भक्तिन माता राजिम, एवं दानवीर भामाशाह के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर तेली दिवस मनाया गया जिसमें ग्राम के पदाधिकारियों पूरन लाल साहू ग्रामीण अध्यक्ष ,विजय कुमार साहू ग्रामीण सचिव, रिखीराम साहू ,डायमंड साहू,दादू साहू,आदि उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं./ब-107 वर्ष 2022-2023
ग्राम-आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र साहू पिता चन्द्रशेखर साहू निवासी छोटे नकटी तालाब आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र के साथ 5000 रू. का बैंक चालान प्रस्तुत कर मध्यप्रांत और बरार के साहूकारी अधिनियम के संबंधित धारा 1934 ( क्रमांक 13 ) सार 1934 की धारा 11 ( बी ) ( 1 ) के अधिनियम के तहत 05 वर्ष के लिए साहूकारी लायसेंस जारी किये जाने की मांग किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 22.09.2023 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार आरंग

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा ( छ.ग. )**
**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम पुटपुरा प.ह.नं. 10 तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा ( छ.ग. ) को सूचना प्रकाशित किया जाता है, आवेदिका श्रीमती ईश्वरी वर्मा पिता जनकराम वर्मा जाति कुर्मी साकिन पुटपुरा प.ह.नं. 10 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत आवेदन पेश किया गया है, कि उनके पिता स्व. जनकराम वर्मा पिता स्व. सुकालू वर्मा का मृत्यु दिनांक 09/04/2022 को ग्राम पुटपुरा में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश: आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाणपत्र प्रदान करने बाबत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 05/10/2023 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पष्चात् बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 20/09/2023 को मेरे स्वत: के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार नांदघाट

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा ग्राम गातापार प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. एवं तहसील अमनपुर जिला रायपुर ( छ.ग. ) स्थित भूमि खसरा नम्बर 947/3 रकबा 0.16 भुमिस्वामी हाजी मोहम्मद अय्यूब खान पिता अब्दुल गफ्फार खान एवं खसरा नम्बर 947/4 रकबा 0.11 हे. भुमिस्वामी मोहम्मद इतियाज खान पिता हाजी मोहम्मद अय्यूब खान निवासी कांटाभाजी ( उडिसा ) से क्रय करने का सौदा तय किया है जिसके सौदे प्रतिफल की ब्याना राशि विक्रेतागण को प्रदान कर दी गया है भुमि का पंजीयन किया जाना बकाया है ।

यह कि उक्त वर्णित भुमि के विक्रय संबंध में जिस किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्धशासकीय / संस्था / बैंक अथवा अन्य वित्तीय संस्थान को किसी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो आज दिनांक 20/09/2023 से 7 दिवस के भीतर याने दिनांक 27/09/2023 तक अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है ।

दिनांक 27/09/2023 के उपरांत की जाने वाली समस्त आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी ।

दिनांक 20.09.2023

भवदीय
चेमन सिंह ठाकुर ( अधिवक्ता )
दम्मानी कालोनी नवापारा
मो. 98261-25975

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.के. 202309211100001
अ-6 ( अ )वर्ष 2022-23
ग्राम गुडेलिया प.ह.नं. 32

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश ध्रुव पिता छबीराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम गुडेलिया तहसील भाटापारा ने ग्राम गुडेलिया प.ह.न. 32 तहसील भाटापारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 472/16, 605, 607/2, 627/4, 651/2, 763/3, 763/11, 763/15 रकबा क्रमश: 0.1540. 0.4050, 0.4250, 0.0890, 0.0970, 0.1740, 0.1860, 0.0490 है. कुल खसरा नंबर 08 कुल रकबा 1.5800 है. भूमि जो कि राजस्व अभिलेख में पगदीश, शकुन्तला पिता छबीराम एवं भागमती देवा छबीराम जाति गोड के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि पर सहखातेदार शकुन्तला का नाम त्रुटिवश शकुन्तला दर्ज हो गया है जबकि उनका वास्तविक नाम शकुन बाई ध्रुव पिता छबीराम (पति श्यामलाल ध्रुव) है। शकुनबाई की मृत्यु हो जाने से उनके फोती नामांतरण में असुविधा होने के कारण आवेदित भूमि पर शकुन्तला पिता छबीराम के स्थान पर शकुन पिता छबीराम सुधार करते हुए अभिलेख दुरुस्त करने हेतु शपथपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, आधार कार्ड छायाप्रति एवं बी सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में जांच कर जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को मूल प्रकरण प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विद्यालयीन है तथा दिनांक 19/09/2023 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति नियत पेशी दिनांक 29/09/29 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील — नायब तहसीलदार निपनिया

**न्यायालय नायब तहसीलदार भाटापारा**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...... अ / 27 वर्ष 2022-23
ग्राम-भरतपुर प.ह.नं. 20

क्योंकि मौजा भरतपुर प.ह.नं. 20 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के आवेदक संतोष कुमार पिता गोकुल निवासी निपनिया ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते की भूमि का आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य तीन हिस्सो में खाता विभाजन के लिए आवेदन किया है, क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई दिनांक 25/09/23 स्थान तहसील कार्यालय भाटापारा में 11.00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांकको या तो स्वत: अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

खाते का विवरण

सर्वेक्षण संख्यांक / भू-खंडा- भरतपुर ध.ह.नं.20, खसरा नंबर- 617, 620, क्षेत्रफल- 0.4850, 0.2790, भू-राजस्व, योग- 02, 0.7640

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील — नायब तहसीलदार भाटापारा

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शैलेन्द्र कुमार जैन (Shalendra Kumar Jain) पिता श्री शीतल प्रसाद जैन निवासी महासुंद, तहसील व जिला महासमुन्द (छग) मैं शपथ करता हूँ कि मैं अपना पुराना नाम शैलेन्द्र कुमार जैन (Shalendra Kumar Jain) पिता श्री शीतल प्रसाद जैन को त्याग कर नया नाम शैलेन्द्र कुमार जैन (Shailendra Kumar Jain) पिता श्री शीतल प्रसाद जैन कर लिया हूं । अत: आज से मुझे सभी शासकीय/ अर्धशासकीय एवं अन्य सभी रिकार्ड में नया नाम शैलेन्द्र कुमार जैन (Shailendra Kumar Jain) पिता श्री शीतल प्रसाद जैन के नाम से जाना और पहचाना जाये।

**शैलेन्द्र कुमार जैन**
**महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गुंजन पटेल पिता मनु पटेल (Gunjan Patel S/o Manu Patel) निवासी महासुंद, तहसील व जिला महासमुन्द (छग) मैं शपथ करती हूँ कि मैं अपना पुराना नाम गुंजन पटेल पिता मनु पटेल (Gunjan Patel S/o Manu Patel) को त्याग कर नया नाम राखी जैन पति श्री शैलेन्द्र कुमार जैन (Rakhi Jain W/o Shailendra Kumar Jain) कर ली हूं । अत: आज से मुझे सभी शासकीय/ अर्धशासकीय एवं अन्य सभी रिकार्ड में नया नाम राखी जैन पति श्री शैलेन्द्र कुमार जैन (Rakhi Jain W/o Shailendra Kumar Jain) के नाम से जाना और पहचाना जाये।

**राखी जैन**
**महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-8 रायपुर**

**मैनुवल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 78/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र.-8/2023, — रायपुर दिनांक 20/09/2023

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 अंतर्गत निम्नांकित प्रस्तावित कार्यो के लिए सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से आयटम दर/पी.डब्ल्यू.डी.रोड/भवन एस.ओ. आर. 2015 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 2020 आज दिनांक तक संशोधित दर पर त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवश्यक निर्धारित दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29/09/2023 दिन शुक्रवार सायं 5.00 बजे तक अपूर्ण दस्तावेज का आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।
2. दस्तावेज निरिक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 05/10/2023 दिन गुरुवार।
3. जोन आयुक्त, कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर (छ.ग.) में त्री लिफाफा पद्धति से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11/10/2023 दिन बुधवार सायं 5.30 तक।
4. प्राप्त समस्त पात्र निविदाएं दिनांक 16/10/2023 दिन सोमवार को प्रात: 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणों निर्धारित तिथि पर निविदा नहीं खुलने पर आगामी तिथि निर्धारित की जावेगी कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि ( लाख में ) | अमानती राशि | निविदा मूल्य प्रपत्र | समया-वधि | एस.ओ. आर. | फार्म का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वीर सावरकर नगर वार्ड क्रं. 01. जोन क्र. 08. सामुदायिक भवन निर्माण, सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं नहीं की जायेगी। | 7.00 | 5500.0 | 750 00 | 04 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 2. | संत रविदास वार्ड क्र.- 70 अपूर्ण सामुदायिक भवन 2 निर्माण को पूर्ण करने हेतु डूमर तालाब, आमानाका। (प्रभारी मंत्री निधि) | 5.00 | 5000.00 | 750 00 | 05 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 3. | वार्ड क्र. 69 रायपुरा, महादेव घाट में पेवर लगाने एवं कांक्रीटीकरण का कार्य। | 2.00 | 2000.00 | 300.00 | 02 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 4. | वार्ड क्रं. 69 रायपुरा, महादेव घाट में 2ष्ठ पेंटिंग का कार्य। | 3.50 | 3500.00 | 750 00 | 02 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 5. | जोन क्रमांक-08 अंतर्गत महादेव घाट में 3ष्ठ पेटिंग का कार्य। | 3.50 | 3500.00 | 750 00 | 02 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 6. | जोन क्रमांक-08 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में पेच रिपेयरिंग का कार्य। | 1.50 | 1500.00 | 300. 00 | 02 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 7. | शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. - 21 अंतर्गत जी.ई. रोड से टाटीबन्ध बस्ती हेतु पेयजल आपूर्ति पाईप लाईन इंटरकनेक्शन कार्य (सामान्य मद) | 5.25 | 4000.00 | 750 00 | 04 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 8. | संत रविदास वार्ड क्र.- 70 सरोना बस्ती में सीमेंट 8. काक्रीट मार्ग सहित नाली निर्माण कार्य (पार्षद (निधि) | 4.50 | 4500.00 | 750 00 | 03 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 9. | पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड अंतर्गत सोनडोंगरी यादव पारा में सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) | 15.00 | 11500. 00 | 750.00 | 05 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 10. | पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड अंतर्गत सोनडोंगरी शीतला तालाब में पचरीकरण निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) | 20.00 | 15000. 00 | 750.00 | 05 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 11. | पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड अंतर्गत सोनडोंगरी अवधपारा तालाब में पचरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद) | 20.00 | 15000.00 | 750,00 | 06 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 12. | पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड अंतर्गत सोनडोंगरी अवधपारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (अधोसंरचना मद) | 10.00 | 7500.00 | 750.00 | 05 माह | P.W.D. SOR 2015 | A |
| 13. | वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 01. अटारी बस्ती नया दुर्गा 13 मंदिर के पास गौठान में लगे पोलों की लाईट मरम्मत कार्य (मरम्मत, संधारण मद) | 1.98 | 2000.00 | 300.00 | 02 माह | CG Electrical Machnical S.O.R.2020 | A |
| 14. | जोन क्र. 08 अंतर्गत नगर निवेश विभाग हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 10 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने बावत। | 15.88 | 12000 00 | 750.00 | 12 माह | Collector Rate | A |
| 15. | जोन क्र. 08 अंतर्गत कार्यालयीन उपयोग हेतु प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से 04 उच्च कुशल कम्प्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने बाबत्। | 7.69 | 6000.00 | 750.00 | 12 माह | Collector Rate | A |

निविदा की शर्ते:-

1. निविदा के दस्तावेज बंद लिफाफा में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जायेगा। 2. ई. पंजीयन प्रमाणपत्र (जीवित) 3 बैंक साल्वेशी, (निविदा आमंत्रण से एक वर्ष तक प्रभावशील होना चाहिए)। 4. GST प्रमाण पत्र एवं GST Retrun (विगत 3 माह) 5. आयकर रिटर्न (विगत 3 वर्ष) तथा 100 रू का स्टाम्प पेपर निविदा जारी होने की तिथि के पश्चात् का शपथ पत्र होना अनिवार्य है। 6. निविदा जारी होने के पश्चात् से प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक एफ.डी.आर. मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत होना आवश्यक है तथा जो एफ.डी.आर. जीवित होना आवश्यक है। 7. त्री लिफाफा पद्धति में निविदा प्राप्त नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। 8. कार्य क्रमांक- 14 एवं 15 हेतु EPF/ ESIC पंजीयन प्रमाणपत्र (जीवित) एवं उपरोक्त निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

2. टीप:- अन्य निविदा की शर्ते एवं जानकारियां कार्यालयीन समय व दिवस में कार्यालय जोन क्र. 8 में अवलोकन किया जा सकता है।

जोन आयुक्त
जीन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे को सफाई मित्र ( वाहन ) को देवें

# देवरी में डेंगू बुखार ने एक गरीब महिला की ले ली जान

■ मृतिका महिला गांव में रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थी

**बागबाहरा,** 21 सितम्बर (देशबंधु)। देवरी गांव में डेंगू बुखार ने एक गरीब महिला की जान ले ली। जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इस क्षेत्र के देवरी, कुसमी, साल्हेभांठा, खुर्सीपार, करहीडीह, बाघामुड़ा, सिमगांव, छिबर्रा, बोड़रीदादर, खेमड़ा, डोंगरगांव, रेवा-मोंगरापाली में बरसात के चलते इन दिनों सर्दी-खांसी एवं वायरल फीवर से अनेक ग्रामीण पीड़ित है। जिनके खून की जाँच करना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग इन गांवों में शिविर लगाकर पीड़ितों का जाँच पड़ताल कर आवश्यक दवाई देकर पीड़ित ग्रामीणों के जान बचा सकते है।

बागबाहरा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी निवासी श्रीमती लीला बाई निषाद 36 वर्ष पति प्यारेलाल निषाद की डेंगू बुखार से कल 20 सितंबर बुधवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार आज गुरुवार 21 सितंबर को 12 बजे बरसते पानी में घर से गांव में शवयात्रा निकालकर मुक्तिधाम में किया गया। जिसमे ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थें। उक्त गरीब महिला की डेंगू बुखार से आकस्मिक मौत होने पर उनके अर्थी को ले जाते देखकर ग्रामीणों के आंखों में आंसू आने लगे। उनके पार्थिव शरीर को देखकर पत्थर दिल इंसान के आँखों में भी आंसू बहने लगे। ग्राम पंचायत देवरी के स्वास्थ्य संयोजक एवं किसान - मजदूर संघ बागबाहरा ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने बताया कि गांव के गरीब तबके परिवार की महिला श्रीमती लीला बाई निषाद पति प्यारेलाल निषाद को पोला त्यौहार के पहले से ही सामान्य बुखार एवं सर्दी-खांसी थी। जो गांव के दुकान से दवाई खरीदकर खा रही थी।



लेकिन उसके बाद भी बुखार में सुधार नहीं आया। तब ओड़िशा के जिला मुख्यालय में स्थित नुआपाड़ा के अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। जहाँ डॉक्टर ने सबसे पहले खून की जाँच करवाया, तब पता चला कि उसे डेंगू बुखार हो गया है। उसके बाद परिजनो ने पटेवा के पतई माता हॉस्पीटल में 18 सितंबर की रात में ले जाकर भर्ती कराया गया। जहाँ उक्त महिला की इलाज डॉक्टर द्वारा किया जा रहा था। लेकिन इलाज के दौरान उक्त महिला की तबीयत अचानक खराब होने से कल 20 सितंबर बुधवार को दोपहर में उनका आकस्मिक निधन हो गया। डेंगू बुखार से मौत होने पर गरीब मृतिका श्रीमती लीला बाई निषाद की लाश को एम्बुलेंस से देर शाम को देवरी में उनके घर लाया गया। जहाँ लाश को रात भर घर में रखकर दूसरे दिन आज गुरुवार 21 सितंबर को 12 बजे गांव में बरसते पानी में गरीब महिला की अंतिम शवयात्रा निकालकर मुक्तिधाम में विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। जिसमे ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त महिला का मायके पास के ग्राम साल्हेभांठा (कुसमी) से देवरी आई थी। तथा उनके तीन लड़की एवं एक पुत्र है। जिनके नाम लता बाई, छोटी बाई, बिदेशी बाई एवं पुत्र देवा निषाद हैं। उक्त गरीब महिला गांव में अपने पति के साथ रोजी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती थीं। वह बहुत ही गरीब परिवार की महिला थीं। जिसके कारण वह ठीक से इलाज नहीं करा पाई। लेकिन दूसरो के लिए यह सबक है कि इलाज में लापरवाही बरतने पर डेंगू बुखार से मौत हो सकती है ? इसके लिए लोगों को सजक एवं जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। देवरी गांव की गरीब मजदूर महिला की डेंगू बुखार से मौत होने पर ग्रामीणों ने उनके परिवार को आर्थिक सहायता राशि देने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

# ढाई दशक बाद सात गांवों को मिली बिजली की सौगात

**सुकमा** ,21 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के दक्षिणतम छोर में स्थित सुकमा जिला शासन- प्रशासन के निरंतर प्रयासों से अपने विकास की सोपान चढ़ रहा है। जिले के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही राशन सामाग्री, बिजली, पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं का विकास के लिए शासन-प्रशासन सदैव तत्पर है। इसी क्रम में एक और सकारात्क परिणाम आया है।



जिले के अति संवेदनशील गांव डब्बाकोंटा, पिड़मेल, एकलगुडा, दुरामांगु, तुमबांगु, सिंगनपाड एवं डोकपाड सभी 7 गांवों में ढाई दशक बाद बिजली की बड़ी सौगात मिली है। ऐतिहासिक रूप से वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) की चपेट में रहा है। इसलिए विद्युतीकरण की ये उपलब्धि और भी उल्लेखनीय हो गई है। अब तक ग्रामीण सौर ऊर्जा पर निर्भर रहते थे। वहीं कई घरों में किसी भी प्रकार से लगातार बिजली की पहुंच नहीं थी। सभी सात ग्रामों में विद्युतीकरण के होने से लगभग 342 परिवार लाभान्वित हुए है। कलेक्टर हरिस. एस ने कहा कि प्रदेश सरकार का निर्देश है कि सबसे गरीब और पिछड़े लोगों के लिए काम करें। हम उनकी मंशा के अनुरूप ही प्राथमिकता तय कर रहे हैं। अति संवेदनशील इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का विकास शासन की प्राथमिकता है। इस इलाके के अन्य गांवों में भी जल्द बिजली पहुंचाई जाएगी। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता जोसेफ केरकेट्टा ने बताया कि जिले के इन ग्रामों में बिजली लाइन बिछाना बहुत ही मुश्किल काम था। जिला मुख्यालय से दूरी होने के कारण विद्युत सामाग्रियों को चिन्हांकित स्थल तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण कार्य था। ये सभी ग्राम अति संवेदनशील इलाके के कई गांव घने जंगलों के बीच बसे हैं। साथ ही इन गांवों में मजदूर का पहुंचाना भी मुश्किल था। जिला प्रशासन के निरंतर प्रयासों से यह संभव हो पाया है कि आज यहां के ग्रामीणों में अंधेरे से मुक्ति का उत्सव मना रहे है।

■ 342 परिवारों के घरों में बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी की लहर

आजादी के बाद पहली बार इन सभी गांवों में बिजली की सुविधा पहुंचने से सभी ग्रामीणों में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने हंसते हुए बताया कि हमनें सोचा नहीं था कि कभी हमारें घरों में भी बिजली आएगी। पहले हम सौर ऊर्जा पर निर्भर रहते थे, घरों में पर्याप्त रोशनी नहीं हो पाती थी। अब पहली बार जैसे ही बिजली हमारें घरों में पहुंची तो ऐसा लगा कि जिंदगी की उम्मीद पूरी हो गई है।

# संलग्नीकरण को लेकर आए शासन के आदेश के बाद शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

**गरियाबंद,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। संलग्निकरण खत्म करने को लेकर जारी शासन के नए आदेश के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। एक ओर जहां वर्षों से स्कूल छोड़ दफ्तर के मलाईदार कुर्सी में बैठे शिक्षकों को स्कूल वापसी का डर सताने लगा है वही दूसरी ओर जिन शिक्षकों को शिकायत के चलते स्कूल से हटाया गया था, उनकी भी अब वापस उसी स्कूल में वापसी हो जाएगी। यहां वापसी के बाद फिर से विवाद उत्पन्न होने की संभावना है।

इधर, इस आदेश ने ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को भी चिंता में डाल दिया है। आदेश में सभी संलग्न शिक्षकों को वापस उनके मूल स्कूल भेजने के निर्देश दिए गए है। जिसके चलते हाल में जिन शिक्षको और प्राचार्य को शिकायत या छेड़छाड़ जैसे गंभीर मामला सामने आने के बाद स्कूल से हटाया गया था उन्हे वापस उसी स्कूल भेजना पड़ेगा। उन्हें वापस कैसे उसी स्कूल भेजे इसे लेकर ब्लॉक स्तर के अधिकारी चिंता में आ गए। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के चलते हटाए शिक्षक को वापस वही भेजने से फिर विवाद की स्थिति बन सकती है। सूत्रो के मुताबिक ऐसे शिक्षको को हटाने में भी विभाग ने एक गलती है कि, उन्हे शिकायत के बदले आदेश में कार्य व्यवस्था दर्शा कर हटाया गया है। नए आदेश के तहत ऐसे शिक्षको को भी वापस मूल स्कूल भेजना है।

इधर सूत्रों से पता चला है कि जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश का फायदा उठाते हुए कुछ स्कूलों में तो उन शिक्षकों की वापसी भी होने लगी है जिन्हें स्कूली बच्चे और पालकों की शिकायत पर वहां से हटाया गया था। जब की इस आदेश में शिकायत के तर्ज पर हटाए गए शिक्षकों के वापसी को लेकर कुछ भी उल्लेखित नहीं है। जिले के छुरा विकासखंड में लगभग सभी शिकायती शिक्षकों के वापसी के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है, वापसी भी शुरू हो गई है। इसके साथ ही इन शिक्षकों के वापसी के साथ ही वहां फिर से हंगामा भी शुरू हो गया है।

**इधर, वर्षों से दफ्तर में अटैच शिक्षकों में हड़कम्प** - इधर इस आदेश के जारी होते ही वर्षो से स्कूल छोड़ दफ्तरों में संलग्न शिक्षकों में हड़कम मच गया है। जमीन स्तर में मूल काम करने से भागने वाले इन शिक्षकों को अब मलाईदार जगह से हटने का डर अभी से सताने लगा है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद विकासखंड में 8 से 10 शिक्षक जुगाड कर जिला शिक्षा कार्यालय, जिला मिशन समन्वयक कार्यालय ओर अन्य कार्यों में संलग्न हैं। इस आदेश के बाद उनका हटना तय माना जा रहा है। शिक्षा विभाग में भी इनके हटने को लेकर जमकर चर्चा हो रही है।

■ नए आदेश ने प्रशासन को डाला चिंता में.. जिन शिक्षकों को शिकायत के चलते हटाया अब उन्हें वापस उसी स्कूल भेजना मजबूरी

■ वर्षों से दफ्तरों में अटैच शिक्षकों में सताने लगा वापसी का डर

बताया जाता है कि मूल पद से हटकर ऊचे पद में संलग्न होने के बाद इन शिक्षकों ने अपने से सीनियर शिक्षको पर भी जमकर रौब दिखाया था। अब आदेश जारी होने के बाद ये निशाने में आ गए है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद ब्लॉक में श्याम चंद्राकर (नागाबुढ़ा), महेश पटेल (दर्रीपारा), मनोज सिन्हा (भैसातरा) भूपेंद्र सोनी(लोहारी) केशव साहू ( केरगांव) मूल स्कूल छोड़कर जिला शिक्षा कार्यालय, जिला मिशन समन्वयक दफ्तर सहित अन्य कार्यों में संलग्न है। व्यवस्था का बहाना बनाकर ये मूल स्कूल जाते ही नही। बताया जाता है कि जिन स्कूलों से इनको अटैच में लिया गया है उन स्कुलो में उस विषय के दूसरे शिक्षक ही नही है। बच्चो की पढाई भगवान भरोसे है। इनमें संस्कृत, बायोलाजी जैसे महत्वपूर्ण विषय भी शामिल है।

अब देखना लाजमी होगा कि इस आदेश के बाद में वे अपनी मलाईदार कुर्सी बचाने में कामयाब होते हैं या फिर वर्षो बाद भी अपने मूल पद में कार्य करते नजर आएंगे। कारण कि संलग्नीकरण खत्म करने शासन के दर्जनो आदेश आ चुके है लेकिन अफसरो की चमचागिरी में माहिर ये शिक्षक अब तक वापसी से बचते रहे है।

**क्या है आदेश** - कुछ दिनों पहले जिला शिक्षा अधिकारी ने राज्य शासन से जारी आदेश का हवाला देते हुए जिले के प्रत्येक विकासखंड अधिकारी को पत्र जारी कर मूल स्कूल से अन्यत्र संलग्न किए गए शिक्षकों को वापस उनके मूल्य स्कूल भेजने का आदेश और निर्देश जारी किए है। जिसमें कहा गया है कि शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त करने हेतु पूर्व में आदेशित किया गया था परन्तु अभी भी ऐसी सूचना मिल रही है कि, अनेक स्थानों पर शिक्षको को संलग्न करके रखा गया है। जहा भी संलग्नीकरण किया गया है अथवा कार्यव्यवस्था के नाम पर मूल पदस्थापना के अतिरिक्त कही और कार्य करने को कहा गया है तो तत्काल संलग्नीकरण समाप्त करके शिक्षक को मूल पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त करें। यदि कोई स्कूल एकल शिक्षकीय या शिक्षक विहीन है और इसलिए किसी शिक्षक को संलग्न करके कार्य लिया जा रहा है, तो ऐसे शिक्षको की उसी स्थान पर रिक्त पद पर पदस्थापना का प्रस्ताव 03 दिवस के अन्दर भेजना सुनिश्चित करें।

प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नवीन भगत - इस संबंध में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नवीन भगत से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि संलग्निकरण समाप्त करने के लिए शासन से निर्देश मिले हैं। जिन शिक्षकों को शिकायत के आधार पर हटाया गया था वहां वस्तु स्थिति देखकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सुतियापाट जलाशय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कबीरधाम जिले के विकासखण्ड-सहसपुर लोहारा की सुतियापाट जलाशय पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए चार करोड़ 86 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रदान की गई है।

**NECC**

| 22.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.20 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### गरीबी उन्मूलन में छ.ग. का बेहतरीन प्रदर्शन

नीति आयोग की ताज़ा रिपोर्ट छत्तीसगढ़ के बारे में उत्साहवर्धक आंकड़े लेकर आई है। इसमें बतलाया गया है कि राज्य ने लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने तथा प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की दिशा में उम्दा प्रदर्शन किया है। न्याय योजनाओं की इसमें बड़ी भूमिका बतलाई गई है जिसके कारण यह सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। अनेक जिलों का विशेष उल्लेख इस रिपोर्ट में हुआ है जहां बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उम्मीद है कि छ.ग. सरकार अपने उन कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर इसी तरह काम करती रहेगी जिनके चलते ये उपलब्धियां हासिल हुई हैं। राज्य में इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका असर प्रदेश के सारे इलाकों में एक जैसा हुआ है। किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव जैसी स्थिति दिखलाई नहीं पड़ती। इस रिपोर्ट के अनुसार 40 लाख लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में सफलता मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार जिन योजनाओं के कारण गरीबी का सफलतापूर्वक उन्मूलन हुआ है वे न्याय योजनाएं एवं ग्राम आधारित विकास कार्यक्रम हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव मितान क्लब आदि के जरिये ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं, वनोपज संग्राहकों एवं विभिन्न हितग्राहियों को 1.5 लाख करोड़ रुपयों की नकदी के रूप में सहायता उन कारकों में हैं जिन्होंने बड़ा फर्क पैदा किया है।

रिपोर्ट में इस तथ्य का भी जिक्र है कि दो साल तक कोरोना से प्रभावित होने के बाद भी राज्य की अर्थव्यवस्था में 56 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां यह 88,793 रुपए सालाना थी वहीं अब यह बढ़कर करीब 1.34 लाख रुपए प्रति वर्ष हो गई है। राज्य की जीएसडीपी में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है- 3,27,106 रुपए से 5,09,043। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरगुजा, दंतेवाड़ा एवं कबीरधाम में 23 से 25 फीसदी लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। धमतरी के साथ ही रायपुर व बालोद में गरीबी रेखा का स्तर अब केवल 10 प्रतिशत ही रह गया है जो एक अच्छी खबर है। चूंकि प्रदेश की प्रमुख कृषि फसल धान है, इसके उत्पादकों को कई तरह के मिले आर्थिक संबल ने भी राज्य को इस स्थिति में पहुंचने में मदद की है। किसानों में पक्ष में बनाई गई नीतियों के कारण अनेक नये लोग खेती से जुड़े हैं या फिर इसकी ओर लौटे हैं। पहले जहां 12 लाख किसान थे आज आज वे दोगुने यानी करीब 24 लाख हो गये हैं। उन्हें मिलने वाले फायदों से लोगों की समग्र स्थिति सुधरी है। वनोपजों की खरीद का दायरा व समर्थन मूल्य बढ़ने से भी स्थिति सुधरी है।

**उल्टा पुल्टा**

डॉक्टर- अगर तुम लड़कियों का पीछा नहीं छोड़ोगे, तो तुम जल्दी ही मर जाओगे।
आदमी- लड़कियों का पीछा करने से कोई कैसे मर सकता है?
डॉक्टर- उनमें से एक लड़की मेरी है।

# सक्षम का भूख हड़ताल तीसरे दिन भी रहा जारी

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। परपा के कांजी हाउस में सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) पदाधिकारियों की भूख हड़ताल और अनिश्चितकालीन धरना जारी है। उन्होंने बीते दिनों 16 मवेशियों की कांजी हाउस में मौत के मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। आंदोलन

**आज करेंगे नगर निगम का घेराव : अविनाश**

के तीसरे दिन जहां बड़ी संख्या में सक्षम पदाधिकारी व सदस्य धरने पर बैठे रहे, वहीं उन्होंने अपनी मांग को पूरा करने आवाज भी बुलंद की। दूसरी ओर मामले को लेकर नगर निगम की सुगबुगाहट अब शुरू हुई है। निगम आयुक्त ने कांजी हाउस संचालक से मवेशियों की मौत और व्यवस्थाओं को लेकर नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, जिस पर संचालक ने लिखित में अपना जवाब दिया है। इधर सक्षम द्वारा इसी मामले को लेकर शुक्रवार 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे नगर निगम दफ्तर का घेराव करने की घोषणा भी की गई है। इसे लेकर उन्होंने एसडीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा है।



कांजी हाउस में व्यवस्थाओं को लेकर मिली नोटिस के जवाब में संचालक ने कहा है कि इसके संचालन के लिए पीपीपी मॉडल पर 18 अगस्त 2022 को अनुबंध किया गया था, जिसकी मियाद खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है। वहीं अनुबंध खत्म होने के 3 महीने पूर्व नई नीलामी कर संचालन करने की बात कही गई थी, लेकिन वर्तमान में बिना अनुबंध के वह कांजी हाउस का संचालन कर रहा है। उन्होंने बताया कि अनुबंध की मियाद खत्म होने के बाद अब संचालन नगर निगम कर रहा है। संचालक ने कहा कि कांजी हाउस की अव्यवस्थाओं की जानकारी निगम को लगातार दी जाती रही, लेकिन इस पर कोई खास ध्यान नहीं दिया गया। संचालक ने बताया कि उसने मवेशियों के चारे के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे की व्यवस्था की, जो अनुबंध के नियमों में नहीं था। वहीं लंपी वायरस के दौरान पीड़ित मवेशियों को भी नियम विरूद्ध कांजी हाउस में रखवाया गया। इसका भुगतान भी निगम ने संचालक को अब तक नहीं किया है। निगम के कांजी हाउस प्रभारी दिनेश प्रसाद सिंह को गायों के बीमार होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन उनकी तरफ से कोई भी न जवाब दिया गया और न ही पहल की गई। संचालक ने किसी भी तरह की अनियमितता होने से इंकार किया है। वहीं मवेशियों के बीमार होने पर पशु चिकित्सक डॉ. मूर्ति को भी अवगत करवाया गया। इसकी जानकारी भी कांजी हाउस प्रभारी को दी गई। संचालक ने ये भी बताया कि उसका अनुबंध कांजी हाउस संचालन के लिए था, न कि गोठान का। वहीं कांजी हाउस निर्माण संबंधी सूची भी कांजी हाउस प्रभारी को दी गई थी। इसके बावजूद संचालक को ही संचालन करने कहा गया। उन्होंने ये भी बताया कि नगर निगम के अफसरों ने ही मवेशियों के शवों को दफनाया गया, जिससे पहले मवेशियों के पोस्टमॉर्टम की मांग करने पर अफसरों द्वारा ही मना किया गया।

## अवैध शराब विक्रय करने वाली आरोपिया गिरफ्तार, महुआ शराब व नगदी रकम जप्त

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। बोधघाट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि कुम्हारपारा गुरू घांसीदास वार्ड में एक महिला अपने घर के सामने रोड पर देशी हांथ भट्ठी का बना हुआ महुआ शराब बिक्री कर रही हैं। सूचना पर बोधघाट पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल गुरूघांसीदास वार्ड में पहुंचकर तस्दीक किये जहां उपरोक्त आरोपिया रयमती बघेल पति बलदेव सिंह बघेल मिली जिसके कब्जे से 8 लीटर क्षमता वाले जर्मन गंजी एवं 2 लीटर क्षमता वाले सात प्लास्टिक बोतल में कुल 20 लीटर देशी महुआ शराब हांथ भट्टी का बना एवं नगदी रकम 110 /- रूपये, एक स्टील का गिलास, एक स्टील का कसेला कुल किमती 2,110 /- रू0 मिला जिसे जप्त करते हुए, आरोपिया को गिरफ्तार किया गया। थाना बोधघाट में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपिया रयमती बघेल को न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय भेजा गया।



## मिक्चर मशीन चोरी के मामले में 3 आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस को मिक्सर मशीन चोरी के मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। 19 सितंबर को प्रार्थी गिरिजेश शुक्ल पिता रामलखन शुक्ल उम्र 44 वर्ष निवासी सिंधी कालोनी निवासी ने जगदलपुर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि केन्द्रीय विद्यालय के बगल में माही नाहटा का मकान निर्माण कार्य में लगा मिक्चर मशीन कीमती 1,50,000/- रूपये का ताला तोड़कर किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है, कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में पृथक अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया।



पुछताछ व साक्ष्य संकलन में संदेह के आधार पर उक्त टीमो के द्वारा तीन व्यक्तियों की पहचान कर, घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनसे पुछताछ करने पर अपना-अपना नाम- बबलू बघेल, सूरज मंडावी एवं आकाश दास निवासी जगदलपुर का होना बताये और पुछताछ पर बताया कि घटना दिनांक को केन्द्रीय विद्यालय के बगल में माही नाहटा के पास खड़े किये मिक्चर मशीन जिसके आसपास कोई नहीं था। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## महिला आरक्षण विधेयक पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : सुरेश गुप्ता

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। नारी शक्ति वंदन संविधान अधिनियम संशोधन विधेयक पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष या तो तथ्यों से अनभिज्ञ है अथवा जानबूझकर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त बातें भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कही है।

प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छग पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा दिया गया मीडिया में बयान को कांग्रेस की हताशा बताते हुए कहा कि, महिला आरक्षण विधेयक पर कांग्रेस अध्यक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस नीत यूपीए गठबंधन सरकार द्वारा लाए गए बिल का भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण समर्थन किया था किंतु, कांग्रेस नेतृत्व की सत्ता लोलुपता की वजह से महिलाएं अपने अधिकार वृद्धि से वंचित थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घनिष्ठ सहयोगी सपा व राजद के प्रबल विरोध के कारण केवल सत्ता लोलुप्तता की वजह से बिल लोकसभा में यूपीए सरकार पास नहीं कर पाई। रहा सवाल 2024 से नारी शक्ति वंदन बिल को लागू करने का, तो अगर बस्तर लोकसभा को महिला सीट घोषित करना होगा तो कौन सी प्रक्रिया अपनानी होगी। दूसरा अगर केंद्र सरकार वायानाड और बस्तर को महिला सीट घोषित करेगी तो क्या कांग्रेस उससे सहमत होगी। सुरेश गुप्ता ने कहा है कि पीसीसी अध्यक्ष को संवैधानिक ज्ञान का अभाव है या इस तरह के बयान जारी कर भ्रम की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। परिसीमन आयोग द्वारा यह निर्धारित किया जाएगा जो कि, संवैधानिक परिसीमन आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड जज होते हैं। जनसुनवाई होती है और जनसंयोग से सीटों का निर्धारण होता है।

## दो चोरी के मामले में शामिल आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में बोधघाट पुलिस टीम द्वारा चोरी के प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

15 अगस्त को रात्री में बौद्ध मंदिर में हुए नगदी रकम लगभग 25,000/- रूपए की चोरी एवं दिनांक 7 सितंबर की रात्री में हुए छोटा हाथी व मोबाईल चोरी की घटना पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बोधघाट में पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी एवं चोरी हुए संपत्ती की लगातार पता साजी की जा रही थी। इसी दौरान सी.सी.टी.व्ही. फुटेज, सायबर सेल की मदद और मुखबीर सूचना के आधार आरोपी प्रेमराज नेताम पिता गागरू से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो उपरोक्त दोनों घटना कारित करना स्वीकार किए तथा चोरी किए हुए संपत्तियों में नगदी रकम 24,500 /- रूपए, बौध मंदिर चोरी का एवं राउत पारा से चोरी हुए टाटा एसीई (छोटा हाथी) क्रमांक सी. जी. 17 के. आर. 5665, किमती लगभग 2,55,000 /- रूपए, दो नग मोबाईल किमती 14,000/- रू., नगदी रकम 1,000/- रूपए कुल किमती 2,70,000/- रूपए को पेश करने से मौके में ही गवाहों के समक्ष जप्त करते हुए उपरोक्त आरोपी प्रेमराज नेताम पिता गागरू राम नेताम के विरूद्ध थाना बोधघाट में धारा 457,380 भा.द.वि. के अंतर्गत मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेजा गया।



**कब्जे से चोरी किये गये टाटा ऐस (छोटा हाथी), दो नग मोबाईल व नगदी रकम जप्त**

## शहर के 10 बूथों में भरवाए गए हितग्राही कार्ड

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। गुरुवार को शहर के 10 बूथों में वार्डवासियों से हितग्राही कार्ड भरवाए गए। इस मौके पर मौजूद लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

**राजीव युवा मितान क्लब के कार्यक्रम में राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार**

क्लब के राज्य समन्वयक गिरीश देवांगन व मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा की कार्ययोजना पर गुरुवार को नगर निगम के पांच वार्डों से अभियान की शुरूआत की गई। जिन वार्डों में कार्यक्रम प्रारंभ किए गए उनमें अब्दुल कलाम, गुरु घासीदास, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, महेंद्र कर्मा तथा माता संतोषी वार्ड शामिल हैं। जगदलपुर विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने अनेक हितग्राहियों से जानकारी लेकर उनके हितग्राही कार्ड स्वयं भरे। इस दौरान विधायक श्री जैन के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, राजीव युवा मितान क्लब के विधानसभा क्षेत्र समन्वयक सूर्या पाणि, पूर्व उप सरपंच दिनेश सिंह, एमआइसी सदस्य व पीसीसी महामंत्री यशवर्धन राव, पार्षद सुखराम नाग, सुशीला बघेल, विजय कुमार, लता निषाद, पूर्व पार्षद गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, विक्की निषाद, गौरव तिवारी, अफरोज बेगम, गौरव आयंगर, समीर खान, संजय सिंह, दुर्योधन नाग, राजीव युवा मितान क्लब के पदाधिकारी-सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। श्री पाणी ने बताया कि संगठन के निर्देशानुसार रात्रि विश्राम माता संतोषी वार्ड में किया जाएगा। शुक्रवार को नगर निगम के 10 अन्य बूथों में कार्यक्रम जारी रहने की जानकारी श्री पाणी ने दी है।



## पुलिस सर्विस में डीआईजी पद से रिटायर्ड धर्मेंद्र गर्ग दे रहे निःशुल्क शिक्षा

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर हाई स्कूल के मीडिल स्कूल परिसर में एक कक्ष का माहौल पूरे स्कूल से अलग है। इस कक्ष में अवकाश के बाद एक दर्जन से अ ?धिक विद्यार्थी बिना ? सिलेबस, बिना कापी-पुस्तक व बिना पेन के बैठे पढ़ाई में मगन नजर आते हैं। यहां तक कि इस क्लास में लगा ब्लैक बोर्ड व चाक तक नहीं है, ब ?ल्कि ब्लैकबोर्ड के सा ?थ एक टीवी स्क्रीन नजर आती है। इस पर एक ?के बाद एक सवाल व उससे जुड़े हुए सैकड़ों जवाब फटाफट दिखाई देते रहते हैं। यह सारा कमाल यहां पुलिस सर्विस मे डीआईजी पद से रिटायर्ड धर्मेंद्र गर्ग कर रहे हैं। वे अपने लैपटाप व स्क्रीन को अटैच कर बच्चों के सवालों का जवाब देते रहते हैं। हाईस्कूल ? के इस अब्दूल कलाम कक्ष में स्कूल के अवकाश के बाद रोजाना चार घंटों तक विद्या ?र्थियों को ग ?णित व विज्ञान के सवालों को हल करने गुर बता रहे हैं। बीते तीन महीनों से उनकी यह कक्षा बिना अवकाश के निर्बाध चल रही है। मीडिया से दूर भागने वाले धर्मेंद्र गर्ग ने बताया कि बस्तर के छात्रों में बेहद प्रतिभा है। जरुरत है विज्ञान व ग ?णित के प्रति इनके मन से भय को हटाकर इसके आसान तरीकों को मन में बिठाए रखना।



**बच्चों को गणित और विज्ञान में कर रहे पारंगत**

### उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी

इस कक्षा में पांचवीं कक्षा से लेकर हाई स्कूल तक के विद्यार्थी एक साथ बैठकर ग ?णित व विज्ञान सीखते हैं। गर्ग बताते हैं कि इन बच्चों के शैक्ष ?णिक लेवल को एक समान आंकर व गणित और विज्ञान के विषयों में उनकी रुचि और जागरुकता पैदा करना चाहते हैं। इससे वे स्कूली परीक्षा के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए खुद को तैयार कर लेते हैं। इसके अलावा वे उनकी काउंसिलिंग भी करते हैं।

### यूएसए व यूएस के सफल लोगों से सीधी बात

अब्दूल कलाम कक्ष में वे अपने लेपटाप के साथ पहुंचते हैं यहां उन्होंने एक टीवीस्क्रीन लगाई है। इससे यह कमरा स्मार्ट क्लासरूम बन गया है। इलेक्ट्रॉनिक पेन के माध्यम से वे इन ? विषयों की जिज्ञासा को शांत करते हैं। इससे समय की भी बचत होती है डायग्राम के जरिए छात्र जल्द समझ जाते हैं। इतना ही नहीं गर्ग उन्हें अमेरिका, ब्रिटेन में बसे अपने परिचित लेक्चरर व सफल लोगों से संपर्क करवाकर बात भी करवाते हैं इससे विद्या ?र्थी उनकी कक्षा में बिना डर-भय के बैठते हैं। उन्होंने बताया कि ?शिक्षा देने की ललक उनमे थी। पहले पुलिस सर्विस में कम समय मिलता था। उनका एक पुत्र आईआईटी मद्रास से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर माइक्रोसॉफ्ट में काम कर रहे हैं और दूसरा पुत्र अमेरिका स्टेनफोर्ड कॉलेज में कंप्यूटर साइंस में अध्यनरत है। इसलिए मैं अपने समय का सदुपयोग कर रहा हूं। प्राचार्य, बी रामकुमार, ने कहा कि यहां उपस्थिति बढ़ाने जारी है प्रयास। इस निशुल्क स्मार्ट क्लास का उपयोग अन्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल जगदलपुर विधानसभा से होंगे निर्दलीय प्रत्याशी

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने कहा है, कि छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के द्वारा बस्तर जिला कमेटी, प्रदेश प्रबंधन कमेटी की ओर से भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी, उक्त तीनों पार्टियों से टिकट दिए जाने की मांग समाज की ओर से किया है। किसी भी पार्टी के द्वारा उन्हें अगर प्रत्याशी नहीं बनाया जाता है तो वे जगदलपुर विधानसभा जो बस्तर संभाग के एकमात्र सामान्य सीट है वहां से निर्धारित प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरेंगे।



उन्होंने कहा कि साहू समाज, अग्रवाल समाज, जैन मारवाड़ी समाज, सतनामी समाज, अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज, उक्त समाज को भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी, यह तीनों पार्टियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में विधायक उम्मीदवारों के लिए टिकट प्रति 5 वर्ष में एक बार इन्हें अवसर मिलता ही है। हमारे बंगाली समाज को यह तीनों पार्टियों दरकिनार करके रख दिया है। बंगाली समाज को, छत्तीसगढ़ राज्य में, यह तीनों राजनीतिक पार्टियाँ, बोर्ड बैंक की तरह बंगाली समाज को उपयोग करते हैं। हमें छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। इसी कारण बंगाली समाज के द्वारा प्रथम बार जगदलपुर विधानसभा चुनाव में, विधायक की उम्मीदवारी के लिए, निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाते हुए छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने मैदान में उतारने निर्णय लिया हैं। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने कहां है, कि इस बार जगदलपुर विधानसभा के विधायक पद के उम्मीदवारी पद पर प्रथम बार च्वनिर्दलीय प्रत्याशीज्ज के रूप में चुनाव मैदान में उतरेंगे। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के बस्तर जिला >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## बस्तर दशहरा-डेरी गड़ाई कार्यक्रम 27 सितम्बर को

**जगदलपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा वर्ष 2023 पूर्व वर्ष की भांति पूजा विधान डेरी गड़ाई का कार्यक्रम 27 सितम्बर को सिरहासार भवन में दोपहर 11 बजे आयोजित किया गया है। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में विभिन्न पूजा विधानों के दौरान आगामी 14 अक्टूबर को काछनगादी पूजा विधान, 15 अक्टूबर को कलश स्थापना एवं जोगी बिठाई रस्म पूरी की जायेगी। वहीं 21 अक्टूबर को बेल पूजा और रथ परिक्रमा विधान, 22 अक्टूबर को निशा जात्रा एवं महालक्ष्मी पूजा विधान, 23 अक्टूबर को कुंवारी पूजा विधान, जोगी उठाई और मावली परघाव पूजा विधान होगी। ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के दौरान 24 अक्टूबर को भीतर रैनी पूजा एवं रथ परिक्रमा पूजा विधान, 26 अक्टूबर को काछन जात्रा तथा 27 अक्टूबर को कुटुम्ब जात्रा पूजा विधान पूरी की जाएगी और 31 अक्टूबर को माई दन्तेश्वरी की विदाई के साथ ही विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व सम्पन्न होगी।

# हेल्थ केयर में एआई व मशीन लर्निंग एप्लीकेशन की उपयोगिता के बारे में जानकर लौटे विवि के छात्र



## नेशनल वर्कशॉप के लिए विवि के कंम्प्यूटर अध्ययनशाला के 6 छात्रों का हुआ था चयन

**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कंम्प्युटर अध्ययनशाला के छात्र पिछले दिनों ट्रिपल आईटी नया रायपुर में आयोजित नेशनल वर्कशॉप में शामिल हुए। इस वर्कशॉप का विषय हेल्थ केयर में एआई और मशीन लर्निंग एप्लीकेशन की उपयोगिता रखा गया था। अध्ययनशाला के एमसीए थर्ड सेमेस्टर के छह छात्र का चयन इस वर्कशॉप के लिए हुआ था। देशभर के 25 छात्र इस वर्कशॉप के लिए चुने गए थे जिनमें विश्वविद्यालय के भी छह छात्र शामिल थे। वापस लौटने पर छात्रों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव और कुलसचिव अभिषेक बाजपेयी ने वर्कशॉप में शामिल होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. श्रीवास्तव को छात्रों ने सात दिनों तक चले वर्कशॉप के संबंध में जानकारी दी।

एआई और मशीन लर्निंग के बारे में उन्होंने क्या सीखा और इसकी हेल्थ केयर में क्या उपयोगिता है इस बारे में बताया। इस पर कुलपति ने छात्रों से कहा कि आपने जो सीखा और जाना है उसे अपने साथी छात्रों के बीच भी साझा करें। कुलपति और कुलसचिव ने सभी छह छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर छात्रों ने बताया कि सात दिनों तक चले वर्कशॉप के अलग-अलग सेशन में देशभर के एआई और मशीन लर्निंग एप्लीकेशन के विशेषज्ञों ने उन्हें संबोधित किया। छात्रों ने बताया कि सात दिनों में उन्होंने वर्कशॉप में जो जानकारी प्राप्त की वह बहुमूल्य है। छात्रों ने वर्कशॉप में शामिल होने देने के लिए विश्वविद्यालय का आभार माना। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान कम्प्युटर अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सोनी, सहायक प्राध्यापक दुर्गेश कुमार केसर, राघवेंद्र पटेल, पल्लवी सिंह समेत वर्कशॉप के लिए चयनित छात्र कमल नारायण साहू, प्रीत कौर, गोविंदा सिन्हा, वंशिका बसरानी, लक्कोजू लावण्या सोनी, चित्रगुप्त साहू मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय जनगणना की मांग पर ओबीसी महासभा का ज्ञापन



**दंतेवाड़ा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। ओबीसी महासभा जिला इकाई दंतेवाड़ा ने पिछड़ा वर्ग समाज की लंबित मांगों को लेकर आज अनुविभागीय अधिकारी गीदम जिला दंतेवाड़ा को ज्ञापन सौपा।

इस दौरान लंबित राष्ट्रीय जनगणना 2021 को शीघ्र करवाने तथा उसमें ओबीसी की गणना हेतु ओबीसी के लिए पृथक कोड जनरेट करने की मांग की गई। इसी तरह मंडल कमीशन की सभी अनुशंसाएं तत्काल लागू करने के लिए भी कहा गया। छत्तीसगढ़ राज्यपाल के पास लंबित ओबीसी के 27 प्रतिशत जनगणना विधेयक में तत्काल हस्ताक्षर और 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण तत्काल लागू करने की मांग की गई। इसी मांग को लेकर पिछले दिनों कांकेर जिले में एनएच 30 पर आंदोलन हुआ था। आंदोलन में पहुंचे ओबीसी समाज के सदस्य आसकरण पटेल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण निधन हो गया था। ओबीसी समाज ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि आसकरण को शहीद का दर्जा देते हुए उनके परिजनों को 50 लाख मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देंगे। इन मांगों को लेकर ओबीसी महासभा जिला ईकाई दंतेवाड़ा ने आज एसडीएम गीदम और दंतेवाड़ा को राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई के प्रदेश सचिव मंगल राम यादव, ओबीसी महासभा युवा मोर्चा बस्तर संभाग के संभाग अध्यक्ष नारायण साहू, ओबीसी महासभा जिला ईकाई दंतेवाड़ा के महासचिव पीलाराम सिन्हा, ओबीसी महासभा कार्यकारिणी सदस्य उमेश ठाकुर, राजेश्वर पाल, भूपेंद्र कुमार नाग, आकाश कुमार, भगत कुमार नाग, दुर्जन सिंह, विकास देवांगन, सुरेश यादव, उमेश पेगड़ एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

- ओबीसी की गणना और 27 प्रतिशत आरक्षण के लिए दबाव
- आंदोलन के दौरान सदस्य की मौत पर सरकार से मांगा मुआवजा

# टहलते हुए स्वामी आत्मानन्द स्कूल पहुंचे विधायक रेखचंद जैन

## विद्यार्थियों से अध्ययन-अध्यापन की ली जानकारी



**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार सुबह संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन टहलते हुए शहर के अन्य स्थानों के साथ स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल, धरमपुरा पहुंच गए। सुबह करीब साढ़े सात बजे विधायक जैन के स्कूल पहुंचने से शिक्षक जहां हतप्रभ दिखे वहीं बच्चों की खुशी का ठिकाना न रहा। अध्यापक, अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों के आत्मीय स्वागत से अभिभूत श्री जैन ने कहा कि वे मॉर्निंग वाक करते यहां तक आ गए हैं। उन्होने विद्यार्थियों से कांग्रेस शासनकाल में स्थापित स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली। साथ ही, अध्ययन- अध्यापन को लेकर भी सवाल- जवाब किए। श्री जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सरकारी स्कूलों की स्थापना की है। श्री जैन ने बताया कि उन्होने व्यक्तिगत प्रयास से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थापना के लिए श्री बघेल से निवेदन किया था। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने तत्काल स्वीकृति देकर बड़ी राहत दी है।

# आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत 'चिंतन शिविर' का आयोजन



**सुकमा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारत शासन द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत कोंटा विकासखंड का चयन किया गया है। इस कड़ी में कलेक्टर हरिस. एस के निर्देशानुसार गत दिवस विकासखंड कोंटा में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार 'चिंतन शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में नीति आयोग द्वारा जारी इंडिकेटर (संकेतकों) पर ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध जनों से चर्चा किया गया। बैठक में कोंटा जनपद पंचायत सीईओ नारद मांझी, सहायक संचालक उद्योग विभाग कैलाश कश्यप, पीपीआईए फेलो कॉर्डिनेटर सौरभ कुमार, कर्मचारी एवम् सहित सभी ब्लॉक लेवल अधिकारी द्वारा अपने विभागों द्वारा विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश में 17 जिलों के 20 विकासखंडों का आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चयन किया गया है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के चयनित कोंटा विकासखंड अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, पीने योग्य पानी, स्वच्छता, वित्तीय समावेश और सामाजिक विकास से बुनियादी सुविधा से सम्बंधित समस्त विभाग के 39 इंडिकेटर के बारे में विस्तार से बताया गया। एसडबल्यूओटी विश्लेषण, विभागवार इंडीगेटर की स्थिति, एवं अन्य विभाग की सहयोग समन्वय की जानकारी को ग्रुप वार ड्राईंग सीट में बनवाया गया। साथ ही आकांक्षी ब्लॉक विकास से सम्बंधित कर्तव्य की शपथ ग्रहण करवाया गया।

# घर में देशी-अंग्रेजी शराब बिक्री का आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। अपने घर में अंग्रेजी शराब एवं देशी महुआ रखकर बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर घर में छापेमार की कार्यवाही कर आरोपी पुरम नाग पिता स्व . सुकरू नाग निवासी ग्राम खुटपदर तालपारा थाना नगरनार जिला बस्तर के कब्जे से ग्राम फूटपदर घर में एमपी की अंग्रेजी गोवा व्हिस्की 180 एम एल पौवा 200 नग मात्रा 36 लीटर एवं महुआ शराब 04 लीटर कुल कीमती 24400 रुपए तलाशी बाद जप्त किया गया। आरोपी को अवैध शराब कब्जे में रखकर बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना नगरनार में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय रिमांड पर भेजा गया।



भीरागांव स्थित कैम्प में स्थापित गणेश की प्रतिमा



गणेश मंदिर सम्बलपुर



शांति पारा सम्बलपुर



चांदनी चौक सम्बलपुर



बस स्टैंड सम्बलपुर

# प्राचीन परंपरा को जीवित रखना हमारा कर्तव्य

## अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व : सुब्रतो विश्वास



**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नवाखाई के दूसरे दिन नवाखाई जूआर भेट कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एक जगह उपस्थित हुए। सुब्रतो विश्वास ने लोगों से कहा कि मैं आप सभी उपस्थित लोगो का अभिनन्दन करता हूं ,उपस्थित सभी को प्रणाम करता हूं, हमे अपने परम्परा को आगे बढ़ाना है । ग्राम पारा में बटा होता है, सार्वजनिक अवसर पर हमे एक होकर त्यौहार ,परम्परा को आगे बढ़ाना है ताकि हमारे बच्चों में हमारे संस्कार ,रिति रिवाज के बारे में जानकारी बढ़े ,बच्चे उसे अपनाऐ। बच्चों को अच्छी शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है । हमे उन्हें नशे से दूर रहने का आह्वान करना है। पंचायत की तरफ से ग्रामीण को गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपसरपंच दशरथ नाग ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश कश्यप, आसमन नाग,मेहतर नाग,सुरेश दास ,मोतीराम नाग,रमेश पटेल,गणेश नागवन्शी, ग्राम पुजारी सोनसिनग गोयल,तुलाराम कोटवार,सुमनी बघेल,फरसुराभ पटेल, प्राण नाग,बुधनसिह ठाकुर, सुखराम विश्वकर्मा, अनतराम ठाकुर,सोनूराम पटेल,दयानाग,कलावती पटेल,नन्दाई विश्वकर्मा, देवनाथ,बुधु पटेल,कैलाश नाग,जगमोहन नाग,मुदिया पटेल,सीताराम मेहता के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पोषण माह पर 27 को कार्यशाला

**दंतेवाड़ा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 30 सितंबर तक किया जा रहा है। पूर्व वर्षों में जिले में आयोजित पोषण माह, पोषण पखवाड़ा में विभिन्न सहयोगी विभागों का सकिय एवं परिणाम मूलक सहयोग प्राप्त होता रहा है। इस वर्ष भी विभिन्न सहयोगी विभागों के मैदानी अमले के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए जिला, विकासखण्ड, परियोजना, ग्राम स्तर एवं प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इसकी मुख्य थीम सुपोषण भारत, संस्कार भारत, सशक्त भारत, है। इस संबंध में जिला, स्तरीय कार्यशाला 27 सितम्बर को जिला ग्रंथालय दन्तेवाड़ा में आयोजित की जाएगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मिक्चर मशीन चोरी के...

जिसे मौका पाकर मिक्कर मशीन चोरी किये जिसे भवानी चौक के अंदर गली रोड पास रखे है, बताने पर व आरोपियों के द्वारा चोरी करना स्वीकार किये। आरोपियों के मिक्कर मशीन बरामद कर, विधिवत् गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया ।

### पुलिस सर्विस में डीआईजी...

छात्रों को मिले इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। हास्टल के छात्रों को यहां आने कहा गया है। स्कूल प्रबंधन की अनुमति लेकर कुछ पालक अपने बच्चों को यहां भेज सकते हैं। इस कक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ?शिक्षा देने इनका प्रयास सराहनीय है। धर्मेंद्र गर्ग, सेवानिवृत पुलिस ?अ ?धिकारी व ?शिक्षा काउंसलर ने कहा कि अब समय का सदुपयोग कर रहा हूं। पहले मैं बस्तर में पुलिस सर्विस में था। ?शिक्षा देने की ललक शुरु से थी। मेरा एक पुत्र आईआईटी मद्रास से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर माइक्रोसॉफ्ट में काम कर रहे हैं और दूसरा पुत्र अमेरिका स्टेनफोर्ड कॉलेज में कंप्यूटर साइंस में अध्यनरत है ।

### छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश...

कमेटी/ प्रदेश प्रबंधन कमेटी की ओर से च्च्मांग पत्रज्ज जगदलपुर विधानसभा में विधायकी उम्मीदवारी के लिए श्रीनिवास पाल को टिकट दिए जाने की मांग पत्र सौंपा गया है। तीनों पार्टियों ने अनदेखा किया जा रहा है। तीनों पार्टियां बंगाली समाज को राजनीतिक बोट बैंक की तरह हमें उपयोग करता है।

# कृषि उद्यानिकी कार्यों में नवीनतम तकनीकी एग्रड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण

**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के सहयोग से बस्तर जिले के कृषकों को कृषि उद्यानिकी कार्यों में नवीनतम तकनीकी एग्रड्रोन टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण उद्यानिकी विभाग के माध्यम से केटालिस्ट फाउंडेशन रायपुर द्वारा दिया जा रहा है। अभी तक 180 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। 60 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण शासकीय उद्यान रोपणी आसना में दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 60 प्रशिक्षणार्थियों को और प्रशिक्षण दिया जाना है। बस्तर जिले के इच्छुक ऐसे प्रशिक्षणार्थी जो कम से कम 10वीं व 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण हो, एक माह (200 घंटे) नियमित रूप से उपस्थित होने हेतु तैयार हो, उद्यानिकी की खेती करते हो अथवा उद्यानिकी के क्षेत्र में रूचि रखते हो वह कार्यालय उप संचालक उद्यान जगदलपुर से आवेदन प्राप्त कर आगामी बैच के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय के आकस्मिकता निधि के रिक्त पदों हेतु अंतिम पात्र सूची जारी

# पात्र अभ्यार्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किये जाने हेतु 24 सितम्बर तक

**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय के आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों चैकीदार, वाटरमेंन एवं स्वीपर के पद हेतु आमंत्रित आवेदन पत्रों की संवीक्षा एवं दावा-आपत्ति विचार उपरांत उक्त पदों हेतु अंतिम पात्र सूची इस कार्यालय के वेबसाईट में प्रकाशित किया गया है। उक्त पात्र अभ्यार्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किये जाने हेतु निर्णय लिया गया है। जिस हेतु 24 सितम्बर को सुबह 9.00 बजे कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर जगदलपुर जिला बस्तर छत्तीसगढ़ निर्धारित किया गया है। सभी पात्र अभ्यार्थियों को प्रवेश पत्र डाक द्वारा प्रेषित किए जा चुके हैं। साथ ही प्रवेश पत्र उक्त वेबसाईट में जाकर सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

# गांजा का अवैध परिवहन करने बस का इंतजार करते एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना नगरनार क्षेत्रअंतर्गत ग्राम धनपुंजी आरटीओ नाका एनएच 63 रोड पर आरोपी सतबीर पिता सुकी उम्र 31 वर्ष जाति जाट निवासी ग्राम बहिन हाउस नंबर 278 ठुकरिया मोहल्ला तहसील हाथिन थाना बहिन जिला पलवल हरियाणा को अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बस का इंतजार करते पाए जाने से पकड़ा गया । आरोपी को धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।




# स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में 31 दिसंबर तक चलाया जाएगा जन जागरूकता अभियान

**जगदलपुर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओ योजनाओं के बारे मे जागरूकता एंव हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भव: अभियान की योजना चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 31 दिसंबर 2023 तक निरन्तर जारी रहेगा, जिसका प्रथम पखवाड़ा 17 सितंबर 2023 से 02 अक्टूबर 2023 तक रहेगा । आयुष्मान भव: 3 घटकों वाला एक व्यापक अभियान है जिसके अंतर्गत प्रथम घटक में आयुष्मान अभियान 3.0 के अंतर्गत आयुष्मान बनाने में छूटे हुए सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जायेगा । वहीं द्वितीय घटक में 17 सितंबर 2023 से समस्त हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में प्रत्येक शनिवार हेल्थ मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें थीम अनुसार प्रथम सप्ताह को गैर संचारी रोग,द्वितीय सप्ताह क्षय रोग एवं कुष्ठ रोग तथा अन्य संचारी रोग, तृतीय सप्ताह-मातृत्व एंव शिशु देखभाल तथा चतुर्थ सप्ताह में सिकलसेल जांच एवं उपचार सम्बन्धी परामर्श प्रदान किया जायेगा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा तथा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक दिन मेडिकल कालेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जावेगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, ऑर्गन डोनेशन प्लेज ड्राइव एवं ब्लड डोनेशन शिविर आयोजित किये जायेंगे । इस अभियान के तृतीय घटक में 02 अक्टूबर 2023 को प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा वार्ड में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं के सर्वांगीण विकास एवं अंतिम व्यक्ति तक सेवायें पहुंच हेतु सभी विभागों के साथ समन्वय एवं जनभागीदारी सुनिश्चित किया जाने चर्चा की जायेगी। गौरतलब है कि आयुष्मान भव: कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा 13 सितम्बर 2023 को किया गया जिसमें राज्य सहित जिला एवं प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कर माननीय स्वास्थ्य मंत्री के उपस्थिति में किया गया।

# जिपं अध्यक्ष तुलिका को सुनने पालनार में जुटे ग्रामीण



- भूपेश सरकार की योजनाएं बताने पालनार में सभा
- अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही भूपेश सरकार

**दंतेवाड़ा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। सरकार की विभिन्न योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा लगातार प्रयासरत हैं। आज भूपेश सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने जिपं अध्यक्ष ग्राम पंचायत पालनार पहुँची।

देवगुड़ी में आयोजित कार्यक्रम में तुलिका ने कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुचाने की जिम्मेदारी सरकार व हमारी है। प्रदेश सरकार द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ हम सभी लेना है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ाने सरकार लगातार प्रयासरत है। कर्ज माफी, बिजली बिल हाफ समेत कई योजनाएं है, जिसका लाभ आज पूरा प्रदेश ले रहा है। तुलिका ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के माध्यम से घर पहुँच स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल रहा है, साथ ही बाजार में नियमित स्वास्थ्य सुविधा, जांच, उपचार एवं दवाएं उपलब्ध हैं।

जिपं अध्यक्ष ने आगे कहा कि राजीव युवा मितान के माध्यम से युवा समूहों के खाते में पैसा जा रहा है, जिससे वह अपने गांव में विभिन्न प्रकार के आयोजन कर सकें। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के माध्यम से हमारे पुराने खेलों को फिर से जीवंत किया है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं से तुलिका को अवगत कराया, जिसका समाधान करने तुलिका ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। जिपं अध्यक्ष ने सभा में पहुँचे सभी बुजुर्गों को कंबल भी वितरण किया। साथ ही युवाओं के साथ विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा भी की। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बया राम पटेल, संगठन महामंत्री सलीम रजा उस्मानी, राजीव गांधी युवा मितान के जिला संयोजक जितेंद्र चौधरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## गणेश व दुर्गा पूजा पर लाउड स्पीकर के नए नियम

### कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विनीत नंदनवार द्वारा 19 से 29 सितम्बर तक गणेशोत्सव तथा 15 से 24 अक्टूबर तक दुर्गोत्सव का त्यौहार मनाये जाने के मद्देनजर जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। इसके अनुसार जिले के नागरिकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई एवं यातायात में असुविधा होने की दृष्टि से रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया गया है और आगामी त्यौहार के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली, माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर तथा माननीय राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश तथा समय समय पर राज्य शासन द्वारा जारी आदेश, निर्देश का पालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अलावा गणेशोत्सव एवं दुर्गात्सव पर्व के दौरान केवल मिट्टी से बनी मूर्तियों की स्थापना करने तथा हानिकारक पेन्ट, कलर का उपयोग नही करने के भी निर्देश है। साथ ही प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों की स्थापना किया जाना भी प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा अति संवेदनशील क्षेत्रों जैसे अस्पताल, शिक्षण संस्थाए, अदालत, धार्मिक सस्थाए आदि के कम से कम 100 मीटर दूरी तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग तथा पटाखे नही फोड़े जायेगें। इसी प्रकार इनसे 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हार्न या म्यूजिकल हार्न या अन्य किसी प्रकार के साउंड एम्पलीफायर का उपयोग प्रतिबंधित होगा।

# विधान सभा उपाध्यक्ष संतराम ने किया सहयोग

### निर्माणाधीन प्रेस क्लब भवन की छत पर हुआ शेड का निर्माण




**कोण्डागांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। निर्माणाधीन प्रेस क्लब भवन की छत पर विधान सभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम के सहयोग से शेड का निर्माण होने से अब प्रेस क्लब में ओपन जिम व अन्य गतिविधियों का आसानी से संचालित हो सकेगा। बीते दिनों कोंडागांव प्रवास के दौरान विधान सभा उपाध्यक्ष सह केशकाल विधायक संतराम नेताम विविध संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कोंडागांव प्रेस एंड मीडिया सह प्रेस क्लब भवन कोण्डागांव भी पहुंचे थे। जहां निरीक्षण के दौरान मीडिया कर्मियों की मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए शेड निर्माण की स्वीकृति दी और जिसके बाद उन्होंने अपना वादा निभाया और विधान सभा उपाध्यक्ष के सौजन्य से प्रेस क्लब भवन में शेड निर्माण होने से पत्रकारों को षेड बनने का लाभ मिला। ज्ञात हो कि प्रेस क्लब भवन में ई लाइब्रेरी एवं अन्य गतिविधियों के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, इसी तारतम्य में केशकाल विधायक संतराम के सौजन्य से भवन की छत पर शेड के बन जाने से अब जल्द ही प्रेस क्लब भवन में व्यायाम शाला व अन्य गतिविधियों का संचालत भी आसनी से किया जा सकेगा। जिसके लिए कोंडागांव प्रेस एंड मीडिया सह प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**शेड निर्माण से प्रेस क्लब में ओपन जिम व अन्य गतिविधियों का हो सकेगा संचालन**

## गांव से लेकर शहर तक मतदान के लिए मुहिम



**दंतेवाड़ा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार तथा स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन पर जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में कासौली, चितालूर, बालूद में सुपोषण माह के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया है। इसके साथ ही इन गांवों के स्कूलों में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों के लिए रंगोली, क्विज, भाषण, नारा, कविता लेखन, चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। ज्ञातव्य है कि विधान सभा निर्वाचन में ज्यादा से ज्यादा मतदान का प्रतिशत वृद्धि करने के उद्देश्य से हर गांव और पारा टोला में स्वीप कार्यक्रम जोर शोर से चलाया जा रहा है। साथ ही सभी नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता के तहत डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज किरंदुल नगर निकाय में 15 टीम के द्वारा सभी के घर जा जाकर सर्वे कर हस्ताक्षर अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम चलाया गया।

## पूनांग, पंडूम, गायता, जोहारनी सामाजिक मिलन समारोह की तैयारी जोर-शोर से

### गोंडवाना समाज समन्वय समिति युवा प्रभाग ब्लाक ईकाई केशकाल का उपक्रम



**कोण्डागांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। गोंडवाना समाज समन्वय समिति युवा प्रभाग ब्लॉक ईकाई केशकाल के पदाधिकारी, आदिवासी समाज में प्रचलित 'पूनांग' 'पंडूम' 'गायता' 'जोहारनी' सामाजिक मिलन समारोह की तैयारी जोर-शोर से कर रहे हैं। 20 सितम्बर 2023 बुधवार को गोंडवाना समाज समन्वय समिति युवा प्रभाग ब्लाक ईकाई केशकाल के द्वारा गोंडी विद्यापीठ सिंगनपुर में ब्लॉक स्तरीय पूनांग पड़ूंम गायता जोहारनी एवं दो दिवसीय कोया पुनेम संवैधानिक प्रशिक्षण ग्राम सिंगनपुर में रखने के सम्बन्ध में बैठक आहूत किया गया, इस बैठक में समस्त ग्रामवासी क्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव, अन्य पदाधिकारी एवं गोंडवाना समाज समन्वय समिति युवा प्रभाग ब्लॉक केशकाल के सभी पदाधिकारियों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय पारित करते हुए 30 सितम्बर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक दो दिवसीय कोया पुनेम संवैधानिक प्रशिक्षण एवं आदिवासी समाज में प्रचलित पूनांग, पड़ूंम, गायता, जोहारनी, पड़ूंम मनाया जाएगा। 'गायता' जोहारनी सामाजिक मिलन समारोह का कार्यक्रम रखा गया। गायता जोहारनी में केशकाल ब्लॉक के 9 उपखण्ड क्षेत्र से गायता पटेल मांझी मुखिया पेरमा वडे लया लयोर अपने पारम्परिक वेशभूषा भूषा एवं वाद्य यंत्र के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

## कांग्रेस की विकास की बातें झूठी है : संकेत



**भानुप्रतापपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संकेत नशीने ने प्रेस से कहा है कि कांग्रेस के द्वारा जो भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में झूठे विकास की बात की जा रही है, वह कोसों दूर तक नहीं दिख रही है। नगरपंचायत में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का अपना स्वयं का जरूर विकास हुआ है। जमीन बेचकर दलाली करना नीलामी करना बगैर टेंडर के काम करना, ये सब कांग्रेस के कार्य हैं। अभी दो चार महीना भी नहीं हुआ है कई वार्डों की सड़क उखड़ गई है। पुन ्उनके रिपेरिंग के लिए टेंडर भी लगाया गया था, पर किसी कारणवश कैंसिल करना पड़ा भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड भानु प्रतापपुर नगर पंचायत लाघ चुकी है कार्य का एस्टीमेट कुछ बनता है कार्य कुछ किया जाता है और बिल कुछ बनाकर भुगतान किया जाता है जो भी कर हो रहे हैं उनमें किसी भी प्रकार की गुणवत्ता नहीं दिख रही है सिर्फ लीपापोती ही किया जा रहा है जहां अभी सीसी रोड बनी है वहां कभी पानी नहीं रूकता था वहां पानी रुकने लगा डबरा हो गया है पहले जो रोड थोड़ी बहुत सही थी नई रोड उससे भी गई बीती बनी हुई है सब गोलमाल है भाई सब गोलमाल है नगर पंचायत में भाजपा पार्षदों के साथ भी भेदभाव होता है कुछ दिन पहले वार्ड नं 5 में एक भी रुपये स्वीकृति प्रदान नहीं कि गई थी।

## पंडालों में स्थापित हुए गजानन

**भानुप्रतापपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर नगर में गणपति बप्पा मोरया की धूम है। नगर पंचायत मुख्यालय सहित जगह-जगह पंडालों में मंगलवार की रात गणेश प्रतिमाएं स्थापित हुईं। प्रतिमाओं के समक्ष पूजा-अर्चना का दौर प्रारंभ हो गया है। आरती के दौरान पंडाल सुगन्धित हो उठता है तो भजन-कीर्तन के बीच पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा वातारण गुंजायमान है। सुरक्षा बल के जवान भी कैम्प में गणेश जी प्रतिमा स्थापित कर गणपति बप्पा मोरया की धूम में डूब गए हैं। 22 वी वाहिनी भीरागांव छत्तीसगढ़ सीमा सुरक्षा बल के कैम्प में जवानों द्वारा गणपति जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया जा हैं। जिससे आसपास गांव में भक्ति मय का माहौल बन गया है। वहीं सम्बलपुर के गणेश मंदिर में गणपति जी की पुजा अर्चना करने सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं।

## काउंसलर के 2 पदों हेतु अंतिम मेरिट सूची जारी

**कोण्डागांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण कोण्डागांव अंतर्गत काउंसलर के 2 पद (अनुसूचित जनजाति) के चयन हेतु आवेदकों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं प्रमाण पत्रों का कार्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा परीक्षण कर पात्र-अपात्र सूची तैयार कर प्रकाशित किया गया था एवं 01 सितम्बर 2023 तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी, जिसमें से प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण उपरान्त कुल 20 आवेदक पात्र पाये गये एवं पात्र अभ्यार्थियों हेतु 13 सितम्बर 2023 को साक्षात्कार चयन समिति द्वारा लिया गया, जिसमें कुल 20 पात्र अभ्यर्थियों में से 15 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए एवं 05 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों का परीक्षण कर 01 अभ्यर्थी को अपात्र पाया गया। इन पात्र अभ्यार्थियों के साक्षात्कार उपरान्त अंतिम मेरिट सूची जारी कर दिया गया है। अभ्यार्थी अंतिम मेरिट सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पद पर अथवा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज खुटडोबरा रोड डोंगरीपास कोण्डागांव के सूचना बोर्ड में अवलोकन कर सकते है।

# सीपीआई जिला नारायणपुर ने ओरछा में निकाली रैली



**कोण्डागांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिशद् नारायणपुर द्वारा 20 सितम्बर 2023 को ओरछा में रैली निकाली गई। इस रैली में आसपास सहित दूर-दूर बसे ग्रामों में निवासरत ग्रामीणजन सैकड़ों की संख्या में शामिल होने के लिए पहुंचे। रैली का नेतृत्व कर रहे जिला सचिव कॉ.चैतराम कोमरा के द्वारा रैली के बाद आयोजित जन सभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि काग्रेस सरकार ने जनता से जो वादे किए थे, उसे पूरा न करके जनता के साथ धोखा किया है। कांग्रेस पार्टी ने सरकार में आने के पहले विधवा पेंशन योजना के तहत 1500 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही उस वादे को भूल गई, ऐसे ही जेलों में बंद बेगुनाह आदिवासियों को रिहा कराए जाने के अपने वादे को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी पूरा नहीं कर पायी है, जिसके परिणामस्वरुप आज भी निर्दोश आदिवासी भाई, बेगुनाह होने के बाद भी जेल में अपना जीवन बिताने को मजबूर हैं।

जिला सह सचिव कॉ.फूलसिंह कचलाम ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि हॉल ही में ताड़मेटला में हुए फर्जी मुठभेड़ पर सरकार चुप क्यों है ? वहीं आदिवासी बाहुल्य बस्तर सम्भाग में होने वाले सभी फर्जी मुठभेड़ के मामले में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी आदिवासी समाज के हित में हमेशा लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। इस रैली में नारायणपुर जिले के विभिन्न ग्रामों से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बजनाथ पोटाई, चंदर मंडावी, कॉ.निलेश नाग, कॉ.पाडिया मंडावी, संतु मंडावी, कॉ.बुदराम कोर्राम, भूद्रम गावड़े, कॉ.सावित्री मंडावी, जयराम मंडावी आदि सहित सैकड़ों ग्रामीणजन शामिल हुए।

## शासकीय निर्माण कार्यों में उपयोग हेतु लघु गौण खनिज की अनुपलब्धता के संबंध में बिल्डर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन


BUILDERS ASSOCIATION OF INDIA

**कोण्डागांव,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। बिल्डर्स एसोसिएशन द्वारा शासकीय निर्माण कार्यों में उपयोग हेतु लघु गौण खनिज की गिट्टी, रेत व मुरुम की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा गया है।

बिल्डर्स एसोसिएशन द्वारा गुरुवार 21 सितम्बर को लघु गौण खनिज की अनुपलब्धता को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने के साथ ही मामले पर चर्चा भी किया गया है।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेखित किया है कि पूरे बस्तर संभाग में मुरुम एवं मिट्टी हेतु कोई खदान स्वीकृत नहीं है। शासन द्वारा संभाग में जितनी मात्रा में शासकीय कार्यों के लिए गिट्टी की आवश्यकता है, उतनी मात्रा में गिट्टी उत्खनन की अनुमति नहीं है। उपरोक्त लघु गौण खनिज की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति न हो पाने के कारण शासकीय निर्माण कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पा रहे हैं, उक्त समस्या के शीघ्र निराकरण में विलंब होने पर समस्त प्रगतिरत निर्माण कार्यों के बंद होने की संभावना है। उक्त समस्या का निराकरण करने के सम्बन्ध में चर्चा करने के बाद कलेक्टर से आग्रह किया गया, जिस पर कलेक्टर कोण्डागांव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खनिज विभाग के अधिकारियों व जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि नियम अनुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए पंचायतवार खदानों को आबंटित करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पुरी किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमित गुप्ता, ज्ञान सिंह चंदेल, हरमोहन कोहली, डी.के.शर्मा, षरद, अज्जू लाला, पवन चन्द्राकर, पिंटू जायसवाल, एम.नागराज व अन्य ठेकेदार मौजूद रहे।

## गीदम-कटेकल्याण में आयुष्मान भव कैंपेन

### कैंसर और मोतियाबिंद की नि:शुल्क जांच



**दंतेवाड़ा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में आयुष्मान भव कैंपेन के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम एवं कटेकल्याण में आयुष्मान मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार एवं परामर्श की सेवाएं दी गई। इस दौरान आयुष्मान मेले में निशुल्क लैब जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग एवं मोतियाबिंद की जांच एवं आवश्यक नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान आयुष्मान भव कैंपेन के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में लगातार हेल्थ आयुष्मान मेले का आयोजन किया जा रहा है। 2 अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस. मंडल, नोडल अधिकारी डॉ राजेश राय, खंड चिकित्सा अधिकारी गीदम एवं कटेकल्याण, डॉक्टर नितिन महिलांग एवं मीडिया अधिकारी अंकित सिंह उपस्थित थे।

## आयुष्मान भव: 3.0 के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

**लोगों को स्वच्छता, रक्तदान व अंगदान के लिए किया जा रहा प्रेरित**

**कोण्डागांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के द्वारा संचालित 'आयुष्मान भव 3.0' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, जिसमें दिसम्बर माह तक स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों तक सुगमता से पहुंचाने हेतु प्रयास किया जायेगा। 'आयुष्मान भव:' कार्यक्रम अंतर्गत जिला में 120 स्वास्थ्य संस्थाओं में 14 से 20 सितम्बर तक आयुष्मान भव: मेला का आयोजन किया गया था। इस मेले में जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। जिले में अब तक आयुष्मान भव: मेले के द्वारा 3000 से अधिक मरीजों का ईलाज किया जा चुका है। जिसमें एनसीडी स्क्रीनिंग, सीबेक फार्म, आभा आईडी का निर्माण 30 हजार एवं 41 हजार आयुष्मान कार्ड जारी किया जा चुका है। आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी एवं एनसीडी स्क्रीनिंग को बढ़ाने हेतु ग्रामीण स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड का निर्माण एवं ऑनलाईन कार्ड का वितरण किया जाना है, जिससे लोगों में आयुष्मान कार्ड हेतु जागरूकता फैलाया जा सके एवं व्यापक रूप से आयुष्मान कार्ड का निर्माण एवं वितरण किया जा रहा है। विकास खण्ड स्तर पर मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज के समन्वयन से जनरल सर्जन, कान नाक, गला रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एव नेत्र रोग विशेषज्ञों के द्वारा विकास खण्ड स्तर पर शिविर लगाकर सुविधाएं प्रदान कि जा रही है, जिसके फलस्वरूप विकास खण्ड स्तर पर विशेषज्ञों की सुविधा आम जन तक पहुँचाई जा रही है। प्रति सप्ताह मेले की थीम इस प्रकार है- प्रथम सप्ताह गैर संचारी रोगों का जांच एंव जागरूकता, द्वितीय सप्ताह संचारी रोग, टीबी एवं कुष्ठ की जांच एवं जागरूकता, तृतीय सप्ताह माता एवं शिशुओं का स्वास्थ्य एवं पोषण, चतुर्थ सप्ताह सिकल सेल की जांच एवं कार्ड का वितरण।

स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत जिले के समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों में स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है एवं जनसमूह को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया जा रहा है। रक्तदान महादान के अंतर्गत जिले में रक्तदान हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिस तारतम्य में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला अस्पताल में अब तक कुल 9 यूनिट ब्लड का स्वेच्छित रक्तदान रक्तदाताओं द्वारा किया जा चुका है। जिले में निरंतर रक्त का आभाव रहता था अत: रक्तदान शिविर के द्वारा जरूरत के समय रक्त कि उपलब्धता बनी रहेगी। अंगदान के अंतर्गत जिले में अंगदान हेतु जनसमूह में स्वेच्छित अंगदान करने हेतु जनसमूह को प्रेरित किया जा रहा है। विशेषज्ञों की सुविधा आम जन तक पहुंचाई जा रही है। प्रति सप्ताह मेले की थीम तय किया गया है, जिसके तहत प्रथम सप्ताह में गैर संचारी रोगों की जांच एवं जागरूकता, द्वितीय सप्ताह में संचारी रोग, टीवी एवं कुष्ठ की जांच एंव जागरूकता, तृतीय सप्ताह में माता एवं शिशुओं का स्वास्थ्य एवं पोषण, चतुर्थ सप्ताह में सिंकल सेल की जांच एवं कार्ड का वितरण किया जायेगा। स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत जिले के समस्त हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों में स्वच्छता का कार्य एवं जनसमूह को स्वच्छता हेतु प्रेरित किया जा रहा है। रक्तदान महादान अंतर्गत जिले में रक्तदान हेतु शिविरों का आयोजन जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर किया जा रहा है।

## डीआईजी व एसपी ने लिया सड़क निर्माण का जायजा

### अरनपुर-जगरगुंडा सड़क निर्माण में तेजी के निर्देश



**दंतेवाड़ा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा की प्रमुख सड़क अरनपुर-जगरगुंडा का आज डीआईजी कमलोचन कश्यप और एसपी गौरव राय ने जायजा लिया। बुधवार को यहीं पर नक्सलियों ने बारूदी विस्फोट किया था, जिसमें सीआरपीएफ के एक एएसआई घायल हो गए थे। डीआईजी श्री कश्यप और एसपी श्री राय ने इस मौके पर वहां तैनात जवानों की हौसला अफजाई भी की। ठेकेदार को शीघ्र ही गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के निर्देश भी दिये गए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बढ़ाने और विकास को गति देने, विश्वास-विकास-सुरक्षा के तहत सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है। इस सड़क के बन जाने से इस क्षेत्र में निवासरत लोगों का मुख्यालय तक पहुंचना आसान हो जायेगा, साथ ही इस क्षेत्र में ग्रामिणों का पुलिस और सुरक्षा बलों पर विश्वास बढ़ेगा।

संपादकीय

# गरीबी उन्मूलन में छत्तीसगढ़ का बेहतरीन प्रदर्शन

*नीति आयोग की ताज़ा रिपोर्ट छत्तीसगढ़ के बारे में उत्साहवर्धक आंकड़े लेकर आई है। इसमें बतलाया गया है कि राज्य ने लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने तथा प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की दिशा में उम्दा प्रदर्शन किया है। न्याय योजनाओं की इसमें बड़ी भूमिका बतलाई गई है जिसके कारण यह सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। अनेक जिलों का विशेष उल्लेख इस रिपोर्ट में हुआ है जहां बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उम्मीद है कि छ.ग. सरकार अपने उन कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर इसी तरह काम करती रहेगी जिनके चलते ये उपलब्धियां हासिल हुई हैं। राज्य में इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका असर प्रदेश के सारे इलाकों में एक जैसा हुआ है। किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव जैसी स्थिति दिखलाई नहीं पड़ती। इस रिपोर्ट के अनुसार 4 लाख लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में सफलता मिली है।*

*रिपोर्ट के अनुसार जिन योजनाओं के कारण गरीबी का सफलतापूर्वक उन्मूलन हुआ है वे न्याय योजनाएं एवं ग्राम आधारित विकास कार्यक्रम हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव मितान क्लब आदि के जरिये ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं, वनोपज संग्राहकों एवं विभिन्न हितग्राहियों को 1.5 लाख करोड़ रुपयों की नकदी के रूप में सहायता उन कारकों में हैं जिन्होंने बड़ा फर्क पैदा किया है।*

*रिपोर्ट में इस तथ्य का भी जिक्र है कि दो साल तक कोरोना से प्रभावित होने के बाद भी राज्य की अर्थव्यवस्था में 56 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां यह 88,793 रुपए सालाना थी वहीं अब यह बढ़कर करीब 1.34 लाख रुपए प्रति वर्ष हो गई है। राज्य की जीएसडीपी में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है- 3,27,1`6 रुपए से 5`,9`,43। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरगुजा, दंतेवाड़ा एवं कबीरधाम में 23 से 25 फीसदी लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। धमतरी के साथ ही रायपुर व बालोद में गरीबी रेखा का स्तर अब केवल 1` प्रतिशत ही रह गया है जो एक अच्छी खबर है। चूंकि प्रदेश की प्रमुख कृषि फसल धान है, इसके उत्पादकों को कई तरह के मिले आर्थिक संबल ने भी राज्य को इस स्थिति में पहुंचने में मदद की है। किसानों में पक्ष में बनाई गई नीतियों के कारण अनेक नये लोग खेती से जुड़े हैं या फिर इसकी ओर लौटे हैं। पहले जहां 12 लाख किसान थे आज आज वे दोगुने यानी करीब 24 लाख हो गये हैं। उन्हें मिलने वाले फायदों से लोगों की समग्र स्थिति सुधरी है। वनोपजों की खरीद का दायरा व समर्थन मूल्य बढ़ने से भी स्थिति सुधरी है।*

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ,
राजू- डॉक्टर साहब लीवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना सर।

# संविदाकर्मी अब सरकार के वादों की निकालेंगे बारात

## नवा रायपुर में 23-24 को प्रदर्शन, प्रदेश भर से जुटेंगे हजारों प्रदर्शनकारी

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के संविदा कर्मचारी एक बार फिर से सरकार के खिलाफ लामबंद हो गए है। 23 और 24 सितंबर को नवा रायपुर के धरनास्थल में संविदा कर्मियों का अनोखा प्रदर्शन होगा। नियमितीकरण की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। सरकार के वादों की बारात निकाली जाएगी।

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर यह प्रदर्शन माना के तुता धरना स्थल में आयोजित किया जा रहा है। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में प्रदेशभर के संविदा कर्मचारी जुटेंगे, और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद करेंगे। सर्व विभाग की संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता सूरज सिंह ठाकुर ने कहा पौने 5 साल बीत जाने के बाद भी सरकार हमारी नियमितीकरण की मांग पूरी नहीं कर पाई है। सरकार तक अपनी आवाज फिर से पहुंचाने के लिए हम प्रदर्शन कर सरकार के नाम ज्ञापन सौपेंगे।



**27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का नहीं मिल रहा लाभ**

प्रदेश प्रवक्ता सूरज सिंह ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री ने संविदा कर्मचारियों के 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की थी। लेकिन प्रशासन की अपेक्षा के चलते कर्मचारी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि से वंचित है। पूर्व में अपनी नियमतिकरण की मांग को लेकर प्रदेश के 45 हजार संविदाकर्मी आंदोलन कर रहे थे। उस दौरान मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद हमने 2 अगस्त को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। लेकिन आज भी संविदा कर्मचारी अपने नियमितीकरण के इंतजार कर रहे है।

**प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कांग्रेस को भेजा आमंत्रण पत्र**

छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ ने प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कांग्रेस पार्टी को खुला आमंत्रण भेजा है। इस आमंत्रण में महासंघ ने कांग्रेस पार्टी से कहा है की संविदा कर्मचारियों के आंदोलन में सम्मिलित होकर पार्टी अपनी साख बचाए।

# नहीं आ रहे अमित शाह

## तय कार्यक्रम किया गया रद्द

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री का छत्तीसगढ़ दौरा टल गया है। 22 सितंबर को अमित शाह रायपुर आने वाले थे। गृह मंत्रालय की ओर से अमित शाह का दौरा रद्द होने की पुष्टि की गई है। रायपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में वह स्थानीय नेताओं के साथ बैठक करने वाले थे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण बैठक होनी थी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अब एक बार फिर से इस बैठक के लिए नया शेड्यूल तैयार किया जाएगा। अमित शाह दिल्ली में होने वाले कुछ कार्यक्रमों में व्यस्त हैं जिसके बाद वह इस बैठक को समय देंगे।

2 सितंबर को भी अमित शाह रायपुर आए थे। भाजपा के आरोप पत्र लॉन्च कार्यक्रम में शाह ने 21 सौ करोड़ के शराब घोटाले को केवल टिप बताया था। भ्रष्टाचार मामले में प्रदेश कांग्रेस सरकार को घेरा था। उनके मुताबिक भ्रष्टाचार इससे कहीं ज्यादा का है। आरोप पत्र में भाजपा ने भ्रष्टाचार और वादा खिलाफी के साथ ही सरकार की विफलताओं के मुद्दों पर फोकस किया है।

नाराजगी जता चुके हैं शाह

अमित शाह जुलाई में प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक ले चुके हैं। तब खबर यह भी सामने आई थी कि शाह स्थानीय नेताओं की परफॉर्मेंस से खुश नहीं हैं। तब मिली फटकार के बाद अचानक स्थानीय नेताओं ने अभियानों की तेजी लाई और यह कोशिश की जा रही है कि आने वाले समय में प्रदेश में भाजपा की सरकार बने। मगर यह भी बड़ा सच है कि बहुत सी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी कमजोर हैए अमित शाह इसी पर रिव्यू करने पहुंचने वाले हैं।

# महिला आरक्षण बिल' 2024 के चुनाव में हो लागू : भूपेश

## प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने भी किया समर्थन

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बीपक बैज ने महिला आरक्षण बिल को लेकर बयान दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा महिला बिल का कांग्रेस ने समर्थन किया। इसे 2024 के चुनाव में लागू किया जाना चाहिए। वहीं दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहती हैं 2029 के बाद आए पर कांग्रेस की मांग हैं 2024 में बिल आना पीही चाहिए। इसके साथ ही दीपक बैज ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फेल है।



महिला आरक्षण बिल पर भूपेश बघेल ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के सदस्य के लिए महिला आरक्षण बिल लाया गया है। उसको कांग्रेस ने समर्थन किया। लेकिन इसका इंप्लीमेंट तब होगा जब इसका जनगणना हो जाए। उसके बाद परिसीमन हो जाए। इसमें बरसों लग जाएगा। जबकि सोनिया गांधी ने स्पष्ट कहा कि इसे तत्काल लागू किया जाए। क्योंकि अभी यह होता दिखाई नहीं दे रहा है। 2024 के चुनाव में इसे लागू किया जाना चाहिए।

**भाजपा की परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फेल : दीपक**

भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा समझ से परे है। उनकी यात्रा में कोई भीड़ नही है, कोई बड़े नेता शामिल नहीं होते। परिवर्तन यात्रा पूरी तरह से फेल है। छत्तीसगढ़ में कोई परिवर्तन नहीं हो रहा बल्कि कांग्रेस सरकार आ रही है।

महिला आरक्षण बिल को लेकर सांसद दीपक बैज ने कहा कि महिला आरक्षण बिल आना ही चाहिए। भारतीय जनता पार्टी चाहती हैं 2029 के बाद आए पर कांग्रेस की मांग हैं 2024 में बिल आना चाहिए।

महिला आरक्षण बिल को अमित शाह ने विपक्ष के लिए राजनीतिक उपकरण बताया है। इस पर दीपक बैज ने कहा कि ये अमित शाह के बयान हो सकते हैं कांग्रेस पार्टी इससे सहमत नहीं है। कांग्रेस पहले ही राज्यसभा में बिल ला चुकी है। भाजपा द्वारा दीपक बैज के खिलाफ थाने में की गई शिकायत पर लेकर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ की धरती में आकर बार-बार झूठ बोलते हैं छत्तीसगढ़ में जी 20 कभी 14 से पहले हुआ ही नहीं। युवा सम्मेलन को जी 20 कह रहे हैं। भाजपा कह रही है जी 20 का यूथ विंग बैठक हुआ हैं। इस पर दीपक बैज बोले कितने लीडर आये, कितने लोग गए किसी को कुछ पता ही नहीं है। जी 20 को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अफवाह उड़ाया इस शिकायत को लेकर भाजपा ने दीपक बैज की शिकायत दर्ज कराई हैं।

# 3 से 8 अक्टूबर तक प्रयागराज से रायपुर फ्लाइट निरस्त

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। प्रयागराज एयरपोर्ट से इंदौर, रायपुर, लखनऊ और देहरादून के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट को 3 से 8 अक्तूबर तक निरस्त कर दिया गया। चारों शहरों के लिए विमानन कंपनियों ने इन तारीखों पर बुकिंग भी बंद कर दी है। बताया जा रहा है कि अभी और भी शहरों की फ्लाइटों को निरस्त किए जाने की संभावना है, वहीं कुछ उड़ानों के समय में परिवर्तन करने की योजना बनाई जा रही है। वायु सेना के स्थापना दिवस पर संगमनगरी प्रयागराज में एक बड़ा एयर शो होना है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आने की उम्मीद है। एयर शो में विमान, हेलीकॉप्टर करतब दिखाएंगे। एयरफोर्स के जवान इसके लिए रियर्सल करेंगे और बमरौली एयरफोर्स से संगम तक उड़ानें भरेंगी। लड़ाकू विमान ग्वालियर, हिंडन, बरेली एयरबेस से यहां पहुंचेंगे। ऐसे में एयर शो के पहले छह अक्तूबर को फुल ड्रेस रिहर्सल होगा। इसी वजह से प्रयागराज से लखनऊ, देहरादून, रायपुर और इंदौर जाने वाले विमान को निरस्त कर दिया गया है।

# प्रदेश में कभी नहीं होगी शराबबंदी : कवासी लखमा

## पांच साल में शराब दुकान बंद करने कोई आवेदन नहीं मिला

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने शराबबंदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पांच साल से मैं सरकार में मंत्री हूं। जहां भी जाता हूं, मुझे शराब दुकान खोलने के लिए आवेदन मिलते है। शराब दुकान बंद करने एक भी आवेदन नहीं मिला है। प्रदेश में शराबबंदी कभी नहीं होगी।



कवासी लखमा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए शराबबंदी नहीं हो पाने की वजह बताते हुए कहा कि कोरोना काल के दौरान 2 महीने के लिए शराब दुकान बंद कर दिया था। जिसकी वजह से दूसरी शराब पीने से रायपुर और बिलासपुर में 6-6 लोगों की मौत हुई थी. बिहार में शराबबंदी है, जहां 400 आदिवासी गरीब लोग जेल में बंद हैं।

उन्होंने कहा कि जिस दिन छत्तीसगढ़ में दारू बंद होगा, बड़े लोग बिहार-झारखंड से ले आएंगे। गुजरात में घर में पहुंचाकर दारू दिया जा रहा है। यहां भी बड़े लोग यूपी से लाएंगे, आंध्र से लाएंगे। कौन जेल जाएगा, गरीब आदमीज् पैसा नहीं पटाता है, तहसीलदार से बात नहीं करता, थानेदार बात नहीं सुनता है. हमको ऐसा राजनीति नहीं चाहिए, जिसमें गरीब जेल जाए। और दूसरा दारू पीकर मरना। हमको ये पसंद नहीं है।

कवासी लखमा ने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में शराबबंदी था। हम लोग बोल नहीं रहे हैं। सारे मुद्दों की समीक्षा जनता करती है। भाजपा ने भी 15 लाख देने की बात कही थी, 2 करोड़ को रोजगार देने की बात कही थी, दिया क्या। 35 रुपए डीजल देने की बात कहकर सौ से ऊपर कर दिया। गैस सिलेंडर की कीमत 400 रुपए थी हमारे शासनकाल, आज 12 सौ कर दिया।

# पूरी कैबिनेट जेल में होगी : अजय चंद्राकर

## सेंट्रल फंड के दुरुपयोग का आरोप, हम सरकार को बर्खास्त करने की मांग करेंगे

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। -गृहमंत्री अमित शाह से छत्तीसगढ़ बीजेपी के नेता सेंट्रल फंड की सीबीआई जांच कराने की मांग करने वाले हैं। साथ ही सरकार को बर्खास्त करने की मांग भाजपा के नेता करेंगे। बीते दिनों कांग्रेस ने पूर्ववर्ती रमन सरकार पर 1 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया था। जिसके जवाब में बुधवार को पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और बीजेपी विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर राज्य सरकार पर केन्द्र के फंड का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया है।

पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि कट कॉपी और पेस्ट लेकर कांग्रेस प्रवक्ताओं ने पूर्ववर्ती रमन सरकार के समय के 34 घोटालों आरोप लगाया है। सत्ताधारी पार्टी आरोप नहीं लगाती बल्कि जांच करती है। उन्होंने कहा कि सरकार घोटाले के दो आरोपी अधिकारी को क्यों संरक्षण दे रही है। चंद्राकर ने ये दावा किया कि हमारी सरकार आएगी तो हम इनके घोटालों की जांच करेंगे और ये दावा है कि पूरी कैबिनेट जेल में होगी।



**मरकाम ने जांच की मांग वह भी नहीं हुई**

उन्होंने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भी विधानसभा में आरोप लगाया था उसकी जांच नहीं की गई। सेस का एक पैसा भी कोरोना पीड़ितों और आम लोगों पर खर्च नहीं किया गया। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में 25 हजार करोड़ का गौठान घोटाला हुआ है।

**इनकी जांच कराएगी क्या सरकार**

उन्होंने सरकार से सवाल किया कि शराब घोटालाए रेत घोटाला ए चैब् घोटालाए धान घोटाला जन जीवन मिशन घोटाले की जांच क्या राज्य सरकार कराएगी। उन्होंने इन तमाम घोटालों की जानकारी देते हुए ये भी कहा कि हम गृहमंत्री अमित शाह से इस सरकार को बर्खास्त करने की मांग करेंगे।

# भूपेश के गढ़ पाटन में पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा

## सभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा आज दुर्ग पहुंची. भाजपा की परिवर्तन यात्रा उतई के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र पाटन पहुंची, जहां सर्किट हाउस मैदान में सभा हुई, जिसमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास समेत भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। पाटन की सभा में भाजपा नेता और पद्मश्री अनुज शर्मा ने कांग्रेस पर गीत कविता के माध्यम से निशाना साधा।



जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज ?य की कांग्रेस सरकार पर विकास को बाधित करने का आरोप लगाया। पाटन से भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, भाजपा नेता अनुज शर्मा मंच पर मौजूद रहे। वहीं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के उतई में आयोजित सभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विजय बघेल शामिल हुए और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने परिवर्तन यात्रा की सभा के माध्यम से कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, सीएम नरवा गरवा घुरवा बाड़ी का नाम लेते हैं, ये कैसे बना। 15वें वित्त आयोग का पैसा कहां गया। सांसद विजय बघेल ने पैसा देने का काम किया। मनरेगा, कैम्पा का पैसा विजय बघेल ने लाया। मुख्यमंत्री ने लूटकर खाने का काम किया। केंद्र ने कोरोना काल में 15 किलो चावल, राशन दुकानों में भेजा, लेकिन पांच किलो चावल सरकार खा गई ये ईडी आईटी को गाली देते हैं। न्यायपालिका का विरोध करें। सोनवानी को पीएससी का चेयरमैन बनाया, जिसने अपने ही परिवार के लोगों को अधिकारी बना लिया।

# किसानों को मिलेगी इसी माह न्याय योजना की तीसरी किश्त

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य के किसानों राजीव गांधी किसान न्याय योजना और भूमिहीन मजदूरों को राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की तीसरी किश्त की राशि का भुगतान सितम्बर माह की आखिर तक कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह बात दुर्ग जिले के भिलाई नगर स्थित जयंती स्टेडियम में आयोजित महिला समृद्धि सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। छत्तीसगढ़ सरकार ने यह फैसला अगले माह अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के परिप्रेक्ष्य में लिया है। उक्त दोनों योजनाओं की तीसरी किश्त का भुगतान अब तक राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर को किया जाता रहा है।



राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत राज्य के धान सहित अन्य प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ के मान से 9000 रूपए की इनपुट सब्सिडी 4 किश्तों में दी जाती है। इस योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में राज्य के लगभग 24.43 लाख किसानों को दो किश्तों में 3704 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

किसानों को प्रथम किश्त की राशि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 21 मई 2023 को 1894.93 करोड़ रूपए तथा द्वितीय किश्त की राशि राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त 2023 को 1810 करोड़ रूपए प्रदान की गई थी। तीसरी किश्त की राशि लगभग 1890 करोड़ रूपए किसानों के बैंक खातों में इस माह के आखिर तक जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा इसको लेकर आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# तीन जिलों रायपुर, मुंगेली व बीजापुर में अधिक, सरगुजा में सबसे कम बारिश

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। अगस्त का महीना सूखा रहने के बाद सितंबर के 21 दिनों में हुई बारिश ने ही प्रदेश में वर्षा की कमी पूरी कर दी है। एक जून से लेकर 21 सितंबर तक प्रदेश में 977 मिमी वर्षा हुई है, जो सामान्य से 11 फीसद कम है। बीते 21 दिनों एक सितंबर से लेकर 21 सितंबर तक प्रदेश में 241 मिमी बारिश हुई है।

मौसम विभाग का कहना है कि अभी आने वाले कुछ दिन प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। साथ ही जलाशयों का जलस्तर भी बढ़ा है। प्रदेश में अब 16 जिलों में सामान्य वर्षा, तीन जिलों में ज्यादा वर्षा और आठ जिलों में कम वर्षा हुई है। प्रदेश में ज्यादा बारिश वाले तीन जिलों में रायपुर, बीजापुर और मुंगेली जिला है।

मौसम विभाग का भी कहना है कि अब प्रदेश में पर्याप्त बारिश हो चुकी है, विशेषकर सितंबर माह की बारिश ने तो बारिश की कमी पूरी कर दी है। हालांकि अभी भी सरगुजा क्षेत्र में बारिश कम हुई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शनिवार से मौसम का मिजाज बदलेगा। प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ ही तापमान में मामूली बढ़ोतरी शुरू होगी।

**■ एक जून से लेकर 21 सितंबर तक प्रदेश में 977 मिमी वर्षा**

**रायपुर जिले में हुई 1237.1 मिमी बारिश**

एक जून से लेकर 21 सितंबर तक रायपुर जिले में 1237.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य रूप से इतने दिनों में यहां 1005.3 मिमी बारिश होनी थी। इस प्रकार रायपुर जिले में हुई बारिश सामान्य से 23 फीसद ज्यादा है। पिछले वर्ष की तुलना में भी रायपुर जिले में काफी ज्यादा बारिश हुई है। बीजापुर में सर्वाधिक 1624.1 मिमी तो सरगुजा में सबसे कम 488.1 मिमी बारिश।

एक जून से लेकर 21 सितंबर तक बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1624.1 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 27 फीसद ज्यादा है। इसके साथ ही सरगुजा जिले में सबसे कम बारिश 488.1 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 59 फीसद कम है।

## चावल 30 अक्टूबर तक जमा कर सकेंगे मिलर्स

**रायपुर,** 21 सितंबर। प्रदेश के राइस मिलर्स को केंद्र सरकार में बड़ी राहत दी है। केंद्रीय खाद्य सचिव ने छत्तीसगढ़ के खाद्य सचिव को भेजे पत्र में कहा कि 20 सितंबर को जारी किया गया उसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि राइस मिलर्स से जो 30 सितंबर तक चावल सरकार को उपलब्ध कराने का निर्देश था उसे एक महीने बढ़कर 30 अक्टूबर कर दिया गया है।



# प्रियंका पुरखों के किस्से न सुनाएं छग की हकीकत बताए : सरोज

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आरोपों के जवाब में कहा कि वे छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की भाषा बोल रही हैं। जहां से फर्जी आंकड़े भूपेश बघेल को मिलते हैं, वहीं से मिले आंकड़े गिना कर प्रियंका गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के बारे में बताने लायक उनके पास कुछ नहीं था। इसलिए वे यूपी के उस जमाने के किस्से कहानी सुना गईं जब उनके पिता प्रधानमंत्री थे। पिता तो पिता वे अपने पिता के नाना तक की लोरियां छत्तीसगढ़ की बहनों को सुना गईं। उनके पास पुरखों के संस्मरण सुनाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। वे स्वयं स्वीकार कर गईं कि उनके पिता प्रधानमंत्री रहते हुए भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में अच्छी सड़क तक नहीं दे सके। इससे गई गुजरी बात और क्या हो सकती है। प्रियंका आज के प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र को देखें। रही बात गैस सिलेंडर की तो बतायें कि वे चार सिलेंडर कहां हैं, जो 2018 के जन घोषणा पत्र में कांग्रेस दे रही थी।



**इन सवालों का जवाब मांग रहा है छग : भाजपा**

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राज में महिलाओं की स्थिति सबसे खराब है तो प्रियंका गांधी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लड़ना चाहिए कि किस बात का महिला समृद्धि सम्मेलन कर रहे हैं। महिलाओं को समृद्ध बनाने उन्होंने किया क्या है? एक तरफ महिलाओं की अस्मिता खतरे में है, दूसरी तरफ भूपेश बघेल महिला सम्मेलन कराकर प्रियंका गांधी के दर्शन करा रहे हैं। क्या प्रियंका के दर्शन मात्र से महिलाएं समृद्ध हो जाएंगी? महिलाओं को वाकई समृद्ध बनाना है तो प्रियंका गांधी अपने मुख्यमंत्री से महिलाओं के हक में लड़ें। छत्तीसगढ़ के युवाओं के हक में लड़ें। उन गरीबों के हक में लड़ें, जिनका आवास और अन्न छीना गया है। वे लड़ सकती हैं और भूपेश बघेल यह कहने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे ऐ लड़की नेतागिरी मत कर!

सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि प्रियंका गांधी को छत्तीसगढ़ की जनता को जवाब देना चाहिए कि गरीबों को मिलने वाले उनके हक के चावल को आखिरकार भूपेश सरकार क्यों डकार गई? क्या गरीबों को उनका चावल दिलाने के लिए प्रियंका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लड़ेंगी? युवाओं को रोजगार देने का वादा कर पीएससी में गड़बड़ी करके कांग्रेस के करीबियों के बच्चों को बड़े-बड़े पदों पर नियुक्तियां देने पर क्या प्रियंका अपने मुख्यमंत्री से लड़ेंगी? मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभु श्री राम का अपमान करते हैं। क्या इसके लिए वह मुख्यमंत्री से लड़ेंगी? महिलाओं को सशक्त बनाने की बात करते-करते छत्तीसगढ़ में सुपर सीएम बनाने वाले भूपेश बघेल से क्या प्रियंका आम महिलाओं के लिए लड़ेंगी? क्या प्रियंका अपने मुख्यमंत्री से इस बात के लिए लड़ेंगी कि गंगाजल की कसम खाकर शराब बंदी के वादे को दरकिनार क्यों किया गया?

# टाइगर संरक्षण के लिए नहीं हो रही वैधानिक समितियों की बैठक

**रायपुर,** 21 सितंबर। बाघों को संरक्षण देने के लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत अलग-अलग स्तर पर तीन प्रकार की वैधानिक समितियां गठित कर बाघों और अन्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करना है। लेकिन छत्तीसगढ़ में इन समितियों की बैठक नहीं होने के कारण 2021 में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए आज मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा व न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी की बेंच ने शासन से नया एफिडेविट देने का आदेश देते हुए कहा है कि पिछले तीन साल में प्राप्त फंड का हिसाब दें। कोर्ट ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से भी जवाब मांगा है। प्रकरण की अगली सुनवाई 6 नवम्बर को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता रायपुर निवासी नितिन सिंघवी की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व की दैनिक प्रबंधन एवं प्रशासन समिति की बैठक 2009 के बाद से सिर्फ सात बार हुई है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में सिर्फ पांच बैठक हुई है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में एक भी बैठक नहीं हुई है जबकि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की गाइडलाइंस के अनुसार यह बैठक प्रति माह होनी चाहिए। याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट को बताया गया कि एनटीसीए के अनुसार छत्तीसगढ़ में बाघों के चार कॉरिडोर मिलते हैं अत: छत्तीसगढ़ टाइगर संरक्षण के लिए बहुत महत्वपूर्ण जगह है।



**कोर्ट ने मांगा नया एफिडेविट, कहा तीन साल में प्राप्त फंड का हिसाब दें**

मूल याचिका में बताया गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली 14 सदस्यीय स्टीयरिंग कमिटी या संचालन समिति की बैठक आज तक नहीं हुई है। इसी प्रकार वन मंत्री की अध्यक्षता वाली 10 सदस्यीय बाघ संरक्षण फाउंडेशन की गवर्निंग बॉडी की बैठक तीनों टाइगर रिज़र्व में आज तक नहीं हुई है। मूल याचिका में यह भी बताया गया है कि एनटीसीए ने वर्ष 2012 में गाइडलाइंस जारी की थी, जिसके तहत रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया जाना था तब सभी वनमंडलों को बजट जारी कर निश्चेतना बंदूक दवाइयां इत्यादि खरीदने के लिए आदेश दिए गए थे और खरीदे गए थे, परंतु अचानकमार टाइगर रिजर्व और उदंती सीतानाडी टाइगर रिजर्व में रैपिड रिस्पांस टीम अस्तित्व में नहीं है, इंद्रावती टाइगर रिजर्व में इसका गठन 2020 में किया गया है।

**वृक्ष लगाएं पर्यावरण बचाएं**

## निधन

### श्रीमती सुशीला साखरे

**भिलाईनगर,** 21 सितंबर। वरिष्ठ पत्रकार एवं तथागत समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष व समाज सेवी श्रीमान अनिल साखरे की माताजी श्रीमती सुशीला साखरे पति स्व. पीटी साखरे का आज 21 सितम्बर को ह्रदयघात से बीएम शाह हॉस्पिटल में दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया हैं। जिनकी अंतिम यात्रा साखरे निवास, शांति नगर सड़क नम्बर-7, मकान नंबर-675 से 22 सितम्बर को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। दिवंगत सुशीला साखरे, अनिल साखरे श्रीमती प्रतिमा सांगोले, श्रीमती सुषमा भगत की माता थी।



### श्याम सुंदर राव

**कुम्हारी,** 21 सितंबर। वार्ड क्र. 19 सार्थक होम्स कुम्हारी निवासी श्याम सुंदर राव (31 वर्ष) का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम कुम्हारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में परिजन सहित नगर के लोगों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।



### श्रीमती फिरोजजहां

**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबंधु)। स्थानीय वार्ड नंबर 13 स्टेशन पारा निवासी श्रीमती फिरोजजहां 78 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 20 सितंबर को स्थानीय क्रबिस्तान में किया गया। वे साहिद भाई, पत्रकार सोहेल अकरम की मां थी।



### समारू राम साहू

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 21 सितम्बर। ग्राम पुरेना खपरी निवासी समारू राम साहू का निधन गत दिवस हुआ। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मोक्षधाम में किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में स्वजाति बंधुओं व गांव के ग्रामीण शामिल हुए। वे शिवप्रसाद, रामविशाल, रामनाथ, देवनाथ के पिता थे।



### अविनाश वर्मा

**बलौदाबाजार,** 21 सितम्बर। ग्राम भरूवाडीह निवासी अविनाश वर्मा 23 वर्ष का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जहां नातेरिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थें। वे देवेन्द्र वर्मा के छोटे पुत्र और बिहारी वर्मा के भतीजा थे।



### सुश्री प्रमिला परहाड

**रायपुर,** 21 सितंबर। एयूयर शांतिविहार कॉलोनी, डंगनिया निवासी सुश्री प्रमिला परहाड (89 वर्ष) का निधन 21 सितम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 सितम्बर शुक्रवार को मारवाड़ी शमशान घाट में सुबह 11 बजे किया जायगा। वे शरद, भुनेश्वर व अनिल परहाड की बड़ी बहन थी।



### अन्नम्मा कोशी

**रायपुर** 21 सितंबर। सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती अन्नम्मा कोशी (93 वर्ष) का निधन गुरूवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान भिलाई में किया जाएगा। श्रीमती कोशी बीएसपी स्कूल सेक्टर नौ में व्याख्याता पद से सेवानिवृत्त हुई थी। वे जोसेफ, जेरी, पॉल और लिली, जेसी और लिसी की मां थीं।



# नालंदा परिसर की लाईब्रेरी के शुल्क में नहीं होगी बढ़ोतरी : कलेक्टर



**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी रायपुर के कार्यकारिणी समिति की बैठक नालंदा परिसर में हुई।

इसमें कलेक्टर डॉ. भुरे ने कहा कि नालंदा परिसर में आने वाले विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखें। इनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा लाईब्रेरी आने वाले विद्यार्थियों से लिए जाने वाले शुल्क में वृद्धि ना किया जाए, यह यथावत रखा जाए।

# झीरम के चश्मदीद मलकीत सिंह से मिलकर यादों में खो गईं प्रियंका

**रायपुर,** 21 सितंबर। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आई कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को महिला समृद्धि सम्मेलन के बाद विदाई के समय प्रदेश कांग्रेस महासचिव (संगठन व प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू का परिचित कराते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज ने बताया कि वे 2013 में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए झीरम हमले के चश्मदीद हैं तो प्रियंका की आंखों में संवेदना भर आई। उनके स्मृतिपटल में वह दृश्य कौंध गया। जब भाजपा को सत्ता से उखाड़ने के लिए तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल के नेतृत्व में चल रही परिवर्तन यात्रा पर बस्तर के दरभा इलाके में झीरम घाटी में ऐसा हमला हुआ था।

कांग्रेस नेताओं की पूरी एक पीढ़ी शहीद हो गई। प्रियंका को वह मंजर याद आ गया, जब कांग्रेस ने आजाद भारत में लोकतंत्र के लिए इतनी बड़ी कुर्बानी दी। झीरम कांग्रेस के लिए वह अध्याय है, जिसे वह एक क्षण भी विस्मृत नहीं कर सकती। उस शहादत की गाथा के प्रत्यक्षदर्शी मलकीत सिंह गैदू से मुलाकात होने पर प्रियंका की आंखें नम होना स्वाभाविक ही था। उन्होंने गैदू से उस बर्बर कांड पर करीब बीस से पच्चीस मिनट तक बात की। शहीदों का स्मरण किया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के संघर्ष की दास्तान, कांग्रेस नेताओं के अदम्य साहस की आँखोंदेखी से प्रियंका संवेदनशील हो गईं। कांग्रेस के महासचिव (संगठन व प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू कांग्रेस के संघर्ष काल के बहादुर सिपाही हैं। उन्होंने भी झीरम में कांग्रेस के लिए जान की बाजी लगाई थी। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस के लिए समर्पित रहे और आज प्रदेश कांग्रेस के कमांडर सांसद दीपक बैज की परछाई बनकर कांग्रेस संगठन की सेवा में तत्पर हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस के लिए कर्म करते रहना उनका धर्म है। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के संगठन नेतृत्व में पुन: कांग्रेस की ऐतिहासिक बहुमत से सरकार बनाने के लिए काम कर रहे हैं और संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन कर रहे हैं। संघर्ष ही जीवन है और कांग्रेस का हर एक सिपाही संघर्षशील है।



# राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 तक रायपुर में

**रायपुर,** 21 सितम्बर। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर तक रायपुर में होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव द्वारा इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों को राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 में जिले के प्रतिभागी, दल को सम्मिलित कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए है। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन के संबंध में 24 सितम्बर को शाम 7 बजे सभी जिलों के दल मैनेजर एवं खेल अधिकारियों की बैठक सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई है। बैठक में विधावार प्रतिभागी, मैनेजरों की सूची के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

**जिले के प्रतिभागी दल को सम्मिलित कराने हेतु कलेक्टरों को निर्देश जारी**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मंत्रालय से जिला कलेक्टरों को जारी परिपत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023-24 के आयोजन के संबंध में पूर्व में दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके है। राज्य स्तर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर तक रायपुर में आयोजित है, जिसमें भागीदारी करने वाले प्रतिभागी और दलों को भेजनें के लिए कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि जिले से प्रस्थान करने वाले प्रतिभागियों के दल में शामिल दल प्रभारी एवं उनके सहयोगी स्टॉफ, प्रतिभागियों (पुरूष एवं महिला), वाहन चालक, परिचालक एवं वाहन की जानकारी 22 सितम्बर को सायं 5 बजे तक ई-मेल आईडी स्रद्वह्न-ह्यश्चशह्लह्य42.ष्द्धद्दश्1.द्बठ्ठ पर अनिवार्यत: भेजना सुनिश्चित करें। प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर लाने-ले-जाने तथा रास्ते में भोजन इत्यादि की व्यवस्था एवं इस पर आने वाला सम्पूर्ण व्यय संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा वहन किया जाए। राज्य स्तर पर आने वाले प्रतिभागी दलों के साथ संबंधित जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक-एक डिप्टी कलेक्टर तथा उप पुलिस अधीक्षक की ड्यूटी लगाई जाए। जिलों से आने वाले महिला प्रतिभागियों के साथ अनिवार्य रूप से महिला कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए।

राज्य स्तर पर शामिल होने वाले संभाग स्तरीय प्रत्येक जिले के प्रतिभागी को पहचान पत्र प्रदाय किए जाने हेतु प्रारूप संभाग द्वारा सभी जिलों के खेल अधिकारियों का उपलब्ध करा दी गई है। अत: यह सुनिश्चित करें कि जिले से आने वाले प्रत्येक प्रतिभागी निर्धारित प्रारूप में जिला खेल अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं सील सहित पहचान पत्र के साथ ही यात्रा करें।

जिले के दल 24 सितम्बर को सायं 6 बजे तक अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति दें। जिलों के दल मैनेजर प्रत्येक विधावार नियुक्त प्रभारी से समन्वय कर, प्रतिभागी, दल को सुव्यवस्थित रूप से प्रतिभागिता सुनिश्चित कराएं तथा विधावार निर्धारित प्रतियोगिता आयोजन स्थल पर समय पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# फिर बदला मौसम का मिजाज प्रदेश में हो रही है भारी बारिश

**मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज-यलो अलर्ट**

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में फिर मानसून सक्रिय होने से झमाझम बारिश हो रही है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में बुधवार रात भर से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने गुरुवार को गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बिलासपुर और कोरबा जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि यलो अलर्ट रायपुर समेत 9 जिलों में किया गया है।



मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक, एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय पश्चिम बंगाल-ओडिशा तट के ऊपर है और इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रवात भी 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला है। इसके अगले दो दिनों तक आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर जाने की संभावना है। इसके असर से उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ से लगे जिलों में भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है, जबकि बाकी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

# रेलवे यात्री करेंगे आरामदायक यात्रा, 19 ट्रेनों में जोड़े गए नई तकनीक वाले एलएचबी कोच



**रायपुर,** 21 सितंबर। रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं संरक्षित रेल परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेल यात्रियों को सुविधाजनक, आरामदायक और सुरक्षित बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली सभी ट्रेनों में धीरे-धीरे पुराने आईसीएफ़ (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री) कोच को हटाकर नई तकनीक वाले एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच लगाये जा रहे हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 19 ट्रेनों को नई तकनीक वाले एलएचबी कोच के साथ चलाई जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 19 ट्रेनों के 22 रैक के कुल 465 एलएचबी कोच है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की (1) बिलासपुर-भगत की कोठी (2) बिलासपुर-बीकानेर (3) बिलासपुर-पटना (4) बिलासपुर-एर्णाकुलम (5) बिलासपुर-चेन्नई (6) बिलासपुर-पुणे (7) रायपुर-कोरबा (8) बिलासपुर-अमृतसर, छत्तीसगढ़ एक्स (9) दुर्ग-निजामुद्दीन, संपर्कक्रांति (10) दुर्ग-जम्मूतवी (11) दुर्ग-नौतनवा (12) दुर्ग-कानपुर (13) दुर्ग-अजमेर (14) दुर्ग-ऊधमपुर (15) दुर्ग-निज़ामुद्दीन, हमसफर (16) दुर्ग-भोपाल, अमरकंटक एक्स (17) रायगढ़-गोंदिया, जनशताब्दी एक्स (18) दुर्ग-नौतनवा तथा (19) दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस में एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आरंभ सहोदरा ऑडिटोरियम में

**रायपुर,** 21 सितंबर। पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आरंभ सहोदरा ऑडिटोरियम में हुआ। आईक्यूएसी सेल, शिक्षा एवं शारिरिक शिक्षा विभागों के सौजन्य से आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय एमर्जिंग ट्रेंड्स प्रोस्पेक्ट्स एंड चैलेंजस इन एनईपी 2020 रहा। ईश वंदना एवं स्वागत दौर के पश्चात् प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय समय-समय पर इस प्रकार की संगोष्ठियों एवं वर्कशॉप का आयोजन करता आया है जिससे समाज एवं मानव कल्याण का लक्ष्य हासिल हो सके। मुख्य अतिथि प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, कुलपति, रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगोष्ठी नई शिक्षा प्रणाली के लाभ एवं हानि पर ध्यान केंद्रित करने वाली साबित होगी। इस संगोष्ठी के माध्यम से नई शिक्षा प्रणाली का समाज पर प्रभाव एवं उसकी प्रांसगिता पर प्रकाश डालने वाले समस्त विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों को साधुवाद देते हुए प्रो. शुक्ल ने उपस्थित सभी बुद्धिजीवियों को अग्रिम शुभकामनायें भी दी। शिक्षा समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का एक स्तंभ हैं। राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली 2020 का लक्ष्य नई तकनीक को हमारी संस्कृति से जोड़ कर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुधारना। इससे हम विश्व पटल पर अग्रिम संपन्न राष्ट्रों की श्रेणी में आकर विश्वगुरू राष्ट्र के रूप में अपनी छाप छोड़ सके। की नोट स्पीकर डॉ. राजीव चौधरी, प्रो. एवं डीन, शारिरिक शिक्षा, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि नए विषयों पर संगोष्ठी आयोजित करना एक उद्देश्यपूर्ण कार्य है जो कि समाज में बदलाव लाने में सक्षम है। चाणक्य जैसे गुरूओं की आज हमें बहुत आवश्यकता है जो अपनी नितियों से ऐसे शिष्य समाज को देते थे जो राष्ट्र का उत्थान करने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देते थे। लंच ब्रेक के बाद द्वितीय टेक्निकल सेशन में रिसोर्स पर्सन डॉ. इंदिरा शुक्ला, पूर्व प्राचार्य. गोखले एजुकेशन सोसाईटी, मुंबई ने बहुत ही रोचक तरीके से अपना उद्बोधन आरंभ करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली में वेल्यु एजुकेशन का महत्व हमें ऐसे समाज निर्माण में सहायता करता है जो कि डिजिटल युग में हमारी परंपरा को खोने नहीं देता महाविद्यालय के चेयरमेन श्री सुशील शुक्ला जी ने मुख्य अतिथि सभी शिक्षाविदों, रिसर्च स्कॉलर्स एवं प्राध्यापको को साधुवाद देते हुए कहा कि आज के इस बहु उपयोगी सेमीनार से निश्चत रूप से सभी लाभान्वित होंगे। कल तृतीय एवं चतुर्थ टेक्निकल सेशन में रिसोर्स पर्सन्स प्रो. जाहीता बेगम, प्रो. एंड हेड शिक्षा विभाग, गांधीग्राम रूरल विश्वविद्यालय, तमिलनाडु एवं प्रो. आर. एल. निकोसे, प्राचार्य, पी.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गोंदिया द्वारा अपने शोध पत्र द्वारा नई शिक्षा प्रणाली 2020 के गुण एवं दोषों पर प्रकाश डाला जाएगा। संगोष्ठी में शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र भी प्रस्तुत किए। सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर इस अवसर को यादगार बनाने का प्रयास किया गया।





## कृषक पंजीयन 30 तक

**कुरूद** 21 सितंबर। वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कुरूद के समस्त पंजीकृत कृषक बंधु को सूचित किया जाता है की नवीन वर्ष 2023 में धान खरीदी पंजीयन का पंजीयन की अंतिम तारीख पंजीयन की नवीनीकरण समितियों में किया जा रहा है।

## निधन

### प्रकाश चंद श्रीश्रीमाल

**रायपुर,** 21 सितंबर। सिविल लाइन निवासी स्व. सेठ नेमीचंद श्रीश्रीमाल के द्वितीय पुत्र प्रकाश चंद श्रीश्रीमाल उम्र 72 वर्ष का निधन 21 सितंबर को हो गया है। उनकी शवयात्रा शुक्रवार 22 सितंबर। को श्रीश्रीमाल हाउस, सिविल लाइन से प्रात 11.30 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट अंतिम संस्कार हेतु जाएगी। वे धरमचंद, मोहनलाल, स्वरूपचंद, विजय एवं प्रेमरतन श्रीश्रीमाल के पिता थे।



## राजधानी में गणेशोत्सव का नजारा



सिकदर गणेशोत्सव समिति गुढ़ियारी



नवीन बाल समाज गणेशोत्सव समिति कटोरा तालाब




गोरी-गोरा गणेशोत्सव समिति गुढ़ियारी

# क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर करते थे ठगी

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को रायपुर पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है मुख्य सरगना मनीष सिंह उर्फ लक्की मूलत: हरियाणा का रहने वाला है वहीं असीम अहमद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है प्रार्थी रोहित कुमार साहू से कुल 9,18,002 रुपए की ठगी की गई थी मामला दर्ज होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते ठगी की रकम 6,50,000 रुपए को होल्ड कराया जा चुका है आरोपियान पीड़ितों को फर्जी कॉल एप के माध्यम से क्रेडिट कार्ड अपडेट करने साहित विभिन्न तरीकों के आधार पर ठगी की घटनाओं को अंजाम कराया जा चुका है प्रकरण का मुख्य आरोपी मनीष सिंह उर्फ लक्की ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए अन्य आरोपी वसीम अहमद को पेमेन्ट के लिए गेट.वे उपलब्ध कराने पर कमीशन देता था आरोपियों के कब्जे से ठगी के पैसों से खरीदे गए एक आईफोन 14 कीमत लगभग 1,50,000 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन जब्त किया गया है प्रार्थी रोहित कुमार साहू ने साइबर रेंज थाना रायपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जून को प्रार्थी के मोबाईल फोन



**दिल्ली के 2 अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार**

में एक्सिस बैंक के टोल फ्री नम्बर 18605005555 से किसी अज्ञात धारक ने फोन कर क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी दी जा रही थी इसी दौरान प्रार्थी के उक्त बैंक खाता में अलग.अलग किश्तों में लगभग 5 लाख रुपए क्रेडिट हुए उसके पश्चात् लगभग 4 लाख रुपए डेबिट भी हो गए प्रार्थी ने अपने होम लोन की किश्त को पटाने बैंक जाकर अपने खाते से उसमें लगे ब्लॉक को हटवाया गया जिसके पश्चात् 30.06.2023 से 01.07.2023 के मध्य प्रार्थी के खाते से कुल 9,18,02 रुपए उसके खाते से आहरित कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की इस पर रेंज स्तरीय सायबर थाना रायपुर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 भादवि 66सी 66डी आई.टी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया था ठगी की घटना को एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट तथा रेंज साइबर थाना रायपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी शुरू की प्रार्थी के मोबाइल पर आए कॉल का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही जिन खातों में रकम स्थानांतरित किए गए थे उन खातों के संबंध में भी संबंधित बैंकों से दस्तावेज व जानकारी प्राप्त कर आरोपी को चिन्हांकित करने में सफलता मिली लोकेशन ट्रेस करने के बाद दिल्ली गई टीम ने आरोपी मनीष सिंह उर्फ लक्की को पकड़ने में सफलता पाई। घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर मनीष ने बताया कि अपने साथी दिल्ली निवासी वसीम अहमद के साथ मिलकर ठगी की घटना को अंजाम देना बताया गया वसीम उसे कुछ कमीशन पर ऑनलाइन ठगी के पेमेन्ट हेतु गेट.वे उपलब्ध कराता थाए जिस पर टीम के सदस्यों ने घटना में संलिप्त वसीम अहमद की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ठगी के पैसों से क्रय की गई एक आईफोन 14 कीमत लगभग 1,50,000 रुपए और घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गईण् वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पूर्व में प्रकरण में 6,50,000 रुपए को होल्ड कराया जा चुका है।

# कनपटी पर बंदूक टिका लूट का प्रयास, एफआईआर दर्ज

- ड्राइवर की नौकरी से निकाली थी महिला
- गन लेकर पहुंचा लुटेरा, रुपये और गहनों को लूटने की कोशिश

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर के डीडी नगर इलाके में एक महिला की कनपटी पर बंदूक रखकर लूटपाट की कोशिश की गई। आरोपी नौकरी मांगने के बहाने घर के अंदर घुसा था फिर उसने महिला को अकेली पाकर घर में रखे रुपयों और गहनों की लूट की कोशिश की। हालांकि महिला ने चालाकी से अपनी जान बचाई जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। ये पूरी वारदात विप्र कॉलोनी में रहने वाली 60 साल की सुनीता यादव के साथ घटी। उनके पति की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। वो अपने घर पर बेटे और बेटी के साथ रहती हैं। उसे एक ड्राइवर की जरूरत थी। आरोपी इसका फायदा उठाया। नौकरी के लिए एक दिन पहले ही बातचीत करने पहुंच गया। महिला ने उसे आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस लेकर आने की बात कही थी लेकिन आरोपी की नीयत में खोट थी और वह लूट की साजिश रच डाली।

**कमर में फंसी बंदूक निकालकर डराया**

बुधवार को आरोपी कागज के साथ दोपहर ढाई बजे के करीब महिला के घर पहुंचा। उसने अपना आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस लाए जाने की बात की। इसी बीच आरोपी ने ये भांप लिया कि घर पर कोई नहीं है तो उसने कमर से बंदूक निकालकर महिला की कनपटी पर टिका दी।

### महिला की चालाकी से बची जान

आरोपी ने महिला से घर में रखे रुपये और गहने देने की बात कही फिर वो मेन गेट बंद करने के लिए जैसे ही पीछे मुड़ा। महिला ने उसे फौरन धक्का दे दिया और दौड़कर कमरे के अंदर जाकर खुद को लॉक कर लिया। मोबाइल से 112 की टीम को सूचना दे दी।

### सायरन सुनते ही भागा आरोपी

लूट की सूचना मिलते ही पास मौजूद पुलिस की गाड़ी मौके पर तेजी से सायरन बजाते हुए पहुंची जिससे आरोपी को ये भनक लग गई की महिला ने पुलिस को फोन किया है। वो तुरन्त मौके से फरार हो गया।

### एफआईआर दर्ज

मामले में डीडी नगर टीआई ने कहा कि लूट की कोशिश को लेकर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी के सबंध में कुछ जानकारी पुलिस को मिली है। उसकी खोजबीन जारी हैए जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# घर में शराब रखकर कर रहा था ब्रिकी, आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। अवैध नशे का कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है इस दौरान पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी रोशन वासुदेव पिता मनहरण वासुदेव उम्र 19 साल निवासी ब्लॉक व्ही 2 मकान नम्बर 19 वाल्मीकि नगर कबीर नगर रायपुर अपने घर मे बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब रखा है सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया तथा आरोपी रोशन वासुदेव को पकड़कर उसके कब्जे से कुल 37 पाव गोल्डन गोवा शराब कुल मात्रा 6.660 बल्क लीटर कीमती 4440 जप्त कर थाना कबीर नगर में धारा 34;2 आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया

# रायपुर एएसपी ऑफिस की मल्टीलेवल पार्किंग में गैंगरेप

- 17 साल की लड़की को गार्ड रूम में ले गए 3 लड़के
- 20 दिन में दूसरी वारदात

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में फिर एक बार एक नाबालिग से गैंगरेप हुआ है। इस बार मल्टी.लेवल पार्किंग में हुई है। बड़ी बात यह है कि इस मल्टी लेवल पार्किंग में एएसपी दफ्तर भी है। बताया जा रहा है कि नाबालिग से उसके ही ब्वॉयफ्रेंड के दोस्तों ने दुष्कर्म किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गैंगरेप के सभी आरोपियों को पकड़ लिया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिकए 17 साल की लड़की रायपुर के पास के



एक गांव की रहने वाली है। वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ उसके दोस्तों से मिलने के लिए जय स्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में पहुंची थी। बताया जा रहा है कि लड़की का बॉयफ्रेंड उसे छोड़कर किसी काम से चला गया था। इस बीच वहां मौजूद युवकों ने लड़की से दुष्कर्म किया। इससे करीब 20 दिन पहले रायपुर के मंदिर हसौद थाना इलाके में भी दो बहनों के साथ गैंगरेप हुआ था।

**लड़की को ले गए थे गार्ड रूम में**

शुरुआती जानकारी के मुताबिक रेप के आरोपी इसी पार्किंग में ठेका का काम संभालते हैं। लड़की को अकेला पाकर आरोपी उसे गार्ड रूम में ले गए और फिर दुष्कर्म किया। वारदात के बाद युवती ने गोल बाजार थाने में जाकर घटना की जानकारी दी।

### 3 आरोपी गिरफ्तार

नाबालिग से गैंगरेप की शिकायत पर पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक 35 साल का अविनाश बहरा अरविन्द नगर का रहने वाला है। वहीं 31 साल का सिकंदर जैन कांकेर का रहने वाला है। इसके अलावा तीसरे आरोपी का नाम गौरव राज है।

# अवैध शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम द्वारा थाना गुढ़ियारी क्षेत्र से अवैध रूप से शराब के साथ आरोपी चंद्रभान ध्रुव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 32 पौवा देशी शराब जुमला कीमती लगभग 3,500 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में धारा 34;2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। वही थाना पुरानी बस्ती पुलिस की टीम द्वारा थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रांतर्गत बंधवापारा स्थित तालाब



पास अवैध रूप से शराब के साथ आरोपी अरशद अली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 40 पौवा देशी शराब जुमला कीमती लगभग 4 000 रूपये जप्त किया गया। थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा थाना खमतराई क्षेत्र में अवैध रूप से शराब के साथ आरोपी निलेश भार्गव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 35 पौवा देशी शराब जुमला कीमती लगभग 4,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 34;2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका खारिज

- ऑनलाइन सट्टा ऐप केस में ईडी ने किया था गिरफ्तार
- सौरभ चंद्राकर और रवि की तलाश जारी

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार आरोपी अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका खारिज हो गई है। रायपुर की विशेष अदालत में दोनों पक्षों के वकीलों के बीच बुधवार देर शाम तक लंबी बहस चली थी जिसके बाद गुरुवार को यह फैसला सुनाया है। कोर्ट की समय अवधि पूरी होने के कारण जज ने फैसला सुरक्षित रखा था।

**23 अगस्त को ईडी ने किया था गिरफ्तार**

23 अगस्त को प्रवर्तन निर्देशालय की टीम में रायपुर और दुर्ग में छापेमारी कर पीएमएलए प्रिवेंशन ऑफमनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी समेत एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, को गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोपियों की 2 बार रिमांड ली थी। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था जिसके बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया था।

**सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की तलाश जारी**

ऑनलाइन सट्टा ऐप के मास्टर माइंड सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। दोनों आरोपी इस वक्त दुबई में बताए जा रहे हैं। वारंट जारी होने के साथ ही ईडी उन्हें भारत लाने की तैयारी शुरू कर दी है। ईडी ने इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए विदेश और गृह मंत्रालय समेत झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, एमपी और महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों को जानकारी भेजी है।

# कांग्रेस फिर से चलाएगी रेलवे के खिलाफ आंदोलन

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। केन्द्र की मोदी सरकार और रेल्वे बेशर्मी पूर्वक हठ धर्मिता पर उतर आये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में लगातार यात्री ट्रेनो के बंद और रद्द किये जाने के खिलाफ जनांदोलन किया था तब रेल्वे ने दावा किया था कि छत्तीसगढ़ से चलने वाली सभी यात्री ट्रेने सुचारू रूप से चल रही है लेकिन कांग्रेस के ट्रेन रोको आंदोलन के ठीक तीन दिन के अंदर रेल्वे ने छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली तथा राज्य से चलने वाली दो दर्जन से अधिक ट्रेनों को फिर से महिनों के लिये रद्द कर दिया। यह रेल्वे का मोदी सरकार का जन विरोधी फैसला हैं। रेल्वे अपनी कार्यशैली से कांग्रेस पार्टी को विवश कर रही है कि वह फिर से आक्रामक आंदोलन चलाये।

**कांग्रेस के आंदोलन के बाद भी दर्जनों ट्रेनों को रद्द किया**

श्री शुक्ला ने कहा कि रेल्वे जानबूझकर यात्री सुविधाओं को बाधित कर रही है तथा रेल्वे की यात्री सुविधाओं को अलोकप्रिय बनाने का षडयंत्र रच रही है। ताकि जनता रेल्वे से ऊब जाये, विश्वसनीयता खत्म हो जाये और मोदी सरकार बिना जन विरोधी के रेल्वे को अपने मित्र अडानी को बेच सके। उन्होंने कहा कि 'बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था' 'के और बिना किसी पूर्व 'सूचना' के केंद्र की मोदी सरकार और रेलवे मंत्रालय लगातार छत्तीसगढ़ में ट्रेनों को रद्द कर रहा है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ की जनता बुरी तरह परेशान और हलाकान है।

# बैंक में जमा करने दिए रुपयों शेयर बाजार में लगाया, गिरफ्तार

**रायपुर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में थोक व्यवपारी के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले को सुलझा लिया हैं। दुकान काम करने आरोपी युवक को गिरफ्तार गबन की गई राशि को बरामद कर लिया हैं। प्रार्थी विशाल अग्रवाल ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह व्हीआईपी रोड ला विस्टा सोसायटी अमलीडीह रायपुर में रहता है तथा थोक मार्केट डुमरतराई में थोक किराना दुकान का संचालन करता है। 2 मई से करीबन 01 माह पहले दुकान में रीतेश साहु नाम के लड़के को नौकरी पर रखा था। रीतेश साहू दुकान के काम के अलावा बैंक संबंधी काम भी करता था। 2 मई को प्रार्थी नगद 02 लाख रूपये रितेश साहू को अपने आईसीआईसीआई बैंक में जमा करने के लियें दिया था। साथ ही रितेश साहू को दुकान के कार्य करने हेतु एक दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 केआर 4361 तथा एक मोबाईल फोन चलाने के लिये दिया था। रितेश साहू अमानत में खयानत करते हुए प्रार्थी द्वारा



जमा करने हेतु दिये गये उक्त पैसे को बैंक में जमा न करते हुए प्रार्थी के दोपहिया वाहन तथा मोबाईल फोन को लेकर फरार हो गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना माना में अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी माना के नेतृत्व में थाना माना पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी रितेश साहू को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा उक्त घटना को अंजाम देने के साथ.साथ घटना से संबंधित नगदी रकम को शेयर मार्केट में निवेश करने पर नुकसान होना बताया गया है। जिस पर आरोपी रितेश साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना से संबंधित 01 नग मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ,
राजू- डॉक्टर साहब लीवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो ?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना सर।

## संपादकीय

### गरीबी उन्मूलन में छत्तीसगढ़ का बेहतरीन प्रदर्शन

*नीति आयोग की ताज़ा रिपोर्ट छत्तीसगढ़ के बारे में उत्साहवर्धक आंकड़े लेकर आई है। इसमें बतलाया गया है कि राज्य ने लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने तथा प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की दिशा में उम्दा प्रदर्शन किया है। न्याय योजनाओं की इसमें बड़ी भूमिका बतलाई गई है जिसके कारण यह सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। अनेक जिलों का विशेष उल्लेख इस रिपोर्ट में हुआ है जहां बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उम्मीद है कि छ.ग. सरकार अपने उन कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर इसी तरह काम करती रहेगी जिनके चलते ये उपलब्धियां हासिल हुई हैं। राज्य में इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका असर प्रदेश के सारे इलाकों में एक जैसा हुआ है। किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव जैसी स्थिति दिखलाई नहीं पड़ती। इस रिपोर्ट के अनुसार 40 लाख लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में सफलता मिली है।*

*रिपोर्ट के अनुसार जिन योजनाओं के कारण गरीबी का सफलतापूर्वक उन्मूलन हुआ है वे न्याय योजनाएं एवं ग्राम आधारित विकास कार्यक्रम हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव मितान क्लब आदि के जरिये ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं, वनोपज संग्राहकों एवं विभिन्न हितग्राहियों को 1.5 लाख करोड़ रुपयों की नकदी के रूप में सहायता उन कारकों में हैं जिन्होंने बड़ा फर्क पैदा किया है।*

*रिपोर्ट में इस तथ्य का भी जिक्र है कि दो साल तक कोरोना से प्रभावित होने के बाद भी राज्य की अर्थव्यवस्था में 56 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां यह 88,793 रुपए सालाना थी वहीं अब यह बढ़कर करीब 1.34 लाख रुपए प्रति वर्ष हो गई है। राज्य की जीएसडीपी में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है- 3,27,106 रुपए से 5,09,043। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरगुजा, दंतेवाड़ा एवं कबीरधाम में 23 से 25 फीसदी लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। धमतरी के साथ ही रायपुर व बालोद में गरीबी रेखा का स्तर अब केवल 10 प्रतिशत ही रह गया है जो एक अच्छी खबर है। चूंकि प्रदेश की प्रमुख कृषि फसल धान है, इसके उत्पादकों को कई तरह के मिले आर्थिक संबल ने भी राज्य को इस स्थिति में पहुंचने में मदद की है। किसानों में पक्ष में बनाई गई नीतियों के कारण अनेक नये लोग खेती से जुड़े हैं या फिर इसकी ओर लौटे हैं। पहले जहां 12 लाख किसान थे आज आज वे दोगुने यानी करीब 24 लाख हो गये हैं। उन्हें मिलने वाले फायदों से लोगों की समग्र स्थिति सुधरी है। वनोपजों की खरीद का दायरा व समर्थन मूल्य बढ़ने से भी स्थिति सुधरी है।*

# परिवर्तन यात्रा में रघुवर दास ने प्रदेश सरकार बदलने का किया आव्हान



**दुर्ग**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा के आव्हान पर निकाली परिवर्तन यात्रा के दुर्ग में अंतिम पड़ाव महिला समृद्धि बाजार के सामने सिविल लाईन हाकी मैदान में श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास ने छत्तीसगढ़ी में दिये अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ को बर्बादी से बचाने के लिये वर्तमान सरकार को बदलकर प्रदेश में अगली भाजपा की सरकार बनाने का आव्हान किया।

अपने उद्बोधन में सांसद एवं पाटन से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार भाजपा की होगी। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने विधायक अरूण वोरा पर हमलावर होते हुए कहा कि इन की कहीं कोई उपलब्धि नहीं है। ये दूसरों की उपलब्धियों को भी अपनी उपलब्धि बताते है। उन्होंने महापौर धीरज बाकलीवाल को भी आड़े हाथों लिया। परिवर्तन यात्रा के आगे युवा मोर्चा की बाईक रैली ने भी माहौल बनाया।

50 से ज्यादा युवतियों ने लिया भाजपा में प्रवेश : भाजपा कन्या शक्ति की संयोजिका नम्रता बंसोड़ के नेतृत्व में आज की सभा में 50 से ज्यादा युवतियों ने भाजपा में प्रवेश लिया। इनमें भूमिका साहू, आरती सारथी, नेहा निषाद, कु. पिंकी पूर्णिमा सहित अनेक युवतियां शामिल हुई।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, आभार प्रदर्शन चतुर्भुज राठी ने किया। मंचासीन अतिथियों में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, भूपेन्द्र सवन्नी, राहुल गुलाटी, चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, राजेन्द्र पाध्ये, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, अजय तिवारी, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, महेश गागड़ा, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

भाजपा की परिवर्तन यात्रा का दर्जनभर से ज्यादा स्थानों पर स्वागत : अपने निर्धारित समय से लगभग 3 घंटे विलंब से दुर्ग वायशेप पहुंची भाजपा की परिवर्तन यात्रा की प्रतीक्षा करते सैकड़ों कार्यकर्ता महिला उपस्थित रहे। परिवर्तन यात्रा मालवीय नगर चौक, एमजी मार्केट हनुमान मंदिर, पोलसाय पारा चौक, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, पटेल चौक, उतई नाका चौक गांधी प्रतिमा से होते हुए शीतला मंदिर महिला समृद्धि बाजार के सामने स्थित हाकी मैदान में सभा के रूप में परिणित हो गई। रायपुर नारा में साईंस कालेज के सामने जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, चतुर्भुज राठी, ललित चंद्राकर, सुरेन्द्र कौशिक एवं वरिष्ठ नेताओं, महिलाओं ने परिवर्तन रथ में सवार मुख्य अतिथि वक्ता पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड रघुवर दास, सांसद विजय बघेल, पूर्व सांसद विक्रम उसेण्डी, पूर्व मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा का पुष्पगुच्छ इत्यादि से स्वागत किया।

यहां से परिवर्तन यात्रा साईंस कालेज के सामने होते हुए राजेन्द्र पार्क से होकर सिंधी कालोनी, सिक्ख गुरूद्वारा, ग्रीन चौक शहीद चौक पहुंची। शहीद चौक में पटरी पार भाजपा मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता, आम लोग पार्षद उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर के नेतृत्व में आटो रिक्शा, ई रिक्शा, कार, निजी वाहनों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## परिवर्तन यात्रा का देवरबीजा में भव्य स्वागत



**बेमेतरा.** 12 सितंबर को प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने दंतेवाड़ा से च्परिवर्तन यात्राज् की शुरूआत की थी, एक हफ्ते बाद ये यात्रा दुर्ग संभाग से होते हुए 19 सितम्बर को बेमेतरा जिले में प्रवेश किया है जहाँ शाम को विशाल आम सभा के बाद 20 सितम्बर को सुबह प्रेस वार्ता के बाद ग्राम देवरबीजा में स्वागत फिर बेमेतरा विधानसभा के अंतिम कार्यक्रम स्वगात सभा के रूप में कोदवा में रखा गया था।परिवर्तन यात्रा बेमेतरा से कोदवा के आगवानी करने के लिए युवा मोर्चा बेरला व भिभौरी मण्डल अध्यक्ष दीक्षांत साहू व तारकेश्वर सोनी के नेर्तृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से कोदवा स्वागत सभा तक लाया गया जहाँ आतिशबाजी के फटाखे व अब नई सहिबो बदल के रहिबो का नारे से स्वागत किया। भाजपा इस चुनाव में कोई कसर नही छोड़ रहा है लगातार बीजेपी के बड़े नेता छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं. इस क्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास परिवर्तन यात्रा शामिल हुए कोदवा के स्वागत सभा को संबोधित किया इनके बाद धमधा और अहिवारा के विशाल आम सभा को अपना मार्गदर्शन देंगे । प्रमुख रूप से जिला प्रभारी लखन साहू,जिला अध्यक्ष ,भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल महामंत्री डोमेन्द्र राजपूत ,गौकरण साहू रोहित माहेश्वरी सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

रघुबर दास ने कहा छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर चल रही है इस लहर में आशीष छाबड़ा छोड़िए भूपेश बघेल भी बचने वाले नही है।कांग्रेस सरकार ने केवल हर वर्ग को ठगने का कार्य किया यह कार्य वह अपने पार्टी के नेता से भी कर चुके है जिसमे भुक्त भोगी उनके मंत्री ताम्रध्वज साहू व टी एस बाबा है।छत्तीसगढ़ के जनता अब एक ही बात कह रही है अब नहि साहिबो बदल के रहिबो।ये परिवर्तन यात्रा में जनता अपना आशिर्वाद दे रही है कार्यकताओ में काफी उत्साह है यात्रा में हर एक दिन कांग्रेस के काले कारनामो को उजगार कर रहे है।जहाँ देखो वहां भ्रष्टाचार रेत,कोयला,मुरुम और तो और यह सरकार गरीबो का चावल खा गई और शराबबंदी के वादा कर गांव गांव शराब बिकवाने का कार्य की।

उन्होंने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस सरकार आई है तब से यहां रोहंगिया बहुत तेजी से आ रहे हैं और धर्मान्तरण करने वाले लोग से भुपेश बघेल मिले हैं। उन्होंने इंडिया गंठबंधन पर भी निशाना साधा और कहा कि जब से इंडिया गंठबंधन बना है। तब से लगातार हिन्दू विरोधी बयान आ रहे हैं। यहां लोगों मिलकर हिन्दू धर्म समाप्त ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## प्रियंका अपने पुरखों के किस्से सुनाकर चली गई, छग सरकार की उपलब्धि बताने कुछ नहीं मिला : सरोज पाण्डेय



**दुर्ग,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के आरोपों के जवाब में कहा कि वे छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की भाषा बोल रही हैं। जहां से फर्जी आंकड़े भूपेश बघेल को मिलते हैंए वहीं से मिले आंकड़े गिना कर प्रियंका गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के बारे में बताने लायक उनके पास कुछ नहीं था इसलिए वे यूपी के उस जमाने के किस्से कहानी सुना गईं जब उनके पिता प्रधानमंत्री थे। पिता तो पिता वे अपने पिता के नाना तक की लोरियां छत्तीसगढ़ की बहनों को सुना गईं। उनके पास पुरखों के संस्मरण सुनाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। वे स्वयं स्वीकार कर गईं कि उनके पिता प्रधानमंत्री रहते हुए भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में अच्छी सड़क तक नहीं दे सके। प्रियंका आज के प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र को देखें। रही बात गैस सिलेंडर की तो बतायें कि वे चार सिलेंडर कहां हैं, जो 2018 के जन घोषणा पत्र में कांग्रेस दे रही थी।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राज में महिलाओं की स्थिति सबसे खराब है तो प्रियंका गांधी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लड़ना चाहिए कि किस बात का महिला समृद्धि सम्मेलन कर रहे हैं। महिलाओं को समृद्ध बनाने उन्होंने किया क्या है ? एक तरफ महिलाओं की अस्मिता खतरे में है, दूसरी तरफ भूपेश बघेल महिला सम्मेलन कराकर प्रियंका गांधी के दर्शन करा रहे हैं। क्या प्रियंका के दर्शन मात्र से महिलाएं समृद्ध हो जाएंगी ? महिलाओं को वाकई समृद्ध बनाना है तो प्रियंका गांधी अपने मुख्यमंत्री से महिलाओं के हक में लड़ें। छत्तीसगढ़ के युवाओं के हक में लड़ें। उन गरीबों के हक में लड़ें, जिनका आवास और अन्न छीना गया है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि प्रियंका गांधी को छत्तीसगढ़ की जनता को जवाब देना चाहिए कि गरीबों को मिलने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मारपीट में घायल युवक सूरज की मौत, हत्या का मामला दर्ज

## आम आदमी पार्टी ने दिया धरना, मुआवजा व नौकरी की मांग

**दुर्ग**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। गत 12 सितंबर को 9 दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक सूरज साहू पिता मानिक चंद्र साहू की आज शंकराचार्य अस्पताल में मौत हो जाने के बाद पुलिस ने आरोपियों छोटू गुप्ता, गोपाल गुप्ता और चंद्रकांत के विरूद्ध हत्या का मामला 302 दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पहले से ही जेल में है। आज इस मामले को लेकर उतई नाका चौक में आम आदमी पार्टी के संयोजक डॉ. एस.के.अग्रवाल, आरटीआई सेल प्रभारी मेहरबान सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मृतक के परिवार को 50 लाख रूपये मुआवजा व परिवार के एक व्यक्ति को शासकीय नौकरी देने की मांग कर रहे थे। इधर पुलिस के अनुसार मांग पूरी हुए बिना परिजन मृतक का पोस्टमार्टम नहीं होने दे रहे है। लाश अभी भी मरर्च्यूरी में रखी हुई है।

**आज दिनभर नहीं हो सका पोस्टमार्टम**

पुलिस के अनुसार गत 12 सितंबर की रात्रि मोहलाई के रहने वाले उक्त तीनों आरोपी, मृतक सूरज साहू के वार्ड 2 राजीव नगर केजू राईस मिल के पास स्थित घर पहुंचे और सूरज साहू को लेकर अपने साथ चले गये। वहां पर इन तीनों आरोपियों ने सूरज के साथ जानलेवा मारपीट की तथा अधमरी हालत में संकल्प विद्यामंदिर के पास छोड़कर चले गये। इसके बाद सूरज साहू के एक दोस्त आयूष गुप्ता ने उनके घर पहुंचकर सूरज के बेहोश पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद सूरज के पिता परिजनों के साथ मिलकर उसे जिला अस्पताल ले गये जहां उसकी स्थिति काफी गंभीर पाते हुए उसे शंकराचार्य मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। शंकराचार्य मेडिकल कालेज में गत रात्रि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

उसकी मौत के बाद से ही सूरज के परिवार में मौत का मातम पसर गया है वहीं आम आदमी पार्टी के लोगों ने इस मामलों को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया। मृतक के परिजनों को 50 लाख रूपये का मुआवजा सरकारी नौकरी की मांग की जा रही थी। इसमें एक आरोप यह भी है कि सूरज पर हमला करने वालों में एक भाजपा पार्षद का पुत्र भी है जिसे पुलिस बचा रही है। अत: उसके विरूद्ध भी मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की जायें।

इधर पुलिस का कहना है कि पार्षद पुत्र को बचाने की बात कोरी अफवाह है। पार्षद चमेली साहू का पुत्र चंद्रकांत साहू पहले से ही गिरफ्तार है। उस पर आज धारा 302 भी लगा दी गई है। जहां तक मुआवजे का प्रश्न है तो यह जिला प्रशासन का मामला है।

# स्टेशन रोड पर जगह-जगह गड्डे हो जाने से लोग परेशान



**दुर्ग**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। शहर की व्यस्तम स्टेशन रोड में बड़े बड़े गड्डे जिनमें बारिश का पानी भर जाने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इस मार्ग के व्यवसाइयों एवं नागरिकों ने इस मामले में जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर सवाल उठाते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी आड़े हाथों लिया है।

उल्लेखनीय है कि पटेल चौक से पुराना बस स्टैंड, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता काम्पलेक्स, पोलसाय पारा चौक होते हुए श्री शिवम माल तक की सड़क पर जगह जगह गड्डे हो गये है। इसके आगे की सड़क कुछ ठीक है। इस सड़क पर समय समय पेच वर्क करा देने से गड्डों के अलावा पूरी सड़क उबड़ खाबड़ हो गई है। कई बार ई रिक्शा व अन्य वाहनों के अनियंत्रित हो जाने से दुर्घटनाएं होती रहती है। इस सड़क के मध्य में रोड डिवाईडर भी काफी खतरनाक है। इसकी वजह से एक भारी वाहन के गुजरने पर अन्य छोटे दुपहिया वाहन चालकों के लिये खतरे की स्थिति बन जाती है। विधायक अरूण वोरा ने इस रोड डिवाइडर को हटाने का भरोसा स्थानीय व्यापारियोंको दिया था।

इधर खास तौर पर फरिश्ता काम्पलेक्स के सामने के एक बड़े हिस्से में जरा सी बारिश हो जाने पर सड़क भर जाती है। पानी निकासी का रास्ता न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस सड़क की हालत ऐसी है कि इस पर चलने वाले वाहन चालक अनेक रोगों के शिकार हो रहे है।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

**बालोद**, 21 सितंबर (देशबन्धु)।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले के मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन के प्रस्ताव प्रेषित करने के संबंध में जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक अपर कलेक्टर शशाक पाण्डेय सहित जिले के सभी रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान अनुमोदित मतदान केन्द्रों में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के पूर्व आवश्यक कारणों से भवन परिवर्तन स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन की प्रस्ताव चाही गई है। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार बालोद जिले में मतदान केन्द्रों के भवन मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन एवं नाम परिवर्तन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्रमांक 59 संजारी बालोद में मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन की कुल संख्या 11 एवं विधानसभा क्रमंक 60 डौण्डीलोहारा में 12 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही में 04 है। इस तरह जिले में मतदान केन्द्रों के नाम परिवर्तन की कुल संख्या 27 है। इसी तरह मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन की संख्या के अंतर्गत विधानसभा क्रमाक 60 डौण्डीलोहारा में 01 तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही में 04 है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा में 02 मतदान केन्द्रों का स्थल परिवर्तन किया गया है। बैठक में श्री शर्मा ने बताया कि जिले में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 814 है पूर्व में जिले में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 815 थी। मतदान केन्द्रों की युक्तिकरण के पश्चात् डौण्डीलोहारा के दल्लीराजहरा स्थित 01 मतदान केन्द्र का विलोपन किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन में जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों के अंतर्गत कुल 407 मतदान केन्द्रों का वेबकास्टिंग किया जाएगा। इसके अंतर्गत इन मतदान केन्द्रों के पूरे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## डॉ रमन ने क्या कार्यकाल में लोगों को अमृत बांटा : प्रभा

**डोंगरगढ़**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को आड़े हाथों लेते हुए कहा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी पहले बताएं कि क्या भाजपा शासन काल में डॉ रमन सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ के लोगों को क्या अमृत बांटा , छत्तीसगढ़ में भाजपा के 15 साल में ही सबसे ज्यादा लोगों को शराब पिलाने का काम किया तो वह भाजपा के शासनकाल में हुआ है और छत्तीसगढ़ की जनता को शराब की लत में डुबो दिया आज भाजपा झूठी दिखावा कर शराब में राजनीति कर रही है ,यह वही छत्तीसगढ़ की डोंगरगढ़ है जहां कांग्रेस के नेताओं को शराब भट्टी बंद करने के लिए जेल तक जाना पड़ा लाठी खानी पड़ी मैं बता दूं प्रदेश अध्यक्ष जी आपके ही भाजपा के नेता डॉ रमन सिंह जी द्वारा शराब भट्ठी को शासकीयकरण किया आज आप जनता की हितैषी बनकर शराब के नाम पर ढोंग ढकोसला कर रहे हो भाजपा के नेता पहले अपने गिरेबान पर झांक कर देखें क्योंकि 15 साल तक शराब में डूबे हुए थे और आज शराब के नाम पर झूठी दिखावा कर लोगों हितैषी का बनने का नाटक कर रही है भाजपा अपने शासनकाल में 15 साल तक किसानों के हित में नहीं सोचा किसानों के द्वारा सबसे ज्यादा आत्महत्या भाजपा के शासनकाल में किया गया साथ ही भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था आज मा. भूपेश बघेल जी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



### युवा रचना शिविर आज से

**खैरागढ़।** नगर में 22 से 24 सितंबर तक तीन दिवसीय आवासीय कहानी पर केंद्रित रचना शिविर का आयोजन साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा किया जा रहा है। देश के प्रतिष्ठित कहानीकार उपस्थित रहेंगे।

## कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



**बेमेतरा**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने आज सवेरे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को मरीजों का इलाज पूरी संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने सभी वॉर्ड का निरीक्षण किया और अस्पताल में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, एक्सरे, सोनोग्राफी, फार्मेसी, पैथोलॉजी लैब, ओपीडी में डॉक्टरों के साथ अन्य स्टाफ की उपस्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने ओपीडी में डॉक्टर स्टाफ की उपस्थिति और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ साथ अस्पताल परिसर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। उन्होंने कहा की मरीजों को मिलने वाले सभी सुविधा समय पर उपलब्ध हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉक्टर एवं स्टॉफ निर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित रहें ताकि मरीजों को डॉक्टर का इंतजार न करना पड़े और समय पर उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। जिलाधीश ने सीएमएचओ को अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर एवं स्टाफ को नोटिस जारी करने के निर्देश ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया विश्व ओजोन दिवस



**दुर्ग,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में विश्व ओजोन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। रसायनशास्त्र की प्राध्यापक डा. यास्मीन फातिमा परवेज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिवस का आयोजन ओजोन परत में हो रही कमी तथा जलवायु परिवर्तन से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए संभावित खतरों की चिंता के कारण है।

इस वर्ष की थीम में ओजोन परत की रक्षा करने के साथ जलवायु परिवर्तन को कम करने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकाल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस दिवस के महत्वपूर्ण उद्देश्यों में एक पृथ्वी पर जीवन के संरक्षण में ओजोन परत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में दुनिया भर में जागरूकता फैलाना है। इसके लिए युवा वर्ग को ओजोन परत की रक्षा करने सजग एवं सतर्क होना होगा। विकास की दौड़ में हम पराबैगनी किरणों के दुष्प्रभाव के शिकार न हो जाएं।

इस अवसर पर रसायन परिषद् के द्वारा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें 45 छात्राओं ने पोस्टर प्रस्तुत किए। जिसकी प्रदर्शनी लगायी गई। श्रेष्ठ 5 पोस्टर को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया।

छात्राओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए मांट्रियल प्रोटोकाल के रूप में जानने वाली पर्यावरण संधि को विभिन्न आयामों से उकेरा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# मुख्यमंत्री ने जिले को दिए 310 करोड़ की सौगात

**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर(देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के जयंती स्टेडियम के सामने महिला समृद्धि सम्मेलन कार्यक्रम को दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 21 सितम्बर को जिले के 309 करोड़ 56 लाख 88 हजार रूपए के 186 विकास कार्यो की सौगात दी। इन विकास कार्यों में 241 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत के 123 कार्यों का भूमिपूजन तथा 67 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत के 63 कार्यों का लोकार्पण श्रीमती प्रियंका गांधी ने बटन दाबकर किया। मुख्यमंत्री जिन नये विकास कार्यों का लोकार्पण किया उनमें प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत 3.74 करोड़ की लागत से पाटन विधानसभा क्षेत्र के 2 सड़कों, 1.21 करोड़ की लागत से निर्मित 30 स्कूल भवन, 4.65 करोड़ की लागत से शासकीय महाविद्यालय जामुल के भवन सहित कुल 8.23 करोड़ की लागत के 5 निर्माण कार्यों का, 25.19 करोड़ रूपए की लागत से 5 पुलों जिसमें 5.36 करोड़ रूपए की लागत से डगनिया नाला पर पुल, 4.55 करोड़ की लागत से भानपुरी-कोड़िया मार्ग में नाला पर और 2.96 करोड़ रूपए की लागत से पाउवारा नाला तथा 3.80 करोड़ की लागत से चिरपोटी कातरो मार्ग में उच्च स्तरीय पुल, 8.50 करोड़ रूपए की लागत से तांदुला नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का, 3.84 करोड़ की लागत से 13 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। तांदुला जलाशय अंतर्गत 9.75 करोड़ रूपए की लागत के 6 निर्माण कार्यों का, भनसुली नाला 1.05 करोड़ की लागत से जरवाय स्टाप डेम, 1.02 करोड़ की लागत से कसही जलाशय मरम्मत एवं नहर लाईनिंग कार्य, 1.12 करोड़ की लागत से सांतरा जलाशय के नहरों का मरम्मत कार्य, 5.05 करोड़ की लागत से करसा व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं नहर प्रणाली का रिमॉडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, उप स्वास्थ्य केंद्र और आयुर्वेदिक औषधालय सहित 10.41 करोड़ की लागत से निर्मित 29 कार्यों. नगर पालिका निगम भिलाई चरौदा में 2.47 करोड़ की लागत से डा बी.आर. अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन और दुर्ग शहर में 2.06 करोड़ तथा भिलाई नगर में 2.24 करोड़ की लागत से 33.11 केव्ही के 2 नवीन विद्युत उपकेन्द्रों का लोकार्पण किया गया।



## प्रिंयका ने भूपेश के कार्यों की जमकर तारीफ

### जिन कार्यों का किया भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 14.32 करोड़ की लागत से 15 सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। जिसमें 1.20 करोड़ रूपए की लागत से मेन रोड से चीचा, 1.68 करोड़ रूपए की लागत से मेन रोड से पोटिया मेडेसेरा, 2.12 करोड़ की लागत से कन्हारपुर से सिल्ली, 1.83 करोड़ रूपए की लागत से मेन रोड टी-5 से खिलोरा मंदिर, 2.30 करोड़ रूपए की लागत से मेन रोड से परसदा सहित अन्य सड़क निर्माण, 2.13 करोड़ रूपए की लागत से टठिया मोहलाई मार्ग, 2.31 करोड़ रूपए की लागत से मेन रोड से भिंभोरी, 1.32 करोड़ रूपए की लागत से मडियापार से परसदापार से नवागांव, 2.48 करोड़ रूपए की लागत से घोटारूहा से पेण्डरी सड़क एवं नाली निर्माण, कुरूदडीह, बटंग,खम्हरिया तथा पान्हदा में सड़क, पान्हदा से अम्लेश्वर मार्ग, बटंग से नारधी, बेलौदी से दरबार मोखली, फुण्डा से अचानकपुर, खपरी बायपास मार्ग, विभिन्न ग्रामों में शमशान घाट पहुंच मार्ग और चन्दखुरी.दमादपारा, सांकरा.कंडरका मार्ग, ब्रम्हकुमारी आनंद सरोवर बायपास, ग्राम ढाबा मुर्रा पहुंचमार्ग, ग्राम कपसदा सांकरा बायपास निर्माण कार्यों सहित स्कूल भवन निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा। 10.29 करोड़ रूपए की लागत से चिंगरी आलबरस में तान्दुला नदी में उच्च स्तरीय पुल, कुम्हारी परसदा अम्लेश्वर मार्ग में मध्यम पुल, कुगदा कुरूदडीह मोतीपुर मार्ग में मध्यम पुल, घोटवानी से मुड़पार मार्ग में कुलछुरी नाला पर उच्च स्तरीय पुल, पोटिया से बडेटेमरी मार्ग में पोटिया नाला पर उच्च स्तरीय पुल, तान्दुला जलाशय अंतर्गत 50.43 करोड़ रूपए की लागत के सिपकोन्हा डिस्ट्रीब्यूटरी के रिमॉडलिंग, लाईनिंग एवं कांक्रीटीकरण, बरबसपुर के पास स्टापडेमए किकिरमेटा उद्वहन सिंचाई योजना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही भिलाई नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 6ण्80 करोड़ रूपए की लागत से शहरी उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा मेंटल हेल्थ केयर यूनिट और खाद्य एवं औषधीय संभागीय कार्यालय भवन भिलाई.चरोदा में 8.53 करोड़ रूपए की लागत से सीसी रोड तथा नाली निर्माण के 62 कार्यों. मुख्यमंत्री समग्र अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के 38.64 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा, उप मुख्यमंत्री टी.एस.सिंहदेव, डॉ.चरण दास महंत, ताम्रध्वज साहू, मो. अकबर, रविंद्र चौबे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, अनिला भेडिया, डॉ.शिव कुमार डहरिया, कवासी लखमा, उमेश पटेल, अमरजीत भगत, गुरु रुद्र कुमार, विधायक अरुण वोरा, देवेंद्र यादव, जिला पंचायत की अध्यक्ष पुष्पा यादव, भिलाई के महापौर नीरज पालए रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, भिलाई-3 के महापौर निर्मल कोसरे, दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सेक्टर-9 अस्पताल में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु। सेक्टर 9 हॉस्पीटल में सफाई अभियान की शुरुआत की गई। सफाई अभियान की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ एम रवींद्रनाथ, महाप्रबंधक मोहम्मद शाहिद अहमद के द्वारा सांकेतिक रूप से झाड़ू लगाकर की गई। सफाई अभियान का उद्देश्य पूरे चिकित्सालय परिसर को संक्रमण मुक्त, स्वच्छ सुन्दर, साफ एवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करना है, ताकि प्रत्येक भिलाई वासी के उपचार के लिए बढ़िया वातावरण हो। सभी वार्डो की सफाई का स्तर संक्रमण मुक्त, स्वस्थ, सुन्दर हो, चिकित्सालय का बाहरी परिसर साफसुन्दर व्यवस्थित हो इसको ध्यान में रखते हुए यह अभियान शुरू किया गया। सफाई अभियान पखवाड़ा चिकित्सालय से लेकर प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में इसकी शुरूवात की गई है। सफाई अभियान पखवाड़ा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रारंभ गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत के अंतर्गत, सेक्टर 9 चिकित्सालय के द्वारा प्रत्येक वर्ष सृष्टि के सृजनकर्ता विश्वकर्मा जयंती से गांधी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। चिकित्सालय प्रबंधन ने चिकित्सालय आने वाले प्रत्येक भिलाई वासी, कार्मिक, स्टाफ सभी से चिकित्सालय परिसर में पोलीथीन का उपयोग ना करने की अपील की है। पोलीथीन स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। चिकित्सालय परिसर को स्वच्छ, सुन्दर, संक्रमण मुक्त वातावरण बनाने में और रखने में हमारी मदद व सहयोग करें। इस सफाई अभियान पखवाड़े में, अनुरक्षण एवं सेवायें विभाग के अधिकारी महाप्रबंधक बलवीर सिंह, सहायक महाप्रबंधक सरत विश्वास, अब्दुल हक, सफाई पखवाड़े के समन्वयक गजेंद्र शेखर उपलपवार, स्वच्छता निरीक्षक सुबोध देश पांडे एवं अन्य सफाई मित्रए सुरक्षा गार्ड सहित हॉस्पिटल स्टाफविशेष रूप से उपस्थित थे।

## मैत्री विद्यानिकेतन ने नारायण गुरु समाधि दिवस मनाया



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। मैत्री विद्या निकेतन स्कूल रिसाली ने विचारक श्रीनारायण गुरुजी की 95 वीं समाधि दिवस मनाया। अतिथियों का सम्मान पुष्प गुच्छ से किया गया। अध्यक्षता करते हुए संस्था की अध्यक्षा श्रीमती राजम सुधाकरण ने नारायण गुरुजी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए जातिभेद पर उनकी बाल्यावस्था के संघषों का हृदय स्पर्शी चित्रण किया। साहित्यकारा डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने कहा श्रीनारायण गुरु के जीवन से जुड़े विभिन्न के बारे में बताया। साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा ने कहा कि संतो की वाणी को आत्मसात करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक एस. साजन ने कहा की नारायण गुरुजी ने मानव विकास के अनेक कार्य किए। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा श्रीमती राज मसुधाकरण, प्रबंधक एस.सजीव एवं एस.साजन, विद्यालय की प्रबंधक एवं प्राचार्या डॉ.सजीता थंबी. उप प्राचार्या डॉ.बीना संजीव. प्रधानाध्यापिका श्रीमती निशि साजन. पाटन की प्राचार्या श्रीमती अमली, कॉलेज की प्राचार्या डॉ.सुरेखा पाटिल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सरस्वती चौरसिया और किरण टाटिया ने किया।

## डेंगू की रोकथाम हेतु सघन अभियान



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। 20 सितम्बर को कुल 4 नये प्रकरण डेंगू एलिजा पॉजिटिव के मिले। जिसमें से सेक्टर-1 से 01, सेक्टर-5 से 1, सेक्टर-8 से 1, कैंप-2 से1 के रहवासी है। वर्तमान में 4 मरीज भर्ती है एवं कोई भी मरीज की गंभीर स्थिति नहीं है। मरीजों के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मॉस्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियॉन से फागिंग का कार्य किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे.पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण रोकथाम व उपचार के संबंध मे एक दिवसीय कार्यशाला श्री शंकराचार्य इंस्टीट्युट ऑफमेडिकल कॉलेज भिलाई के सभागार में आयोजित की गई। जिसमे विभिन्न अस्पतालों मे कार्यरत प्रबंधक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रतिभागी के रूप मे उपस्थित हुए। जिन्हें जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज भिलाई, मेडिसीन विभाग प्रमुख डॉ. राहुल गुलाटी, डॉ. ट्विंकल चंद्राकर, डॉ. मोना चंद्राकर, सुश्री रितिका सोनवानी एपिडेमोलॉजिस्ट, लक्की दुबे व्हीबीडी सुपरवाईजर के द्वारा डेंगू मरीजों के प्रबंधन के बारे मे विस्तृत जानकरी दी गई। डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु ग्रामीण ल शहरीय की टीम द्वारा कुल 97315 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-138778 जिनमें से 44729 खाली कराये गये। सभी कंटेनरों में 81091 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 100051 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। डॉ.जे.पी. मेश्राम, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.सी.बी.एस. बंजारे के द्वारा लोगो से कहा कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जॉच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जॉच स्वा. केन्द्र, वेलनेस सेंटर में जॉच नि:शुल्क किया जा रहा है। तथा डॉक्टर के परामर्श से दवा लेवे।

## शंकराचार्य में माइक्रो बायोलॉजिस्ट सोसायटी आफ इंडिया का गठन



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा माइक्रो बायोलॉजिस्ट सोसायटी ऑफइंडिया का गठन किया गया। सोसायटी का लक्ष्य वैज्ञानिकों, शिक्षकों, उद्योग श्रमिकों एवं छात्रों को विभिन्न आउट रिच कार्यक्रमों द्वारा लाभ पहुंचाना है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में एम.एस.सी. माइक्रोबायोलॉजी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कविता वर्मा को अध्यक्ष, बीएससी-तृतीय वर्ष की छात्रा अंबिका जायसवाल को उपाध्यक्ष, बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा भूमिका देशमुख को सचिव तथा बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कार डेलियामूरे को सह-सचिव चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोसायटी के स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी उपस्थित थीं। जिनके द्वारा छात्राओं को बैच पहनाकर कार्यभार दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा कि सोसायटी बहुत ही सक्रिय समिति है। जिसका कार्य हमेशा से छात्रों को विभिन्न कार्यक्रम द्वारा प्रोत्साहित करना है। महाविद्यालय के डीन (अकादमिक) डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने छात्राओं को सोसायटी के सदस्य बनने पर बधाई दी तथा अपने कार्यभार का सही ढंग से निवर्हन करने की अपेक्षा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में सूक्ष्म जीव-विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रचना चौधरी, डॉ. भुनेश्वरी नायक, रचना तिवारी एवं अनन्यामा लेकर उपस्थित रहें।

## परिवर्तन यात्रा में दिखा भाजपा का उत्साह



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई में आज 21 सितम्बर को प्रात: परिवर्तन यात्रा की शुरूआत नेहरूनगर से हुई है। जो भिलाई विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए हुडको पहुंची। इस दौरान पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय सहित सांसद विजय बघेल एवं जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन का आह्वान किया। पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हमें परिवर्तन लाना है और भिलाई को उसको खोई हुई पहचान वापस दिलाना है। परिवर्तन यात्रा की आज नेहरू नगर ओव्हरब्रिज होते हुए सेक्टर-7, सेक्टर 6 ई मार्केट, ग्लोब चौक, सेक्टर 8 चौक होते हुए हुडको पहुंची। इस दौरान विभिन्न चौक. चौराहों पर आमजनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ताओं के उत्साह और भिलाईवासियों के अभूतपूर्व समर्थन से स्पष्ट है कि जनता ने भिलाई सहित पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की ठान ली है। कांग्रेस सरकार ने जो वादाखिलाफी की है अब उसका जवाब देने का समय आ गया है। जनता अब परिवर्तन चाहती है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सहित आमजन उपस्थित रहे।

**मलकीत के परिजनों से मिलेए ढांढस बंधाया**

पूर्व मंत्री श्री पाण्डेय आज प्रात: खुर्सीपार स्थित स्व. मलकीत सिंह के निवास पहुंचे। इस दौरान झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास के साथ उन्होंने मलकीत के परिजनों से भेंट की और ढांढस बंधाया। भारतीय जनता पार्टी का सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति राममंदिर निर्माण कमेटी द्वारा स्वागत किया गयाए जिसमे बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। और सभी ने इस बात का भी प्रण लिया कि इस बार छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाना है। इस अवसर पर न झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने भाजपा कार्याय सुपेला मे पत्रकारों से चर्चा में ने कहा कि महादेव आईडी का बुरा असर प्रदेश में देखने को मिल रही है। प्रदेश में शराब घोटाला, रेत घोटाला,व कानून व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति से जनता त्रस्त है। इस अवसर पर भूनेन्द्र सवन्ना, विक्रम उसेंड़ी, अमीत चन्ननी प्रदेश मीड़िया प्रभारी, योगेन्द्र सिंह, प्रेमलाल साहू, अमीत पहुंजा, संदीप अग्रवाल, सहित अनेक लोग उपस्थित थे.

## पशुपालकों को लगने वाला अर्थदण्ड अब पड़ेगा महॅंगा



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र से सितम्बर माह में अब तक सड़क एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रो से 328 घूमन्तू मवेशियों को पकड़कर कोसानगर शहरी गौठान तथा डी मार्ट के पशु आश्रय स्थल में रखा गया है। आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई क्षेत्र में विशिष्ट जनो के आगमन को ध्यान में रखकर तथा पशुओं से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने के लिए रोका छेका संकल्प अभियान लगातार चालने के निर्देश दिये है। अवकाश के दिनों में भी निगम का राजस्व अमला शहर के विभिन्न चौक चौराहो एवं सड़को में घूम कर घूमन्तू मवेशियों को पकड़कर गौठान में रख रहे है। सितम्बर माह में 328 पशुओं को पकड़ा गया है। इसके पूर्व 800 से अधिक मवेशियों को गौठान में रखा गया है। जिसका पशुपालन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग किया जा रहा है। इधर महापौर परिषद ने गौठानो से पशुओं को छूड़ाने के लिए जाने वाले अर्थदण्ड में बढ़ौत्तरी करते हुए प्रथम बार 1000, द्वितीय बार 3000 एवं अंतिम बार 5000 रूपये का प्रस्ताव पारित किया है। इसके बाद भी पशु सड़क पर पाये जाते है। तो पशु माालिक के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोट पुलिस में दर्ज कराने का प्रावधान किया गया है। आप को बता दे उच्च न्यायालय ने सड़क पर घुमने वाले पशुओं के घड़पकड़ की कार्यवाही को सक्ती से करने के निर्देश दिये है।

## कोहका हत्याकांड, मुआवजे के लिए उठने लगी मांग



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा के कोहका क्षेत्र में एक आदिवासी युवक की बेस-बाल से मारकर हत्या करने की निन्दा करते हुए कांग्रेस नेता अरुण सिसोदिया ने इसे अमानवीय कृत्य कहां है। श्री सिसोदिया ने ऐसे कृत्य की जितनी निंदा की जाए और कठोर से कठोर सजा दिलाई जाए कम है विदित हो कि आदिवासी परिवार का युवा के जो मजदूरी का काम करता था उसके पांच बच्चे और पत्नी के भरण पोषण का पूरे जिम्मेदारी थी। जिसमें की चार छोटी.छोटी लड़कियां हैं और सबसे छोटा एक तीन वर्ष का बच्चा है। इन सारी जानकारी को प्राप्त होने के बाद हम सब ने पीड़ित के घर पहुंच कर उसे अधिकार दिलाने उसके साथ संवेदनशीलता पूर्वक सहयोग करने की बात कही। साथ प्रशासन से 10 लख रुपए मुआवजा एक नौकरी और साथ ही साथ बच्चों की पढ़ाई का पूरा व्यवस्था करने की मांग शासन प्रशासन को लिखित में करने का निर्णय लिया। इसके लिये एक प्रतिनिधि मंडल में अरुण सिंह सिसोदिया, सरसी घोष, फारुक खान, राजू पाल, प्रमोद यादव प्रशासन से इस मांग को जल्दी से जल्दी पूरा करने हेतु जिलाधीश से मिलेगा और अपनी बात रख कर किसी भी हालत पर इस परिवार को मदद करने की कोशिश करेगा। कांग्रेस नेता अरुण सिंह सिसोदिया द्वारा पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर परिवार को आर्थिक मदद की गई

## नुआखाई, पितरों व ईष्ट देव को नए धान का लगाया भोग

**भिलाईनगर,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भिलाई-दुर्ग के उत्कल बस्तियों में पारम्परिक लोक पर्व नुआखाई पर्व मनाया गया। पितरों व ईष्ट देवी देवताओं को धान की नई फसल से बना भोग अर्पित कर लोगों ने सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया। गणेश चतुर्थी के ठीक अगले दिन ऋषि पंचमी पर पश्चिम ओडिशा में नुआखाई का त्योहार मनाया जाता है। परम्परा अनुसार खीर और परम्परागत मीठे पकवान के साथ साथ धान के नई फसल से प्राप्त अन्न का भोग पितरों व ईष्ट देवी देवताओं को अर्पित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। भिलाई-दुर्ग सहित खुर्सीपार, रिसाली. मरोदा. जामुल. भिलाई-3, चरोदा, कुम्हारी, देवबलोदा, पुरैना सहित अन्य उत्कल बस्तियों में आज इस पारम्परिक त्योहार को मनाया और नए धान से बने प्रसाद वितरित किया। नुआखाई का त्योहार संपूर्ण ओडिशा में मनाने की परम्परा रही है। नुआखाई का शाब्दिक अर्थ है नया खाना। खेतों में खड़ी नई फसल के स्वागत में यह मुख्य रूप से ओड़िशा के किसानों और खेतिहर श्रमिकों द्वारा मनाया जाने वाला पारम्परिक त्यौहार है। लेकिन समाज के सभी वर्ग इसे उत्साह के साथ मनाते हैं। वर्षा ऋतु के दौरान भादों महीने के शुक्ल पक्ष में खेतों में धान की नई फसल, विशेष रूप से जल्दी पकने वाले धान में बालियां आने लगती हैं। तब नई फसल के स्वागत में नुआखाई का आयोजन होता है। नुआखाई में पितरों और ईष्ट देवी देवताओं से घर-परिवार में सुख-समृद्धि और शांति के साथ ही फसल के अच्छे पैदावार की कामना भी की गई। इसके अगले दिन भेंटघाट किया जाता है। भेंटघाट का अर्थ मेल मुलाकात से है। इसमें समाज के लोग एक-दूसरे को नुआखाई की शुभकामनाएं देते हैं। इस दौरान उम्र में छोटे अपने से बड़ों को नुआखाई जुहार कहकर अभिवादन करते हैं।

## भिलाई-चरोदा में 26 तक टीकाकरण अभियान



**भिलाईनगर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 अंतर्गत सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के द्वितीय चरण का उद्घाटन निगम चरोदा भिलाई 3 की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग सभापति श्रीमती देव कुमारी भल्लावी, एम आई सी सदस्य एस वेंकट रामन ओर वार्ड पार्षद देवेन्द्र ठाकर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ दिव्या श्रीवास्तव ने उपस्थित हितग्राहियों को बताया कि ऐसे बच्चे जो किसी कारणवश टीक लगाना छुट गये या समय पर नहीं लगा सके उन्हें सात दिवस लगातार विभिन्न केंद्रों में सभी टीके निशुल्क लगाए जाएंगे। विशेषकर मज़दूरी करने वाले परिवार के बच्चों को जानकारी नहीं होने नई जगह टीकाकरण का स्थान पता नहीं होने के कारण डयु रह जाते है। पार्षद देवेन्द्र ठाकरे ने शासन के अभियान का लाभ उठाने के लिए सभी हितग्राहियों को जागरूक होकर आसपास प्रचार प्रसार करने कह गया। एस वेंकट राम्मना ने कहा जन प्रतिनिधियों का भी दायित्व है, कि वे अपने क्षेत्र में बहार से आने वाले परिवारों को सूचित करे कि नवजात ओर गर्भवती महिलाओं को कहा टीकाकरण अभियान होता है। जिससे क्षेत्र में कोई टीकाकरण से वंचित ना रहे। श्रीमती देव कुमारी भल्लावी कहा कि नवजात शिशु को समय अनुसार टीके लगाने चाहिए किसी कारणवश आप टीकाकरण नहीं करा पाते हैं तो शासन ने सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान ओर शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत अभियान में पहुंच कर लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि 26 सिंतबर तक चरोदा भिलाई 3 अंतर्गत सभी एसएसके में टीकाकरण अभियान होगा कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ कीर्ति तिर्की, डा अग्रवाल, श्रीमती अनीता नयन,श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती ए दत्ता, श्रीमती विघा कहरा, यशवंत साहू देवेन्द्र राजपूतएमनीष स्वर्णकार, नेहा गौतम, नारायण साहू, विशाल, अंजू राजपूत, विक्रम, सोन कुमारी उपस्थित रहे।

## कृषक पंजीयन 30 तक

**कुरूद** 21 सितंबर। वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कुरूद के समस्त पंजीकृत कृषक बंधु को सूचित किया जाता है की नवीन वर्ष 2023 में धान खरीदी पंजीयन का पंजीयन की अंतिम तारीख पंजीयन की नवीनीकरण समितियों में किया जा रहा है संबंधित समिति में पंजीयन कराना सुनिश्चित करें, पंजीयन की अंतिम तारीख 30 सितंबर 2023 तक कार्यालय समय में कर सकते हैं।



# 33 परिवारों को आवासीय पट्टा व 146 परिवारों को मिला पीएम आवास स्वीकृति पत्रक

**कवर्धा**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम प्रवास के दौरान नगर पंचायत बोड़ला में 46 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत स्वीकृति पत्र और कवर्धा के स्थानीय विश्राम गृह में कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के 33 परिवारों को आवासीय पट्टा एवं 100 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजनातर्गत स्वीकृति पत्र प्रदान किया। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्र वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। अब तक कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के हाथों कवर्धा शहर के 1 हजार 569 हितग्राहियों को राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत उनके आशियाने का अधिकार प्रदान किया जा चुका है। उन्होंनें कहा कि इस तरह से आगे भी जरूरतमंद व पात्र परिवारों को आवासीय पट्टा का वितरण करेगें।



**कैबिनेट मंत्री ने सभी का नाम पुकारा, हितग्राही हुए गदगद**

आवासीय पट्टा पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होनें सभी पात्र परिवारों को पट्टा की स्वीकृति लिए बधाई व शुभकामनाएं दी तथा हितग्राहियों के साथ फोटो भी खिंचाई। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार गरीबों की सरकार है। उन्होंने बताया कि जनता से वादा किया है उसको मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरा कर रहे है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर के हाथों अब तक कवर्धा शहर में निवासरत व पात्र 1 हजार 569 परिवारों को उनके हक-अधिकार प्रदान करते हुए राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवसीय पट्टा प्रदान किया गया है। आवासीय पट्टा के साथ प्रधानमंत्री आवास निर्माण किए जाने के लिए स्वीकृति पत्रक भी प्रदान किया गया। स्वीकृति पत्रक मिल जाने से उनके चेहरे में खुशी से खिल उठे है। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य महेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, पीतांबर वर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, बोड़ला नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, जिला पंचायत सदस्य श्री मुखीराम मरकाम, श्री अगमदास अनंत, राजकुमार तिवारी, विरेन्द्र जांगड़े, गणेश गुप्ता, एल्डरमेन कौशल कौशिक, पार्षद सुनील साहू सहित सभापतिगण, पार्षदगण, एल्डरमेन गण सहित अधिकारी-कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**गुरुर**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के मार्गदर्शन में प्रदेश भर के अधिकांश जिलों में चार सूत्रीय मांगों पर महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर /एसडीएम/ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन मे लंबित राष्ट्रीय जनगणना 2021 की जनगणना शीघ्रातिशीघ्र करने एवं जनगणना प्रपत्र में ओबीसी के लिए पृथक से कोड नंबर निर्धारित तथा आंकड़े प्रकाशित किए जाने का अनुरोध किया गया है। रोहिणी कमीशन की अनुशंसाएं लागू नहीं करने, एवं 27% ओबीसी आरक्षण को देश के सभी राज्यों में समान रूप से लागू कर भारत सरकार द्वारा अध्यादेश पारित कर ओबीसी आरक्षण को संविधान के नवमी अनुसूची में शामिल करने की मांग ज्ञापन मे की है।

**आसकरण को मिले शहीद का दर्जा**

इसी तरह 13 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बालोद जिला के राजा राव पठार के समीप ओबीसी समुदाय के 11 सूत्रीय मांगों को लेकर की गई आंदोलन के दौरान ओबीसी समाज के 48 वर्षीय आसकरण पटेल की तबीयत बिगड़ने पर धमतरी अस्पताल ले जाते समय आकस्मिक निधन हो गया, धरना आंदोलन के दौरान मौत होने के कारण आसकरण पटेल को शहीद का दर्जा देने, परिवार को 50 लाख रुपए की सहयोग राशि एवं परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा प्रदान किए जाने, साथ ही धरना स्थल पर शहीद स्मारक निर्मित किए जाने की मांग छत्तीसगढ़ सरकार से किया गया है।

गुरुर तहसीलदार हनुमंत श्याम को ज्ञापन सौंपने हेतु गुरुर ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, संरक्षक संपत कलिहारी, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, सामरथ सिन्हा, लोकेश्वर गंजीर, झम्मन हिरवानी, एडवोकेट विनेश गजेंद्र, पियूष कुमार, वर्षा संजय साहू अध्यक्ष महिला मोर्चा गुरुर, देवलसिंह साहू, मानसिंह ढीमर, ओंकार महमल्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

# नारी शक्ति वंदन बिल ऐतिहासिक फैसला : संध्या अजेंद्र साहू

**गुरुर**, 21 सितंबर। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होना एक ऐतिहासिक फैसला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को बहुत बड़ा उपहार दिया है। भारत की महिलाएं कितने वर्षों से इस दिन का इंतजार कर रही थी कि उन्हें भी उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण मिलना चाहिए, आज यहां बिल पास हुआ। उक्त बातें जनपद पंचायत गुरुर के सदस्य एवं भाजपा नेत्री संध्या अजेंद्र साहू ने कहा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से महिलाएं और सशक्त और मजबूत बनेगी और राज्य और अपने देश में प्रतिनिधित्व कर सकेंगे और देश के विकास मेंअपनी सहभागिता निभा सकेगी। बालोद जिले से लेकर छत्तीसगढ और पूरे भारत के महिलाओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा के सभी सांसदो का आभार व्यक्त किये है।



# नपं में स्वच्छता दीदी व सफाई कर्मचारियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**गुण्डरदेही**, 21 सितंबर। नगर पंचायत गुण्डरदेही मे स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत शासन के निर्देशन मे 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा एवं इंडियन स्वच्छता के तहत स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है इसी कड़ी मे गुरूवार 20 सितंबर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुण्डरदेही चन्द्रकांत शर्मा के मार्गदर्शन मे नगर पंचायत कार्यालय गुण्डरदेही मे स्वच्छता दीदी व सफाई कर्मचारियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवा वितरण किया गया इस दौरान सीएमओ श्री शर्मा ने शासन की चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे मे बताया साथ ही योजनाओ से संबंधित फार्म भी भरवाएं गए कार्यक्रम मे नोडल अधिकारी उप अभियंता कृपाराम बर्मन लेखापाल दुष्यंत सिंह छम्मन साहू उमेश ठाकुर प्रदीप सोनी प्रणय कुमार के आलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# दिव्यांग मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने कलेक्टर ने दिलाई शपथ

**बालोद**, 21 सितंबर। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सिवनी में स्थित उपसंचालक समाज कल्याण विभाग कार्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम जिले के दिव्यांग मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने कि शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

इस दौरान कलेक्टर ने जिले के सभी दिव्यांग मतदाताओं को विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के अलावा अपने परिजनों तथा आस पास एवं परिचित के लोगो को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील भी की। उन्होने बालोद जिले में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु दिव्यांग मतदाताओं को महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने को कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव मतदाओं के मतदान आईकॉन हरि राम व छत्तीसगढ़ दिव्यांग मंच के प्रदेश प्रभारी शिव साहू छत्तीसगढ़ दिव्यांग मंच के प्रदेश मिडिया प्रभारी दिगम्बर सोनबोईर सहित उपसंचालक समाज कल्याण विभाग अजय गेडाम व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इसलिए देश के प्रत्येक मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि पिछले आम निर्वाचनों में जिले के दिव्यांग मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत सराहनीय रहा है। जिले के दिव्यांग मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया है। उन्होने कहा कि आने वाले विधानसभा निर्वाचन में जिले के कोई भी दिव्यांग मतदाता मतदान करने से वंचित नही होना चाहिए। उन्होने कहा कि आज इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी दिव्यांग मतदाता अपने आप में ब्रांड एम्बेसडर है। इसलिए स्वयं के मताधिकार के प्रयोग के अलावा अपने आस पास गांव शहर पारा मोहल्ला सभी जगह के लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों के बीच पहुंचकर उनका हाल चाल पूछा। इस दौरान उन्होने अभी हाल में ही पैर खराब होने के कारण कृत्रिम पैर लगाने वाली महिला रमला बाई के अलावा फ्लसिंग एवं अन्य दिव्यांगजनों से भेंटकर उनका हाल चाल जाना। उन्होने मौके पर उपस्थित जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र के डॉक्टरों को कृत्रिम अंगो के पूरी तरह फीट होने तक संबंधित दिव्यांगजनों का समुचित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री शर्मा जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव ने दिव्यांग मतदाताओं एवं वृद्धजनों को शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्यां में दिव्यांगजन उपस्थित थे।


# नपं डौंडी में स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**डौण्डी**, 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत डोंडी में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा एवं इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 21 सितंबर 2023 को नगर पंचायत डोंडी कार्यालय में भी स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित होने वाले मोबाइल मेडिकल यूनिट के टीम द्वारा स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गयाऔर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया साथ ही साथ शासन के विभिन्न प्रकार के जनकल्याणकारी और लाभकारी योजनाओं की जानकारी दिया गया एवं योजनाओं से संबंधित फॉर्म भरवाए गए। शिविर में समस्त पार्षद एवं एल्डरमैन, नगर पंचायत डोंडी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष देवांगन, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी उप अभियंता भूपेन्द्र दिली , सफाई दरोगा प्रदीप यादव,संदीप यादव, डोमन निषाद, के साथ समस्त अधिकारी कर्मचारी गण एवं नगर एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित थे। शिविर के आयोजन में मोबाइल मेडिकल यूनिट 4 के डोंडी के टीम से संदीप वर्मा परियोजना प्रबंधक का विशेष सहयोग रहा।

## निधन

### श्रीमती सुशीला साखरे




**भिलाईनगर**, 21 सितंबर। वरिष्ठ पत्रकार एवं तथागत समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष व समाज सेवी श्रीमान अनिल साखरे की माताजी श्रीमती सुशीला साखरे पति स्व. पीटी साखरे का आज 21 सितम्बर को हृदयघात से बीएम शाह हॉस्पिटल में दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया हैं। जिनकी अंतिम यात्रा साखरे निवास, शांति नगर सड़क नम्बर-7, मकान नंबर-675 से 22 सितम्बर को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। दिवंगत सुशीला साखरे, अनिल साखरे श्रीमती प्रतिमा सांगोले, श्रीमती सुषमा भगत की माता थी।

### श्याम सुंदर राव



**कुम्हारी**, 21 सितंबर। वार्ड क्र. 19 सार्थक होम्स कुम्हारी निवासी श्याम सुंदर राव (31 वर्ष) का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम कुम्हारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में परिजन सहित नगर के लोगों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।

### श्रीमती फिरोजजहां



**महासमुंद**, 21 सितंबर (देशबंधु)। स्थानीय वार्ड नंबर 13 स्टेशन पारा निवासी श्रीमती फिरोजजहां 78 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 20 सितंबर को स्थानीय क्रबिस्तान में किया गया। वे साहिद भाई, पत्रकार सोहेल अकरम की मां थी।

### समारू राम साहू



**अमेरा/बलौदाबाजार**, 21 सितम्बर। ग्राम पुरेना खपरी निवासी समारू राम साहू का निधन गत दिवस हुआ। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मोक्षधाम में किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में स्वजाति बंधुओं व गांव के ग्रामीण शामिल हुए। वे शिवप्रसाद, रामविशाल, रामनाथ, देवनाथ के पिता थे।

### अविनाश वर्मा



**बलौदाबाजार**, 21 सितम्बर। ग्राम भरूवाडीह निवासी अविनाश वर्मा 23 वर्ष का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जहां नातेरिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थें। वे देवेन्द्र वर्मा के छोटे पुत्र और बिहारी वर्मा के भतीजा थे।

# मंत्री भेड़िया धान उपार्जन केंद्र शिकारीटोला में किसान कुटीर भवन का किया भूमिपूजन

**दल्लीराजहरा/डौण्डी**, 21 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश की केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक अनिला भेड़िया डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र डौण्डी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान उपार्जन केंद्र शिकारीटोला में किसान कुटीर भवन का भूमि पूजन में मुख्यअतिथि के रूप में सम्मिलित हुई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र साहू अध्यक्ष प्राधिकृत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. दुर्ग ने किया। जहां समिति अध्यक्ष व किसानों ने सर्व प्रथम मंत्री अनिला भेड़िया व राजेन्द्र साहू का पुष्प गुच्छ तिलक वंदन करके स्वागत किया इस भूमि पूजन समारोह में मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा चबूतरा, फड़ सीमेंटीकरण व कुसुमकसा में नवीन खाद गोदाम बनाने की घोषणा की है, वही प्राधिकृत राजेन्द्र साहू द्वारा कुसुमकसा में एटीएम खोलने की सहमति दिए कुसुमकसा समिति प्राधिकृत कन्हैयालाल भैंसारे ने कुसुमकसा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने के लिए मांग पत्र सौपे है। इस अवसर पर मंत्री भेड़िया कार्यक्रम में उपस्थित किसानों से उनके धान फसल और खेती किसानी के संबध में बातचीत करते हुए जानकारी लिया और कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में आप लोगो का आशीर्वाद से प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता फिर से स्थापित होगी। किसानों का धान समर्थन मूल्य में वर्तमान से और ज्यादा मूल्य में हमारी सरकार खरीदी करेगी। साथ ही यह भी कहा की आज पुरे देश में किसानों का धान समर्थन मूल्य में सबसे ज्यादा कीमत में प्रदेश की कांग्रेस सरकार खरीद रही है।जिसका लाभ प्रदेश के किसानों को मिल रहा है। साथ ही यह भी कहा की भूपेश सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अपनी अलग विकास दृष्टि दिखाई है राज्य की जनता की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने एक नई मिशाल पेश किया है,जो धरातल में भी दिखाई दे रहा है।कार्यक्रम में शभोलाराम देशमुख (अध्यक्ष कृषि उपज मंडी बोर्ड बालोद), मिथलेश निरोटी (उपाध्यक्ष जिला पंचयात बालोद) शब्बीर खान (सदस्य उर्दू अकादमी छ.ग. शासन) योगेश सिन्हा (अध्यक्ष युवा मितान डौंडीलोहरा विधानसभा), डौंडी ब्लाक के समस्त प्राधिकृत खिलानंद उर्वासा चिखलाकसा, तुलुराम कोसमा गुजरा, वीरेन्द्र कुमार तारम साल्हे, सुकलाल कोसमा डौंडी, गिरधारीराम कोटागांव, जितेन्द्र गवर्नर भर्रीटोला36, परस मंडावी अमाडुला, लक्ष्मण गौर गुदुम, अर्जुनसिंग मंगलतराई, धनराज नेताम कुआगोंदी, पूर्व समिति अध्यक्ष कसुमकसा घनश्याम गुनेन्द्र, भर्रीटोला पूर्व सरपंच माखनलाल कोठारी, पूर्व सरपंच धुर्वाटोला संजूराम नेताम, सरपंच धुर्वाटोला गणेश शेवता, जनपद सदस्य यश राणा चिपरा, मरकामटोला जनपद सदस्य राजाराम तारम, कृषि विभाग, उद्यानकी विभाग, वन विभाग एवं समिति के समस्त ग्रामवासी, समिति प्रबंधक व समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



**किसानों से मंत्री धान फसल व खेती किसानी की लिए जानकारी**

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक, ऐप के जरिए बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

**बालोद**, 21 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के अंतर्गत सभी 9 मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा पखवाडा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला बालोद द्वारा वर्चुअल बैठक रखी गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्य योजना तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रमों एवं नीतियों में गरीब कल्याण तथा सेवा सर्वोपरि है। हम सभी कार्यकर्ता समाज जन के साथ मिलकर अनेक सेवा के कार्य करते रहे हैं। मोदी जी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर पर तीन सदस्य समिति बनाई गई है। जिसमें जिला मंत्री संजय दुबे, पूर्व कोषाध्यक्ष मोहन जैन एवं प्रचार प्रसार जिला राजीव शर्मा नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा सेवा पखवाडा के अंतर्गत चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं युवा मोर्चा के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा आयुष्मान भव योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना को लांच किया गया है। जिसके अंतर्गत भाजपा के कार्यकर्ता मंडल स्तर पर आयुष्मान एप से लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाएंगे एवं आयुष्मान भव योजना के अंतर्गत क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय की योजनाओं को लोगों तक ले जाकर आयुष्मान भव कैंपेनिंग के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करके सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री मोदी ने 18 तरह के शिल्प व कर्मकार लोहार, मोची, धोबी, बढाई जैसे कार्यों के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण स्वयं की व्यवसाय हेतु 5 प्रतिशत वार्षिक दर एवं अनुदान के माध्यम से कर्मकारों के कार्य में कुशलता लाते हुए स्वयं के व्यवसाय हेतु केंद्रीय स्तर पर 13000 करोड रुपए बजट में शामिल किए हैं। जिन्हें भाजपा कार्यकर्ता जरूरतमंदों तक योजना का प्रचार प्रसार करेंगे।

25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्या जयंती पर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम रखा जा 25 सितंबर के पश्चात बुथ सशक्तिकरण के दूसरे चरण का कार्य कार्यकर्ता करेंगे। वही अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोहल्ले में संपर्क कर केंद्र सरकार की योजना एवं उनके उत्थान के लिए मोदी सरकार द्वारा किया जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचाएंगे। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। वृक्षारोपण कर पौधा रोपण एवं संवर्धन का कार्य भी किया जाएगा। 2 अक्टूबर को वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम भी किया जाएगा। इन समस्त कार्यक्रमों में भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल सहित सभी मोर्चा प्रकोष्ठ एवं प्रकल्पों के सामूहिक प्रयास से सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम किया जाएगा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### परिवर्तन यात्रा में रघुवर दास ने ...

से पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। लगभग साढ़े 11 बजे से लोग व्याकुल थे। आटो रिक्शा, ई रिक्शा वालों ने तो हंगामा खड़ा कर दिया। उनका कहना था कि उन्हें ढाई बजे तक के कहकर के साथ लाया गया था। वे लौट रहे थे। इस पर भाजपा नेताओं ने उन्हें समझा बुझाकर रोका। अतिरिक्त राशि भी दी। एक व्यक्ति लगभग दो दर्जन लोगों को बाईक में लेकर यहां पहुंचा था। वह सभी के लिये पेट्रोल की मांग कर रहा था। इसी तरह पानी पाउच व नाश्ते के लिये भी लोग बैचेन थे। यात्रा में देरी को लेकर लोग अपनी अपनी परेशानी भी व्यक्त करने लगे थे। देवनारायण चंद्राकर सुनील अग्रवाल, मनमोहन शर्मा, गोलू सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रतीक्षारत भीड़ के लिये पानी व नाश्ते की व्यवस्था की। लगभग यही स्थिति एमजी मार्केट के सामने अग्रसेन चौक हनुमान मंदिर के पासथी। यहां पर चंडी शीतला मंदिर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यहां पर भूख प्यास से बैचेन हो रही महिलाओं बच्चों एवं कार्यकर्ताओं के लिये विजय ताम्रकार एवं साथियों ने व्यवस्था की। यहां पर पूर्व पार्षद चंद्रप्रकाश मेश्राम, रीता मेश्राम, पार्षद नरेन्द्र बंजारे, गोविंद देवांगन, अनूप सोनी, मदन जैन, दिनेश मिश्रा बंटी चौहान सहित अनेक लोगों ने पुष्पवर्षा कर परिवर्तन यात्रा का स्वागत किया।

परिवर्तन यात्रा की शुरूआत में डीजे चल रहा था। पीछे बड़ी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सैकड़ों बाईक में भाजपा ध्वज लगाकर चल रहे थे। इसके पीछे एक रथ में यात्रा के मुख्य अतिथि रघुवर दास लोगों को संबोधित करते चल रहे थे। इसी में सांसद विजय बघेल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, विक्रम उसेण्डी व अन्य नेतागण सवार थे। इसके पीछे एक वाहन में पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, चतुर्भुज राठी, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, कांतिलाल बोथरा, गजेन्द्र यादव, सहित अन्य लोग थे। बाईक रैली में चैनसुख भट्टड़, रामफल शर्मा, श्याम शर्मा, निलेश साहू, जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव अपनी पूरी टीम के साथ चल रहे थे। सिंधी कालोनी में पूर्व पार्षद हशमत तेजवानी, पार्षद नरेश तेजवानी, के नेतृत्व में लोग उपस्थित थे। सिक्ख गुरूदारा के सामने अरविंदर सिंह खुराना, गुरूदीप सिंह, हरदीप सिंह, देवेन्दर सिंह जसप्रीत सिंह, महिंदर सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे। मालवीय नगर चौक में पार्षद मीना भाभी एवं पार्षद विजय जलकारे, एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पटेल चौक में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शरद अग्रवाल, अनूप गटागट, संतोष सोनी, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, एवं पार्टी कार्यालय के स्टाफ व अन्य नेताओं एवं पुराना बस स्टैंड के व्यवसाइयों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर स्वागत किया।

### परिवर्तन यात्रा का देवरबीजा में ...

करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। लेकिन उन्होंने दवा किया कि जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक सनातन हिन्दू धर्म रहेगा । उन्होंने भुपेश बघेल पर यह आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी वजह से छत्तीसगढ़ का नाम पुरे देश में खराब हो गया है।

इस अवसर पर विनोद दुबे,सुनील राजपूत,नीरज राजपूत,बंशी राठी,मुकेश पटेल,किशुन लोधी,रमाकांत जोशी,गणेश वैष्णव, बलराम यादव,सतीश यादव,जय चंद गोयल,शारदा टावरी,कृष्णा शर्मा, बलराम यादव,आशीष सोनी,युगल पाटिल,गणेश राजपूत,अरविंद राजपूत,राजेश राजपूत,दुर्गा शिवारे, दिलीप गेवार,टीकाराम साहू,अर्जुन धुर्वे,शुशील साहू,चुन्नू साहू,मन्तराम निषाद,जीवन राजपूत,सौरभ राजपूत,हरेंद्र यादव,गोवर्धन यादव,उमेश पाल, रविन्द्र वर्मा,मनोहर यादव,युवराज राजपूत,कमल नारायण पाण्डेय,राहुल डेहरे,कुलेश्वर निर्मलकर,नितेश सोनी,सुनीत सिन्हा, नारायण पटेल,गोविंद पटेल,लेखराम साहू,पोषण निर्मलकर, जहर साहू,दशरथ चेलक,राकेश निर्मलकर,प्रमोद साहू,रॉकी वर्मा,लीलाराम साहू,स्वरूपा साहू,कमलनारायण पांडेय,उकेन्द्र साहू,एन के तिवारी,शिवझड़ी सिन्हा,बलदाऊ यादव,अवन यादव,प्रमोद गुप्ता,गोविंद यादव,फगुवा साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामवासी मौजूद थे।

### प्रियंका अपने पुरखों के किस्से...

वाले उनके हक के चावल को आखिरकार भूपेश सरकार क्यों डकार गई ? क्या गरीबों को उनका चावल दिलाने के लिए प्रियंका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से लड़ेंगीघ् युवाओं को रोजगार देने का वादा कर पीएससी में गड़बड़ी करके कांग्रेस के करीबियों के बच्चों को बड़े-बड़े पदों पर नियुक्तियां देने पर क्या प्रियंका अपने मुख्यमंत्री से लड़ेंगी ?

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन ...

पदाधिकारी कार्यालय में किया जा सकेगा। इसके अलावा जिले के कुल 05 मतदान केन्द्रों के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के एक एक मतदान केन्द्रों का संचालन महिला मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के एक मतदान केन्द्र का संचालन दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा। श्री शर्मा ने बताया कि जिले में दिव्यांग मतदाता 6361 हैं तथा 80 वर्ष से अधिक आयु की वरिष्ठ मतदाओं की संख्या 4554 है। इसके साथ ही 18 से 19 वर्ष के आयु के मतदाताओं की संख्या 25986 है। तथा सेवाकर्मियों की संख्या 2670 है। श्री शर्मा ने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 हेतु 02 अक्टूबर को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा एवं 04 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 11 सितम्बर तक प्राप्त फार्म 06 फार्म 07 एवं फार्म 08 के संबंध में जानकारी दी।

### डॉ रमन ने क्या कार्यकाल में ...

की सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है एवं आज किसान खुशहाल है किसान आत्महत्या नही कर रहे भाजपा मुद्दा विहीन हो गई है सत्ता सरकार नहीं होने की छटपटाहट में भाजपा के नेता अनाप-शनाप बोलने में लगे हुए हैं भाजपा की नेता अपने गिरेबान में पहले झांके उसके बाद दूसरे के ऊपर आरोप लगाए

### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय ...

दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के बिल्डिंग में सिपेज के कारण आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर के पास पानी टपक कर अंदर तक पहुंच रहा था, इलेक्ट्रिक पावर लगातार चालू हेतु संबंधित को जानकारी लेकर व्यवस्थित करने के निर्देश दिये।

### गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया...

था। वहीं ओजोन क्षयकारी पदार्थों को लक्षित कर चित्र बनाये थे, जिसमें क्लोरोफ्लोरोकार्बन के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ विभाग की प्राध्यापक कु. मंजू चंद्राकर, कु. नेहा यादव उपस्थित थी।

# भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग कीजिए गांव में विकास की गंगा बहेगी : अजेंद्र साहू



**गुरुर**, 21 सितंबरह। ग्राम कोचेरा मे युवा फ्रेंड्स क्लब द्वारा तीजा पोला के अवसर पर खेलकूद का आयोजन किया गया। साथ ही गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर एक दिवसीय रात्रि कालीन रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप मे युवा मोर्चा के महामंत्री व दूर संचार सलाहकार भारत सरकार के सदस्य अजेंद्र साहू ने अपनी बात युवाओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि माता-पिता भगवान का दूसरा रूप होता है, अपने जीवन काल में जितनी सेवा माता-पिता का कर सकते हैं करें, पुण्य की प्राप्ति होगी। साथ में युवाओं को नशा से दूरी बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि देशहित व राष्ट्रहित में ऐसा काम करें, जिसकी प्रशंसा पूरे गांव, जिले प्रदेश व भारत में हो, क्योकि युवा देश का भविष्य होता है। युवा सही राह पर चलेंगे तो पूरा भारत की दशा और दिशा बदल जाएगा। गांव के लोगों के द्वारा विकास कार्य की मांग किए जाने पर महामंत्री अजेंद्र साहू ने कहा कि आने वाले दो माह में विधानसभा चुनाव है, आप सभी का सहयोग चाहिए अगर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनती है तो आपके गांव कोचेरा में विकास की गंगा बहेगी। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए फ्रेंड्स क्लब के साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता बिसेलाल साहू, युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र साहू, युवा मोर्चा के सदस्य रवि साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की 46 वीं वार्षिक साधारण सभा संपन्न





**राजनांदगाँव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की 46 वी वार्षिक साधारण सभा दिनांक 21 सितम्बर 2023 को पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में नवाज खान प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

वार्षिक साधारण सभा की सूचना बैंक के संबंधित समस्त अधिकृत अंश धारी समिति के बैंक प्रतिनिधियों को विधिवत प्रेषित की गई थी। जिसमे बड़ी संख्या मे समितियों के प्रतिनिधि एवं बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

बैंक के प्रशासक नवाज खान ने छत्तीसगढ़ की सरकार को किसान हितैषी सरकार बताया। उन्होने कृषकों से 20 चिंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी किये जाने का भी स्वागत किया एवं छत्तीसगढ की सरकार को कृषकों से सर्वाधिक धान खरीदी करने वाली सरकार बताई। नवाज खान द्वारा बैंकिंग गतिविधियों पर भी चर्चा की गई।

वार्षिक आमसभा में बैंक के वर्ष 2022.23 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रकों तथा अंकेक्षण टीप को अनुमोदित कर स्वीकार किया गया तथा वर्ष 2023.24 का अनुमानित बजट और प्रस्तावित विकास कार्यक्रम स्वीकार किया गया। बैंक के कर्मचारियों को एक्सग्रेसिया (बोनस) दिये जाने का भी अनुमोदन किया गया।

बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति मे जानकारी दी है कि बैंक के वित्तीय स्थिति 31.03.2023 पर इस प्रकार रही हिस्सा पूंजी 16530.55 लाख, अमानतें रूपये 196327.76 लाख तथा 2022-23 में दिनांक 31.03.2023 की स्थिति में बैंक को रूपये 1748.03 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित हुआ है तथा बैंक का संचित लाभ दिनांक 31.03.2023 की स्थिति मे 4663.10 लाख है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा बैंक के कार्यप्रणाली से अत्यंत संतुष्ट होकर बैंक टीम को हार्दिक शुभकामनाऐं प्रदान की।

वार्षिक आमसभा मे नवाज खान प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव, श्रीमती शिल्पा अग्रवाल उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव, एवं बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुधीर सोनी सहित बैंक के अंशधारी सदस्यगण, बैंक के कर्मचारी एवं अधिकारीगण तथा कृषक प्रतिनिधि गोवर्धन देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, चमराराम पटेल, अगनुराम कुमेटी, नरेश शुक्ला एवं अन्य सम्मानित जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में आभार प्रदर्शन जिला सहकारी बैंक कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अमित नामदेव द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी प्रेस नोट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा दी गई।

# राजेश श्यामकर के नेतृत्व में ग्रामीण किसान करेंगे उग्र आंदोलन

## सड़क चौड़ीकरण में मुवावजा नहीं मिला तो सड़क भी खोद डालेंगे

**राजनांदगाँव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर सड़क की समस्या को लेकर अपने क्षेत्र वासियों की आवाज बुलंद कर दी है। उन्होंने करीब दो दर्जन किसानों सहित क्षेत्र वासियों को लेकर सड़क चौड़ीकरण में किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग पुर जोर तरीके से की है। अगर मुवावजा नहीं मिला तो किसान अपने हिस्से की जमीन की बनी सड़क खोद डालेंगे।



राजेश स्थामकर ने बताया कि कलडबरी, हरडुआ से पटेवा तक वर्ष 2016 में 13 किमी लंबी सड़क का चौड़ीकरण किया गया था। इस निर्माण में कई ग्रामीणों की जमीन इसके हद में आ गई। इसके अब तक इन ग्रामीणों के मुआवजे की फाइल दफ्तरों के चक्कर काट रही है। श्री श्यामकर के नेतृत्व में 23 ग्रामीण बुधवार को पीडब्ल्यूडी दफ्तर पहुंचे और मुआवजे की मांग की। ग्रामीणों को पता चला कि अब तक यह लंबित है। यदि दो माह बाद भी इन ग्रामीणों को मुआवजा नहीं मिला तो वे उसी सड़क को खोदकर धरना देंगे। लेटलतीफी राजस्व के अफसरों के द्वारा की गई है। इसी वजह से मुआवजा का ऑर्डर अब तक पारित नहीं हो पाया है। पूर्व में इन ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात में भी आवेदन दिया था। बावजूद अब तक इस मामले में प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ा मुआवजे के लिए किसान दर-दर भटक रहे । उनकी जमीन तो ले ली गई लेकिन मुआवजा नहीं मिलने से अब आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस वजह से उन्होंने प्रदर्शन का निर्णय लिया है। आने वाले समय में वे सड़क भी खोदेंगे और लगातार धरना भी देंगे, ये अल्टीमेटम पीडब्लूडी के अफसरों को दिया है। ग्रामीणों के पहुंचने के बाद दस्तर के बाबुओं ने पुरानी फइल निकाली। हालांकि वे भी इस संबंध में कुछ वाजिब जवाब नहीं दे पाए जिससे ग्रामीण संतुष्ट हो सकें। इस दौरान राजेश श्यामकर के साथ मुख्य रूप से किसान स्वामी शिवेंद्र वर्मा, पूरन लाल, ठाकुर राम, तिलांबर, भूपेंद्र साहू, रुप लाल, मणीबाई, हिरेंद्र कुमार, मिलापा बाई, मोहन लाल, भागवत वर्मा, दिगंबर वर्मा, कोमल वर्मा, राजकुमार वर्मा, सरजू चर्मा, धुरसिंग, रुखमणी आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य यांत्रिकी के मुख्य अभियंता ने तीन जिलों की समीक्षा बैठक मे दिए कड़े निर्देश



**राजनांदगाँव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। 21 सितम्बर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय राजनांदगांव में मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता द्वारा तीनों ज़िले की समीक्षा की गई।बैठक में अधीक्षण अभियंता दुर्ग ब्रिजपुरिया कार्यपालन अभियंता समीर शर्मा , समस्त सहायक अभियंता,उप अभियंता , आईएसए टीपीआई एजेंसी एवम् समस्त ठेकेदारो उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता द्वारा मुख्य रूप से जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की माइक्रो प्लानिंग के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में श्री गुप्ता द्वारा मार्च 2024 तक सभी कार्यों जिसमे सोर्स टेगिंग,निर्माण कार्यों ,विद्युत कनेक्शन,हर घर जल सर्टिफिकेशन आदि को पूरा करने के निर्देश दिए गये। सबसे बड़ी बात तो यह रही कि मुख्य अभियंता राजेश गुप्ता ने टीपीआई को अपने कार्यों को ठीक से करने को कहा अन्यथा ब्लैक लिस्टेड करने के भी निर्देश कार्यपालन अभियंताओ को दिए ।

# पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के सपनों को साकार किया: नीलू शर्मा

**राजनांदगाँव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के नए भवन में 19 सितंबर को महिला आरक्षण बिल प्रस्तुत करके प्रधानमंत्री मोदी ने देश के इतिहास में महिला सशक्तिकरण एवं नारी उत्थान का एक नया अध्याय रच दिया है जिसके लिए उन्हें आदर एवं सम्मान के साथ याद किया जाएगा। उक्ताशय के विचार प्रकट करते हुए बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास करवाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए देश की मातृशक्ति की तरफ से उनका आभार व्यक्त किया है। भाजपा नेता नीलू ने प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित करवाए जाने के कृत्य को पीएम मोदी जी की तरफ से देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि निरूपित किया है ।उन्होंने कहा है कि पूर्व में तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने तीन बार इस महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पारित करवाने के सकारात्मक एवं संवेदनशील प्रयास किए थे किंतु लोकतांत्रिक विवशताओं के कारण और विपक्ष की स्वार्थजन्य राजनीति के कारण यह बिल सदन में पास नहीं हो पाया था। किंतु वर्तमान में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी के कुशल रणनीति से लोकसभा में इस बिल को आसानी से पारित कर लिया गया है जो की भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की अद्वितीय उपलब्धि के रूप में गिना जा रहा है। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता नीलू ने कहा है कि पीएम मोदी अपने राजनीतिक जीवन में सदैव ही महिलाओं की पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण एवं समानता के पैरोकार रहे हैं और अपने कार्यकाल में उन्होंने महिला के हित से जुड़े कई अभूतपूर्व फैसले लिए हैं जो राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के सहभागिता एवं योगदान को रेखांकित करता है।



लोकसभा में महिला आरक्षण बिल को पारित करवाने में बीजेपी को प्राप्त सफलता को प्रधानमंत्री मोदी जी की महत्वाकांक्षी उपलब्धि बताते हुए भाजपा नेता नीलू ने कहां है कि महिला आरक्षण वर्तमान समय की मांग है क्योंकि भारत देश का समाज एक पुरुष प्रधान समाज है और तमाम प्रगति के बाद भी महिलाओं को बराबरी का स्थान नहीं मिल सका है जो उन्हें मिलना चाहिए और अब संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो जाने से यह संभव हो पाएगा। प्रदेश प्रवक्ता नीलू ने आरोप लगाया है कि महिला आरक्षण कानून बनाने की पहल पिछले 27 वर्षों से हो रही थी लेकिन विपक्षी दलों के पुरुष सांसदों को अपनी राजनीतिक जमीन छीन जाने के भय के कारण यह बिल संसद में पारित नहीं हो पा रहा था किंतु आज मोदी जी की इच्छाशक्ति, संकल्पशक्ति एवं दृढ़ आत्मविश्वास से ही यह संभव हो सका है, इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि, मोदी जी हैं, तो मुमकिन है।

# मन की बात का होगा राजनांदगांव से सीधा प्रसारण

**राजनांदगाँव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 24 सितंबर को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से देश को संबोधित करेंगे ।




जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि इस बार मन की बात का सीधा प्रसारण राजनांदगांव दक्षिण मंडल में होने जा रहा है। दिल्ली की टीम द्वारा यहां से सीधा प्रसारण कर बाकी चैनलों में दिखाया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह की उपस्थिति तथा वरिष्ठ भाजपा नेता की उपस्थिति रहेगी।

मन की बात के प्रभारी लीलाधर साहू, सह प्रभारी आभा तिवारी ने बताया कि बूथ क्रमांक 137 शक्ति केंद्र क्रमांक 9 में सीधा प्रसारण होगा। इस बार सीधा प्रसारण दक्षिण मंडल में होने के कारण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी सहित उनकी टीम पवन पटेल, विट्ठल पटेल लगे हुए हैं । यह कार्यक्रम पाटीदार भवन में अपने निर्धारित समय ठीक 11 बजे शुरू होगा इसलिए सभी निर्धारित समय पूर्व कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। मन की बात के प्रभारी लीलाधर साहू ने बताया कि हर बूथ में मन की बात सुनी जाएगी। बूथ के अध्यक्ष अपने अपने बूथ में मन की बात सुनेंगे एवम एवं स्थानीय वरिष्ठ नेतागण की उपस्थिति रहेगी एवम बूथ की बैठक होगी।

# विशु अजमानी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मना

## जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में 15 युवाओं नें किया रक्तदान

**राजनांदगाँव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस बीच अपने जन्मदिन की खुशियाँ विशु अजमानी ने अपने आत्मीय और प्रियजनों के साथ बाँटी। उनके जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन स्थानीय राजनांदगाँव ब्लड बैंक में किया गया। जिसमे ओमप्रकाश साहू, तौसीफ़ खान, नील गिड़वानी, सागर पटेल, रोहित कोचरे, रिक्की देवांगन सहित 15 ऊर्जावान युवाओं नें किया रक्तदान कर उनके जन्मदिन को यादगार और खास बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सादगी प्रिय विशु अजमानी अपना जन्मदिन कुछ इसी तरह और सादगी के साथ मनाते हैं। प्रत्येक वर्ष उनके प्रत्येक जन्मदिन के अवसर पर स्थानीय स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। उनके मित्रगण, शुभचिंतकों और स्नेहिजनों ने शहर के आधे से भी अधिक वार्डों में 30 से भी ज्यादा स्थानों पर केक काटकर उनके जन्मदिन को बड़े ही खास अंदाज़ में मनाया। उनके जन्मदिन के अवसर पर अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी कुलबीर छाबड़ा, नगर की प्रथम नागरिक और महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, शहर कांग्रेस कमेटी शहर महामंत्री नासिर जिंदरान, विमल अग्रवाल, पूर्वअध्यक्ष सेवादल बबलू कसार, प्रदेश महासचिव सेवादल हर्ष खोब्रागढ़े, कांग्रेस नेता कादिर सोलंकी सहित संगठन के सभी छोटे - बड़े पदाधिकारियों और शुभचिंतको ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# आयुक्त ने ली तकनीकि अधिकारियों की बैठक

**राजनांदगांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज अपने कक्ष में तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर सभी अधिकारियों से शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की एवं योजना के कार्यो के प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गणेश पर्व को देखते हुये शहर में पेचवर्क, के आलवा विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने, के साथ साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किये।



बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी उप अभियंताओं से शहर के स्कूलों में चल रहे मरम्मत कार्य तथा नियमितिकरण के संबंध में जानकारी ली, उप अभियंताओं ने जानकारी दी कि स्कूल मरम्मत अंतिम चरण में है, साथ ही नियमितिकरण कुछ शेष है, आयुक्त ने कहा कि दोनों कार्य सप्ताह के अंत तक पूर्ण करे। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा, विधायक, सांसद निधि व अन्य योजना के कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर मुख्यमंत्री घोषणा के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करे, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेज पाये है उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करे।

आयुक्त श्री गुप्ता ने सिटी बस संचालन एवं गौठान निर्माण के प्रगति के संबंध मे जानकारी ली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने बताया कि 20 सिटी बसों में 6 सिटी बस का संचालन हो रहा है, शेष सिटी बसो के मरम्मत के लिये शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। गौठानों में नवागॉव, कन्हारपुरी में शेड लगाने का कार्य चालू है। आयुक्त ने कहा कि सिटी बस के लिये शासन से सम्पर्क कर प्रगति की जानकारी लेवे तथा गौठान निर्माण जल्द पूर्ण करे। इसके अलावा एस.टी.पी. की क्षमता बढ़ाने नाला निर्माण के लिये प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने वार्डो के लिये स्वीकृत निर्माण कार्य जिसकी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है,उसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये तथा मतदान केन्द्रों में रैप बनाने निरीक्षण कर कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के लिये डब्लू.एम.एम. कार्य जल्द प्रारंभ करे, ताकि बारिश पश्चात डामरीकरण किया जा सके। इसके अलावा गणेश पर्व में शहर के सड़कों में पेचवर्क करना सुनिश्चित करे, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करे, साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्था भी पूर्ण करने कहा। बैठक में सहायक अभियंता एवं उप अभियंतागण उपस्थित थे।

# पेंशनर 15 अक्टूबर तक जीवित प्रमाण पत्र जमाकर पेशन का लाभ ले

**राजनांदगांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में नगरीय निकायों के सेवानिवृत्त अधिकारियो व कर्मचारियों (पेंशनरों) को पेशन का लाभ लेने जीवित प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होता है। इस संबंध में उप संचालक (पेंशन) संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर से भी जीवित प्रमाण पत्र जमा करने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी पेंशनरों से अपील करते हुये कहा है कि वे अपना जीवित प्रमात्र पत्र दिनांक 15 अक्टूबर 2023 तक नगर निगम के पेंशन शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करा देवे। ताकि निगम द्वारा उसे उप संचालक पेंशन संचालनालय रायपुर में भेजा जा सके, जिससे उन्हें हर माह नियमित रूप से पेंशन का लाभ मिल सके।

# राजस्व विभाग की समीक्षा में आयुक्त ने माहवार वसूली की ली जानकारी

## शून्य वसूली के दिन का संबंधित का वेतन काटने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर माह में कम वसूली पर नराजगी व्यक्त करते हुये शून्य वसूली के दिन का संबधित सहायक राजस्व निरीक्षक का वेतन काटने के राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को निर्देश दिये।



आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व वसूली के संबंध में वार्ड वार वसूली एवं डिमाण्ड की जानकारी ली, उन्होने गत माह की बैठक में दिये गये निर्देश में डिमांड दुरूस्त कर डिमांड के विरूद्ध वसूली, कुल बकाया, मकानों की संख्या, नये मकानों की संख्या, खाली भूखण्ड के आधार पर डिमाण्ड तैयार कर उसके विरूद्ध वसूली की दिये गये निर्देश की सहायक राजस्व निरीक्षकों से जानकारी लेकर कम वसूली पर नराजगी जाहिर करते हुये उन्होंने राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को शून्य वसूली के दिन का संबंधित का वेतन काटने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि वसूली मे लापरवाही न बरते शासन द्वारा निर्धारित माह में वसूली के लक्ष्य के अनुरूप वसूली करे, नये मकान व भूखण्ड के आधार पर डिमाण्ड तैयार करे तथा भवन अनुज्ञा की जानकारी नजूल शाखा से तथा नये नल कनेक्शन की जानकारी जल विभाग से लेकर डिमाण्ड तैयार कर उसके अनुसार वसूली करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा घर घर जाकर वसूली करे, संबंधित से फोन से सम्पर्क कर राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि अपने अपने प्रभारित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षकों के वसूली की प्रतिदिन जानकारी लेवे एवं स्वयं वार्डो में जाकर वसूली करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि इसी प्रकार दुकान किराया की भी नियमित रूप से वसूली करे, जिन दुकानों के आबंटन उपरांत अनुबंध नही हुआ है, उसका अनुबंध करायें तथा अनुबंध उपरांत किराया वसूली करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली सहित सभी राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# गीता घासी साहू ने अंबागढ़ चौकी मंडल के गांवों में किया जनसंपर्क

**अंबागढ़ चौकी,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की विधायक प्रत्याशी श्रीमती गीताघासी साहू ने अंबागढ़ चौकी मंडल के विभिन्न गांवों कुसुमकसा, साल्हे कुसुमकसा, पेंदलकुही, ओटेबांधा, तिरपेमेटा, मक्के, लाताकोड़ो, हज्जुटोला, डोंगरगांव, कहाडकसा में जनसम्पर्क कर आशीर्वाद एवं समर्थन मांगा। साथ ही भाजपा के शक्तिकेंद्र एवं बूथ के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, महामंत्रीद्वय भारत भूषण राजपूत,देवनारायण कुम्भकार,उपाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारष्वत,पार्षद मोहसिन खान,पार्षद धर्मेंद्र साहू,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ईश्वरी धुर्वे,भाजयूमो मंडल अध्यक्ष सतीष शर्मा, श्रीमती श्यामा देवी निवरे,मदन साहू,अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अमर खोबरागड़े,भीषम साहू,कल्पना वट्टी, धनीराम मंडावी, रूपचंद वीके, नारद टेमभुलकर सहित सम्मानित पदाधिकारीगण,क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# भारी वर्षा भी नहीं रोक पाई बाबा के भक्तों को, जम्मा जागरण का सफल रहा आयोजन

**राजनांदगांव,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। 20 सितंबर को सन सिटी गेट के बाहर प्रांगण में देश के प्रख्यात जम्मा गायक सुशील गोपाल जी बजाज हैदराबाद का जम्मा जागरण का आयोजन रखा गया था, शाम से हो रही लगातार बारिश के चलते संपूर्ण तैयारी होने के पश्चात रात 11 बजे सन सिटी परिवार में श्री गणेश जी स्थापना मंडप में जम्मा की तैयारी का निर्णय लिया गया और आधे घंटे में पुन: पूरी तैयारी कर रात 11.30 बजे बाबा श्री रामदेव जी का जम्मा शुरू हुआ,सुशील बजाज ने एक से बढ़कर एक भजनों की कड़ी के साथ बाबा का जम्मा शुरू किया जो सुबह करीब 7 बजे तक अनवरत चला, पूरा पंडाल श्रोताओं भक्तों से खचाखच भरा रहा, पैर रखने की जगह भी नहीं थी,वर्षा लगातार होती रही पर कार्यक्रम में किसी प्रकार की बाधा नहीं हुई, लोगों ने बाबा के ज्योत के,दरबार के दर्शन लाभ लिए और पुण्य अर्जित किया, साथ में चाय,नाश्ते एवं हाई टी की व्यवस्था भी रखी गई थी जो पूरी रात चलती रही, श्री रामसापीर का जम्मा सुनने लोग दूर दूर से कई शहरों से यहां पधारे थे, कार्यक्रम को सफल बनाने में सन सिटी परिवार के सभी सदस्यों और बाबा भक्तों का भरपूर सहयोग मिला जिससे यह कार्यक्रम इतना सफल हो सका, लगातार हो रही भारी वर्षा भी बाबा के विशाल जम्मे को रोक नहीं सकी, सन सिटी परिवार के सभी सदस्यों ने जम्मा पूरा होने तक अपनी पूरी हाजरी लगाई।



डॉक्टर- अगर तुम लड़कियों का पीछा नहीं छोड़ोगे, तो तुम जल्दी ही मर जाओगे।
आदमी- लड़कियों का पीछा करने से कोई कैसे मर सकता है?
डॉक्टर- उनमें से एक लड़की मेरी है।










# दो दिन की अनवरत बारिश से निचली बस्तियों में घुसा पानी

**नवापारा राजिम,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। बुधवार दोपहर से रुक रुक कर हो रही बारिश नवापारा नगर के निचले बस्तियों में रहने वाले लोगों के लिए मुसीबत बन गई है बारिश का पानी लोगों के घरो में घुस गया है। जिससे उनका जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है बस्ती के लोगों ने बताया कि पिछले दो तीन दिनों से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के पास जल भराव होने से पानी घुस रहा है मकानो में:** नगर के वार्ड क्रमांक 21 के रहने वाले महेश सिंह, दिनेश ध्रुव, कुलेश्वर ध्रुव, माखन साहू, कृष्णा यादव ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है सामुदायिक भवन के निर्माण के चलते पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई है। जिसके कारण जल भराव की स्थिति बन गई और पानी सीपेज होकर घरों में घुस रहा है।



**करना पड़ रहा है परेशानियों का सामना**

**निर्माणाधीन जगह विवादास्पद:** वार्ड के लोगों ने बताया कि प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही हम लोगों को भुगतना पड़ रहा है सामुदायिक भवन का आधा अधूरा निर्माण और पहले पानी की जिस जगह से निकासी थी वहाँ बिना व्यवस्था बनाए निर्माण कार्य कर दिया गया है। जगह को लेकर भी आसपास के लोगों ने पहले भी विरोध दर्ज किया था लेकिन फिर भी वहाँ निर्माण कार्य करवाया जा रहा है जिससे आसपास के लोगों मे आक्रोश है। पूर्व में ठेकेदार और पालिका के लोगों को निकासी की व्यवस्था के लिए भी बात कही गई थी लेकिन उनके द्वारा कोई पहल नहीं की गई जिसके कारण बारिश होने के चलते पानी आसपास के घरों में घुस गया है।

वार्ड क्रमांक 21 के रहने अशोक चौहान ने बताया कि घर में पानी घुसने के कारण उनके 2 साल का बेटा घर पर ही फिसल कर गिर गया जिससे उसके बेटे के सर में गंभीर चोट आई है मोहल्ले के लोगों ने बताया कि तीन दिनों से घरों में पानी भरा हुआ है जिससे उनके सामने रहने खाने की समस्या बनी हुई है। वार्ड वासियों ने इसका स्थाई समाधान करने की मांग पालिका से की है।

# पारागांव के वार्ड 17 में नाली और सड़क निर्माण से आवागमन एक हफ्तों से बंद




**नवापारा-राजिम,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पारागांव पंचायत के वार्ड नंबर 17 गली मे पंचायत द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कराया जा रहा है सड़क के एक तरफ पहले से पंचायत में पानी सप्लाई करने वाला नल जल योजना से पाइप लाइन बिछी हे। उस पाइप के ऊपर से गंदा पानी निकासी के लिए नली निर्माण कराया जा रहा है। जो नियम विरुद्ध पाइप फूटेगा तो उसमें गंदा पानी जाएगा और महामारी फैलने की आशंका बनी रहेगी। ग्राम वासियों के आपत्ति के बाद भी निर्माण कार्य को रोक नहीं जा रहा है इससे ग्राम वासियो में आक्रोश का वातावरण फैला हुआ है

**नल जल योजना में बिछे पाइप के ऊपर सरपंच द्वारा कराया जा रहा है नाली निर्माण**

**सरपंच गिरवर रात्रे ने कहा:** इस संबंध में ग्राम के सरपंच गिरवर रात्रे से मोबाइल से चर्चा की तो उन्होने कहा कि ग्राम वासियों की शिकायत के आधार पर नाली का काम फिलहाल रुकवा दिया गया है लेकिन सड़क चोरी करने के लिए पर्याप्त जगह की आवश्यकता है इसके लिए नाली का निर्माण वर्तमान जगह से पीछे हटकर किया जाएगा। लेकिन इसके लिए ग्राम वासियों का सहयोग नहीं मिल रहा है।

# छग के साथ सौतेला व्यवहार कर रही मोदी सरकार : रश्मि



**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि भाजपा के नेता मूर्खतापूर्ण तर्क देकर मोदी सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के साथ लगातार की जा रही भेदभाव और सौतेला व्यवहार के काला कलंक से मुक्ति नहीं पा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के 8 लाख से अधिक आवासहीनो के लिए आवास मांगे तो मोदी सरकार आवास क्यों नहीं दे रही छत्तीसगढ़ के गरीबों के साथ भेदभाव क्यो कर रही, छत्तीसगढ़ से चलने वाली एवं होकर गुजरने वाली लोकल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेन एक्सप्रेस कई महीने से रद्द हो रही है। पूर्व आरक्षित टिकट को रद्द कर दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के रेल यात्री को भारी परेशानी हो रही है ऐसा भेदभाव सौतेला व्यवहार मोदी सरकार क्यों कर रही इस पर भाजपा नेता मौन क्यों है। ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होने के बाद प्रदेश के कर्मचारियों के 17400 करोड़ से अधिक की राशि केंद्र के पास जमा है उसे केंद्र क्यों नहीं दे रही। कोयला रॉयल्टी का 4000 करोड रुपए एवं एफसीआई में जमा चाँवल का बकाया 6000 करोड़ क्यो नही दे रही है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार का रवैया विपक्षी दलों के खिलाफरहा है। जहां भाजपा की सरकारें हैं वहां डबल इंजन डबल इंजन का नारा लगाकर उन राज्यों को अतिरिक्त सहायता देती है वहां के भ्रष्ट नेताओं को संरक्षण देती है और जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकार है उन सरकारों का चरित्र हनन करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करती है उन राज्य सरकारों के द्वारा चलाए जा रहे >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संसदीय सचिव ने मालीडीह में किया विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मालीडीह को लाखों रुपए के विकास कार्यो की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम मालीडीह में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन के साथ ही खाद गोदाम के लिए लोकार्पण किया। बुधवार को ग्राम मालीडीह में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन तथा खाद गोदाम का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। विशेष अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण चंद्राकर, जनपद सदस्य रमाकांत ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ढेलू निषाद, सोसाइटी अध्यक्ष आनंद पटेल, कपिल साहू, सीटू सलूजा, माणिक साहू, गजेंद्र साहू मौजूद थे। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने पूजा अर्चना कर विकास कार्यों का लोकार्पण.भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने अपने संबोधन में ग्रामवासियों को विकास कार्यों की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि पौने पांच साल के कार्यकाल में महासमुन्द विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी है। भूपेश सरकार के मंशानुसार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिलाने का हरसंभव प्रयास किया है। क्षेत्र में भी जनता की आवश्यकता अनुसार सुविधाओं को ध्यान में रख कर काम कराए गए हैं। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान विधान सभा क्षेत्र में लोगों की आवश्यकता के अनुरूप अभूतपूर्व विकास कार्य किए गए। लोगों की सुविधा के लिए सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली इत्यादि मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने का प्रयास किया गया ताकि विधान सभा क्षेत्र के लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। प्रदेश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा तथा जनहित के कार्यों को भी प्राथमिकता प्रदान की है। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच मालीडीह श्रीमती गिरिजा पटेल, पंच देवनारायण साहू, बैसाखू, दीपक कुमार, उद्धव पटेल, माधव पटेल, पुनी राम पटेल, हेमंत चंद्राकर, दसरू राम, मोहन लाल, रविंद्र चंद्राकर, हेमा पटेल, रामचरण, भूषण लाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



# स्कूलों से शिक्षक नदारद, भगवान भरोसे बच्चों की पढ़ाई, बेसुध हैं जिम्मेदार



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड कसडोल के लगभग शासकीय स्कूल भगवान भरोसे चल रहा हैं। जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीनता के चलते अधिकांश शिक्षक स्कूल से नदारत रहते हैं। शिक्षक भले ही हर माह फूल सरकारी तनख्वाह लेते है मगर स्कूल में बच्चो को पढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखते। नौनिहालों का कहना है कि शिक्षक स्कूल रोज और समय पर नहीं पहुंचते कभी कभार स्कूल आकर खानापूर्ति और रजिस्टर मेंटेनेंस बस करते है। और हर माह फूल वेतन ले रहें है। इधर जानकारी के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकान्त देवांगन ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

लगभग स्कूल का यही हाल-उल्लेखनीय है कि विकासखंड अंतर्गत आने वाले शासकीय स्कूलों का हाल बेहाल है, लगभग स्कूल में शिक्षक जाते ही नही है साथ है कई स्कूलों में शिक्षक मनमर्जी पहुँचते है, इसके अलावा मजे की बात तो यह है कि स्कूलों में शिक्षक पारी बांधकर स्कूल जाते है, आपको बता दे कि प्राथमिक शाला सुरबाय में माध्यमिक शाला की मरम्मत होने के कारण प्राथमिक शाला में स्कूल लग रहा है, दोनो स्कूल मिलाकर कुल 5 शिक्षक मौजूद है लेकिन मीडिया की पड़ताल में केवल एक शिक्षक नीलेश्वर सिंह ठाकुर 30 मिनट बिलंब से स्कूल पहुँचे। और पुरे बातचीत में केवल बहाना बनाते नजर आए लेकिन 11 बजे तक स्कूल में अन्य शिक्षक नही पहुँचे थे। इधर नौनिहाल और स्कूल की रसोइया ने कहा कि कभी कभार ही शिक्षक स्कूल आते है साथ ही नौनिहालों ने कहा कि शिव नाम के शिक्षक ही प्रतिदिन स्कूल पहुचते है शेष शिक्षक का अता-पता नही रहता है। कुलमिलाकर यहाँ शिक्षक अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रहें है।

मध्यान भोजन खाकर घर जा रहें बच्चें- शिक्षकों के लगातार स्कूल नही पहुँचने के कारण यहाँ बच्चें मध्यान भोजन खाकर घर जा रहे है। यहां मिडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूल मिलकर 5 शिक्षक पदस्थ है। पांचों शिक्षक अपने मन के मालिक है इनको सरकार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

**इनका कहना है-**

समय मे कोई शिक्षक स्कूल नही पहुँचते है, कभी कोई तो कभी कोई शिक्षक आते है, या हम लोग खाना खिलाकर बच्चों को घर भेज देतें है, जिस दिन आते है उस दिन पढ़ाते है 1 घण्टा नही तो बाकी दिन खाना खिलाकर भेज देते है। **-सरस्वती, रसोइया**

स्कूल मे 5 शिक्षक है लेकिन आधे लोग आते है आधे लोग नही आते है, शिव गुरुजी बस आते है बाकी लोग नही आते है पढ़ाई भी अच्छा नही करवाते है। **-महेश, छात्र**

मैं 30 मिनट लेट से स्कूल पहुँचा हूँ कुछ गाड़ी में प्रॉब्लम आ गया था बाकी शिक्षक भी आ रहे है, लेकिन बरसात के कारण विलंब हो रहा है, मैं डेली स्कूल आता हूँ। **-नीलेश्वर सिंह ठाकुर, शिक्षक**

आपके माध्यम से जानकारी मिल रहा है, गंभीरता पूर्वक जांच कराया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।
**-रमाकांत देवांगन बीईओ, कसडोल**

# 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रंगारंग शुरुआत



**धमतरी,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की रंगारंग शुरूआत आज स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्यांगजन कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी ने ध्वजारोहरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर नगरनिगम धमतरी विजय देवांगन ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री लालवानी ने कहा कि सौभाग्य का बात है कि ऐसी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका धमतरी जिले को मिला है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि यह जरूरी नहीं है कि आप सभी जगह विजयी रहें, आप प्रतियोगिता का हिस्सा बनें, यही आपकी जीत है। आप सभी खेल भावना के साथ खेलें और विजयी होकर अपने जिले व प्रदेश का नाम रौशन करें।

- **प्रतियोगिता का हिस्सा बनें, यही आपकी जीत : दिव्यांगजन कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मोहन लालवानी**
- **खेल से जीवन में आता है, अनुशासन : महापौर विजय देवांगन**

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महापौर विजय देवांगन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरूप खेल के माध्यम से छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का कार्य किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है। प्रदेश के मुखिया श्री भूपेश बघेल ने इसी परिकल्पना को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरूआत प्रदेश में की है, जिसमें हर वर्ग के लोग अपनी प्रतिभा कर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होनें खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का अभिन्न अंग है। खेल से जीवन में अनुशासन आता है, जो जीवन भर अनुशासित रखता है। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशू चंद्राकर, सभापति श्रीमती कविता बाबर, शरद लोहाना ने भी संबोधित किया और खिलाड़ियों का उत्वाहवर्धन किया।

कार्यक्रम के आरंभ में जिला शिक्षा अधिकारी बृजेश बाजपयी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि आज से शुरू हुए 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आगामी 24 सितम्बर तक चलेगी। इसमें 5 संभाग के लगभग 700 खिलाड़ी छात्र-छात्रायें शामिल हुए हैं, जो कुश्ती और नेटबाल की प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएंगे। इनके मध्य आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं को स्थानीय खेल मैदानों में संपन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर नेटबाल की राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी श्रुति साहू ने खिलाड़ियों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने रंग-बिरंगी पोषाक पहनकर आकर्षक मार्चपास्ट किया। कार्यक्रम के आरंभ में नत्थू जी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी और सेजस बठेना के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन हरिश देवांगन और श्रीमती उज्जवला साहू ने किया। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# लगातार ट्रेन रद्द होने से तीजा पर्व में माता बहनों को हुई परेशानी : के.के. वर्मा

**बलौदाबाजार,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा छत्तीसगढ के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। रोज का ट्रेन रद्द होना दुर्भाग्यजनक है। मोदी एक तरफमहिला आरक्षण बिल पास किया। वहीं छ.ग. के महिलाओं की प्रमुख त्योहार तीजा पोला में ट्रेन रद्द करना महिलाओं के लिए दुर्भाग्यजनक बात है। उक्त बाते झुग्गी झोपडी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के.के. वर्मा ने कही।

श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ में तीज पोला का त्यौहार बडी धूम धाम से मनाया जाता है। भाजपा के नेताओं को ध्यान देना चाहिए की माताएं बहन अपने ससुराल से आना जाना करते है। त्यौहार के सीजन में बडी दुख की बात है लगातार ट्रेन रद्द होने से महिलाओं को काफी असुविधाओं का सामना करना पडा। महिला आरक्षण बिल पास होने से महिलाओं में खुशी तो है लेकिन महिलाओं की सुविधाओं पर केन्द्र के मोदी सरकार व रेल मंत्रालय बेपरवाह है। चूंकी महिलाओं की प्रमुख त्यौहार पर ट्रेन का रद्द होना एवं लेट लतिफहोना दुर्भाग्यजनक बात हैं। महिलाओं की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा परिवर्तन यात्रा का होगा भव्य स्वागत : राकेश



**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा का परिवर्तन यात्रा 24 सितंबर को महासमुंद पहुंच रही है। परिवर्तन यात्रा को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री राकेश चंद्राकर ने कहा कि यात्रा आगमन पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल द्वारा मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को यात्रा के स्वागत संबंधी दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। श्री चंद्राकर ने बताया कि दंतेवाड़ा से निकली परिवर्तन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## कृषक पंजीयन 30 तक

**कुरूद** 21 सितंबर। वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कुरूद के समस्त पंजीकृत कृषक बंधु को सूचित किया जाता है की नवीन वर्ष 2023 में धान खरीदी पंजीयन का पंजीयन की अंतिम तारीख पंजीयन की नवीनीकरण समितियों में किया जा रहा है संबंधित समिति में पंजीयन कराना सुनिश्चित करें, पंजीयन की अंतिम तारीख 30 सितंबर 2023 तक कार्यालय समय में कर सकते हैं।

# प्रदेश कांग्रेस की सरकार का सूर्य अस्त होने के कगार पर पहुंच चुका : बृजमोहन

**भाटापारा,** 21 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस की सरकार का सूर्य अस्त होने के कगार पर पहुंच चुका है बस आप लोगों को इस चुनाव के आखिरी 2 महीने सतर्क सजग और सक्रिय रहने की आवश्यकता है उक्त बातें रायपुर के अजेय विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ग्रामीण कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।




उन्होंने आगे कहा कि इस सरकार ने अपने पांच साल के शासन काल में भ्रष्टाचार, अत्याचार और प्रदेश की जनता को कर्ज में लादने का काम किया है और भाजपा ने इसके पापों को उजागर करने के लिए ही परिवर्तन यात्रा निकाली है जो कि मां दंतेश्वरी धाम से निकलकर यह यात्रा 25 सितंबर को शाम 5:00 बजे भाटापारा आ रही है इस यात्रा को सफल बनाने के लिए आप सब कार्यकर्ताओं की ज्यादा जवाबदारी बनती है क्योंकि इस यात्रा के प्रभारी आपके क्षेत्र के ही लोकप्रिय विधायक शिव रतन शर्मा है और जब से यह यात्रा मां दंतेश्वरी धाम से शुरू हुई है तब से शिवरतन शर्मा इस यात्रा को सफल बनाने के लिए प्राणपण से जुटे हुए है।

आप सब कार्यकर्ता गण अपने क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर 25 सितंबर की प्रस्तावित सभा में लावे ता कि हम इस सरकार के पापों का उजागर आम जनता के सामने कर सकेंगे। विधायक शिव रतन शर्मा नेकार्यकर्ताओं से शक्ति बार एवं मतदान केंद्र बार समीक्षा की और अपने क्षेत्र से आधिकारिक संख्या में लोगों को लाने की अपील की। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को यह यात्रा शाम 5:00 बजे पटपर क्षेत्र में पहुंचेगी जहां से यह ओवर ब्रिज होते हुए बस स्टैंड सदर बाजार जय स्तंभ चौक फावारा चौक होते हुए भाजपा कार्यालय के सामने आम सभा में तब्दील होगी जिसे कि राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेता संबोधित करेंगे। कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश यदु एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डबलू सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंत्री महावर बघेल शहर अध्यक्ष मनेदर सिंह सोनी सत्यभामा साहू पवन वर्मा,रोशन साहू,चंद्रप्रकाश साहू,परस देवांगन, बहोरिक यदु प्यारे रजक सतीश सोनी सोनी गोलू देवांगन सेवक डोंडे सुरेश वर्मा,सेवक साहू,मोदी निषाद,लेखराम वर्मा,राजेन्द्र यादव,पीलू वर्मा,रवि आडिल, पीलाराम वर्मा मोहित वर्मा तिहारु वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# कल गरियाबंद पहुंचेगी भाजपा की परिवर्तन यात्रा, तैयारी में जुटे भाजपाई

**गरियाबंद,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशव्यापी परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर शनिवार को गरियाबंद जिला में पहुंचेगी। यात्रा में एक साथ दो- दो केंद्रीय राज्यमंत्री शामिल होंगे, इसके साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री भी इस परिवर्तन यात्रा में मौजूद रहेंगे। गरियाबंद जिला भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा के भव्य स्वागत और विशाल आमसभा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर तथा परिर्वतन यात्रा के सह प्रभारी चंद्रशेखर साहू ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशव्यापी परिवर्तन यात्रा 12 सितंबर को दंतेवाड़ा से निकली है, जो कि धमतरी जिले से होते हुए 23 सितंबर को गरियाबंद जिला पहुंच रही है। परिवर्तन यात्रा को लेकर जिल के कार्यकर्ताओ में जबरदस्त उत्साह है। इस दौरान जिले में दो वृहद आमसभा मैनपुर और गरियाबंद में होगी। वही राजिम में भव्य स्वागत सभा होगी। यात्रा में केंद्रीय सूक्ष्म एवं लघु उद्योग राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय श्रीमति अन्नपूर्णा देवी शामिल होंगे। इसके अलावा इस यात्रा में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।



**पहली बार एक साथ दो केंद्रीय मंत्री होंगे यात्रा में शामिल, जिले में दो स्थानों में ही विशाल आमसभा**

**धमतरी से गरियाबंद जिले में होगा भाजपा का परिवर्तन यात्रा का प्रवेश**

परिवर्तन यात्रा 23 सितंबर को धमतरी जिले के नगरी से होते हुए झरियाबाहरा से गरियाबंद पहुंचेगी। सुबह 11.30 बजे यात्रा मैनपुर पहुंचेगी। यहां विशाल आम सभा होगी। इसके बाद 1.30 बजे यात्रा जिला मुख्यालय गरियाबंद पहुंचेगी। विशाल सभा के बाद राजिम आगे बढ़ेगी। 4:30 बजे राजिम में भव्य स्वागत सभा का आयोजन किया गया हैं। मालूम हो कि आज से बीस वर्ष पूर्व 2003 में भी भाजपा की परिवर्तन यात्रा इसी सड़क मार्ग से पहुंची थी, जो कि एक बार फिर इसी सड़क मार्ग से पहुंचेगी। परिवर्तन यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। भव्य स्वागत की तैयारी की गई हैं।

## स्वच्छता कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**कुरूद,** 21 सितंबर। नगर पंचायत कुरूद द्वारा आज 21 सितंबर 2023 को स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग एवम स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे नगर में स्वच्छता बनाए रखने वाले स्वच्छता दीदी, सफाई मित्र, स्वच्छता कर्मचारियों का मुख्य मंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवम उन्हें केंद्र/राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे, आवास योजना, राशन कार्ड, पेंशन आदि से अवगत कराते हुए लाभ प्रदाय हेतु आवेदन प्राप्त किया गया। सफाई मित्रो के साथ साथ नगर पंचायत अध्यक्ष एवम पार्षदों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर नागरिकों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया।

# कांग्रेस का महिला विरोधी चरित्र हुआ उजागर



**फिंगेश्वर,** 21 सितंबर। भाजपा किसान मोर्चा गरियाबंद जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री मिंजून साहू ने जारी विज्ञप्ति में कहा की आज जहा तहा कांग्रेस की सरकारे है वहा पर महिलाओ पर अत्याचार महिला के ऊपर अपराधो मे भारी वृधि हुई है।राजस्थान के एक मंत्री ने महिला सुरक्षा के नाम से अपने ही सरकार को घेरा था जिसका खमियाजा अपने मंत्री पद गवाकर भुगतना पडा था,जब भारतीय जनता पाट्री केन्द्र के सरकार मोदी जी की महिलाओ को अधिकार दिलाने महिला आरक्षण बिल पेश किया गया है 26 दलो के महागठबंधन द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है महागठबंधन के लोग नही चाहते की महिलाओ को अधिकार मिले मोदी सरकार ने पुरुष प्रधान देश मे महिलाओ को आगे बढाने समानता का अधिकार देने एक बेहतर विकल्प के तौर पर महिला आरक्षण बिल प्रस्तुत किया है लेकिन विपक्षी गठबंधन के लोग इसका भरपुर विरोध कर रहे है।ऐसे समय मे महिलाओ को उनका अधिकार मिले सभी को एक मंच पर आना चाहिए।

# पोटिया गांव में महिला के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट करने वाले चार ग्रामीणों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बागबाहरा,** 21 सितम्बर (देशबंधु)। खल्लारी थाने के अंतर्गत ग्राम पोटिया (हिच्छा) में बीते रात को गांव के चार पड़ोसी ग्रामीणों ने एक महिला एवं उसके पुत्र के साथ गाली गलौच , मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने उक्त चारों ग्रामीणों के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। खल्लारी थाना प्रभारी इंद्रभूषण सिंह ने बताया कि थाने के अंतर्गत ग्राम पोटिया (हिच्छा) निवासी प्रार्थिया श्रीमती कुमारी बाई सिन्हा 57 वर्ष पति नरोत्तम सिन्हा ने पुलिस को बताया कि बीते 18 सितंबर की रात लगभग 7:45 बजे गांव के पड़ोसी राजेंद्र शर्मा, नीलकंठ शर्मा, धर्मवीर शर्मा एवं तेजप्रकाश शर्मा घर में बलात प्रवेश कर घुस आए। और उनके बेटे ओमप्रकाश सिन्हा के साथ अश्लील गाली गलौच , मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जिसे प्रार्थिया महिला द्वारा मना करने पर चारो पड़ोसी ग्रामीण आक्रोशित हो गए। तथा ओमप्रकाश सिन्हा से बेवजह जबरदस्ती मारपीट करने लगे। तभी प्रार्थिया महिला बीच-बचाव करने लगी, तो उनके साथ भी आरोपियों ने अश्लील हरकत करते हुए गाली गलौच , मारपीट कर छेड़छाड़ करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगें। इस घटना से डरी सहमी माँ बेटे ने खल्लारी थाने में दूसरे दिन मंगलवार 19 सितंबर को इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम पोटिया (हिच्छा) निवासी प्रार्थिया श्रीमती कुमारी बाई सिन्हा की रिपोर्ट पर गांव के चारों पडोसी ग्रामीण राजेंद्र शर्मा, नीलकंठ शर्मा, धर्मवीर शर्मा एवं तेजप्रकाश शर्मा के खिलाफ खल्लारी पुलिस ने धारा 456 , 294 , 323 , 506 , 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना लिया है। बहरहाल अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।




# कमरौद के तालाब में डूबने से नाबालिग की मौत

**बागबाहरा,** 21 सितम्बर (देशबंधु)। खल्लारी थाने के अंतर्गत ग्राम कमरौद के तालाब में नहाते समय एक नाबालिक के डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर थाने में मर्ग कायम कर शव का पंचनामा करके बागबाहरा में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले की विवेचना कर रही है। खल्लारी पुलिस ने बताया कि खल्लारी थाने के अंतर्गत ग्राम कमरौद निवासी नाबालिक मृतक प्रेम पटेल 17 वर्ष पिता कामता प्रसाद पटेल 19 सितंबर की सुबह गांव के तालाब में नहा रहे थे। उसी दौरान वे गहरे पानी में जाकर डूब गया। जिससे नाबालिक बालक की मौत हो गई। पुलिस ने इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव में पहुंचकर सबसे पहले लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु बागबाहरा के चीर घर में .लाया गया। जहाँ पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस इस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है।



## निधन

### श्रीमती सुशीला साखरे

**भिलाईनगर,** 21 सितंबर। वरिष्ठ पत्रकार एवं तथागत समाज कल्याण समिति के अध्यक्षा व समाज सेवी श्रीमान अनिल साखरे की माताजी श्रीमती सुशीला साखरे पति स्व. पीटी साखरे का आज 21 सितम्बर को ह्रदयघात से बीएम शाह हॉस्पिटल में दोपहर 1.30 बजे निधन हो गया हैं। जिनकी अंतिम यात्रा साखरे निवास, शांति नगर सड़क नम्बर-7, मकान नंबर-675 से 22 सितम्बर को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। दिवंगत सुशीला साखरे, अनिल साखरे श्रीमती प्रतिमा सांगोले, श्रीमती सुषमा भगत की माता थी।



### श्याम सुंदर राव

**कुम्हारी,** 21 सितंबर। वार्ड क्र. 19 सार्थक होम्स कुम्हारी निवासी श्याम सुंदर राव (31 वर्ष) का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम कुम्हारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में परिजन सहित नगर के लोगों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।



### श्रीमती फिरोजजहां

**महासमुंद,** 21 सितंबर (देशबंधु)। स्थानीय वार्ड नंबर 13 स्टेशन पारा निवासी श्रीमती फिरोजजहां 78 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 20 सितंबर को स्थानीय क्रबिस्तान में किया गया। वे साहिद भाई, पत्रकार सोहेल अकरम की मां थी।



### समारू राम साहू

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 21 सितम्बर। ग्राम पुरेना खपरी निवासी समारू राम साहू का निधन गत दिवस हुआ। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम के मोक्षधाम में किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में स्वजाति बंधुओं व गांव के ग्रामीण शामिल हुए। वे शिवप्रसाद, रामविशाल, रामनाथ, देवनाथ के पिता थे।



### अविनाश वर्मा

**बलौदाबाजार,** 21 सितम्बर। ग्राम भरूवाडीह निवासी अविनाश वर्मा 23 वर्ष का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। जहां नातेरिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थें। वे देवेन्द्र वर्मा के छोटे पुत्र और बिहारी वर्मा के भतीजा थे।



# महिला बनकर शादीशुदा लोगों से हो रही ऑनलाइन ठगी

**खरोरा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। आनलाइन ठगी ले रहा नया रूप, जहां पहले बैंक वाला बनकर ठग ओटीपी व ए टी एम नंबर ले बैंक खाते से पैसे गायब करते थे, या लॉटरी के नाम पर लोगो से ठगी वही अब ठगों ने एक नया तरीका ईजाद किया है जिसमे 30- 45 वर्ष के शादी शुदा पुरुष आसानी से फस रहे । वही खरोरा परिछेत्र में मे ऐसे ही मामले सामने आ रहे है।

जहां खरोरा के पास स्थित गांव बनरसी के रहने वाले एक नौजवान युवक को एक महिला ने फेसबुक में फ्रेंड रिचेस्ट भेजी वही युवक द्वारा उस अंजान महिला का फ्रेंड रिचेस्ट भी स्वीकार कर लिया गया वही धीरे धीरे दोनों की दोस्ती पक्की होती गई व फोन सेक्स तक आ पहुंची जहाँ उस महिला ने उक्त व्यक्ति का वीडियो बना लिया व उससे पचास हजार रुपयों की मांग करने लगी जब उक्त व्यक्ति ने पैसों देने से इंकार कर दिया तो उस युवती द्वारा पीड़ित के वीडियो इनके फेसबुक में मौजूद दोस्तों को भेज दिया गया व उसके साथ ही पैसे न देने की शर्त पर वीडियो सोसियल मीडिया में अपलोड करने की बात कही । वही घटना के बाद स युवक बहुत डरा हुआ था जिसके बाद उसने उसकी शिकायत साइबर क्राइम में की ।

वहीं छेत्र में यह पहला मामला नही है इससे पहले भी खरोरा के पास एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति जिसकी उम्र 34 वर्ष है उसने बताया कि ऑनलाइन ठगों द्वारा कैसे उन्हें 8 लाख रुपये की चपत लगाई गई ।पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि फेसबुक में उन्हें एक लड़की का फ्रेंड रिचेस्ट आया उसने उस लड़की की फ्रेंड रिचेस्ट स्वीकार कर ली और रोजाना उससे फेसबुक के माध्यम से बातें करने लगा, कुछ दिनों बाद एक दूसरे को अपना मोबाईल नंबर दिए और फोन पर बात होने लगी उन्होंने बताया कि कुछ दिनों बात वह लड़की अचानक वीडियो कॉलिंग में अपने सारे कपड़े उतार देती है और उसका स्क्रीन शार्ट लेकर इनसे पैसों की मांग करने लगती है वही पैसे न देने पर स्क्रीन शॉर्ट वॉयरल करने की धमकी देने लगती है । उसने इज्जत के डर से उस लड़की को आठ लाख रुपये किस्तों दे दिए । उसके बाद भी जब उस लड़की ने इनका पीछा नही छोड़ा और ब्लैकमेल करती रही तो पीड़ित ने थाने जा शिकयत करने की बाद कही जिसके बाद से उस लड़की ने पीड़ित को बंद किया। वहीं पीड़ित ने बताया कि पुलिस में जाने से मीडियाकर्मियों समेत पूरे छेत्र में बात फैल जाती, इसलिए उन्होंने पहले पुलिस से शिकायत नही की , वही पीड़ित ने नाम सामने न लाने की शर्त पर संवाददाता से अपनी आपबीती जाहिर की, उसने कहा कि यह जो मेरे साथ हुआ है वही किसी के साथ भी हो सकता है, लोगो को सचेत करने के लिए वह अपनी आपबीती लोगो को बता रहे । वही लगातार बढ़ते मामले पालकों के लिए चिंता का विषय है क्योंकि आजकल हर नौजवानों के पास एंड्रॉइड फोन है और लगभग हर नौजवान सोसियल मीडिया में एक्टिव भी है।

इस संबंध मे सीएसपी विधानसभा उदयन बेहार ने कहा की लोगो को जागरक करने के लिए साइबर जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी है, किसी भी सोशियल मिडिया प्लेटफार्म मे किसी अंजान व्यक्ति से अपनी कोई भी निजी जानकारी साझा न करे और कोई ब्लैकमेल करता है तो पैसे का लेनदेन न करे और नजदीकी पुलिस थाने मे संपर्क करें।

# छाटा रोड शराब दुकान से 35 पौवा देशी शराब तस्करी करते रंगे हाथों आरोपी गिरफ्तार

**नवापारा राजिम,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छांटा रोड स्थित देशी शराब दुकान से अवैध रूप से शराब जाना आम बात है मगर जब जो पकड़ा जाए वह सही मुजरिम है ऐसे ही वाक्या नवापारा-पुलिस को मुखबिर द्वारा मिली जानकारी पर गोबरा नवापारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया ।

थाने से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि छाटा रोड स्थित देसी शराब दुकान से भारी मात्रा में एक युवक प्लास्टिक थैली में रखकर अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहा है। जिस पर थाना स्टाफने मुखबिर के बताये स्थान छाटा मोड नवापारा के पास पहुंचकर बताये व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम रामनाथ पिता नेमीचंद सोनवानी उम्र 40 साल निवासी पोंड थाना गोबरा नवापारा का होना बताया। पुलिस ने जब पास में रखे प्लास्टिक के थैला को खोलकर दिखाने बोला तो ना नकुर करते हुये थैला को खोलकर दिखाया जिसमें देशी मशाला शराब पाया गया थैले मे 35 पाव देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक पाव मे 180 डस् शराब भरी कुल बल्क लीटर 6.300 डस् कीमती 3850 रूपये मिला शराब रखने के संबंध में धारा 91 जा.फौ. का नोटिस दिया गया। जिसके द्वारा कोई वैध कागजात का नही होना लिखित में हस्ताक्षर कर पेश किया आरोपी के पेश करने पर कब्जे से 35 पौवा देशी मदिरा मशाला शराब निकला । जिसे जप्त कर कार्रवाई की गई। उक्त मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट 34 (2) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी का डॉक्टरी मुलाइज के पश्चात उसे सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे रायपुर के सेंट्रल जेल दाखिल कर दिया गया । मगर सोचने वाली बात यह है की इतनी बड़ी मात्रा में आखिर आरोपी को शराब उपलब्ध किसने करवाई क्या शराब दुकान कर्मचारी ही इस अवैध शराब तस्करी में लिप्त हैं यह पुलिस के लिए जांच का विषय है ?

## प्रादेशिकी का शेष...

### छग के साथ सौतेला व्यवहार...

जनकल्याणकारी योजनाओं पर बाधा उत्पन्न करती है पूरा प्रदेश को पता है कि जिस दिन से भूपेश बघेल मुख्यमंत्री का शपथ लिए हैं उसे दिन से नरेंद्र मोदी की सरकार छत्तीसगढ़ के साथ प्रतिदिन भेदभाव और सौतेला व्यवहार कर रही है क्योंकि छत्तीसगढ़ में भाजपा राजनीतिक में रूप से कांग्रेस का मुकाबला नहीं कर पा रही हैं

### स्कूलों से शिक्षक नदारद...

के सरकारी फरमान से कोई लेना देना नहीं, महीनें भर में यदि 10 दिन स्कूल आ गए तो स्कूल के ऊपर एहसान करते है। यहां पढ़ाने वाले शिक्षक गुरुजी कम अपने आपको बॉस ज्यादातर समझते है और सभी ने स्कूल आने की दिन तिथि बांध रखी है इसीलिए ये हफ्ते भर में मुश्किल से 2 दिन स्कूल आते हैं बाकी समय घर मे आराम फरमाते है। खास बात यह है कि सुरबाय स्कूल जंगल इलाका है जिसका फायदा सुरबाय सहित आस पास के स्कूल वाले भी उठाकर स्कूल नहीं आते जिसकी वजह से स्कूली बच्चों के भविष्य के ऊपर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे शिक्षकों के ऊपर यदि कड़ी कार्यवाही नही किया गया तो बच्चे स्कूल जाएंगे और दाल भात खाकर वापस आएंगे।

जर्जर हालत में चल रहा स्कूल-विकासखंड के लगभग स्कूल जर्जर है, आपको बता दे कि सुरबाय माध्यमिक शाला का मरम्मत कार्य चलने के कारण प्राथमिक शाला में ही स्कूल लगाया जा रहा है, लेकिन अब एक ही स्कूल में कक्षा लगने के कारण शिक्षको की चांदी हो गई है। साथ ही प्राथमिक शाला का भवन में अत्यधिक जर्जर है, जिससे इस बरसात में कभी भी दुर्घटना होने से इंकार नही किया जा सकता। कुलमिलाकर यहाँ जिम्मेदार बच्चों को स्कूल में जर्जर भवन के भरोसे छोड़ घर मे आराम फरमा रहें है। साथ ही मीडिया की पड़ताल के दौरान बच्चें कैरमबोर्ड, चेस सहित अन्य खेल खेलते नजर आए।

नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़-कसडोल विकासखंड के लगभग स्कूलों में शिक्षक स्कूल नही जाकर विकासखंड में बैठे बाबुओं से सेटिंग कर लाखों का वेतन आहरण कर रहें है। साथ ही कांग्रेस सरकार में लगातार सरकार के खिलाफवेतन विसंगति सहित अन्य मुद्दों को लेकर हड़ताल में रहें है, लेकिन अब सरकार को ऐसे गैर जिम्मेदार शिक्षकों को जांच करवा कर निलंबित के अलावा नौकरी से बर्खास्त करना चाहिए जिससे नौनिहालों का भविष्य सुरक्षित के साथ उच्च शिक्षा भी मिल सकें।

### 23वीं राज्य स्तरीय शालेय...

वहीं आभार प्रदर्शन सहायक संचालक स्कूल शिक्षा श्री लक्ष्मण राव मगर ने किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकायें, खेल शिक्षक और खिलाड़ी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### लगातार ट्रेन रद्द होने से...

परेशानियों का जीता जागता उदाहरण भाटापारा रेल्वे स्टेशन में देखने को मिला। वहीं वर्तमान में भी ट्रेन का कोई टाईम नही। ट्रेन घंटों लेट पहुंच रही है। कांग्रेस झुग्गी झोपडी जिला अध्यक्ष के.के. वर्मा यह भी कहा है कि केन्द्र के भाजपा सरकार मोदी और अमित शाह छत्तीसगढ के लगातार दौरे में आने के बाद भी छ.ग. के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा...

यात्रा लगातार कई विधानसभा क्षेत्र से होकर 24 सितंबर को महासमुंद विस क्षेत्र पहुंचेगी। जहां भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा निर्देश पर यात्रा का गर्म जोशी से स्वागत किया जाएगा। परिवर्तन यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन को लेकर श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा से पूरे प्रदेश में जोरदार वातावरण बना हुआ है। बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में परिवर्तन यात्रा के प्रवेश पर लगातार लोग इस यात्रा का जोरदार तरीके से स्वागत कर रहे हैं। यात्रा के जिला आगमन को लेकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा तैयारी कर रही है।

## विधायक शुक्ल करेंगे 5 करोड़ की लागत से 18 विकास कार्यों का भूमिपूजन



**राजिम,** 21 सितंबर देशबन्धु। राजिम विधायक अमितेष शुक्ल आज राजिम मे लगभग 5 करोड की लागत से 18 कार्यो के विकासकार्यो का बीजारोपण भूमि पूजन द्वारा करेंग । विधायक अमितेश शुक्ला द्वारा किया जाने वाला भूमिपूजन मे प्रमुख रूप से राजीव लोचन महाविद्यालय में 128.77 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण ,70 लाख की लागत से बाउंड्री वॉल, 40 लाख की लागत से राजिम स्टेडियम उन्नयन कार्य ,6 लाख की लागत से टीन सेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन होगा। इसके साथ ही शीतला चौक नावाडीह राजिम में 15.33 लाख की लागत से मुक्तिधाम सौन्दर्यीकरण, शीतला चौक नवाडीह मे टीन शेड निर्माण 6 लाख एवं 24.78 लाख की लागत से शीतला तालाब सौन्दर्यीकरण एवम जीर्णोद्धार , अहाता निर्माण कार्य प्राथमिक शाला नवाडीह राजिम में 20.42 लाख , 50 पुस्तकालय निर्माण कार्य, पल्टी पर्पस स्टेडियम का निर्माण 199 लाख अतिरिक्त कच्छ निर्माण कार्य पथरा रोड सत बहनिया मंदिर के पास 5.87 लाख सामुदायिक भवन निर्माण कार्य , त्रिवेणी संगम साहित्य समिति 6.50 लाख से भूमि पूजन होगा इसके साथ ही राजिम के थानापारा दुर्गा चौक अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य घटोरिया मंदिर के पास 1.96 लाख, स्टील शेड निर्माण कार्य निषाद समाज पर के पास 5.88 लाख, मितानिन प्रशिक्षण भवन निर्माण कार्य 5.88 लाख ,थाना पारा में स्टील शेड निर्माण कार्य 5.89 लाख थाना पर रंग मच निर्माण कार्य श्री राम रंगमंच के पास 1.96 लाख, अतिथि कक्ष निर्माण कार्य दत्तात्रेय मंदिर के पास झेरिया यादव समाज 5 लाख से भूमि पूजन होगा ।

# जैन समाज धूमधाम से मना रहा महापर्व पयुर्षण



**सिमगा,** 21 सितंबर। दिगंबर जैन समाज का पर्वाधिराज पयुर्षण पर्व गणेश चतुर्थी से अनंतचतुदर्शी व्रत तक धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जैन धर्म में इन 10 दिनों का विशेष महत्व रहता है इस महापर्व पयुर्षण मे हर आयु वर्ग के लोग अपनी शक्ति अनुसार तप संयम और त्याग कर आत्म शुद्धि करते हैं। प्रतिदिन श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रात: 7 बजे से शुद्ध धोती दुपट्टा धारण कर भगवान का अभिषेक पूजा पाठ किया जा रहा है दशलक्षण पूजा में विशेष रूप से उत्तम क्षमा उत्तम मारदव उत्तम आरजव उत्तम सत्य उत्तम शौच उत्तम संयम उत्तम तप उत्तम त्याग उत्तम आकिंचन उत्तम ब्रह्मचर्य की आरधना किया जाता है । वहीं संध्या काल में भगवान की आरती व भक्ताबंर स्त्रोत का पाठ किया जा रहा है।

# कैसे करे रोजी-रोटी का इंतजाम?

## कैंटिन, कुली, पार्किंग कॉन्ट्रेक्टर और ऑटो चालक हो रहे हताश



**भाटापारा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। यह चार भी परेशान हैं द्य पहले के दो बरस महामारी में बीते द्य अब चल रहा तीसरा साल, अचानक कभी भी निरस्त कर दी जाने वाली यात्री ट्रेनों से होने वाली परेशानी के बीच गुजर रहा है।

कैसे करें रोजी रोटी का इंतजाम ? यक्ष प्रश्न है स्टेशन के भीतर और बाहर के चार वर्ग के सामने द्य जवाब देने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है द्य लिहाजा खराब समय के बीच अच्छे समय की प्रतीक्षा की जा रही है।

### हद से ज्यादा

कुली द्य नियमित नहीं होती आय द्य पहले कोरोना महामारी ने छीनी रोटी द्य जैसे - तैसे करके दिन गुजरे द्य सीमित गाड़ियों के परिचालन के बीच रोटी का इंतजाम किया गया द्य पटरी पर लौट भी नहीं पाई थी जिंदगी कि निरस्त होने का सिलसिला शुरू हो गया द्य जारी है यह आज भी द्य जो गाड़ियां चल रही हैं उनमे ऐसे यात्रियों की संख्या बेहद कम होती है, जिनके पास भारी लगेज होता है।

### यहां मात्रा हुई कम

कैंटीन द्य ख़राब समय का सामना यह भी कर रहा है द्य हल्के नाश्ते उतनी ही मात्रा में बनाए जाते है, जितनी खपत हो सके द्य चाय बेचने वाले हाकरों की हालत बेहद ख़राब है द्य सुबह और देर रात आने वाली ट्रेन, चाय की मांग वाली यात्री गाड़िया मानी जाती हैं द्य यह निरस्त हैं द्य इसलिए गंभीर संकट के साए में हैं टी हाकर द्य

### कैसे दें पार्किंग फेयर

पार्किंग कांट्रेक्टर द्य 600 वाहन क्षमता वाला सायकल स्टेंड आज आधे से भी कम पर आ गया है द्य दैनिंक आना ङ्क जाना करने वाले यात्री, स्टेंड के लिए मजबूत सहारा थे द्य नियमित परिचालन के नहीं होने के बाद यात्रियों का यह वर्ग अब सड़क मार्ग का सहारा ले रहा है द्य इसलिए दो पहिया वाहनों के लिए तरस रहा है सायकल स्टेंड द्य बड़ी मुसीबत इसलिए क्योकि रेल प्रबंधन प्रतिकूल स्थितियों को देखते हुए भी पार्किंग फेयर पूरा वसूल कर रहा है।

### जीवन बेहद कठिन

पेट्रोल, डीजल और ई - ऑटो द्य सहारा थी यात्री ट्रेनें द्य साथ छुट चूका है द्य लगभग पूरा दिन सवारियों की प्रतीक्षा में गुजर रहा है द्य बाजार भी पहले जैसा नहीं रहा, जिसके दम पर भरपूर सवारियां मिलती द्य गिनती की चल रही यात्री ट्रेन और ऑटो की बढ़ती संख्या के बीच जैसे ङ्क तैसे करके जीवन यापन कर रहा है यह वर्ग द्य इस तरह की प्रतिकूल स्थितियों के बीच रिक्शा का हाल सहज ही जाना जा सकता है द्य कौन सुनेगा या कौन करेगा, इस वर्ग की तकलीफ दूर ?

# आरंग की राजकुमारी सोनकर ने महिला पर्यवेक्षक भर्ती में टॉप 3 में बनाया स्थान



**आरंग,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग की ओर से महिला पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन व्यापमं के द्वारा किया गया था।जिसमें आरंग की राजकुमारी सोनकर ने पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप 03 में स्थान बनाने में सफलता अर्जित कर सोनकर समाज का मान बढ़ाया है।

ज्ञात हो कि महिला पर्यवेक्षक के लिए कुल 440 पद पदों के लिए लगभग 2लाख 50 हजार अभ्यर्थियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी जिसमें राजकुमारी सोनकर ने परिसीमित वर्ग में मेरिट सूची में 3 रा स्थान हासिल किया है। राजकुमारी सोनकर शुरू से ही बहुत मेहनती रही है घर के कामकाजों के साथ साथ वार्ड क्रमांक 6 आरंग में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्य करते हुए उन्होंने यह सफलता अर्जित की। अपनी सफलता का श्रेय वह अपने परिजनों व समाज के वरिष्ठ जनों को देती हैं जिन्होंने उसे हमेशा आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते रहे हैं। आजकल प्रतियोगिता का स्तर इतना बढ़ा हुआ है कि वेकेंसी आते ही फॉर्म भरने वालों की बाढ़ सी आ जाती है ऐसे समय में 2 बच्चों का पालन करते हुए सारे कार्यों को पूरा कर अपने पढ़ाई के लिए समय निकाल पाना एक चुनौती है। राजकुमारी ने कभी भी परिस्थिति से समझौता नहीं किया वरण उसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया और सफलता अर्जित करने में कामयाबी भी प्राप्त की।

**नगर व समाज के लोगों ने दी शुभकामनाएं**

राजकुमारी की यह उपलब्धि समाज के लिए एक नई दिशा दिखाने वाली है और कामकाजी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा भी। उनकी इस उपलब्धि पर सोनकर समाज आरंग राज के लखन लाल सोनकर अध्यक्ष सोनकर समाज आरंग राज, रामानंद सोनकर, छत्रधारी सोनकर संचालक सृजन कोचिंग संस्थान आरंग,गजेन्द्र सोनकर, सूरज सोनकर, आकाश सोनकर सहित समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा इनके घर पहुंचे कर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# देवरबोड़ में शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार



**बिलाईगढ़,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 21,09,23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवरबोड में रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब हाथ भठ्ठी का बिक्री करने अपने घर बाडी रखे रंगे हांथ पकड़ा गया। आरोपी राधेश्याम भास्कर पिता स्व. नत्थूराम भास्कर उम्र 39 वर्ष ग्राम देवरबोड़ थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।जिसे मा,न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।

प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक कामिल हक प्र.आर 229 चंद्रशेखर पटेल आर यसवंत बंजारे राजेंद्र दीक्षित म.आर.मोहन सिदार समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# महिला आरक्षण बिल में ओबीसी आरक्षण पर भाजपा नेता क्यों चुप हैं : गोपी साहू

**पलारी,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के जिला महामंत्री और वरिष्ठ नेता गोपी साहू ने महिला आरक्षण विधेयक की पूरी जानकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने की बात कही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक केवल चुनावी फायदे के लिए लाया है और इस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण का मुद्दा खत्म करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ में 41त्न पिछड़ा वर्ग के रहवासी हैं और इस विधेयक को राज्य के संदर्भ में देखा जाए तो यह इतनी व्यापक जाति समूह की महिलाओं से भेदभाव है। मोदी सरकार ने जानबूझकर विधेयक में पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं जोड़ा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पिछड़े वर्ग के नेताओं को चुनावी फायदे के लिए आगे किया है लेकिन उनमें से किसी ने भी पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की बात नहीं कही है। इससे भाजपा की कथनी और करनी में अंतर साफ होता है। कांग्रेस इस विधेयक का समर्थन करती है लेकिन पिछड़ा वर्ग के अधिकारों के लिए हम लड़ते रहेंगे।



गोपी साहू के अनुसार बीते बुधवार को संसद में बहस के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ कर दिया कि ओबीसी महिलाओं को जब तक आरक्षण नहीं दिया जाता तब तक यह बिल अधूरा है। श्री गांधी ने विशेष तौर पर उल्लेख किया था कि केंद्र सरकार के 90 सचिवों में केवल तीन ओबीसी हैं। इससे मोदी सरकार की पिछड़ा वर्ग के प्रति बुरी नीयत का पता चलता है। श्री साहू ने स्थानीय स्तर पर अपनी रणनीति बताई कि मतदाताओं को मीडिया, सोशल मीडिया और जनसंपर्क आदि माध्यमों से मोदी सरकार द्वारा लाए गए इस पक्षपातपूर्ण महिला आरक्षण विधेयक में भाजपा के खेल की जानकारी दी जाएगी। भाजपा पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा करने वाली पार्टी है, जो उद्योगपतियों और बड़े लोगों को प्राथमिकता देती है।

# सीजी पीएससी में लोकेश साव का हुआ चयन, तैलिक साहू समाज ने किया सम्मानित

**पिथौरा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। साहू समाज बसना अंचल के धरमपुर के सरकारी स्कूल में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर साकरा शासकीय स्कूल में 12 वी उत्तीर्ण कर साइंस कॉलेज में बी एस सी करते हुए सीजी पी एस सी के इम्तिहान देकर होनहार बालक लोकेश साव ने सीजी पीएससी में चयन होने पर साहू समाज व गाँव के लोगों ने बधाई दी। चयनित लोकेश साव अब लोक सेवा आयोग मे अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी पद पर मंत्रालय मे अब सेवा देंगे, वहीं तेलिक साहू समाज के पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर उन्हें शॉल, श्री फल व मेमेंटो भेंटकर सम्मान किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील साहू संघ पिथौरा अध्यक्ष मनोहर साहू ने कहा कि कलम की ताकत तलवार की धार से भी अधिक तेज होती है. समाज के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ना और लिखना चाहिए. ताकि अच्छी जगह पर पहुंच सकें. तहसील साहू संघ बसना के सरंक्षक जन्मजय साव ने कहा कि हम समाज को तभी अच्छा कहेंगे जब हमारा समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे होगा. समाज को दहेज मुक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई. उन्होंने यह भी कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए शिक्षित होना जरूरी है. खासकर वैसे समाज के परिवार को जो बहुत ही गरीब हैं, दिहाड़ी है. ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को जागरूक कर शिक्षा के प्रति जागरूक करें. प्रदेश संयुक्त सचिव युवा प्रकोष्ठ नवीन कुमार साव ने सभा को संभोधित करते कहा कि लोकेश साव ने बचपन में ही अपने देश की सेवा करने का सपना संजोया था, जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत कर इस मुकाम को हासिल किया है और अब सीजीपीएससी में चयनित होकर समाज की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएगा,लोकेश से प्रेरणा लेकर धरमपुर गांव के अन्य बेटे बेटियां भी भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने का सपना संजों पाएंगी।

लोकेश साव ने अपनी इस सफलता के लिए अपने गुरुजन, माता-पिता एवं सभी मित्रों को जिनके विशेष सहयोग के साथ कड़ी मेहनत को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि शुरू से ही उन्हें राज्य प्रशासनिक में जाने का उद्देश्य बनाकर तैयारी की और उन्हें दूसरी बार में आज सफलता मिली है। इस अवसर पर श्री दुलीकेशन साहू जी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू संघ छ्ग,श्री कृष्णा साहू जी संयुक्त सचिव युप्रको. प्रदेश साहू संघ,श्री नवीन कुमार साव युप्रको.संयुक्त सचिव प्रदेश साहू संघ, मनोहर लाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पिथौरा, जन्मजय साव अध्यक्ष कर्मा माता निर्माण समिति बसना,बंसूला परीक्षेत्र मनोनीत उपाध्यक्ष रूपानंद साव , कर्मा मंदिर समिति पूर्व सचिव प्रेमचंद साव, साहू समाजकर्मचारी प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष हिराधर साव ,ग्रामीण साहू अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष हरिराम (कृष्ण)साव ,राजेश साहू उपस्थित रहे।

# नरसिंहपुर में साहित्य पुरोधा और लोक कलाकारों का हुआ सम्मान

**आरंग,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत नरसिंहपुर (घोंट) में साहित्य पुरोधा एवं लोक कलाकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम में ग्राम के 80 से 85 वर्ष के बुजुर्गों का जिनके द्वारा कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया गया है उन्हें सम्मानित किया गया। ऐसा कार्यक्रम आज पर्यंत तक इस गांव में कभी आयोजित नहीं किया गया था। ग्रामवासी इस कार्यक्रम के आयोजन से काफी उत्साहित थे,क्योंकि गांव की पुरानी कला और संस्कृति के साधकों को पूरे गांव ने मिलकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य व पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा पिंटू कुर्रे के प्रतिनिधि कांग्रेस नेता पिंटू कुर्रे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच सेतलाल पटेल ने किया ।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घोंट के पूर्व सरपंच राधिका सूरज निषाद व पूर्व सरपंच कन्हैया राम साहू जी उपस्थित थे ।गांव के युवा कलाकार एवं कला साधक सालिक निषाद के द्वारा यह गरिमा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में गांव के 80 से 85 वर्ष के बुजुर्गों को फिर से अपने कला का वाचन करने का अवसर मंच के माध्यम से प्राप्त हुआ।



# पलारी पुलिस ने अमेरा में एक सटोरिया को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पलारी,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक संम्पन कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के अपराध की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के परिपालन में अवैध कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही की जा रही है कि दिनांक 21-09-2023 को थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर के नेतृत्व मे थाना पलारी के द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम अमेरा मे सतबहनी तालाब के पास आरोपी धरम कुमार सोनवानी पिता स्व. सेवाराम सोनवानी उम्र 45 वर्ष को सटटा नामक जुआ खेलाते मिलने पर रंगे हाथ पकडा गया। उपरोक्त के विरूद्ध धारा 06 छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी नगदी रकम 2740 रू. को जप्त कर धारा 6 छ.ग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक शशांक सिंह ठाकुर , प्र0आर0 63 मो0 अरशद खान एवं प्र0आर0 77 नवीन कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बैठक ली और नागरिकों को डेंगू से बचने की अपील की

**बिलाईगढ़,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने डेंगू बीमारी से बचने के लिए जिले के नागरिकों को सावधानीपूर्वक रहने और अपने निवास और कार्य स्थल को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू बीमारी होने के बाद हमारे शरीर के रक्त कणिकाएं (प्लेटलेट्स) कम हो जाती हैं, जिसका त्वरित उपचार नहीं मिलने पर गंभीर स्थिति हो सकती है। अत: सभी अच्छे से रहें, नन्हें बच्चों को सूर्योदय और सूर्यास्त के समय हाथ और पैर को ढके पूरे कपड़े पहनाकर रखें। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने नगरीय निकायों में सभी सीएमओ को घर-घर जाकर निरीक्षण कर आवश्यक उपाय और अभियान शुरू करने के निर्देश दिए।



**लक्षण एवं बचाव**

बैठक में सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला ने बताया कि एडिस मच्छर के काटने से डेंगू रोग होता है। इसके काटने से दर्द नहीं होता। साथ ही साथ यह सुबह और सूर्यास्त के समय सक्रिय होकर काटता है। इसके काटने से अचानक तेज सिर दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंखों के अंदरूनी हिस्सें में दर्द, जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मसूड़ों में खून आना, त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि हैं। सामान्यत: घरों, कार्यालयों में कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने के बर्तन, फ्रिज की ट्रे, फूलदान इत्यादि को प्रति सप्ताह खाली करें व धूप में सुखाकर प्रयोग करें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन, टायरों सहित अन्य अनावश्यक घरेलू सामग्रियों में पानी जमा नही दें। घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली, परदे जो भी संभव हो लगाएं। पैर में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

# बाला नगर और मैमथ खूब... !

**भाटापारा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। मैमथ, अरका सहन और बाला नगर को मौसम का साथ आगे भी ऐसा ही मिलता रहा तो इस बरस छत्तीसगढ़ में सीताफल का उत्पादन नया कीर्तिमान बना सकता है। इसे देखते हुए अंतरप्रांतीय कारोबार में जोरदार इजाफा की उम्मीद है।

सीताफल की तीन प्रजातियां इस बरस जोरदार उत्पादन दे सकतीं हैं। कीट प्रकोप जैसी समस्या से दूर इन प्रजातियों के पेड़ों में प्रारंभिक चरण में फूलों का लगना चालू हो चुका है। अवस्था से संकेत मिल रहे हैं कि किसान इस बरस सीताफल से अच्छी आय हासिल कर सकेंगे। इधर शीघ्र पकने वाली प्रजातियों के सीताफल ने बाजार में दस्तक दे दी है।

**यह तीन प्रजाति:** बाला नगर। झारखंड में सबसे ज्यादा मिलने वाली है यह प्रजाति अपने प्रदेश में भी बहुतायत में मिलती है। एक साल में एक पेड़ कम से कम 9 से 10 किलो फल देने में सक्षम है। मैमथ सीताफल का पेड़ 50 फल देने के लिए जाना जाता है। बड़ा आकार और गूदा की मात्रा अधिक होने से मांग ज्यादा होती है। तीसरी प्रजाति को अरका सहन के नाम से पहचान मिली हुई है। संकर प्रजाति का यह सीताफल धीमी गति से तैयार होता है। आकार छोटा लेकिन स्वाद में बेहद मीठी यह प्रजाति बच्चों के बीच बेहद पसंद की जाती है।



**बन सकता है उत्पादन का नया रिकॉर्ड**

**देश में महाराष्ट्र अव्वल:** 92.320 टन सीताफल उत्पादन के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर है। दूसरे नंबर पर गुजरात, तीसरे नंबर पर मध्यप्रदेश है। अपना छत्तीसगढ़ भले ही चौथे नंबर पर हो लेकिन स्वाद और गूदा के मामले में कांकेर, गौरेला, पेंड्रा, मरवाही और तखतपुर के ग्रामीण अंचल से निकलने वाला सीताफल अंतरप्रांतीय कारोबार में अव्वल नंबर पर है।

**ऐसे करें सीताफल की खेती:** बीज भी लगाए जा सकते हैं तो पॉलीहाउस में पौधे तैयार करके रोपण किया जा सकता है। कलम के माध्यम से भी नया पौधा तैयार किया जा सकता है। बीज रोपण के लिए जनवरी से जून का महीना और ग्राफ्टिंग विधि के लिए अगस्त से नवंबर का महिना उपयुक्त होता है। दोनों ही विधि से लगाए गए पौधे समय पर फल देने में सक्षम हैं।

### पोषक तत्वों का स्त्रोत

सीताफल विटामिन सी और मैगनीज, थाइमिन और विटामिन बी 6 का उत्कृष्ट स्त्रोत है और उचित मात्रा में बी-2, बी-3, बी-5, बी-9,आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटैशियम और फाइबर जैसे न्यूट्रिएंट्स की मात्रा अधिक होती है।

**- अजीत विलियम्स**
**साइंटिस्ट ( फॉरेस्ट्री ), बीटीसी**
**कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च**
**स्टेशन, बिलासपुर**

# अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया

**सिमगा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग दौरान प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा को मुखबिर से सूचना मिला कि निखिल तिवारी ऊर्फ वासु पिता रोहित तिवारी उम्र 32 साल साकिन वार्ड क्रमांक 09 टीहूपारा सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. का रहने को अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब बिक्री करने के लिए परिवहन करते हुए पुराना बेमेतरा पुल के पास सिमगा में पकड़े जिसके कब्जे से एक पुरानी इस्तेमाली स्कूटी क्रमांक छ्त्न04/चङ्क/7493 कीमती 15000 रू एवं 40 पाव देशी मंदिरा मशाला शराब जुमला 7.200 बल्क लीटर कीमती 4400 रूपये को जप्त कर आरोपी निखिल तिवारी उर्फ वासु के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

